अधिकतम 22 डिग्री से.
न्यूनतम 09 डिग्री से.
सूर्योदय 7.10
सूर्यास्त 6.04
सोना 24 कैरेट: 1,56,750.00
चांदी (प्रति किलो): 2,85,000
सेंसेक्स : 83,580.40
अमेरिका : 90.58
कैनेडियन : 66.26
आस्ट्रेलिया : 63.56

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित




वर्ष 41 | चंडीगढ़, रविवार, 08 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण पक्षः सप्तमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 37 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक में घुसी कार, दंपति समेत चार की मौत

**मानसा, 6 फरवरी (अप्रस)।** पंजाब के मानसा जिले में हुए सड़क हादसे में हरियाणा के सिरसा के परिवार के दंपती समेत चार लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन महिलाएं भी शामिल है। हादसा शुक्रवार की देर रात मानसा-सिरसा रोड पर सरदूलगढ़ गांव के पास कार के ट्रक से टकराने के कारण हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें तीन महिलाओं समेत चार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर को गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलते ही सरदूलगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने सबसे पहले घायल ड्राइवर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। इसके बाद चारों शवों को कार की बॉडी काटकर अंदर से निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस को आशंका है कि ड्राइवर को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, ये सभी चंडीगढ़ में शादी समारोह में गए थे। वहां से लौटते वक्त हादसा हुआ।




**मलेशिया पहुंचे पीएम मोदी को रिसीव करने पहुंचे पीएम अनवर इब्राहिम**

# यह खास सम्मान भारत और भारतीयों के लिए उनका प्रेम है: मोदी

## बोले- कुआलालंपुर हो या कोच्चि, स्वाद एक जैसा, यहां जल्द यूपीआई लॉन्च करेंगे

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 8 साल बाद दो दिन के मलेशिया दौरे पर पहुंचे। उन्हें मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर अपनी कार से रिसीव किया। इसके बाद पीएम मोदी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम खुद एयरपोर्ट पर मेरा स्वागत करने आए। वे मुझे अपनी कार से यहां लाए। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपनी सीट पर भी बैठाया। उन्होंने कहा, यह खास सम्मान भारत और भारतीय समुदाय के प्रति उनके प्यार और सम्मान को दिखाता है। भारत जल्द यहां अपना पमेंट सिस्टम क्ष्ठु लॉन्च करेगा।

मोदी ने कहा कि पिछले साल मैं आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सका था, लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द मलेशिया आऊंगा। आज मैं अपना वादा निभाने आया हूं। साल 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है।

पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि आपने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा है। नारियल, मसाले और चाय भी हमारे रिश्ते को जोड़ते हैं। चाहे कुआलालंपुर हो या कोच्चि, स्वाद एक जैसे लगते हैं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं, शायद इसलिए क्योंकि हमारी भाषाओं और मलय भाषा में कई शब्द समान हैं। मोदी ने कहा कि दुनिया भारत को सिर्फ एक बड़ा बाजार मानती थी, लेकिन अब भारत निवेश और व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। आज भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है। चाहे ब्रिटेन हो, यूएई ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ (ईयू) या अमेरिका, कई देशों ने भारत के साथ व्यापार समझौते किए हैं।



### भारतीय समुदाय हमारे रिश्तों का मजबूत सेतु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया दौरे पर रवाना होने से पहले बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि मैं मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बातचीत व व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं आज अपने दोस्त प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के न्योते पर मलेशिया की आधिकारिक यात्रा पर जा रहा हूं। भारत और मलेशिया के बीच ऐतिहासिक संबंधों में हाल के सालों में लगातार प्रगति हुई है। मैं प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बातचीत और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं। हमारा लक्ष्य रक्षा और सुरक्षा संबंधों को गहरा करना व अपने सहयोग को नए क्षेत्रों में फैलाना होगा। उन्होंने कहा, मैं मलेशिया में भारतीय समुदाय से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं। लगभग तीन मिलियन की संख्या वाला यह समुदाय दुनिया के सबसे बड़े भारतीय प्रवासियों में से एक है। मलेशिया की प्रगति में उनका बहुत बड़ा योगदान और हमारे दोनों देशों के बीच एक जीवित पुल के रूप में उनकी भूमिका हमारी ऐतिहासिक दोस्ती को एक मजबूत आधार प्रदान करती है।

### भारत और मलेशिया के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगीः मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उम्मीद जताई है कि उनकी मलेशिया यात्रा से दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी और मज़बूत होगी। मोदी ने शनिवार को मलेशिया की दो दिन की यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा कि दोनों देशों का लक्ष्य रक्षा और सुरक्षा संबंधों को गहरा करना, आर्थिक और नवाचार साझेदारी को बढ़ाना तथा सहयोग को नए क्षेत्रों में फैलाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बुलावे पर वहां की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया के बीच ऐतिहासिक संबंधों में हाल के सालों में लगातार प्रगति हुई है। मैं प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ अपनी बातचीत का इंतज़ार कर रहा हूँ, और अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने की उम्मीद करता हूँ। हमारा लक्ष्य अपने रक्षा और सुरक्षा संबंधों को गहरा करना, अपनी आर्थिक और इनोवेशन साझेदारी को बढ़ाना और अपने सहयोग को नए क्षेत्रों में फैलाना होगा।

**आपके लिए भारत के दिल में खास जगहः** भारत आपके दिलों में एक खास जगह रखता है। 2001 में गुजरात में भूकंप आया था। उस समय आप सभी (भारतीय समुदाय) ने मिलकर भारत की मदद की थी। इसके लिए सभी को धन्यवाद। भारत को आजाद कराने के लिए आपके पूर्वजों ने बड़े बलिदान दिए थे। उनमें से कई के भारत में रिश्तेदार और पड़ोसी थे, फिर भी वे सबसे पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज में शामिल होने वालों में थे।

# बठिंडा में 1500 किसानों पर केस दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बठिंडा।** बठिंडा जिले में किसानों और पुलिस के बीच हुई झड़प के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में विभिन्न थानों में 1500 से अधिक अज्ञात किसानों के खिलाफ पांच मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, बठिंडा के डीएसपी गुरप्रीत सिंह को घेर कर बैठा लेने का भी एक मामला दर्ज किया गया है। एसपी सिटी नरिंदर सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। किसानों की पहचान की जा रही है और जल्द ही चालान पेश किया जाएगा।

बता दे कि यह घटना मंगलवार की है, जब भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां ने बठिंडा के डीसी कार्यालय का घेराव करने के लिए पूरे राज्य से किसानों को इकट्ठा किया था। किसान दो किसानों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, जिन्हें पहले एक भूमि विवाद के दौरान हुई झड़प के बाद गिरफ्तार किया गया था।

# अमेरिका ने पीओके-अक्साई चिन को भारत का हिस्सा बताया

**ट्रेड डील के बाद इंडियन मैप शेयर किया, सोशल मीडिया पर वायरल**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**वॉशिंगटन।** भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इस घोषणा के साथ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने इंडियन मैप शेयर किया। इस मैप में पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर



(पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है। यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतरराष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या 'डॉटेड लाइन्स' से दिखाया जाता है।

इस बार ट्रम्प प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है।



# पंजाब में दूसरी राज्यव्यापी पैरेंट्स वर्कशॉप सफल, 17.50 लाख से अधिक माता-पिता हुए शामिल

**हरजोत सिंह बैंस बोले– माता-पिता की भागीदारी से मजबूत होगी पंजाब शिक्षा क्रांति**

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने आज दूसरी राज्यव्यापी स्कूल-स्तरीय पैरेंट्स (माता-पिता) वर्कशॉप का आयोजन किया, जिसमें राज्यभर से 17.50 लाख से अधिक माता-पिता ने भाग लिया। शिक्षा मंत्री ने बताया कि स्टेट कार्उंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एससीईआरटी) के नेतृत्व में शुरू की गई इस मेगा पहल ने शिक्षा प्रणाली में माता-पिताओं की भागीदारी के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। यह पहल मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की सहभागी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है तथा 'पंजाब शिक्षा क्रांति' के तहत शिक्षा स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। श्री हरजोत सिंह बैंस ने श्री आनंदपुर साहिब क्षेत्र के सरकारी हाई स्कूल, मानकपुर (नंगल) में आयोजित वर्कशॉप में भाग लेते हुए माता-पिताओं और छात्रों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि इस वर्कशॉप का उद्देश्य स्कूलों और माता-पिताओं के बीच साझेदारी को सुदृढ़ करना और छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है।

उन्होंने बताया कि वर्कशॉप के दौरान माता-पिताओं को तनाव-मुक्त परीक्षा तैयारी की रणनीतियों, सकारात्मक सोच के जरिए बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने तथा पंजाब सरकार की 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' मुहिम के तहत नशा रोकथाम, शीघ्र पहचान और सहायता के बारे में जागरूक किया गया।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर, लालचंद कटारूचक, तरुनप्रीत सिंह सौंद और हरदीप सिंह मुंडियां सहित पांच मंत्रियों तथा 40 से अधिक विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भाग लेकर सामुदायिक भागीदारी के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाया। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2025 में आयोजित पहली वर्कशॉप की सफलता के बाद दूसरी वर्कशॉप ने स्कूलों और माता-पिताओं के बीच तालमेल को और मजबूत किया है, जिससे बच्चों की शैक्षिक प्रगति और होम लर्निंग को प्रभावी समर्थन मिला है।

**वर्कशॉप के सुचारू संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने 3,000 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया**


वर्कशॉप के सुचारू संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने 3,000 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें निदेशक और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) शामिल थे, को तैनात किया। इसके अलावा, लगभग 40,000 शिक्षकों को पहले ही प्रशिक्षण दिया गया था ताकि इस पहल का वास्तविक और सकारात्मक प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके। हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि स्कूलों और माता-पिताओं के बीच सहयोग बच्चों की शैक्षिक सफलता और समग्र विकास के लिए बेहद आवश्यक है। यह वर्कशॉप एक सहयोगी और सकारात्मक घरेलू माहौल बनाने की दिशा में सरकार के मिशन की मजबूत नींव है।

# यूपी निवासी सहित संगठित नशा नेटवर्क से जुड़े दो व्यक्ति गुरदासपुर से गिरफ्तार; 11 किलो हेरोइन, 5.7 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद

**भारत में अपने हैंडलरों के माध्यम से पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के संपर्क में थे गिरफ्तार आरोपी: डीजीपी**

**आगे की जांच जारी; आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां होने की संभावना: एसएसपी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गुरदासपुर, 7 फरवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए गुरदासपुर पुलिस ने संगठित नशा नेटवर्क के 2 कार्यकर्ताओं को 11 किलो हेरोइन और 5.75 लाख रुपये की ड्रग मनी सहित गिरफ्तार कर इन गिरोहों का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस पंजाब गौरव यादव ने आज यहां दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के कासिमपुर निवासी मुहम्मद वसीम और अमृतसर निवासी हरशदीप सिंह उर्फ हरश के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने हेरोइन और ड्रग मनी बरामद करने के अलावा आरोपियों की सफेद रंग की होंडा सिटी कार (आरजे45 सीआर 2918) और हुंडई वरना कार (सीएच01ए जेड 0888) भी जब्त की है, जिनका इस्तेमाल वे नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए करते थे। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए मुलजिम भारत में अपने हैंडलरों के जरिए पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के संपर्क में थे।


उन्होंने कहा कि नेटवर्क के आगे-पीछे के संबंधों का पता लगाने के लिए और जांच की जा रही है। पहले मामले के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए सीनियर पुलिस सुपरिंटेंडेंट (एसएसपी) गुरदासपुर आदित्य ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी हरशदीप हरश को गुरदासपुर के गांव चिट्टी के पास से 8 किलो हेरोइन और 3.5 लाख रुपये की ड्रग मनी के साथ गिरफ्तार किया गया था, जब वह अपनी वरना कार में हेरोइन की खेप डिलीवरी करने जा रहा था। एसएसपी ने बताया कि इसी तरह की एक अन्य कार्रवाई में आरोपी मुहम्मद वसीम को दीनानगर में पनियार शुगर मिल के पास नाके पर गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि उसकी होंडा सिटी कार की तलाशी के दौरान 6 पैकेटों में पैक की गई हेरोइन, जिसका वजन 3 किलो था और 2.25 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। उन्होंने कहा कि आगे की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। इस संबंध में दो अलग-अलग मामले एफआईआर नंबर 32 दिनांक 7 फरवरी, 2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21सी और 27ए के तहत थाना दीनानगर में और एफआईआर नंबर 11 दिनांक 7 फरवरी, 2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21सी और 27ए के तहत थाना दोरांगला में दर्ज किए गए हैं।

# नशे के ठिकाने बताकर नशा तस्करों को प्रोमोट कर हैं सांसद चरणजीत चन्नी: बलतेज पन्नू

**चन्नी बताएं कि वह पंजाब सरकार की 'नशा विरोधी जंग' के साथ हैं या नशा तस्करों के?**

**अकाली-भाजपा और कांग्रेस के राज में नशा फला-फूला, मान सरकार इसे जड़ से खत्म कर रही**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़ 7 फरवरी।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के स्टेट मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी पर हमला बोलते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर चिट्टे (नशे) के ठिकाने बताना एक सांसद की बेहद ओछी और गैर-जिम्मेदाराना हरकत है। एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति को नशा रोकने के बजाय नशा बिकने वाली जगहों को प्रमोट करना शोभा नही देता।

पन्नू ने कहा कि चाहे 10 साल का अकाली-भाजपा राज रहा हो या उसके बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह और स्वयं चन्नी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार, इन सभी ने पंजाब में नशे को फलने-फूलने दिया और इसे रोकने के लिए कभी कोई ठोस कदम नहीं उठाए।

आज जब मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार पूरे प्रदेशवासियों को साथ लेकर 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान चला रही है,जिसने नशा तस्करों में खौफ पैदा कर दिया है, तब चन्नी जैसे नेता वीडियो डालकर यह बता रहे हैं कि चिट्टा कहाँ उपलब्ध है। यह सीधे तौर पर सरकार की नशा विरोधी मुहिम को कमजोर करने और नशे के सौदागरों की मदद करने की एक सोची-समझी साजिश है। बलतेज पन्नू ने आगे कहा कि एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि का काम पुलिस को जानकारी देकर नशे को रुकवाना होता है, न कि वीडियो के जरिए नशे के ठिकानों का प्रचार करना। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या चन्नी अब नशा बेचने वालों के ब्रांड एंबेसडर के रूप में काम कर रहे हैं?

पन्नू ने कहा कि पंजाब की जनता देख रही है कि कैसे का उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं से स्पष्टीकरण मांगते हुए पूछा कि वे बताएं उनकी पार्टी सरकार की नशा विरोधी मुहिम के साथ खड़ी है या नशा बेचने वालों के साथ? पन्नू ने चेतावनी दी कि ऐसी ओछी राजनीति से 'आप' सरकार का नशा मुक्ति का संकल्प कमजोर नही होगा। सरकार नशे के खात्मे तक अपनी जंग जारी रखेगी।

# मजदूर सुलखन सिंह के लिए संजीवनी बना हेल्थ कार्ड, बिना एक रुपया खर्च किए हुआ 3 लाख रुपए का इलाज: धालीवाल

**कहा–मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना से 65 लाख परिवारों को मिला 10 लाख रुपए का सुरक्षा कवच**

**शिक्षा और स्वास्थ्य मान सरकार की प्राथमिकता, विरोधियों ने 'आप' सरकार के वादों को बताया जुमलेबाजी, हमने जमीनी स्तर पर बनाया प्रभावी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर, 7 फरवरी।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि भगवंत मान सरकार द्वारा जनता से किए गए वादे जमीनी स्तर पर सच होते दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी सोच के चलते 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना' अब पूरी तरह प्रभावी हो चुकी है।

शनिवार को आप नेता प्रभबीर सिंह बराड़ और गुरप्रताप सिंह संधू के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए धालीवाल ने बताया कि इस योजना के तहत पंजाब के लगभग 65 लाख परिवारों को 10 लाख रुपए तक के कैशलेस इलाज की सुविधा सुनिश्चित की गई है, जो विशेष रूप से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

योजना की सफलता का जीवंत प्रमाण देते हुए धालीवाल ने गुरदासपुर के गांव गुरदासनंगल निवासी सुलखन सिंह का उदाहरण साझा किया। उन्होंने बताया कि दिहाड़ी मजदूरी करने वाले सुलखन सिंह अचानक दिल की गंभीर बीमारी की चपेट में आ गए थे, जिसके इलाज का खर्च डॉक्टरों ने करीब 3 लाख रुपए बताया था।

आर्थिक तंगी के कारण परिवार के लिए यह खर्च उठाना असंभव था, लेकिन मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत मात्र एक दिन में उनका हेल्थ कार्ड तैयार किया गया। इसके बाद अमृतसर के एक निजी अस्पताल में बिना एक भी पैसा खर्च किए उनके दिल का सफल ऑपरेशन हुआ और स्टेंट डाले गए। धालीवाल ने कहा कि सुलखन सिंह का स्वस्थ होकर घर लौटना उन विरोधियों को करारा जवाब है जो सरकार की नीतियों को महज %जुमलेबाजी% करार देते हैं।

धालीवाल ने कहा कि पंजाब सरकार का मुख्य एजेंडा शिक्षा और स्वास्थ्य के ढांचे को मजबूत करना है। दोनों क्षेत्रों में निवेश कर सरकार आने वाली पीढ़ियों के लिए मजबूत और सुरक्षित भविष्य तैयार कर रही है। पिछली सरकारों के दौरान गरीब वर्ग महंगे इलाज के कारण या तो कर्ज में डूब जाता था या इलाज के अभाव में दम तोड़ देता था, लेकिन मान सरकार ने स्वास्थ्य को हर नागरिक का बुनियादी अधिकार बनाया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पतालों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि किसी भी मरीज को किसी प्रकार की परेशानी न हो और कोई भी अस्पताल कार्ड धारक से अतिरिक्त राशि की मांग न कर सके। आप नेता ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने दशकों तक सत्ता में रहकर इन बुनियादी सुविधाओं को नजरअंदाज किया, उन्हें आज बदलाव पच नहीं रहा है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत अपना हेल्थ कार्ड बनवाएं और इस जनकल्याणकारी योजना का पूरा लाभ उठाएं।

# हरियाणा सरकार पर 'आप' का हमला, खिलाड़ियों की डाइट और बुजुर्गों की पेंशन को लेकर उठे सवाल

**37000 खिलाड़ी बिना डाइट अभ्यास को मजबूर, 75000 बुजुर्गों की पेंशन बंद: अनुराग ढांडा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 07 फरवरी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हरियाणा की बीजेपी सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की जनविरोधी नीतियों के चलते प्रदेश के खिलाड़ी और बुजुर्ग दोनों ही अपने अधिकारों के लिए भटकने को मजबूर हैं।

अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा खेलों की धरती रहा है, जिसने देश को ओलंपिक, कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स में पदक दिलाए हैं, लेकिन आज वही खिलाड़ी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की 1500 खेल नर्सरियों में 37000 खिलाड़ियों को पिछले 10 महीनों से डाइट भत्ता नहीं मिला है, जबकि कोचों को भी इसी अवधि से वेतन नहीं दिया गया।

उन्होंने सवाल उठाया कि खिलाड़ी डाइट का इंतज़ाम करें या अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी? उन्होंने कहा कि सरकार नर्सरियों को साल में दो महीने बंद कर खिलाड़ियों और कोचों का पैसा बचाने की कोशिश कर रही है, जो खिलाड़ियों को खेल से दूर और नशे की ओर धकेलने जैसा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अनुराग ढांडा ने एक पोस्टर जारी कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को 'जस्ट चिल सीएम' बताया और उन पर ऑन रिकॉर्ड झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले जर्जर खेल मैदानों में पोल गिरने से खिलाड़ी मरे और अब सरकार उन्हें भूखा मारने पर तुली है।

बुढ़ापा पेंशन को लेकर भी अनुराग ढांडा ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दावा कर रहे हैं कि किसी की पेंशन नहीं कटी, जबकि हकीकत यह है कि 75000 से अधिक बुजुर्गों की पेंशन बंद कर दी गई है। किसानों की फसल बिक्री को आय मानकर पेंशन रोकी जा रही है, जबकि खेती में लागत इतनी अधिक होती है कि किसान मुश्किल से परिवार का पालन कर पाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं परिवार पहचान पत्र, कहीं नाम या उम्र की गड़बड़ी और कहीं पूरे परिवार की आय जोड़कर बुजुर्गों की पेंशन रोकी जा रही है। सरकारी पोर्टल और अधिकारियों की गलतियों का खामियाजा बुजुर्गों को भुगतना पड़ रहा है। अनुराग ढांडा ने कहा कि बुढ़ापा पेंशन का उद्देश्य बुजुर्गों को सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर देना है, लेकिन सरकार उनसे यह अधिकार छीन रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी।

उन्होंने सरकार से मांग की कि खिलाड़ियों की डाइट के लिए करीब 10 करोड़ रुपये तुरंत जारी किए जाएं और किसानों की फसल बिक्री को आय मानकर रोकी गई बुजुर्गों की पेंशन को तत्काल बहाल किया जाए।

# गैंगस्टरों पर वार का 19वां दिन: पंजाब पुलिस ने 584 स्थानों पर की छापेमारी; 180 काबू

**पुलिस टीमों ने 112 व्यक्तियों विरुद्ध की एहतियाती कार्यवाही, 266 को पूछ- पड़ताल के बाद किया रिहा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू की गई निर्णायक मुहिम 'गैंगस्टरों पर वार' को 19 वें दिन जारी रखते, पंजाब पुलिस ने आज सूबे भर में गैंगस्टरो के साथियों के पहचाने गए और मेप किए 584 टिकानों पर छापेमारी की। जानकारी अनुसार, 'गैंगस्टरों पर वार' - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए निर्णायक जंग है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी, 2026 को पुलिस डायरैक्टर जनरल (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने की थी। एंटी- गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए.जी. टी. एफ.) पंजाब के पूरे तालमेल के साथ सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्य भर में विशेष कार्यवाहिया कर रही हैं। मुहिम के 19वें दिन पुलिस टीमों ने 180 व्यक्तियों को दो हथियारों समेत गिरफ़्तार किया, जिस के साथ मुहिम की शुरुआत से अब तक की कुल गिरफ्तारियों की संख्या 5290 हो गई है। इसके इलावा 112 व्यक्तियों विरुद्ध एहतियाती कार्यवाही की गई, जबकि 266 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्यवाही दौरान 11 भगौड़े अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ़्तार किया है। उन्होंने कहा कि लोग गुप्त रूप में ज़रुरी अपराधियों/ गैंगस्टरों बारे एंटी- गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर– 93946- 93946 के द्वारा रिपोर्ट कर सकते हैं और किसी भी तरह के अपराध और अपराधिक गतिविधियों बारे सूह/ जानकारी भी सांझा कर सकते है। इस दौरान, पुलिस टीमों ने नशे के विरुद्ध अपनी मुहिम 'युद्ध नशे के विरुद्ध' के 19वें दिन आज 95 नशे तस्करों को गिरफ़्तार किया गया और उनके कब्ज़े में से 12.3 किलो हेरोइन, 160 किलोग्राम भुक्की, 321 नशीली गोलियां/ कैप्सूल और 2640 रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई। इसके साथ सिर्फ़ 343 दिनों में गिरफ़्तार किए गए कुल नशे तस्करों की संख्या 48,096 हो गई है। नशा छुड़ाओ मुहिम के अंतर्गत पंजाब पुलिस ने आज 29 व्यक्तियों को नशा छुड़ाओ और पुनर्वास इलाज करवाने के लिए राज़ी किया है।

# खन्ना पुलिस पर आरोप: कार्यवाही न करने पर ग्रामीणों ने एसएसपी कार्यालय के बाहर किया धरना प्रदर्शन

**खन्ना पुलिस उन अधिकारियों को बचाने की कोशिश रही है, जिन्होंने बिना वजह दलित समुदाय के युवक के साथ मारपीट की व उनकी महिलाओं को भी पीटा**

**अगर दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो 24 मार्च को एक बड़ी सभा कर अगली रणनीति बनाई जाएगी**

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना





**खन्ना, 7 फरवरी।** दलित समाज के युवक व महिलाओं के साथ पुलिस द्वारा मारपीट का आरोप व उन पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई न करने पर आज पायल क्षेत्र के गांव दाऊ माजरा के परिवार व गांव के लोगों ने समाजसेवी गुरदीप सिंह काली व अन्य संगठन जैसे बाजीगर वंजारा संघर्ष कमेटी पंजाब के अध्यक्ष बलविंदर सिंह अलीपुर, डॉ. अंबेडकर दल के अध्यक्ष बंसी लाल प्रेमी, डॉ. अंबेडकर नवयुक्त दल पंजाब के अध्यक्ष गुरदीप सिंह काली, जोरा सिंह चीमा, हरचंद सिंह जखवाली, गुरचरण सिंह पहलवान, गीता रानी संजू जस्सर अमृत भारती और बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों की अगुवाई में शनिवार की सुबह कौंसिल खन्ना से रोष मार्च निकाला, जिसके बाद एसएसपी खन्ना के दफ्तर के बाहर धरना प्रदर्शन किया, डीएसपी प्रितपाल सिंह संधू धरने पर पहुंचे, उन्होंने आश्वासन दिया की तीन दिन के अंदर अगर पुलिस अधिकारियों ने कोई गलती की है तो उन पर कार्रवाई की जाएगी, जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। जिक्र योग है कि कुछ दिन पहले पायल क्षेत्र के गांव दाऊ माजरा के रहने वाले एक दलित समाज के परिवार के युवक लाली (26 , व उनकी महिलाओं के साथ पायल पुलिस ने बिना वजह मारपीट की और युवक लाली को थाने ले गई, उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया, यह सब बातें पायल के समाजसेवी गुरदीप सिंह काली ने कही जो पायल विधानसभा से विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके है, काली ने आगे बताया कि परिवार के लोग मेरे पास आए उन्होंने कहा हमारा बेटा ना तो कोई नशा करता है ना ही कोई गलत काम वह तो मोबाइल की दुकान चलाता है तो पुलिस ने बिना वजह घर में घुसकर हमारे साथ मारपीट कर हमारे लडके को थाने लेजाकर नशे का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया, काली ने बताया इन लोगों की बातें सनने के बाद जब हमने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग को देखा तो हमे पता चला कि पुलिस वालों ने किस तरह घर के अंदर जाकर महिलाओं व बच्चों के साथ मारपीट की ,जिसके बाद हमने सीसीटीवी की फुटेज उच्च अधिकारियों को दिखाई, सीसीटीवी कैमरे में साफ दिख रहा था कि पुलिस को घर से कुछ बरामद नहीं हुआ ,सिर्फ मारपीट की वीडियो थी , उच्च अधिकारी ने जब यह सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो उन्होंने तुरंत इन तीनों पुलिस अधिकारियों को लाइन हाजिर कर दिया, उक्त युवक पर जो मामला दर्ज था उसे भी कैंसिल करने के लिए भेज दिया था, वही परिवार और गांव के लोगों का कहना है कि इन पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने जो हरकत की है सिर्फ लाइन हाजिर कर देने से हमारी तसल्ली नहीं होगी, इन लोगों पर भी बिना वजह मारपीट करने महिलाओं को पीटने का आपराधिक मामला दर्ज होना चाहिए और उन्हें जेल भेजना चाहिए, गुरदीप ने कहा कि अगर सीसीटीवी फुटेज ना होती तो हमारे समाज का लडका जेल में ही रहता।

उन्होंने बताया कि यह मामला 21 तारीख का है पुलिस के उच्च अधिकारी हमें आश्वासन दिया था कि आरोपी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी, परन्तु 15 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिसके बाद आज शनिवार की सुबह मजबूरंन हमें एसएसपी दफ्तर के बाहर धरना प्रदर्शन करना पड़ा। कीली ने आगे कहा कि अगर तीन दिन के अंदर खन्ना पुलिस ने अपने पुलिस अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की 24 तारीख को एक बड़ा आंदोलन कर हम सड़कों पर उतरेंगे, जिसकी जिम्मेदार खन्ना पुलिस होगी।

# दूसरे दिन धरने में ग्रामीण सतलुज दरिया के किनारे बैठे नजर आए

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं 7 फरवरी।** जगराओं के गांव खैहरा बेट में अवैध रेत खनन के खिलाफ ग्रामीणों का रोष चरम पर है। धरने के दूसरे दिन भी ग्रामीण सतलुज दरिया के किनारे डटे रहे और इस लड़ाई को निर्णायक बताया। आंदोलन को लंबा खींचने के इरादे से ग्रामीणों ने वहां स्थायी टेंट लगा लिया है और रात भर भोजन, पानी व पहरे का पुख्ता इंतजाम किया गया। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अपनी जान की बाजी लगा देंगे, लेकिन दरिया के सीने को छलनी नहीं होने देंगे।

इस संघर्ष का नेतृत्व कर रहे एडवोकेट पार्षद रविंदरपाल सिंह और सरपंच हरदीप सिंह लक्की ने प्रशासन और सरकार पर रेत माफिया के साथ मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया। नेताओं का कहना है कि डीसी लुधियाना और पुलिस के उच्च अधिकारियों को पोकलेन मशीनों द्वारा किए जा रहे अवैध खनन की जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार, सरकार दरिया की सफाई के नाम पर माफिया को खुली छूट दे रही है, जबकि इस रेत का उपयोग बांधों को मजबूत करने के लिए किया जाना चाहिए।



**रात में पहरे पर तैनात जवान ठंड अलाव जलाकर सेंकते हुए**

25 गांवों में बाढ़ का खतरा ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अंधाधुंध खनन के कारण आसपास के करीब 25 गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। बारिश या जलस्तर बढ़ने की स्थिति में यह इलाका पूरी तरह असुरक्षित हो जाएगा, लेकिन सरकार जन-सुरक्षा के प्रति पूरी तरह उदासीन बनी हुई है। ग्रामीणों का तर्क है कि यदि वास्तव में दरिया की सफाई ही उद्देश्य है, तो निकाली गई रेत का इस्तेमाल गांवों को बाढ़ से बचाने वाले बांधों को पुख्ता करने के लिए किया जाना चाहिए, न कि इसे अवैध रूप से बेचा जाए। मीटिंग करते ग्रामीण पहरे के लिए 20 लोगों की टोली बनाई प्रशासनिक निष्क्रियता को देखते हुए गांव के युवाओं ने स्वयं मोर्चा संभाल लिया है। रात के समय खनन रोकने के लिए युवाओं की 20-20 सदस्यों वाली टीमें बनाई गई हैं, जो चार-चार घंटे की शिफ्ट में दरिया किनारे आग जलाकर पहरा दे रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह अब महज एक धरना नहीं, बल्कि सरकारी नाकामी और माफिया राज के खिलाफ एक जन-विद्रोह का रूप ले चुका है, जो तब तक जारी रहेगा जब तक खनन पूरी तरह बंद नहीं हो जाता।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जन संवाद कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना

# फर्जी बिलों पर साइन करने का दबाव बनाने वाले वन विभाग के अधिकारी पर होगी कार्रवाई : सैनी

किसी नागरिक की समस्या का दो या तीन चक्कर लगाने के बाद समाधान नहीं करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

लीजिबिलिटी पूरी करने वाली कॉलोनी को जल्द किया जाएगा वैध घोषित*

सोलर लाइट लगाने की परियोजना में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने के लिए उपायुक्त को दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 4 जनवरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कर्मचारी से फर्जी बिलों पर साइन करने का दबाव बनाने वाले वन विभाग के अधिकारी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को शिकायत में गुरमीत ने बताया कि वह फौज से रिटायर है और अब वन विभाग में नौकरी कर रहा है। वन विभाग का एक अधिकारी उससे फर्जी बिलों पर साइन करने का दबाव बना रहा है, जब उसने मना किया तो उसे कार्रवाई करने का डर दिखाया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा के लोगों की समस्याओं को हल करने में लापरवाही बताने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को फटकार लगाई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब कोई नागरिक अपनी समस्या लेकर आता है तो अधिकारी तुरंत संज्ञान लेते हुए समस्या का समाधान करें। कोई अधिकारी किसी नागरिक की समस्या का दो या तीन चक्कर लगाने के बाद समाधान नहीं कर रहा तो ऐसे कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस लाडवा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतिश अग्रवाल मौजूद रहे। इस दौरान करीब 225 समस्याओं को सुना और मौके पर ही उन समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपायुक्त को निर्देश दिए कि कलाल माजरा निवासी सुभाष के सोलर लाइट लगाने की परियोजना में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की जाए और भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों की रिपोर्ट बनाकर भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने टाटकी की नर्सरी के खिलाड़ियों को डाइट का पैसा ना मिलने के मामले में उपायुक्त को जांच करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को बलजिंदर ने शिकायत में बताया कि 15 जून 2024 से शुरू नर्सरी में खिलाड़ियों को डाइट का पैसा नहीं दिया जा रहा है। इसी तरह पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि ठगी करने वाले आरोपी पर लगे आरोप साबित हो चुके हैं तो आरोपी की प्रॉपर्टी को अटैच किया जाए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राजीव की शिकायत पर बिजली विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वह पूरे मामले की जांच करें और पता लगाएं कि जब परिवार यहां नहीं रहता तो बिजली चोरी का केस कैसे और किसने बनाया। इस मामले की पूरी रिपोर्ट बनाकर पेश की जाए। इसी तरह कलाल माजरा निवासी महेंद्र की शिकायत पर उनके डेरे में रहने वाले 20 घरों को बिजली सप्लाई उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरपाल को उसकी बहन की शादी के लिए आर्थिक मदद करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री को वीरपाल ने शिकायत में बताया कि वह विकलांग है और उसके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। अब उसके पास अपनी बहन की शादी करने के लिए पर्याप्त मात्रा में बजट नहीं है। इसी तरह रजनी की शिकायत पर उपायुक्त को लीड बैंक मैनेजर के माध्यम से बातचीत कर उनकी मदद करने की के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जल्द ही लीजिबिलिटी पूरी करने वाली कॉलोनी को वैध घोषित किया जाएगा। इन कॉलोनियां के वैध होने के बाद इनको सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने अवैध कॉलोनी में पीने के पानी, सफाई जैसी समस्याओं को लेकर आए नागरिकों की सुनवाई के दौरान ऐसा कहा। मुख्यमंत्री ने लाडवा शहर में सीवर पाइप लीक होने के मामले में अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि शाम तक इस लीकेज को दुरुस्त किया जाए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में बुजुर्गों को परिवार पहचान पत्र में 60 वर्ष पूरे होने और आयु के सत्यापन के बाद बिना किसी आवेदक के बुढ़ापा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश भर में पेंशन काटने की जो शिकायत उनके पास आ रही है। उनका विभागीय स्तर पर समाधान किया जा रहा है।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एसडीएम अनुभव मेहता, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, जयभगवान शर्मा डीडी, नगर पालिका की चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, नायब सिंह पटाक माजरा, पूनम सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## लाडवा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, सिंचाई, स्वास्थ्य, नगरीय सुविधाओं के क्षेत्र में सरकार ने किए अभूतपूर्व कार्य : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जनवरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने लाडवा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, सिंचाई, स्वास्थ्य, पशुपालन, खेल, पर्यावरण संरक्षण और नगरीय सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। यह मंच हमारे क्षेत्र के सतत विकास, जनकल्याण और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प का प्रतीक है। लाडवा विधानसभा क्षेत्र में बीते समय के दौरान जो विकास कार्य हुए हैं, वे यह सिद्ध करते हैं कि हमारी सरकार की नीति और नीयत दोनों जनहित के लिए समर्पित हैं। लाडवा हलके को विकास के मामले में अग्रणी बनाना है। हमारा उद्देश्य सिर्फ एक है, इस क्षेत्र का विकास और यहां के हर नागरिक का उत्थान हो।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को गांव खैरी में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे उन्होंने गांव खैरी में विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपए, पीने के पानी की पाइप लाइन के लिए 70 लाख रुपए और गांव की फिरनी निर्माण के कार्य को करवाने के लिए घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सरपंच द्वारा सौंपे गए मांग पत्र के संबंध में कहा कि गांव की अन्य मांगों को संबंधित विभाग के पास भेज कर पूरा करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गरीब महिलाओं को अपनी रसोई चलाने के लिए हर महीने 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। यह लाभ प्रदेश के लगभग 14 लाख 70 हजार परिवारों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किडनी के रोग से पीड़ित रोगियों के लिए सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सेवाएं शुरू की हैं। पिछले एक साल में 36 हजार युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची के सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इन्हें मिलाकर पिछले 11 सालों में 1 लाख 80 हजार नौकरियां दी जा चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों पर पिछले 11 वर्षों में 807 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल में मात्र 310 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हर घर गृहिणी योजना में विधानसभा के 9 हजार 240 परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलैण्डर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 364 मकानों का निर्माण किया गया है और 249 मकान निर्माणाधीन हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### टोल के नाम पर अन्य राज्यों की बजाये हरियाणा में खुली लूट: राजेन्द्र सोरखी

**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा है कि केंद्र व प्रदेश में सत्तारुढ़ भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से हर वर्ग में तीव्र रोष है। सरकार का काम जनता को सुख-सुविधाएं देने की बजाये उन्हें किसी न किसी रुप में लूटना रह गया है। चाहे वह लूट तरह-तरह के टैक्सों की हो, जरुरत के सामान के रेट बढ़ाकर अथवा अन्य कई तरह के हथकंडे अपनाकर भोली-भाली जनता पर बोझ डालना हो। राजेन्द्र सोरखी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि इस सरकार के राज में हरियाणा में टोल के नाम पर अन्य राज्यों की बजाये खुली लूट की जा रही है जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने समय अवधि पूरी होने पर जनहित को देखते हुए 18 टोलों को बंद कर दिया है जिसकी पूरे पंजाब में सराहना की जा रही है।उन्होंने प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बताया कि छोटे से प्रदेश हरियाणा में 45 किलोमीटर दूरी के हिसाब से 75 टोल प्लाजा हैं।इसके अलावा हरियाणा से 5 गुणा बड़े टोल मंत्री नितिन गडकरी के महाराष्ट्र में 188 किलोमीटर के हिसाब से 87 टोल हैं। इससे जाहिर होता है कि प्रदेश की भाजपा सरकार व इस पार्टी को चला रहे शीर्ष नेता हरियाणा को दोनों हाथों से लूटने में लगे हैं। भाजपा की जन विरोधी नीतियों के कारण आम जनता पिस रही है और सत्ता में बैठे लोग आंखें बंद करके तमाशा देख रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मांग की है कि छोटे से हरियाणा प्रदेश की जनता को इस लूट से छुटकारा दिलाया जाये।

### अधोया हिंदुआन में पैर और मुंह बांधकर गाय को मार डाला



**बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** अधोया हिन्दवान गांव में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पशुपालक के बाड़े में घुसकर अज्ञात व्यक्तियों ने दुधारू गाय के अगले दोनों पैर और मुंह को रस्सी से बांधकर उसकी हत्या कर दी। सुबह जब मालिक बाड़े में पहुंचा तो गाय को मृत अवस्था में देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। सूचना मिलते ही पुलिस और सीन ऑफ क्राइम की टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। लोकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। उसने घर से कुछ दूरी पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पास पशुओं के लिए बाड़ा बनाया हुआ है। मंगलवार रात करीब 8 बजे वह अपनी गाय का दूध निकालकर उसे बाड़े में बांधकर घर चला गया था। बुधवार सुबह करीब 7 बजे जब वह बाड़े में पहुंचा तो देखा कि उसकी गाय मृत पड़ी थी। पीड़ित के अनुसार, अज्ञात हमलावर में बाड़े घुसे और बाद गाय के दोनों अगले पैरों को लाल कपड़े से बांध दिया और मुंह को दूध निकालने वाली रस्सी से बुरी तरह जकड़ दिया, इससे दम घुटने के कारण गाय की मौत हो गई। गाय करीब 8-9 किलो दूध देती थी। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी संदीप कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। वहीं पशु चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम के लिए सैंपल लिए गए हैं। बराड़ा थाना प्रभारी जगपाल सिंह ने बताया कि लोकेश कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## कंचन माही ने संभाला कैथल की 13वीं सैशन जज के रूप में कार्यभार

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 4 फरवरी।** कैथल की 13वीं जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में कंचन माही ने कार्यभार संभाल लिया है। यहां पहुंचने पर जिला बार एसोसिएशन के कार्यकारी प्रधान हेमराज वधवा, सचिव सचिन सिंघल, सह सचिव अमित रोहिला, कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया, बार के मीडिया कोर्डिनेटर प्रदीप हरित, गुहला बार एसोसिएशन के प्रधान वीके हांड़ा, एडवोकेट रंती रमन शर्मा, अमित कौशिक ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर स्पेशल जज फैमिली कोर्ट देवेन्द्र सिंह, चीपु ज्यूडिशियल विनोद कुमार, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कंवल कुमार सहित सभी न्यायिक अधिकारी व वकील भी उपस्थित रहे। बता दें कि इससे पहले कंचन माही अंबाला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर थीं। कैथल के पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय पाराशर की गत 31 जनवरी को सेवानिवृत्ति के पश्चात यह पद खाली था। बातचीत में नई सैशन जज कंचन माही ने बार के साथ मधुर संबांधों की बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी पूरी टीम पहले की तरह बार के साथ सहयोग करती रहेगी। बार की कार्यकारिणी ने भी उन्हें भरोसा दिलाया कि यहां के वकील बहुत मददगार रहते हैं। मामलों के निपटान में बैंच का पूरा साथ देते हैं।

## जाट स्कूल का मोहित बना जूडो का राष्ट्रीय स्तर का बैस्ट प्लेयर

### छात्रों को जीवन में अनुशासित बनाने के लिए खेलों में भाग लेना चाहिए: प्रधान बेनीवाल

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 4 फरवरी।** जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र मोहित ने जूडो की राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 69वीं नेशनल स्कूल खेलों के तत्वाधान में आयोजित अंडर-19 प्रतियोगिता गोल्ड मेडल हासिल किया। यह प्रतियोगिता 29 जनवरी से 3 फरवरी तक दिल्ली में हुई थी। प्रतियोगिता में जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र मोहित ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। प्रथम चरण में मोहित ने गुजरात के खिलाड़ी को, द्वितीय चरण में महाराष्ट्र के खिलाड़ी को, तृतीय चरण में चंडीगढ़ के खिलाड़ी को, चतुर्थ चरण में पंजाब के खिलाड़ी को तथा पांचवें चरण में दिल्ली के खिलाड़ी को पराजित करके गोल्ड मेडल पर कब्ज़ा किया। सभी चरणों में शानदार प्रदर्शन के कारण मोहित को राष्ट्रीय स्तर का सर्वश्रेष्ठ जूडो खिलाड़ी चुना गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने मोहित की लग्न व परिश्रम की सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया। जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उपप्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि सिंह ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने छात्र मोहित की इस सफ़लता पर बधाई दी। राजकुमार बेनीवाल ने कहा कि मोहित की मेहनत और कर्मठता अन्य छात्रों के लिए अनुकरणीय है। सभी विद्यार्थियों को अपने जीवन मे संयमित व अनुशासित बनाने के लिए खेलों में अवश्य भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर कार्यकारिणी के अन्य सदस्य डॉक्टर सत्यवान माजरा, दलवीर कैरों, महावीर राविश, राजपाल गुहना, सन्नी चौशाला, महावीर कुंडू, विक्रम सोंगल, कुलदीप सिंह, रजत रापडिया़, स्वतंत्र पाल सिंह व जसवीर मानस मौजूद रहे।

## बलजीत बने श्री विश्वकर्मा पांचाल समाज सुधार सभा के प्रधान

**कैथल (अप्रस)।** श्री विश्वकर्मा पांचाल समाज सुधार सभा गली नंबर 10 प्योदा रोड में प्रधान पद के लिए पूर्व प्रधान धर्मपाल पांचाल की अध्यक्षता में सहमति से बैठक का आयोजन हुआ। विचार विमर्श के बाद आपसी सहमति नहीं बन पाने के कारण पर्ची के माध्यम से चुनाव करने का फैसला लिया गया जिसमें प्रधान पद के उम्मीदवार राजपाल छातर, रामशरण देवबंद, कश्मीरी लाल व बलजीत सिंह पांचाल ने हिस्सेदारी की। मौजूद सदस्यों ने पर्ची के माध्यम से वोटिंग की। बलजीत सिंह ने 136 वोट प्राप्त हुई व उपस्थित व्यक्तियों ने उनको बधाई दी। मौके पर भाईचारा बनाए रखने व समाज को आगे बढने् का निर्णय किया गया।

## नगर परिषद में अधिकारी ने होने से विकास डगमगाया

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला




**टोहाना, 4 फरवरी।** टोहाना शहर का विकास सिर्फ कागजों तक ही चमक मार रहा है जब कोई भी मीटिंग नगर परिषद में होती है तब सिर्फ कुछ वार्डो के जनप्रतिनिधि और नगर परिषद प्रधान अपनी गुप्त बैठक कर एजेंडे पास करवाने की कोशिश में रहता है। जब कोई वार्ड प्रतिनिधि अपनी निष्पक्ष आवाज मीटिंग में नगर परिषद के कार्यो विरुद्ध उठाता है तो कहीं कोई पत्रकार सुन न ले इसलिए मीटिंग से पत्रकारों को दूर रखा जाता है। जब अधिकारियों के प्रधान व जनप्रतिनिधियों के संबंध आपस में विच्छेद हो जाते हैं किसी भी कारण तब यह यह प्रधान ही पत्रकारों को बुलाकर अधिकारियों की पोल खोलता दिखाई देता है अब टोहाना शहर के लोगों को यदि नगर परिषद में किसी कार्य के लिए जाना पड़ जाए तो निवासी नगर परिषद का एजेंट ढूंढ कर फिर नगर परिषद में जाना सही समझता है नगर परिषद में बड़े-बड़े अधिकारियों की तो सीटे ही कई महीनो से खाली पड़ी हैं और जो अधिकारी हैं वह सिर्फ नगर परिषद के ठेकेदारों व छूट भैया नेताओं की जी हजूरी में लगे रहते हैं शहर में रेजिडेंशियल एरिया में बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बनाई जा रही हैं उन पर कोई भी नगर परिषद का अधिकारी निरीक्षण तक करता हुआ कभी दिखाई नहीं देता पता नहीं क्यों आप ही अंदेशा लगा सकते हैं और जो नगर परिषद के द्वारा शहर में कंक्रीट की गलियां बनाई जा रही हैं उन गलियों को मैं कभी भी कोई भी नगर परिषद का अधिकारी निरीक्षण करता या वहां पर कई खड़ा देखा तक नहीं गया है क्या नगर परिषद के अधिकारियों ने शहर का सारा विकास ठेकेदारों पर ही छोड़ रखा है जो करेंगे वही सब कुछ ठीक करेंगे अधिकारियों ने अपने कार्यालय से बाहर निकलना या कोई भी किसी भी साइट पर जाना उचित नहीं समझना क्या टोहाना का विकास ऐसे ही संभव है। क्या हरियाणा सरकार करोड़ों रुपए का बजट नगर परिषद को इसीलिए देती है क्या इस पर नगर निकाय मंत्री भी विपुल गोयल जी ध्यान देंगे। टोहाना नगर परिषद में और एक करोड रुपए के विकास कार्यों की जांच सीएम फ्लाइंग से करवायेंगे ।

## पाइट में विनिंग वेडनेसडे, कंपनियों में चयनित छात्र-छात्राएं सम्मानित

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**पानीपत, 4 फरवरी।** पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में बुधवार को 'विनिंग वेडनेसडे' के तहत प्रेरक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित हुए 40 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। चयनित छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार निरंतर मेहनत और सही मार्गदर्शन से जॉब हासिल की जा सकती है।

समारोह में पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि आज रोजगार की कमी नहीं है। आवश्यकता है तो केवल सही स्किल और सकारात्मक सोच की। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने कौशल विकास पर लगातार फोकस करें। उन्होंने बताया कि साइबर सिक्योरिटी, एआईडीएस, एआईएमएल, एमसीए, बीसीए, मैकेनिकल, बीबीए सहित विभिन्न विभागों के छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार मिला है। प्रत्येक सप्ताह इस तरह छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने कहा कि जीवन में सबसे पहले अपना लक्ष्य तय करना जरूरी है। लक्ष्य निर्धारित करने के बाद पूरी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ते रहें। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता। साइबर सिक्योरिटी विभाग की अध्यक्ष डॉ. शक्ति अरोड़ा ने भी छात्रों को प्रेरित किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में चेयरमैन हरिओम तायल, डीन डॉ. बीबी शर्मा, कैरियर एडवांस सेल के निदेशक रितेश सिंगला, सीएसई विभाग के अध्यक्ष डॉ. एससी गुप्ता सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## नरवाना को विकास की नई रफ्तार देगा केंद्र व राज्य सरकार का रोडमैप : कृष्ण कुमार बेदी

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 4 फरवरी।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट गरीब, किसान, मजदूर, युवा एवं महिलाओं के समग्र विकास को समर्पित है। इस बजट में समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण पर विशेष फोकस किया गया है और यह पूरी तरह जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी बुधवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, रोजगार सृजन करने तथा गरीब वर्ग के जीवन स्तर में आर्थिक समृद्धि लाने को प्राथमिकता दी गई है। बजट से व्यापारियों के कारोबार को बढ़ावा मिलेगा और व्यापारिक ढांचे का सर्वांगीण विकास होगा। इससे देश में उत्पादकता, निर्यात क्षमता और निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। कृष्ण कुमार बेदी ने केंद्रीय बजट की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि यह बजट गरीब, युवा, किसान, कामगार, छोटे व्यापारियों एवं उद्यमियों के लिए प्रगति का नया मार्ग प्रशस्त करेगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के विजन की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तर्ज पर हरियाणा सरकार भी राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए वे स्वयं पूरी गंभीरता से प्रयासरत हैं। निकट भविष्य में नरवाना विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने बताया कि गत वर्ष अगस्त माह में मुख्यमंत्री द्वारा नरवाना क्षेत्र के लिए की गई घोषणाओं का रोडमैप तैयार हो चुका है, जिसके अंतर्गत अनेक विकास परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा और नरवाना को एक विकसित मॉडल क्षेत्र के रूप में उभारा जाएगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक फकीरचंद, जसवीर नैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## डीसी ने किया जिला पुस्तकालय का निरीक्षण, पठन कक्ष में बच्चों से की मंत्रणा

### विशेषज्ञों की सेवाएं लेकर मरम्मत कार्य योजना तैयार करवाने के लिए पीडब्ल्यूडी को दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 4 फरवरी।** कैथल डीसी अपराजिता ने बुधवार सुबह स्वामी विवेकानंद जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। साथ ही बच्चों के लिए केबिन की संख्या बढ़ाए जाने सहित भवन की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी व पुस्तकालय के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। डीसी सुबह पुस्तकालय पहुंचीं, जहां जिला उच्च शिक्षा अधिकारी डा. मनोज कुमार भाम्बू ने उनका अभिनंदन किया। इसके बाद डीसी अपराजिता ने सबसे पहले लड?ों के पठन कक्ष का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बच्चों से बातचीत कर पुस्तकालय में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ई-लाइब्रेरी कक्ष का दौरा किया। जहां इंटरनेट संबंधी सुविधाओं की समीक्षा की। इसके बाद डीसी ने पुस्तकालय में रखी पुस्तकों का निरीक्षण किया। जो व्यवस्थित ढंग से रखी हुई थी। इसके बाद डीसी अपराजिता ने शौचालयों का भी निरीक्षण किया। साथ ही स्टोर रूम में सामान को व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पहली मंजिल पर लड़कियों के लिए पठन कक्ष का दौरा किया। जहां तीन अलग-अलग कक्षों में पढ़ रही छात्राओं से बातचीत की। लड़कियां ने पुस्तकालय में पढने् के लिए टेबल केबिन की आवश्यकता बताई। जिस पर डीसी ने अधिकारियों को उपलब्ध फंड से यह कार्य करवाने के निर्देश जारी किए। उन्होंने खाली कमरे को लड़कियों के लिए ई-लाइब्रेरी के तौर पर प्रयोग करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने अखबार पढने् वाले कक्ष का भी दौरा किया। इसके बाद उन्होंने भवन को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी हासिल की। इस अवसर पर जूनियर लाइब्रेरियन अंकुर, संतोष कुमारी, रीना शर्मा, नीतिश शर्मा, मनीषा, अजय, करण, रोहित सैनी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।


डीसी ने द्वितीय तल पर भी कक्ष बनाने का प्रस्ताव तैयार करते हुए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आवश्यक एस्टीमेट बनाकर काम पूरा करने के निर्देश जारी किए। मीडिया से बातचीत करते हुए डीसी ने कहा कि जिला पुस्तकालय से बच्चों को काफी फायदा हो रहा है। इस पुस्तकालय में बच्चे 24 घंटे बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं। जो एक बड़ी सुविधा है। बच्चे यहां आएं और अपनी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर जीवन में सफल हों। इसके लिए कई तरह की सुविधाएं दी गई हैं। मीडिया के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि आमजन मानस या बच्चों को उनकी जरूरत की मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए। वे जहां भी दौरा करती हैं, वे सुनिश्चित करती हैं कि यदि उन्हें स्वयं वहां बैठकर पढना़ होता या फिर उन्हें संबंधित विभाग की सेवाएं लेनी होती तो वहां जो आवश्यक सुविधाएं होनी चाहिए, वे पूरी हों।

# एचपीएससी का नाम बदल कर जीएचपीएससी रखें सरकार : हुड्डा

साजिश के तहत भर्तियों में खाली छोड़े जा रहे पद

हुड्डा ने रिक्त पदों की जारी की सूची

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश सरकार को एचपीएससी के मुद्दे पर घेरते हुए कहा है कि नाम बदलने में माहिर भाजपा सरकार को एचपीएससी का नाम भी बदल देना चाहिए। इसे बदलकर (गैर-हरियाणवी पब्लिक सर्विस कमीशन) कर देना चाहिए। क्योंकि ये संस्था जानबूझकर हरियाणा की नौकरियां अन्य राज्यों के लोगों को दे रही है और एचपीएससी के पदों को खाली रखकर हरियाणा के युवाओं को उच्च पदों से वंचित रखने की साजिश रच रही है।

शनिवार को चंडीगढ़ में जारी बयान में हुड्डा ने कहा कि एचपीएससी अब सिलेक्शन कमीशन की बजाय रिजेक्शन कमीशन बन चुका है। पिछले 11 साल से बीजेपी सरकार भर्तियों के नाम पर हरियाणा के युवाओं को गुमराह कर रही है। हरियाणा सरकार ने कृषि विभाग में एग्रीकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर के 100 पदों की भर्ती प्रक्रिया को साढ़े तीन साल बाद रद्द कर दिया है।

वर्षों के इंतजार के बाद एचपीएससी पीजीटी कंप्यूटर साइंस की 1711 पदों की भर्ती का रिजल्ट आया, लेकिन सिर्फ 39 उम्मीदवार ही पास हुए, जबकि बाकी 1672 पद खाली रह जाएंगे। इससे पहले भी अनेक भर्तियों में पदों को खाली रखा गया है। एचपीएससी दरअसल, हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन की बजाय गैर-हरियाणवी पब्लिक सर्विस कमीशन बन गया है, क्योंकि ज्यादातर चयन बाहर के युवाओं का हो रहा है।

इससे पहले भी विभिन्न भर्तियों में बड़े पैमाने पर पद खाली रखे गए हैं। एडीओ एग्रीकल्चर की 600 पदों की भर्ती में सिर्फ 50 पद भरे गए, जबकि 550 पद खाली रह गए। पीजीटी म्यूजिक की 80 पदों की भर्ती में केवल 25 पद भरे गए और 55 खाली रह गए। पीजीटी पोलिटिकल साइंस की 287 पदों में से 192 भरे गए और 95 खाली रह गए। लेक्चरर इलेक्ट्रिकल की 61 पदों में से 40 भरे गए और 21 खाली रह गए। लेक्चरर कंप्यूटर इंजीनियरिंग की 44 पदों में से 34 भरे गए और 10 खाली रह गए। लेक्चरर इंस्ट्रूमेंट की 17 पदों में से 8 भरे गए और 9 खाली रह गए। पीजीटी फिजिकल एजुकेशन एवं फाइन आर्ट्स की 1325 पदों की भर्ती में केवल 642 पद भरे गए, जबकि 683 पद खाली रह गए।

## प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**रादौर (अप्रस)।** शहर के ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित मेगा पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्लेसमेंट ड्राइव श्री आत्मानंद जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, अंबाला सिटी में आयोजित की गई। मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में टैक्लिव सल्यूशन (मोहाली),नोवम कंट्रेल प्रा. लि., बेबो टेक्नोलिजी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एक्सचेंज टेक्नोलॉजी सहित अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ इंटरव्यू प्रक्रिया में भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया के उपरांत विद्यार्थियों बलप्रीत कौर, नितिन, आदित्य सैनी, अंशिका एवं दीपांशु को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर द्वितीय चरण के लिए चयनित किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों को महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. रामास्वामी एवं डॉ. नैन्सी द्वारा एम्स, अंबाला सिटी ले जाया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की देखरेख, मार्गदर्शन एवं समन्वय इन दोनों प्राध्यापकों द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।

# डेपुटेशन कर्मियों पर शिक्षा विभाग हुआ सख्त
# अब मूल विभाग में देनी होगी ड्यूटी

निदेशालय ने सभी जिलों से मांगी सूची

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** हरियाणा के स्कूलों तथा शिक्षा विभाग में बाहरी राज्यों तथा दूसरे विभागों से आकर प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) पर काम करने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों पर अब कार्रवाई होगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों से डेपुटेशन पर नियुक्त शिक्षकों की सूची तलब की है।

शिक्षा विभाग में एक तरफ जहां कर्मचारियों का टोटा है वहीं दूसरी तरफ पंचकूला समेत कई जिले ऐसे हैं जहां अतिरिक्त संख्या में शिक्षक व कर्मचारी तैनात हैं। यही नहीं हरियाणा के बहुत से शिक्षक अपने प्रभाव के चलते कई वर्षों से चंडीगढ़ में ड्यूटी दे रहे हैं।

अब शिक्षा विभाग ने इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। निदेशालय की ओर से स्पष्ट हिदायत दी गई है कि सभी डीईओ अपने-अपने जिलों में कार्यरत ऐसे सभी शिक्षकों की विस्तृत सूची तुरंत उपलब्ध कराएं, जो वर्तमान में शिक्षा विभाग से बाहर अन्य विभागों या राज्यों में सेवाएं दे रहे हैं।

महानिदेशक मौलिक शिक्षा की ओर से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यह जानकारी विशेष रूप से पीआरटी, सीएंडवी, टीजीटी तथा ईएसएचएम (पीआरटी अतिथि अध्यापक सहित) श्रेणी के शिक्षकों से संबंधित है।

महानिदेशक की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी जिले के शिक्षक किसी अन्य विभाग या राज्य में प्रतिनियुक्त हैं, तो उनकी नियुक्ति तिथि, प्रतिनियुक्ति की अवधि और वर्तमान कार्यस्थल का पूरा विवरण अनिवार्य रूप से तैयार किया जाए। विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि शिक्षकों की वास्तविक तैनाती और विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।

शिक्षा विभाग को विभिन्न जिलों से यह जानकारी मिल रही थी कि बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षा कार्य से हटकर अन्य विभागों अथवा बाहरी प्रतिनियुक्तियों में कार्यरत हैं, जिससे विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और शैक्षणिक व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। माना जा रहा है कि सूची प्राप्त होने के बाद विभाग शिक्षकों की प्रतिनियुक्तियों की समीक्षा करेगा और आवश्यकता पडने पर उन्हें पुनः विद्यालयों में लौटाने के निर्देश जारी किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### पैंशनरों की मांगों पर सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही: बलबीर



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** हरियाणा बिजली पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला कैथल की मीटिंग प्रधान बलबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। मंच का संचालन सचिव महेन्द्र पाल सेनी ने किया। सर्व प्रथम जिन पेंशनर का फरवरी में जन्म दिन पड़ता है उनको मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद वक्ताओं ने पैनशनरों की मांगों बारे विचार रखे। उन्होंने कहा कि सरकार पैंशनरों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही। इसके विपरीत संघर्षों के बाद प्राप्त सुविधाएं छीन रही है। यदि समय रहते हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उनकी मांगों में पैनशनरों को कैशलैस मैडिकल सुविधा दी जाए, कम्यूनिकेशन पैंशन की रिकवरी 11 साल 8 महीने के बाद बन्द की जाए, वित विधेयक 2025 में पैनशनों की समीक्षा के क्लाज को खत्म किया जाए और 8वें वेतन आयोग में पैनशनर को पिछले आयोग की तरह लाभ दिया जाए। यदि उनकी मांगें पूरी न हुई तो सरकार को एक बड़े विरोध का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर चीफ़ पैटर्न वीके चावला, जयसिंह, राजकुमार सिसमोर, परमात्मा राम, मांगे राम, बाबू राम, बलवंत राज, सुरेश शर्मा ने संबोधित किया। आज पैंशनर के बीच सिगनस अस्पताल के डा. मेहता व डॉ जैन पहुंचे जिन्होंने स्वास्थ्य बारे जानकारी दी और वरिष्ठ नागरिकों का अस्पताल चैक सस्ता पैकेज बारे बताया।

### जय देव चीमा का आज भोग एवं अंतिम अरदास

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** शहर के वरिष्ठ एवं सम्मानित नागरिक जय देव चीमा जिनका 5 फरवरी 2026 को निधन हुआ था की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भोग एवं अंतिम अरदास का आयोजन रविवार, 8 फरवरी 2026 को गुरुद्वारा श्री गुरु अर्जुन देव जी, सेक्टर 40-बी, चंडीगढ़ में किया जाएगा। यह धार्मिक कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक संपन्न होगा। अरदास के उपरांत गुरु का लंगर आयोजित किया जाएगा। उनके देहांत से चंडीगढ़ में शोक की लहर दौड़ गई है। समाजसेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे श्री चीमा के निधन को शहर के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। श्री जय देव चीमा अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शोकाकुल परिवार में उनकी पत्नी निर्मल चीमा, पुत्र मनमोहन चीमा (पुत्रवधू कंवल चीमा), पुत्री रेनू (दामाद संदीप विग), तथा पोते-पोतियां शुभिंदर, रमिता और सारु शामिल हैं। परिवार की ओर से सभी रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों से अपील की गई है कि वे इस दुख की घड़ी में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

### प्रशासक को सौंपा ज्ञापन



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** प्रशासन द्वारा सेक्टर- 33/45 के लाइट प्वाइंट को बंद किए जाने के कारण बुड़ैल एवं सेक्टर-45 क्षेत्र में हो रही असुविधा को देखते हुए इस विषय में माननीय श्री गुलाब चंद कटारिया, पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक, से बातचीत की गई। समस्या की गंभीरता को देखते हुए उन्हें एक ज्ञापन दिया गया। माननीय राज्यपाल ने संबंधित अधिकारियों को इस समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

### सिटी यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ने जीत दर्ज की

**अम्बाला छावनी (अप्रस/रवि पाहुजा)।** वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम अम्बाला में जो जिला फुटबॉल क्लब लीग 2026 करवाई जा रही है जो कि सिंक कंपनी की बोल्ट मॉडल की फीफा अप्रूव्ड फुटबॉल से खेली जा रही है और यह अम्बाला में पहली बार किसी फीफा अप्रूव्ड बॉल से मैच करवाया जा रहा है। शनिवार मैच शुरू होने से पहले रेफरी जंग बहादुर का जन्म दिन जिला फुटबॉल संघ के सभी रेफरी और जिला फुटबॉल संघ के मेंबर ने केक काट कर मनाया उस के बाद शनिवार को दो मैच खेले गए जिस में पहला मैच वाइटल क्लब और सिटी यूनाइटेड फुटबाल क्लब के मध्य खेला गया जिस के रेफरी जतिन कुमार , गगन , नरेश कुमार और जंगबहादुर थे दोनों टीमों की तरफ से बराबर के अटैक चल रहे है थे और दिनों टीमें ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया अंत में यह मैच सिटी यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ने 1 – 0 से जीत लिया । दूसरा मैच एफ सी रॉयल और बद्रीनाथ क्लब के बीच खेला गया जिस में मध्यांतर तक एफ सी रॉयल 3 – 2 से आगे चल रही थी ।और इस तरह अंत में यह मैच 3 – 3 से बराबर रहा। इस मैच के रेफरी नरेश कुमार जतिन , गगन , और जंगबहादुर थे। इस तरह अब आज रविवार को भी लीग के दो मैच खेले जायेंगे पहला मैच अर्जुन क्लब और मिकी मॉडल फुटबॉल क्लब के बीच और सेकंड मैच अम्बाला फुटबॉल क्लब और मॉर्निंग क्लब के बीच खेला जाएगा और इन दोनो लीग के लास्ट मैच के बाद ही सेमी फाइनल में किस टीम का किस के साथ मैच होगा इस की तस्वीर साफ होगी ।आज मंच पर बी एस बिंद्रा प्रधान जिला फुटबॉल संघ अम्बाला, अरविंद शर्मा सचिव जिला फुटबॉल संघ अम्बाला , विश्वजीत फुटबॉल कोच अम्बाला , बालित नागपाल उप प्रधान , अरुण कांत, रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट , जगदीप सिंह , शेर सिंह , हरीश पूर्व एम सी, सतीश कुमार , नरेंद्र कुमार , संजय विज , और सभी मेंबर्स मंच पर मौजूद थे।

# एमसी वन पास ने मात्र 10 दिनों में 3,000 पंजीकरण का आंकड़ा पार किया, लोगों का जबरदस्त प्रतिसाद

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह




**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** नगर निगम चंडीगढ़ की महत्वाकांक्षी पहल एमसी वन पास ने आरंभ होने के मात्र 10 दिनों के भीतर 3,000 से अधिक पंजीकरण पूरे कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि नागरिकों के मजबूत विश्वास और योजना को मिले उत्साहजनक प्रतिसाद को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

नगर निगम की सेवाओं को सरल बनाने और नागरिकों तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया एमसी वन पास, एक ही डिजिटल व्यवस्था के अंतर्गत अनेक नागरिक सेवाएँ उपलब्ध कराने वाला एकीकृत मंच है। इसकी तेज़ी से बढ़ती लोकप्रियता यह प्रमाणित करती है कि नागरिक पारदर्शी, समयबद्ध और नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्रशासनिक समाधानों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

नागरिकों की सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा यह व्यवस्था की गई है कि नागरिक नगर निगम चंडीगढ़ के अधिकार क्षेत्र में स्थित सभी सशुल्क वाहन पार्किंग स्थलों पर लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर मौके पर ही अपना एमसी वन पास तैयार कर सकें। इससे पंजीकरण की प्रक्रिया तेज़, सरल और परेशानी मुक्त हो गई है।

इस योजना की सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए नगर निगम आयुक्त श्री अमित कुमार, भारतीय प्रशासनिक सेवा ने कहा कि एमसी वन पास की लोकप्रियता का प्रमुख कारण इसका उपयोगकर्ता-अनुकूल स्वरूप, सरल प्रक्रिया तथा व्यापक जन-जागरूकता अभियान है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में इससे नागरिक सेवाओं का वितरण और अधिक सुदृढ़ होगा तथा प्रक्रियागत विलंब में कमी आएगी।

नगर निगम ने प्रौद्योगिकी के माध्यम से नागरिक सहभागिता बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए अधिक से अधिक नागरिकों से एमसी वन पास के माध्यम से पंजीकरण कर इसके लाभ उठाने की अपील की है। नगर निगम ने इसे स्मार्ट, प्रभावी और उत्तरदायी शहरी प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## लकी ओबेरॉय हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद अमृतसर से गिरफ्तार; पिस्तौल बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/अमृतसर, 7 फरवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर देहाती पुलिस ने अमृतसर के खासा क्षेत्र में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लकी ओबेरॉय हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से बेरेटा .30 बोर पिस्तौल बरामद की है। यह जानकारी डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीआईजी) बॉर्डर रेंज संदीप गोयल ने दी।

गिरफ्तार आरोपी, जिसकी पहचान जालंधर के मिठापुर निवासी शमिंदर सिंह के रूप में हुई है, अपराध को अंजाम देने के समय एक्टिवा स्कूटर चला रहा था। उल्लेखनीय है कि शमिंदर सिंह का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है।

जानकारी के अनुसार सतविंदरपाल सिंह उर्फ लकी ओबेरॉय को शुक्रवार सुबह जालंधर के मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा की पार्किंग में एक सफेद एक्टिवा पर सवार अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी थी, जब वह माथा टेकने के बाद वापस जा रहे थे।

डीआईजी संदीप गोयल ने कहा कि घटना के तुरंत बाद अपराध में शामिल आरोपियों की पहचान और उनके ठिकानों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए गए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली कि शमिंदर सिंह ने हत्या के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए अमृतसर के खासा क्षेत्र में शरण ली हुई है। उन्होंने कहा कि इस जानकारी पर तुरंत कार्रवाई करते हुए अमृतसर देहाती पुलिस ने आसपास के इलाकों में नाके लगाए और जांच तेज कर दी।

## भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला और कंस वध के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को किया भाव-विभोर

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 7 फरवरी।** बाबा गैबी साहब मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास धर्मपाल शास्त्री नाभा ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का सजीव और भावपूर्ण वर्णन करते हुए महारास, मथुरा गमन, कंस वध एवं रुक्मिणी विवाह के प्रसंगों को विस्तार से प्रस्तुत किया। कथा सुनकर पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालु भक्ति के सागर में डूब गए।

व्यास जी ने स्पष्ट किया कि रासलीला को सांसारिक दृष्टि से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक भाव से समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि महारास कोई कामुक क्रीड़ा नहीं, बल्कि जीवात्मा का परमात्मा से मिलन है। गोपियों का कृष्ण की बांसुरी के स्वर पर सब कुछ त्यागकर चल पड़ना उनकी अनन्य भक्ति का प्रतीक है। व्यास जी ने कहा, ÷महारास काम पर विजय की लीला है। यहाँ काम का अर्थ वासना नहीं, बल्कि श्रीकृष्ण के प्रति निष्काम प्रेम है। जब कथा के दौरान रास पंचाध्यायी का पाठ हुआ, तो भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण वृंदावन मय हो गया।

अक्रूर जी के आगमन और भगवान श्रीकृष्ण व बलराम के मथुरा प्रस्थान का मार्मिक वर्णन किया गया। व्यास जी ने बताया कि किस प्रकार यशोदा मैया और गोपियाँ कृष्ण के वियोग में व्याकुल हो उठीं। इस प्रसंग को सुनकर पंडाल में मौजूद अनेक श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गईं। इस अवसर पर महंत अजयगीरी जी महाराज ने कहा कि भक्ति मार्ग में विरह भी प्रेम की सर्वोच्च अवस्था है, क्योंकि विरह में ही भक्त का प्रेम और अधिक प्रगाढ़ हो जाता है। मथुरा पहुँचकर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कुब्जा का उद्धार, धनुष यज्ञ का भंग और अंततः अत्याचारी राजा कंस के वध की कथा सुनाई गई।

# दमकल कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर फूंका उद्योग मंत्री का पुतला

## राव नरबीर सिंह के अपमानजनक बयान की निंदा की

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश




**कैथल, 7 फरवरी।** उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह के अपमानजनक बयान के विरोध में फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। हरियाणा के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह द्वारा फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ पूरे प्रदेश में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए मंत्री का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के संयुक्त आह्वान पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान शमशेर सिंह ने की व संचालन जिला सचिव जयप्रकाश टीक ने किया। पुतला दहन से पूर्व उपस्थित कर्मचारियों ने उद्योग मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनके बयान की कड़ी निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि फायर ब्रिगेड कर्मचारी दिन रात जनता की जान माल की सुरक्षा में लगे रहते हैं और ऐसे जिम्मेदार विभाग के कर्मचारियों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि पूरे कर्मचारी वर्ग का अपमान है। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उद्योग मंत्री ने जल्द से जल्द हरियाणा के फायर ब्रिगेड कर्मचारियों से सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो कर्मचारी हजारों की संख्या में मंत्री के आवास का घेराव करेंगे। आवश्यकता पडने पर काम बंद कर हड़ताल जैसे कड़े कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने हरियाणा सरकार से मांग की कि मंत्री के बयान पर संज्ञान लेते हुए फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा की जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की बयानबाजी पर सख्त रोक लगाई जाए।

**18 को पंचकूला स्थित फायर निदेशालय पर प्रदर्शन करेंगे:** इसके अलावा दमकल कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों का हल करवाने के लिए दमकल कर्मचारी 18 फरवरी को पंचकूला में फायर निदेशालय पर प्रदर्शन करेंगे। यदि समय रहते फायर कर्मचारी की मांगों का समाधान नहीं हुआ तो जिले के फायर कर्मचारी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 12 फरवरी राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढकर भाग लेंगे। इस अवसर पर फायर कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान राजेंद्र सिनंद, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सहसचिव शिवचरण, जिला प्रधान ओमपाल भाल, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के राज्य प्रधान बसाऊ राम, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, नगर पालिका से जिला सचिव विक्की टांक, इकाई प्रधान महेन्द्र बिड़लान व सुरेश कुमार समेत संकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाई के जन्मदिन की घटना का लिया बदला, पुरानी रंजिश में युवक का अपहरण कर निर्मम हत्या

लोहे की सरियों से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 7 फरवरी।** पुरानी रंजिश ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। भाई के जन्मदिन पर हुए पुराने विवाद का बदला लेने के लिए तीन-चार युवकों ने चंडीगढ़ के हल्लोमाजरा से एक युवक का अपहरण कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपियों ने पहले उसे जबरन बाइक पर बैठाकर जीरकपुर ले जाया, जहां रास्ते में उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद डेराबस्सी ले जाकर लोहे की सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान सेक्टर-20 निवासी सुशील उर्फ साहिल के रूप में हुई है। शुक्रवार दोपहर उसका शव डेराबस्सी सिविल अस्पताल की मोर्चरी में लावारिस हालत में मिला। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और शव को सेक्टर-32 स्थित जीएमसीएच की मोर्चरी में शिफ्ट कर दिया गया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

**जबरन बाइक पर बैठाकर किया अपहरण:** थाना सेक्टर-31 पुलिस को दिए बयान में हल्लोमाजरा के दीप कॉम्प्लेक्स निवासी विजय कुमार ने बताया कि वह रैपिडो बाइक कैब चलाता है। 5 फरवरी को वह अपने रिश्तेदार सुशील के साथ निजी काम से अंबाला और पेहोवा गया था। शाम को दोनों हल्लोमाजरा लौटे। करीब साढ़े चार बजे सुशील ने विजय को रविदास मंदिर के पास छोड़ा और खुद आगे बढ़ गया। इसी दौरान तीन-चार युवक वहां पहुंचे और अचानक सुशील के साथ मारपीट शुरू कर दी। विजय ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे धमका दिया और सुशील को जबरन बाइक पर बैठाकर फरार हो गए। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला।

**जन्मदिन की पार्टी से शुरू हुई थी रंजिश:** परिजनों के अनुसार नवंबर 2025 में जीरकपुर की प्रीत कॉलोनी में आरोपी अनिल के भाई का जन्मदिन मनाया जा रहा था। पार्टी के दौरान शराब के नशे में कुछ युवकों ने सुशील से उसकी नई गाड़ी चलाने की जिद की। विवाद बढ़ने पर सुशील वहां से जाने लगा। तभी जन्मदिन मना रहा युवक अचानक गाड़ी के आगे आ गया और हादसे में उसकी मौत हो गई। इस मामले में जीरकपुर थाने में सुशील के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज था। हालांकि परिजनों का कहना है कि मामला जांच में था, लेकिन आरोपियों ने कानून पर भरोसा करने की बजाय खुद बदला लेने की ठान ली। इसी रंजिश के चलते सुनियोजित तरीके से उसका अपहरण कर हत्या कर दी गई।

### दो महीने बाद थी शादी, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

सुशील की सगाई हो चुकी थी और करीब दो महीने बाद उसकी शादी तय थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन हत्या की खबर ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। सुशील के माता-पिता और बहन का पहले ही निधन हो चुका है। वह सेक्टर-20 स्थित सरकारी मकान में अपने भाई और भाभी के साथ रहता था और टैक्सी चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था।

### अपहरण से हत्या तक पहुंची एफआईआर

शुरुआत में सेक्टर-31 थाना पुलिस ने विजय कुमार के बयान पर जीरकपुर की प्रीत कॉलोनी निवासी अनिल और उसके तीन साथियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। शव बरामद होने के बाद पुलिस ने एफआईआर में हत्या की धाराएं भी जोड़ दी हैं। फिलहाल पुलिस की टीमें जीरकपुर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार छापेमारी कर रही हैं। अधिकारियों का दावा है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि व्यक्तिगत रंजिश और कानून हाथ में लेने की मानसिकता किस तरह एक और जिंदगी को लील लेती है। जहां एक परिवार शादी की तैयारियों में व्यस्त था, वहीं अब उसी घर में सन्नाटा और मातम पसरा हुआ है।

थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम को एक बार फिर बड़ी सफलता

# अपहरण कर मौत के घाट उतारने वाले तीन शातिर आरोपी 24 घंटे के भीतर काबू

पकड़े गए आरोपी 5 दिन के पुलिस रिमांड पर

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** यूटी साउथ डिविजन का अहम थाना और हरदम से मुस्तैद थाना 31 पुलिस को फिर उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली।जब पुलिस ने अपहरण कर हत्या करने वाले तीन शातिर आरोपियों को 24 घंटे के भीतर काबू कर मामले को सुलझा लिया।पकड़े गए आरोपियो की पहचान 3बीआरडी एयरफोर्स चण्डीगढ के रहने वाले 19 वर्षीय मोहित,पंजाब के जीरकपुर जिला मोहाली निवासी 19 वर्षीय रजनीश कुमार जिसके खिलाफ थाना जीरकपुर में एक मामला दर्ज, तीसरे आरोपी की पहचान हाई ग्राउंड रोड जीरकपुर निवासी 23 वर्षीय रमन सिंह उर्फ नेगी के रूप में हुई है। पकड़े गए उक्त आरोपियो को जिला अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। रिमांड के दौरान पुलिस ने मामले में कई अहम जानकारिया हासिल करनी है। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना 31 पुलिस की टीम को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए पता चला कि बेहरमी से हत्या करने वाले आरोपी एरिया में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले को 24 घंटों के भीतर सुलझा लिया।




### जबरन बाइक पर बैठाया

विजय कुमार ने पुलिस को बताया कि वह रैपिडो बाइक कैब चलाता है। 5 फरवरी को वह अपने रिश्तेदार सुशील के साथ टैक्सी में निजी काम से अंबाला और पेहोवा गया था। शाम को दोनों हल्लोमाजरा लौटे। करीब 4:30 बजे सुशील ने विजय को रविदास मंदिर के पास छोड़ दिया और आगे निकल गया।इसी दौरान तीन-चार युवक वहां पहुंचे और सुशील के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब विजय मदद के लिए आगे बढ़ा तो आरोपियों ने सुशील को जबरन बाइक पर बैठाया और अपहरण कर फरार हो गए।

भाई के जन्मदिन को मौत के दिन में बदलने की पुरानी रंजिश के चलते उक्त आरोपी युवकों ने चंडीगढ़ हल्लोमाजरा से एक युवक का अपहरण कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी पहले युवक को जीरकपुर ले गए।जहां रास्ते में उसके साथ मारपीट की गई।इसके बाद उसे डेराबस्सी ले जाकर ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया।मृतक की पहचान सेक्टर-20 निवासी सुशील उर्फ साहिल के रूप में हुई। शुक्रवार दोपहर डेराबस्सी सिविल अस्पताल की मोर्चरी में उसका शव लावारिस हालत में मिला। इसके बाद शव को सेक्टर-32 जीएमसीएच की मोर्चरी में शिफ्ट किया गया।शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया।इस मामले में पहले थाना सेक्टर-31 पुलिस ने पीड़ित के रिश्तेदार दीप कॉम्प्लेक्स, हल्लोमाजरा निवासी विजय कुमार के बयान पर उक्त आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था।

### पुरानी रंजिश में लिया बदला

परिजनों के अनुसार नवंबर 2025 में जीरकपुर की प्रीत कॉलोनी में अनिल के भाई का जन्मदिन था। पार्टी के दौरान कुछ युवकों ने सुशील से उसकी नई गाड़ी चलाने की जिद की। विवाद बढ़ने पर सुशील वहां से जाने लगा,तभी जन्मदिन मना रहा युवक अचानक गाड़ी के आगे आ गया और हादसे में उसकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर अनिल और उसके साथियों ने सुशील से बदला लेने की ठान ली थी। इस मामले में सुशील के खिलाफ जीरकपुर थाने में बीएनएस की धाराओं के तहत केस दर्ज था।लेकिन पुलिस कार्रवाई से पहले ही आरोपियो ने उसे ढूंढकर अपहरण कर हत्या कर दी।

### एक जनवरी से अब तक थाना 31 पुलिस की कारगुजारी

यूटी साउथ डिविजन के थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने एक जनवरी 2026 से अब तक कई महत्पूर्ण मामलों को सुलझा कर आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया है।

**केस नंबर एक:** पुलिस ने दो अलग अलग मामलो कमानीदार चाकू सहित आरोपी पेंटर समेत दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान राम दरबार निवासी 22 वर्षीय राजा उर्फ काकू जो पेंटर का काम करता है। जिसके खिलाफ पहले भी एक मामला दर्ज पाया गया।जबकि दूसरे आरोपी की पहचान सौरभ उर्फ काली के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज पाए गए है।

**केस नंबर दो:** पुलिस ने स्नैचिंग और पर्स चोरी के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया।पकड़े गए आरोपियो की पहचान मौली जागरा निवासी 24 करण,22 वर्षीय जतिंद्र के रूप में हुई है। घटना वाले दिन पकड़े गए आरोपियो ने थाना 31 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत से एक पीड़िता महिला के कानों से सोने के ईयररिंग छीन कर फरार हो गए थे। पुलिस पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से छीने गए ईयररिंग वारदात के समय इस्तेमाल बाइक को भी अपने कब्जे में लिया था।वही पुलिस ने अलग मामले में पर्स चोरी करने वाले आरोपी को धर दबोचा था।जिसकी पहचान अशोक नगर मध्यप्रदेश के रहने वाले 24 वर्षीय विष्णु कुमार के रूप में हुई थी। पुलिस ने मामले में पकड़े गए आरोपी के कब्जे से चोरी किया पर्स, कैश और जरूरी कागजात भी बरामद किए थे।

**केस नंबर तीन:** पुलिस ने ब्लाइंड रॉबरी केस को कुछ ही घंटों में सुलझाते हुई तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए आरोपियो की पहचान स्मॉल फ्लैट्स धनास के रहने वाले 29 वर्षीय जसकरण,19 वर्षीय संदीप कुमार और 18 वर्षीय गौरव उर्फ बिल्ला के रूप में हुई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि वह अपने काम से लौट कर साइकिल पर सवार होकर घर की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह काली बाड़ी लाइट प्वाइंट के पास पहुंचा तो मोटर साइकिल पर सवार उक्त आरोपियो ने पीड़ित को रोककर उसका पर्स, मोबाइल फोन लूटमार कर ले गए थे।पुलिस मामले को लेकर तुरंत हरकत में आई।और शातिर आरोपियों को ढूंढ निकाल उनके कब्जे से लूटमार किया पर्स,कैश, मोबाइल फोन,ओरिजनल कागजात के अलावा वारदात के समय इस्तेमाल मोटर साइकिल को भी अपने कब्जे में लिया था।

**केस नंबर चार:** पुलिस ने कमानीदार चाकू रखने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया था। जिसकी पहचान हल्लो माजरा निवासी विकास के रूप में हुई थी। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से कमानीदार चाकू बरामद किया था।

**केस नंबर पांच** : थाना 31 पुलिस की टीम ने हेरोइन की सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया था। जिसकी पहचान सैक्टर 26 बापू धाम कालोनी निवासी 22 वर्षीय आनंद कुमार के रूप में हुई थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 09.08 ग्राम हेरोइन बरामद की थी।

**केस नंबर छ** : पुलिस ने घर से कीमती सामान चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।जिसकी पहचान सैक्टर 28 के रहने वाले 26 वर्षीय अभिषेक शर्मा के रूप में हुई। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से चोरी किया इंडियन गैस सिलेंडर,तीन सिल्वर रिंग,दो सिल्वर चैन बरामद की।यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते पुलिस ने उक्त सभी मामलों को सुलझाया।वही थाना 31 पुलिस का कहना है कि अगर किसी भी शातिर अपराधी ने एरिया में किसी भी आपराधिक वारदात या फिर नशीले पदार्थों की सप्लाई की तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी।किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### दिनदिहाड़े सब्जी मंडी से लाखों रुपये से भरा बैग चोरी

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** शनिवार थाना 26 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत सब्जी मंडी में दिनदिहाड़े उस वक्त हड़कंप मच गया। जब मंडी के व्यापारी का गाड़ी में रखा बैग चोरी हो गया। चोरी हुए बैग में 4.20 लाख रुपए की नकदी, खाने का टिफिन और फ्रूट था। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खगाल रही है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता हरियाणा के जिला पंचकूला निवासी छतरभुज ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहता है। और सैक्टर 26 मंडी में जय दुर्गा कन्फेक्शनरी शॉप है। शनिवार को वह सुबह अपने घर से 8 बजकर 35 मिनट पर चला था।जैसे ही वह 9 बजे सैक्टर 26 स्थित सब्जी मंडी में पहुंचा।तो गाड़ी खड़ी कर किसी काम से गया और उसी वक्त आ गया। देखा कि गाड़ी में रखा बैग जिसमें 4.20 लाख रुपए की नकदी,टिफिन और खाने के लिए फ्रूट गायब था। जिसके चलते हड़कंप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।वही मौके पर पहुंची पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल कर रही है।और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खगाल रही है।

### चोरों ने दो अलग-अलग घरों से नकदी और कीमती सामान चुराया, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** बी केयर फॉर यू और हाईटेक कहलाने वाली यूटी पुलिस को शातिर चोर चुनौती देते हुए और बेखौफ होकर शहर में दो अलग अलग घरों को अपना निशाना बनाते हुए नकदी और कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**केस नंबर एक:** जानकारी के अनुसार पीड़ित शिकायतकर्ता कमल कुमार ने पुलिस को बताया कि वह सैक्टर 30 में अपने परिवार सहित रहता है। 4 फरवरी को पंजाब के जिला जालंधर में उनकी भतीजी की शादी थी। ।सारा परिवार 3 फरवरी को पंजाब चला गया ।और शिकायतकर्ता भी अगले दिन 4 फरवरी को घर को ताला लगा कर चला गया।जब वह 5 फरवरी को अपने घर वापिस लौटा तो देखा कि मेन दरवाजा जैसे बंद कर गया था। वैसे ही था। जब वह घर के पिछले तरफ गया तो देखा कि दरवाजा खुला था। और अंदर से सारा सामान बिखरा हुआ था।घर की अलमीरा में रखा गोल्ड और सिल्वर ज्वैलरी के अलावा 80 हजार रुपए की नकदी गायब थी। मामले की शिकायत थाना इंडस्ट्रियल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**केस नंबर दो:** जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 15 निवासी पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहती है। जिसके पंचकूला में सुसराल है। 5 फरवरी को कोई अज्ञात घर के पिछली साइड से घुस कर घर की अलमीरा से दो लाख रुपए की नकदी और डायमंड, गोल्ड और सिल्वर ज्वैलरी लेकर फरार हो गया। जब चोरी के बारे में पता चला तो मामले की शिकायत पुलिस को दी गई थी। थाना 11 पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस की बड़ी लापरवाही: गिरफ्तारी के अगले ही दिन कोर्ट से छूटा 67 लाख के इमिग्रेशन फ्रॉड का आरोपी

क्यों गैरकानूनी मानी गई गिरफ्तारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** शहर में विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस बीच जिला अदालत में पुलिस की गंभीर लापरवाही का एक मामला सामने आया, जहां 67 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी में गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट ने गिरफ्तारी के अगले ही दिन रिहा करने के आदेश दे दिए। सेक्टर-17 थाना पुलिस ने फ्लाई आउट इमिग्रेशन नाम से कंपनी चलाने वाले अभिनव डोगरा को 3 फरवरी को गिरफ्तार किया था। उसे 4 फरवरी को जिला अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड की मांग की गई। हालांकि अदालत ने रिमांड देने के बजाय गिरफ्तारी को ही गैरकानूनी करार देते हुए मौके पर रिहाई के निर्देश दे दिए।

आरोपी की ओर से पेश एडवोकेट अभय जोशी ने दलील दी कि पुलिस ने 'ग्राउंड ऑफ अरेस्ट' यानी गिरफ्तारी के आधार की लिखित सूचना न तो आरोपी को दी और न ही उसके परिवार को।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35(3) के तहत गिरफ्तारी के कारणों की लिखित जानकारी देना अनिवार्य है, ताकि आरोपी अपना बचाव तैयार कर सके। बचाव पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले मिहिर राजेश शाह बनाम स्टेट ऑफ महाराष्ट्र का हवाला भी दिया, जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि लिखित आधार न देने पर गिरफ्तारी अवैध मानी जाएगी।

सरकारी वकील ने तर्क दिया कि आरोपी के भाई को गिरफ्तारी की जानकारी दे दी गई थी और वह मामले के तथ्यों से अवगत था, लेकिन अदालत के समक्ष इसका कोई लिखित रिकॉर्ड पेश नहीं किया जा सका। इस पर जज ने गिरफ्तारी को अवैध मानते हुए आरोपी को रिहा करने का आदेश दे दिया।

### केस की मेरिट पर असर नहीं

अदालत ने स्पष्ट किया कि गिरफ्तारी को अवैध मानकर रिहा करने का मतलब यह नहीं है कि केस खत्म हो गया। पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमा अपनी प्रक्रिया के अनुसार चलता रहेगा।

### 67 लाख रुपये की ठगी का आरोप

मामला मौलीजागरां निवासी पारस छाबड़ा और सेक्टर-34 निवासी हरप्रीत कौर की शिकायत पर दर्ज किया गया था। पारस का आरोप है कि कनाडा में पीआर दिलाने के नाम पर उससे 15.21 लाख रुपये लिए गए, न वीजा लगा और न ही रकम लौटाई गई। हरप्रीत कौर ने आरोप लगाया कि उसने 52.13 लाख रुपये दिए। दोनों से मिलाकर कुल 67.34 लाख रुपये की ठगी का आरोप है। पुलिस इससे पहले गुलशन त्यागी नामक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

# नाबालिग से दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग मामले में आरोपी बरी

## चंडीगढ़ की विशेष पॉक्सो अदालत का फैसला, सबूतों के अभाव में मिली राहत

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ की फास्ट ट्रैक विशेष पॉक्सो अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी से जुड़े मामले में आरोपी रोहित कुमार को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा। यह फैसला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. यशिका द्वारा सुनाया गया। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 376(2)(ठ), 506 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मुकदमा चल रहा था।

अभियोजन के अनुसार पीड़िता की आरोपी से अगस्त 2022 में जान-पहचान हुई थी। आरोप था कि आरोपी उसे होटल ले गया, जहां दुष्कर्म किया गया। साथ ही आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने और वायरल करने की धमकी देने का भी आरोप था। इस संबंध में एफआईआर 31 जुलाई 2023 को दर्ज की गई थी।

### अदालत की अहम टिप्पणियां

**फैसले में अदालत ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया:**

पीड़िता के बयान में तारीख, स्थान और घटनाक्रम को लेकर गंभीर विरोधाभास पाए गए।

घटना की रिपोर्ट करने में करीब 13 महीने की देरी हुई, जिसका संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया।

मेडिकल और फोरेंसिक साक्ष्य आरोपों की पुष्टि नहीं करते।

प्रस्तुत इलेक्ट्रॉनिक सबूत यह साबित नहीं कर पाए कि फोटो या वीडियो आरोपी ने बनाए या वायरल करने की धमकी दी।

अदालत ने कहा कि जब पीड़िता का बयान पूर्ण रूप से भरोसेमंद न हो और अन्य साक्ष्य उसका समर्थन न करें, तो केवल उसी आधार पर दोषसिद्धि करना सुरक्षित नहीं है। अदालत ने आरोपी रोहित कुमार को सभी आरोपों से बरी करते हुए निजी मुचलका भरने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में विफल रहा।

### जीरकपुर में 20 वर्षीय युवती लापता, अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज

**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** जीरकपुर क्षेत्र से एक 20 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित निवासी ज़ीरकपुर द्वारा थाना ज़ीरकपुर में लिखित शिकायत दी गई कि उनकी बेटी (उम्र लगभग 20 वर्ष), निवासी क्षेत्र लोहगढ़, 04 फरवरी 2026 को सुबह करीब 6:00 बजे फास्ट फूड लेने के लिए घर से निकली थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारों, दोस्तों और आसपास के इलाकों में हर संभव प्रयास कर उसकी तलाश की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। शिकायत के आधार पर थाना ज़ीरकपुर में धारा 127(6) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अज्ञात व्यक्ति/व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एएसआई लाभ सिंह अपने सहकर्मियों के साथ मामले की गहन जांच में जुटे हुए हैं। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त युवती के संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो तत्काल थाना ज़ीरकपुर या नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें, ताकि लापता युवती को सकुशल बरामद किया जा सके।

# 12 फरवरी की हड़ताल को लेकर यूटी व एमसी कर्मचारियों में उबाल, चार स्थानों पर हुई गेट मीटिंगें

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** फेडरेशन ऑफ यूटी एम्प्लॉइज एंड वर्कर्स, चंडीगढ़ के आह्वान पर 12 फरवरी 2026 को प्रस्तावित हड़ताल को लेकर यूटी प्रशासन और नगर निगम के कर्मचारियों में जबरदस्त हलचल देखी जा रही है। हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में चार स्थानों पर गेट मीटिंगों का आयोजन किया गया। बिजली विभाग, औद्योगिक क्षेत्र फेस-1, नगर निगम बागवानी विभाग बूथ सेक्टर-8, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेक्टर-25 रोड तथा बूथ सेक्टर-29 में आयोजित इन गेट मीटिंगों में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठकों के माध्यम से कर्मचारियों को हड़ताल की रूपरेखा और मांगों से अवगत कराया गया। गेट मीटिंगों को संबोधित करते हुए फेडरेशन के अध्यक्ष गोपाल दत्त जोशी, प्रधान राजेंद्र कटोच, महासचिव हरकेश चंद, उप प्रधान एवं सीएससी बागवानी के महासचिव एम.एम. सुब्रमण्यम, यूटी पावरमैन यूनियन के प्रधान अमरीक सिंह सहित विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारियों ने कहा कि यह हड़ताल कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए अनिवार्य हो गई है।



नेताओं ने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में आठवें वेतन आयोग की शर्तें तय कर 20 प्रतिशत अंतरिम राहत देना, चार लेबर कोड रद्द करना, 10 वर्ष पूरे कर चुके अस्थायी कर्मचारियों को पक्का करना, पक्के होने तक समान काम-समान वेतन लागू करना, आउटसोर्स कर्मचारियों को विभागों के अधीन करना और पुरानी पेंशन योजना बहाल करना शामिल है। इसके अलावा विभागों के निजीकरण पर रोक, खाली पदोन्नति पदों को तुरंत भरना, कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को नियमित करना, निजी कंपनियों में भेजे गए बिजली कर्मचारियों का पुनः समायोजन, क्रैच वर्कर्स व हेल्परों की बर्खास्तगी के आदेश रद्द करना, नगर निगम में छंटनी किए गए कर्मचारियों को वापस ड्यूटी पर लेना, ईएसआई कटौती सीमा बढ़ाना और यूटी कर्मचारियों पर सीजीएचएस लागू करने जैसी मांगें भी प्रमुख रूप से रखी गईं।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने सभी विभागों के कर्मचारियों से अपील की कि वे 12 फरवरी को प्रस्तावित हड़ताल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सेक्टर-17 में आयोजित होने वाली रैली को सफल बनाएं। कर्मचारियों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# चंडीगढ़ के आसपास बेकाबू निर्माण पर एनजीटी सख्त

## पर्यावरण को हो रहे नुकसान पर अधिकारियों से जवाब तलब, 9 अप्रैल को अगली सुनवाई

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** चंडीगढ़ के आसपास लगातार हो रहे निर्माण कार्यों से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचने के मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कड़ा रुख अपनाया है। अधिकरण ने इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए उनसे जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।

काउंसिल ऑफ इंजीनियर्स सहित अन्य याचिकाकर्ताओं की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने स्पष्ट किया कि चंडीगढ़ और इसके आसपास के क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियां बिना प्रभावी निगरानी के जारी हैं, जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

एनजीटी की पीठ, जिसकी अध्यक्षता चेयरपर्सन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव ने की तथा जिसमें एक्सपर्ट मेंबर डॉ. ए. सेंथिल वेल शामिल रहे, ने इस स्थिति को गंभीर बताया। पीठ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मामलों में अधिकारियों की निष्क्रियता चिंताजनक है।

### सात सुनवाइयों के बाद भी जवाब नहीं

सुनवाई के दौरान यह सामने आया कि एक संबंधित विभाग/पक्ष की ओर से अब तक जवाब दाखिल नहीं किया गया है, जबकि इस मामले में सात बार सुनवाई हो चुकी है। एनजीटी ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही करार देते हुए कड़ी फटकार लगाई। हालांकि संबंधित पक्ष ने जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा, जिसे अधिकरण ने अंतिम अवसर के रूप में स्वीकार किया। साथ ही अधिकरण को यह भरोसा भी दिलाया गया कि 18 दिसंबर की सुनवाई में दिए गए निर्देशों का पालन किया जाएगा। एनजीटी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अब किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकरण ने संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे अगली सुनवाई में ऑनलाइन माध्यम से पेश होकर पूरे मामले पर अपना पक्ष स्पष्ट करें। एनजीटी ने यह भी कहा कि मामला गंभीर है और यदि निर्देशों की अवहेलना पाई गई तो जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रोज गार्डन सेक्टर 16 में तीन दिवसीय समारोह 20 से

लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए दो नये कार्यक्रम

सिंगिंग, नृत्य प्रतियोगिता, किड्स जोन व पतंगबाजी का भी होगा आयोजन

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** नगर निगम चंडीगढ़ के सेक्टर 16 स्थित रोज गार्डन में होने जा रहे 54वें रोज फेस्टिवल का आगाज आगामी 20 फरवरी से होने जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस समारोह में बच्चों के लिए खास किड्स जोन तैयार किया जा रहा है, जहां जीप और ट्रेन राइड, रिंग स्टाल, बंजी जंपिंग, भूत बंगला समेत लगभग 20 प्रकार के झूले और गेम्स लगाये जायेंगे। इसके अलावा पतंग उड़ाने का शो भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेगा।



इस उत्सव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए दो नये कार्यक्रम भी होंगे। इसे रोज बीट्स डांस धमाका और सुरों के रंग गुलाबों के संग नाम दिया गया है।

डांस प्रतियोगिता की 30 वर्ष से कम और इससे ज्यादा उम्र की दो श्रेणियां हैं। इसमें सिर्फ परमारसेंस होगी और इसके लिए 250 रुपये की फीस होगी।

इसी प्रकार सिंगिंग प्रतियोगिता के लिए भी 30 वर्ष से कम और इससे ज्यादा उम्र की दो श्रेणियां (कैटेगरी) हैं। यह भी सोलो परफारमेंस के लिए हैं। इसके लिए भी 250 रुपये फीस देय होगी।

प्रतियोगिता में विजेता की घोषणा नगर निगम चंडीगढ़ की तरफ से तय किये गये पब की तरफ से किया जायेगा। उनका फैसला ही अंतिम होगा। सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। लोग अधिक जानकारी के लिए 7740006823 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### गेस्ट के लिए चाय पकोड़े

रोज फेस्टिवल के दौरान मुख्य अतिथियों, जजों और कर्मचारियों के लिए रिफ्रेसमेंट पर लगभग 2.50 लाख रुपये खर्च किया जायेगा। फेस्टिवल के दौरान लगातार तीन दिनों तक हाई टी, रिफ्रेसमेंट, लंच और मिनरलवाटर का इंतजाम किया जायेगा। इसमें वीआईपी और आम आदमी के लिए अलग-अलग रिफ्रेसमेंट का प्रावधान किया गया है। प्रतिदिन 150 वीआईपी व्यक्तियों के लिए काबू बर्फी, पनीर पकोड़ा, वेजमिक्स पकोडा, हॉट गुलाब जामुन, मिनरल वाटर और चायद आदि की व्यवस्था रहेगी। इसमें डिस्पोजल सामान, काकरी और पानी की सर्विस भी शामिल होगी।

### चोपर राइड नहीं

आगामी 20 से 22 फरवरी तक तीन दिवसीय गुलाबोत्सव में इस बार लोगों को चोपरराइड का आनंद लेने का अवसर नहीं मिल पायेगा। इसकी एवज में फन गेम्स का एरिया बढ़ाया गया है। किड्स जोन में सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक बच्चों के लिए अलग-अलग झूले और गेम्स लगाये जायेंगे। निगम ने स्पष्ट किया है कि किसी भी नुकीले या खतरनाक सामान की अनुमति नहीं दी जायेगी। गेम्स एरिया में खाने पीने की चीजें और च्यूंगम की अनुमति भी न हीं होगी।

### गुलाबों की कुल 829 वैरायटी

उल्लेखनीय है कि सेक्टर 16 के रोजगार्डन में गुलाबों की कुल 829 वैरायटीज हैं। कुल 46 एकड़ में फैले हुए जाकिर रोजगार्डन में क्वीन एलिजाबेथ, डॉ. राधा कृष्णान, डॉ. बी.वी. गिरी, राजा रानी और ब्लैक रोज के अलावा विभिन्न प्रकार की विशेष प्रजातियां हैं। समारोह के दौरान गुलाबों की खुशबू से पूरा वातावरण सराबार रहेगा। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी होंगे। रंग-बिरंगी लाइटों के बीच फव्वारों की विशेष रंगत भी दर्शकों का मनोरंजन करेगी। विभिन्न प्रकार के बैंड बाजों का आगाज भी होगा।

सम्पादकीय

## परीक्षा पर चर्चा से मोदी विद्यार्थियों को दे रहे सफलता का मंत्र

परीक्षाएं एक समय ऐसा युद्ध होती थी, जिसे केवल विद्यार्थी और उनके परिवार के लोग ही लड़ते थे, हालांकि आजकल परीक्षाओं में सहज रह कर अपने अर्जित ज्ञान और समझ का प्रदर्शन करने में सरकारें भी सहयोग कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा जैसे कार्यक्रम के जरिये परीक्षाओं के भय से विद्यार्थियों को मुक्त कराने की मुहिम शुरू की है। यह अपने आप में बेहद अद्भुत और प्रेरक कार्यक्रम है, क्योंकि इस दौरान देश के प्रधानमंत्री स्वयं विद्यार्थियों से उनकी अपेक्षाओं, उनकी प्रेरणा और भविष्य की योजनाओं के संबंध में चर्चा करते हैं। प्रधानमंत्री का यह कहना कि बच्चों को परीक्षा के लिए समयबद्ध तैयारी करनी चाहिए ताकि अंतिम समय में तनाव से बचा जा सके, वह टिप्स है जिसका प्रयोग हर परीक्षा के दौरान किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए यह भी कहा है कि परीक्षा में अर्जित किए जाने वाले अंक क्षणिक हैं। यानी परीक्षा में ज्यादा से ज्यादा अंकों को हासिल करने की जिद के बजाय सार्थक ज्ञान को अर्जित करने के लिए परिश्रम किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी सलाह दी है कि प्रत्येक छात्र पढ़ाई के दौरान अपनी लय को पहचानें, क्योंकि प्रत्येक की अपनी लय होती है। दरअसल यह ऐसा गुर सूत्र है, जिसकी जरूरत पूरी जिंदगी होती है, क्योंकि प्रत्येक बालक की अपनी लय होती है और अगर उसे वह लय उसके बाल्यकाल में उसे समझा दी जाए तो फिर उसका पूरा जीवन सफलता की सीढ़ी चढ़ता रहता है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ चर्चा में बच्चों की वे सभी अभिरुचियां सामने आती हैं, जो कि देश को आगे बढ़ाने में योगदान देती हैं।

**प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्र भी अपनी स्टडी पर फोकस करें किसी दबाव में न आएं। प्रधानमंत्री ने छात्रों को आत्मनिरीक्षण करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि आप की क्षमता बहुत अधिक है और आप अपने आप का सही मूल्यांकन नहीं कर पा रहे। उन्होंने कहा कि माता-पिता को बच्चों पर पढ़ाई के लिए अधिक दबाव नहीं बनाना चाहिए लेकिन बच्चों को भी अपनी क्षमता से कम नहीं करना चाहिए। गौरतलब है कि एक बच्ची ने पूछा कि यह बात समझ नहीं आती कि परीक्षा के दौरान पढ़ाई कहां से शुरू करूं, मुझे अक्सर ऐसा लगता है कि मैंने जो कुछ भी पढ़ा था मैं वह सब भूल गई हूं। कई अन्य छात्रों ने भी प्रधानमंत्री से पढ़ाई एवं परीक्षा की तैयारी के लिए टाइम मैनेजमेंट को लेकर प्रश्न पूछे। प्रधानमंत्री ने कहा केवल परीक्षा के लिए ही नहीं बल्कि जीवन में भी हमें टाइम मैनेजमेंट के प्रति जागरूक रहना चाहिए।**

बच्चे इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री से परीक्षा के तनाव, दबाव और परीक्षा में अधिक अंक लाने के प्रेशर पर प्रश्न पूछते हैं। एक बच्चे ने प्रधानमंत्री से पूछा कि यदि परीक्षा में उनके अच्छे अंक न आए तो वह अपने परिवार के प्रेशर को कैसे डील करें? जाहिर है, इस प्रकार के सवालों से हर बच्चा जूझता है, परीक्षा में अगर कोई पास नहीं होता या फिर अंक उम्मीद के अनुसार नहीं मिलते तो बच्चे गहरे तनाव में चले जाते हैं, वह कई तो आत्महत्या तक के कदम उठा लेते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री से किसी जवाब की उम्मीद सर्वाधिक प्रासंगिक है। मोदी ने इसका जवाब यह कहते हुए दिया कि परिवार के लोगों की आपसे अपेक्षा होना बहुत स्वाभाविक है और उसमें कुछ गलत भी नहीं है। यदि परिवार के लोग अपेक्षाएं सोशल स्टेटस के कारण कर रहे हैं तो यह चिंता का विषय है। अभिभावकों को कई बार लगता है कि जब सोसाइटी में जाएंगे तो बच्चों के बारे में क्या बताएंगे, कभी-कभी माता-पिता छात्रों की स्थिति को जानने के बावजूद अपने सोशल स्टेटस को ध्यान में रखते हुए बच्चों के बारे में समाज में बड़ी-बड़ी बातें करते हैं और फिर घर में आकर बच्चों से ऐसी ही अपेक्षा करते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों के ऊपर लगातार अच्छे, और अच्छे अंक लाने के लिए दबाव बनाया जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्र भी अपनी स्टडी पर फोकस करें किसी दबाव में न आएं। प्रधानमंत्री ने छात्रों को आत्मनिरीक्षण करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि आप की क्षमता बहुत अधिक है और आप अपने आप का सही मूल्यांकन नहीं कर पा रहे। उन्होंने कहा कि माता-पिता को बच्चों पर पढ़ाई के लिए अधिक दबाव नहीं बनाना चाहिए लेकिन बच्चों को भी अपनी क्षमता से कम नहीं करना चाहिए। गौरतलब है कि एक बच्ची ने पूछा कि यह बात समझ नहीं आती कि परीक्षा के दौरान पढ़ाई कहां से शुरू करूं, मुझे अक्सर ऐसा लगता है कि मैंने जो कुछ भी पढ़ा था मैं वह सब भूल गई हूं। कई अन्य छात्रों ने भी प्रधानमंत्री से पढ़ाई एवं परीक्षा की तैयारी के लिए टाइम मैनेजमेंट को लेकर प्रश्न पूछे। प्रधानमंत्री ने कहा केवल परीक्षा के लिए ही नहीं बल्कि जीवन में भी हमें टाइम मैनेजमेंट के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को कहा कि अक्सर काम का ढेर इसलिए हो जाता है क्योंकि जो काम करना था वह हमने सही समय पर नहीं किया।

प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि विश्लेषण करना चाहिए कि हमें किस विषय को कितनी देर और कब पढ़ना है। उन्होंने कहा कि हमें जो विषय पसंद हैं या आते हैं हम उन्हीं में ज्यादा समय देते हैं और उन्हीं में खोए रहते हैं। उन्होंने कहा कि फ्रेश माइंड के साथ सबसे पहले उस विषय को पढ़ने का प्रयास करें जिसमें आपको कठिनाई आती है। प्रधानमंत्री ने छात्रों से कहा कि यदि आप घर में अपनी मां के कार्य करने की शैली को देखें तो उससे भी आप टाइम मैनेजमेंट को सीख सकते हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि पढ़ाई के लिए समय को सही तरीके से डिस्ट्रीब्यूट कीजिए। वास्तव में जीवन अपने आप में प्रबंधन का नाम है। देश के युवा उसकी ताकत हैं, इन्हीं युवाओं के जरिए देश विश्व गुरु बनेगा और महाशक्ति भी।

# विकसित भारत 2047 की ओर स्मार्ट रास्ता- हड़ताल नहीं, बल्कि श्रम संहिता

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

पीढ़ियों से, भारत के श्रमिकों ने एक पुरानी और टुकड़ों में बंटी श्रम प्रणाली का बोझ उठाया है, जो अक्सर उनके वेतन, सुरक्षा और कार्यस्थल पर गरिमा कीरक्षा करने में विफल रही है। असंगठित, संविदा और उभरते गिग क्षेत्रों के करोड़ों श्रमिक नीति-परिदृश्य में अदृश्य रहे हैं और बुनियादी सामाजिक सुरक्षा से वंचित रहे हैं। चार श्रम संहिताएँ इन ऐतिहासिक अन्यायों का सुधार करने के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित प्रयास का प्रतिनिधित्व करती हैं। लगभग तीन दर्जन अलग-अलग कानूनों को एक सुसंगत,एकल ढांचे में लाकर, ये संहिताएँ न्यायसंगत वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल और उन लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास करती हैं, जो लंबे समय से वंचित रहे हैं। वर्षों के परामर्श और बहस के बाद इनका कार्यान्वयन, श्रमिकों के अधिकारों को मजबूत करने तथा अधिक स्थिर और मानवतापूर्ण रोजगार वातावरण बनाने में निर्णायक क्षण का प्रतीक है।

एक जिम्मेदार ट्रेड यूनियन संगठन के रूप में, भारतीय ट्रेड यूनियनों का राष्ट्रीय मोर्चा (एनएफआईटीयू),कामगारों की दीर्घकालिक भलाई, गरिमा और सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मोर्चा दृढ़ता से मानता है कि 12 फरवरी को श्रम संहिताओं के खिलाफ हड़ताल में भाग लेना न तो आवश्यक है और न ही वर्तमान समयमें श्रमिक वर्ग के सर्वोत्तम हित में है।

श्रम संहिताएं कोई अचानक या एकतरफा हस्तक्षेप नहीं हैं। ये दो दशकों से अधिक समय तक चली सुधार प्रक्रिया का परिणाम हैं। 29 अलग-अलग श्रम कानूनों को चार व्यापक संहिताओं में समेकित करने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी, ताकि अनुपालन को सरल बनाया जा सके, अस्पष्टता को कम किया जा सके तथा कार्य और रोजगार की बदलती वास्तविकताओं के अनुरूप भारत की श्रम रूपरेखा को आधुनिक बनाया जा सके।

श्रम संहिताओं को पूरी तरह खारिज करना उन मौलिक लाभों की उपेक्षा करता है, जो वे श्रमिकों को प्रदान करने का प्रयास करती हैं। वेतन संहिता सार्वभौमिक न्यूनतम वेतन कवरेज और समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करती है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से मौजूद वेतन सुरक्षा के अंतर को दूर किया जा सकता है। सामाजिक सुरक्षा संहिता, पहली बार, असंगठित, संविदा, गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा की विधायी रूपरेखा तैयार करती है। इन श्रमिकों की संख्या लगभग 40 करोड़ है और पहले ये श्रमिक औपचारिक सुरक्षा व्यवस्था से बाहर थे। ये प्रावधान भारत में श्रमिकों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा कवरेज का ऐतिहासिक विस्तार प्रस्तुत करते हैं।

औद्योगिक संबंध संहिता तथा पेशे से जुड़ी सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य-परिस्थिति संहिता का उद्देश्य औद्योगिक सद्भाव, तेजविवाद निवारण और सुरक्षित, स्वस्थ व अधिक सम्मानजनक कार्यस्थलों को बढ़ावा देना है। कुछ प्रावधानों को लेकर चिंताएँ हो सकती हैं, अनुभव बताते हैं कि



व्यापक विरोध और हड़तालों से शायद ही रचनात्मक परिणाम मिलते हैं। संवाद, नियम-आधारित सुधार और मुद्दा-विशेष पर चर्चा के जरिये श्रमिकों के हित बेहतर तरीके से पूरे किये जा सकते हैं, बजाय इसके कि आपस में टकराव हो, जिससे पारिश्रमिक हानि, उत्पादन में रुकावट और रोजगार असुरक्षा का जोखिम पैदा होता है– विशेष रूप से श्रम बल के सबसे कमजोर वर्गों के लिए।

यह दावा करना भी गलत है कि श्रम संहिताएँ बिना परामर्श के लागू की गई हैं। सुधार प्रक्रिया में त्रिपक्षीय चर्चाओं के कई दौर, संसद की स्थायी समितियों में विचार-विमर्श और विभिन्न हितधारकों के साथ संवाद शामिल थे। एक लोकतांत्रिक प्रणाली में, मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन इन्हें बातचीत और संस्थागत संवाद के माध्यम से हल किया जाना चाहिए, न कि उन व्यवधानों के द्वारा जो अंततः स्वयं श्रमिकों को ही नुकसान पहुंचाते हैं।

जब भारतीय अर्थव्यवस्था संरचनात्मक रूपांतरण के दौर से गुजर रही है और राष्ट्र विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है, श्रमिक संघों को विघटन के बजाय जिम्मेदार कार्रवाई का चयन करना चाहिए। हमारी भूमिका केवल सुधारों का विरोध करना नहीं है, बल्कि उन्हें इस तरह आकार देना है कि श्रमिकों के अधिकार, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल पर गरिमा को प्रभावी क्रियान्वयन और सतत सुधार के माध्यम से व्यावहारिक तौर पर मजबूत किया जा सके।

श्रमिक संघों की वास्तविक जिम्मेदारी केवल विरोध करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि मजदूरों को वास्तविक रूप में जमीनी स्तर पर लाभ हो। अब ध्यान इस बात पर होना चाहिए कि श्रम संहिताओं को न्यायपूर्ण तरीके से लागू किया जाए और इन्हें हर उस मजदूर तक पहुँचाया जाए, जिसे सुरक्षा की आवश्यकता है। हड़ताल की बजाय संवाद, सहयोग और निरंतर सुधार चुनकर, श्रमिक संघ एक ऐसा प्रणाली बनाने में मदद कर सकते हैं, जो श्रमिकों के लिए नौकरी की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और गरिमा प्रदान करती हो और साथ ही 2047 तक विकसित भारत की ओर देश की यात्रा का भी समर्थन करती हो।

**-डॉ. दीपक जायसवाल**

(लेखक, भारतीय ट्रेड यूनियनों केराष्ट्रीय मोर्चा (एनएफआईटीयू) के अध्यक्ष हैं)

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### पाकिस्तान अपनी आंतरिक समस्याओं पर ध्यान दे: सईद

नई दिल्ली। गृह राज्यमंत्री पी.एम. सईद ने पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भट्टो पर आरोप लगाया है कि वे अपने देश में व्याप्त समस्याओं पर से विश्व का ध्यान हटाने के लिए भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर रही है। श्री सईद ने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है तथा इसे कोई भारत से अलग नहीं कर सकता गृह राज्यमंत्री आज तिरुअनंतपुरम में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बेहर यही होगा कि पाकिस्तान भारत विरोधी गतिविधियों को छोड़ अपनी आंतरिक समस्याओं पर ध्यान दें।

### भाजपा उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेगी

चंडीगढ़। केंद्र सरकार द्वारा आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी की चंडीगढ़ इकाई आगामी 10 फरवरी को एक प्रदर्शन का आयोजन कर रही है। सुबह 11 बजे पार्टी कार्यकर्त्ता सेक्टर 30 में एक जलूस के रूप में चलेगा तथा सेक्टर 17 में उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेगा। यह जानकारी पार्टी प्रवक्ता नीरज तायल ने दी। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह चुनाव के समय महंगाई को काबू करने के वायदे को पूरा करने में पूरी तरफ विफल रही है।

### लाटरी टिकटों की अवैध बिक्री रोकी जाए

चंडीगढ़। डे मार्किट कांग्रेस कमेटी (आई) सेक्टर 19-सी की एक सामान्य बैठक कमेटी के चेयरमैन व चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महा सचिव श्री रामपाल शर्मा की अध्यक्षता में मार्किट परिसर में कल शाम हुई जिसमें चंडीगढ़ के प्रमुख वास्तुकार एन.एस. माथुर के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया तथा दो मिनट का मौन भी रखा गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया कि डे मार्किट को पेश आने वाली तरह-तरह की कठिनाइयों से भी प्रशासन को समय-समय पर अवगत करवाया जाएगा। बैठक में प्रशासन से मांग की गई कि लाटरी टिकटों की अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ कठोर पग उठाए जाए ताकि बच्चों तथा गरीब परिवारों का जीवन बचाया जा सके।

### आग से झुलसी लड़की ने दम तोड़ा

चंडीगढ़। गांव कजहेड़ी में स्टोव में आग लगने से झुलसी मां बेटी को कल गंभीर अवस्था में पी.जी.आई. में दाखिल करवाया था जहां पर जख्मों की मार न सह पाने के कारण आज बेटी ने दम तोड़ दिया जबकि मां की हालत अभी गंभीर बताई जाती है। उक्त मां बेटी कल उस समय झुलस गई थी जब उसकी मां स्टोव पर खाना बनाते वक्त अचानक कपड़ों को आग लग गई थी।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1785- 1774 से 1785 तक गर्वनर जनरल रहे वारेन हेस्टिंग्स ने भारत छोड़ा।
1872- अंडमान जेल (सेल्यूलर जेल या 'कालापानी') में शेर अली ने गवर्नर पर हमला करके शहादत प्राप्त की।
1897- भारत के तीसरे राष्ट्रपति डा. जाकिर हुसैन का जन्म।
1905- हैती और उसके आस पास के द्वीप समूहों पर आये जबरदस्त चक्रवाती तूफान से दस हजार लोगों की मौत।
1909- यूरोपीय देश फ्रांस और जर्मनी के बीच मोरक्को संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
1941- ग़ज़लों की दुनिया के बादशाह जगजीत सिंह का जन्म।
1943- स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जर्मनी के केल से एक नौका के जरिये जापान के लिये रवाना हुये।
1963- भारत के विश्व प्रसिद्ध पूर्व क्रिकेटर तथा भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद अज़हरुद्दीन का जन्म।
1971- दक्षिणी वियतनामी सेना ने लाओस पर हमला किया।
1979- अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1986- दिल्ली हवाई अड्डे पर पहली बार प्रीपेड टैक्सी सेवा शुरु की गई।
1994- क्रिकेटर कपिल देव ने टेस्ट मैचों में 432 विकेट लेकर रिचर्ड हैडली के सबसे अधिक विकेट लेने के विश्व रिकार्ड को ध्वस्त किया।
1995- राजस्थान के चौथे मुख्यमंत्री टीका राम पालीवाल का निधन।
1995- आज़ादी के लिए संघर्ष करने वाली महिला क्रांतिकारियों में से एक कल्पना दत्त का निधन।
1999- अमेरिकी अंतरिक्ष यान स्टारडस्ट केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से रवाना।
2002- भारत व रूस के बीच चार रक्षा समझौते सम्पन्न, विमानवाहक पोत गोर्शकोव का सौदा अटका।
2005- इजरायल और फिलिस्तीन के बीच शर्म अल शेख़ (मिस्र) शिखर सम्मेलन में हिंसा समाप्त करने की घोषणा।
2006- सिओल में भारत और दक्षिण कोरिया के बीच तीन समझौते सम्पन्न।
2007- भूटान नरेश की प्रथम भारतीय यात्रा।
2008- बैंगलौर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस के वरिष्ठ वैज्ञानिक शांतनु भट्टाचार्य को जी.डी. बिड़ाला पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
2009- हज़ारों पूर्व सैनिकों ने सरकार की बेरुखी से क्षुब्ध होकर अपने पदक राष्ट्रपति को लौटाए।
2010- श्रीनगर के पास खिलनमर्ग क्षेत्र में हिमस्खलन में सेना के हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल के 350 जवान बर्फ़ के नीचे दब गए। इनमें से 70 सैनिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया जबकि 11 सैनिकों के शव निकाले गए।
2014- सऊदी अरब के मदीना शहर में एक होटल में आग के कारण 15 लोगों की मौत जबकि 130 लोग घायल हुए।

## बोल ब्यूटीफुल



**ब्रह्मा चेलानी:** अमेरिका-भारत व्यापार समझौता रणनीतिक मेल-मिलाप से अधिक एक सामरिक युद्धविराम जैसा प्रतीत होता है। भारत के खिलाफ ट्रंप के छह महीने लंबे व्यापार युद्ध और कई अपमानजनक टिप्पणियों जिनमें भारतीय अर्थव्यवस्था को 'मृत' बताना भी शामिल है, के बाद यह स्पष्ट नहीं है कि यह समझौता द्विपक्षीय संबंधों को वास्तव में पुनर्जीवित कर पाएगा।

**सुकेश रंजन:** पीएम मोदी ने छात्रों से परीक्षा पे चर्चा की। एक चर्चा उनको छात्रों के इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल पर भी करनी चाहिए। यह आज बच्चों के सामने सबसे बड़ा खतरा है। चर्चा के बाद एक सीमा तय हो कि 16 या 18 साल के बाद ही बच्चों का एक्सपोजर इंटरनेट मीडिया पर हो।

**सुशांत झा:** वर्तमान में जातीय उग्रता बहुत कुछ संचार माध्यमों की भी देन है। इंटरनेट मीडिया पर उग्र जातिवादी भावना को व्यक्त होने देने में एकांत और कुटिल एल्गोरिदम भी सहायक है।

# दिल्ली : राजधानी या लापता होती ज़िंदगियों का शहर?

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

देश की राजधानी दिल्ली को अक्सर सत्ता, सुरक्षा और आधुनिकता का प्रतीक बताया जाता है। ऊंची इमारतें, स्मार्ट सिटी के दावे, चौबीसों घंटे निगरानी के कैमरे और दुनिया की सबसे बड़ी पुलिस व्यवस्थाओं में से एक–ये सब मिलकर यह भरोसा दिलाते हैं कि दिल्ली सुरक्षित है। लेकिन वर्ष 2026 के पहले पंद्रह दिनों के आंकड़े इस भरोसे को गहरे संदेह में बदल देते हैं। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार, केवल 1 से 15 जनवरी के बीच 807 लोग लापता हुए। औसतन हर दिन 54 लोग, यानी हर घंटे दो से अधिक लोग, इस शहर में ग़ायब हो गए। यह कोई साधारण अपराध आंकड़ा नहीं है जिसे रोज़मर्रा की रिपोर्टिंग का हिस्सा मानकर नज़रअंदाज़ कर दिया जाए।



इस पूरी तस्वीर का सबसे भयावह पहलू यह है कि लापता लोगों में से 509 महिलाएँ और लड़कियां हैं। यानी लगभग दो-तिहाई मामले सीधे तौर पर महिला सुरक्षा से जुड़े हैं। जिस राजधानी में महिला सुरक्षा को लेकर सबसे ज़्यादा दावे किए जाते हैं, वहीं इतने बड़े पैमाने पर महिलाओं और लड़कियों का लापता होना व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह केवल अपराध का नहीं, बल्कि असुरक्षा के सामान्यीकरण का संकेत है, जहाँ महिलाओं का ग़ायब हो जाना भी एक आंकड़े में बदल जाता है।

इन 807 लापता मामलों में 191 नाबालिग शामिल हैं। इनमें से 146 नाबालिग लड़कियां हैं। इसका अर्थ यह है कि केवल पंद्रह दिनों में हर दिन औसतन 13 बच्चे लापता हुए, और उनमें बहुसंख्यक लड़कियां थीं। यह तथ्य किसी भी संवेदनशील समाज के लिए चेतावनी की घंटी होना चाहिए। लेकिन हमारी सामाजिक प्रतिक्रिया अक्सर उतनी तीव्र नहीं होती, जितनी होनी चाहिए। आंकड़े पढ़े जाते हैं, बहस होती है, और फिर अगली खबर आ जाती है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार 235 लोगों को ढूँढ लिया गया है, लेकिन 572 लोग अब भी लापता हैं। यह संख्या केवल एक प्रशासनिक प्रगति रिपोर्ट नहीं है। यह 572 परिवारों की अनिश्चितता, पीड़ा और अंतहीन प्रतीक्षा का प्रतीक है। हर बीतता दिन उन लोगों के लिए उम्मीद को थोड़ा और कम कर देता है, जिनके अपने अचानक ग़ायब हो गए। सवाल यह नहीं है कि कुछ लोग मिल गए, सवाल यह है कि इतनी बड़ी संख्या में लोग अब भी क्यों नहीं मिले।

एक असहज लेकिन ज़रूरी सवाल यह भी है कि क्या हर लापता व्यक्ति के मामले को समान गंभीरता से लिया जाता है। व्यवहारिक सच्चाई यह है कि ग़रीब, प्रवासी मज़दूर, घरेलू कामगार, या झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले लोगों की गुमशुदगी को अक्सर हल्के में लिया जाता है। कई मामलों में शुरुआती प्रतिक्रिया ही संदेह से भरी होती है–'घर से भाग गया होगा', 'किसी रिश्तेदार के पास चला गया होगा।' खासकर लड़कियों के मामलों में यह मानसिकता और भी खतरनाक साबित होती है, क्योंकि शुरुआती घंटों की लापरवाही बाद में अपूरणीय नुकसान में बदल जाती है।

महिलाओं और बच्चों के लापता होने के पीछे केवल व्यक्तिगत कारण नहीं होते। इसके पीछे मानव तस्करी, संगठित अपराध, अवैध श्रम, यौन शोषण, घरेलू हिंसा और जबरन विवाह जैसे कई भयावह पहलू जुड़े होते हैं। दिल्ली जैसे महानगर इन नेटवर्कों के लिए केवल गंतव्य नहीं, बल्कि ट्रांजिट पॉइंट भी हैं। ऐसे में यह बेहद ज़रूरी हो जाता है कि हर लापता मामले को केवल "Missing Person" कहकर दर्ज न किया जाए, बल्कि संभावित अपराध की दृष्टि से उसकी गंभीर जाँच हो।

यह और भी चिंताजनक हो जाता है जब हम यह देखते हैं कि यह सब कुछ तकनीक के युग में हो रहा है। आज मोबाइल फोन, लोकेशन डेटा, सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल भुगतान और सोशल मीडिया जैसी तकनीकों के बावजूद अगर इतने बड़े पैमाने पर लोग लापता हो रहे हैं, तो यह या तो संसाधनों के सही इस्तेमाल की कमी को दर्शाता है या इच्छाशक्ति की कमी को। जब किसी वीआईपी मूवमेंट के लिए पूरा शहर कुछ ही मिनटों में ठप किया जा सकता है, तो आम नागरिक के लापता होने पर वही तत्परता क्यों नहीं दिखाई देती?

यह समस्या केवल पुलिस या सरकार तक सीमित नहीं है। समाज की भूमिका और हमारी सामूहिक चुप्पी भी उतनी ही ज़िम्मेदार है। हम खबर पढ़ते हैं, कुछ देर के लिए चिंतित होते हैं, फिर अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में लौट जाते हैं। जब तक कोई लापता व्यक्ति हमारे परिवार, मोहल्ले या पहचान के दायरे में नहीं आता, तब तक वह हमारे लिए एक दूर की खबर ही बना रहता है। यही उदासीनता इस समस्या को और गहरा करती है।

हर सरकार महिला सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताती है। हेल्पलाइन नंबर, मोबाइल ऐप्स, जागरूकता अभियान और फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणाएँ होती हैं। लेकिन ज़मीनी हकीकत बार-बार इन दावों को झुठलाती है। अगर नीतियाँ वास्तव में प्रभावी होतीं, तो देश की राजधानी में पंद्रह दिनों के भीतर 509 महिलाएँ और लड़कियाँ लापता नहीं होतीं। यह अंतर नीति और व्यवहार के बीच की खाई को उजागर करता है।

यह समय आत्ममंथन का है। यह पूछने का समय है कि क्या हमारी नीतियाँ सिर्फ़ कागज़ों तक सीमित रह गई हैं। क्या हर लापता मामले की समयबद्ध समीक्षा होती है। क्या लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाती है। अक्सर इन सवालों के जवाब मौन में खो जाते हैं, और यही मौन समस्या को और गंभीर बना देता है।

इस संकट का समाधान किसी एक विभाग या एक आदेश से नहीं हो सकता। इसके लिए समन्वित प्रयास की ज़रूरत है–पुलिस की संवेदनशीलता, प्रशासन की सक्रियता, समाज की जागरूकता और राजनीतिक इच्छाशक्ति, सभी को एक साथ आना होगा। महिलाओं और बच्चों के लापता मामलों को आपात स्थिति की तरह लिया जाना चाहिए, न कि रूटीन प्रक्रिया की तरह।

अंततः सवाल सिर्फ़ यह नहीं है कि दिल्ली कितनी आधुनिक या कितनी स्मार्ट है। असली सवाल यह है कि क्या यह शहर अपने सबसे कमज़ोर नागरिकों को सुरक्षित रख पा रहा है। अगर जवाब नकारात्मक है, तो यह केवल प्रशासन की नहीं, हमारी सामूहिक विफलता है। लापता लोग सिर्फ़ आँकड़ों में दर्ज नाम नहीं हैं। वे हमारी सामाजिक चेतना की परीक्षा हैं–और फिलहाल, इस परीक्षा में हम असफल होते दिखाई दे रहे हैं।



**-डॉ. सत्यवान सौरभ,**

(पीएचडी (राजनीति विज्ञान), एक कवि और सामाजिक विचारक है।)

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कुल्लू, मंडी और शिमला जिला के विधायकों की बैठक की अध्यक्षता की, बोले-

# हिमाचल ने तीन वर्षों में 26,683 करोड़ का राजस्व किया अर्जित

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज यहां वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विधायक प्राथमिकता बैठक के दूसरे दिन के पहले सत्र में कुल्लू, मण्डी तथा शिमला जिला के विधायकों के साथ उनकी प्राथमिकताओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने तीन वर्षों के दौरान अपने संसाधनों से 26,683 करो? रुपये का राजस्व अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को वाइल्ड फ्लावर हॉल होटल के स्वामित्व से लगभग 401 करो? रुपये का वित्तीय लाभ हुआ है और प्रतिवर्ष 20 करो? रुपये की आय होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से क?छम-वांगतू जल विद्युत परियोजना में राज्य को मिलने वाली रॉयल्टी 12 प्रतिशत से ब?कर 18 प्रतिशत हो गई है जिससे राज्य को हर वर्ष लगभग 150 करो? रुपये की अतिरिक्त आय होगी।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि 15वें वित्त आयोग द्वारा हिमाचल को राजस्व घाटा अनुदान के रूप में 37,199 करो? रुपये की राशि जारी की गई थी। उन्होंने कहा कि यह राशि घटते अनुपात में राज्य को जारी की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वर्ष 2021-22 में 10,249 करो? रुपये, वर्ष 2022-23 में 9,377 करो? रुपये, वर्ष 2023-24 में 8,057 करो? रुपये, वर्ष 2024-25 में 6,249 करो? रुपये तथा वर्ष 2025-26 में 3,257 करो? रुपये राजस्व घाटा अनुदान प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि अब 16वें वित्त आयोग द्वारा राजस्व घाटा अनुदान को बंद करने से प्रदेश को लगभग 50 हजार करो? रुपये का नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान समाप्त करना हिमाचल जैसे पहा?ी व कठिन भौगोलिक परिस्थिति वाले राज्य के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के इस निर्णय से राज्य की विकास योजनाएं प्रभावित होंगी तथा प्रदेश में चल रही कल्याणकारी योजनाओं व वेतन एवं पेंशन इत्यादि पर भी विपरीत असर प?ने की संभावना है। उन्होंने केन्द्र सरकार से हिमाचल की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए राजस्व घाटा अनुदान को बहाल करने तथा विशेष आर्थिक सहायता देने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री कहा कि सीमावर्ती पर्यटन को ब?ावा देने के लिए भारत-चीन सीमा पर शिपकी-ला दर्रे पर बॉर्डर टूरिज्म गतिविधियों की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट 2026-27 में पूर्वोत्तर राज्यों के लिए के लिए 'बौद्ध सर्किट' की घोषणा की गई है लेकिन हिमाचल प्रदेश, जो बौद्ध संस्कृति का एक ब?ा केन्द्र है, यहां के बौद्ध सर्किट को इससे बाहर रखना भेदभावपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं परन्तु पर्यटन के विकास के लिए किसी योजना का बजट में प्रावधान नहीं है।

विधायक भुवनेश्वर गौ? ने कहा कि आरडीजी बंद होना प्रदेश के लिए अच्छा नहीं है और सभी को मिलकर केंद्र सरकार पर इसे बहाल करने के लिए दबाव डालना चाहिए। उन्होंने मनाली में आईस स्केटिंग रिंक का निर्माण करने और लेफ्ट बैंक सड़क को सुदृढ़ करने की मांग की। उन्होंने पर्यटन सीजन के दौरान पुलिस कर्मियों की संख्या ब?ाने और बर्फ हटाने के लिए छोटी मशीनें प्रदान करने का आग्रह भी किया।

विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कुल्लू हवाई अड्डे के विस्तार की मांग करते हुए कुल्लू के लिए हैली-टैक्सी सुविधा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों के निर्माण कार्य को समयबद्ध पूरा करने और मणिकर्ण के लिए वैकल्पिक सड़क बनाने की मांग की।

**बंजार**

विधायक सुरेंद्र शौरी ने बंजार क्षेत्र में स?क व्यवस्था को मजबूत करने तथा बिजली की समस्या का समाधान करने के लिए बजौरा सब-स्टेशन को सुदृ? करने का आग्रह किया। उन्होंने औट-लुहरी स?क में सुधार लाने और लारजी में वाटर स्पोर्ट्स शुरू करने की मांग भी की।

**आनी**

विधायक लोकेंद्र कुमार ने आनी आदर्श स्वास्थ्य संस्थान में सुविधाएं सुदृ? करने का आग्रह किया। उन्होंने चिट्टा माफिया पर क?ी कार्रवाई और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए पुलिस कर्मियों की संख्या ब?ाने की मांग की। उन्होंने बागवानों की सुविधा के लिए क्षेत्र में एंटी हेल गन स्थापित करने की मांग भी की।

**मंडी जिला**

**करसोग**

विधायक दीपराज ने बैठक में करसोग आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेज के भवन का मामला उठाया। उन्होंने करसोग क्षेत्र में बस सुविधा ब?ाने और क्षेत्र की स?कों के निर्माण कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया।

**सुंदरनगर**

विधायक राकेश जम्वाल ने सीएचसी निहरी और पीएचसी बलग के भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने निहरी के लिए सतलुज से पानी उठाने और डैहर में पानी की सुविधा तथा सुंदरनगर में सीवरेज सुविधा में सुधार लाने की मांग की।

## आप नेताओं के ऊना दौरे की जानकारी न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण : अभी चड्ढा

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** आम आदमी पार्टी के ऊना जिला अध्यक्ष अभि चड्ढा ने ऊना में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी की जानकारी स्थानीय संगठन को न दिए जाने पर गहरी नाराजगी जताई है। अभी चड्ढा ने कहा कि पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस और दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के ऊना आगमन की कोई भी सूचना न तो जिला अध्यक्ष को दी गई और न ही पार्टी के किसी पदाधिकारी या कार्यकर्ता को अवगत कराया गया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

जिला अध्यक्ष अभि चड्ढा ने बयान में कहा, हमें इस कार्यक्रम की कोई जानकारी नहीं दी गई। जब सूचना ही नहीं थी तो हम नेताओं का स्वागत करने कहां जाते? अगर हमें पहले बताया जाता तो पार्टी संगठन पूरी मजबूती के साथ उनका स्वागत करता। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं का कार्यकर्ताओं से मिलना संगठन के लिए संजीवनी साबित होता और इससे जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता।

ऐसे दौरों से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा आती है और उन्हें लगता है कि पार्टी उनके साथ खड़ी है ।

अभि चड्ढा ने आगे कहा कि इस तरह की अनदेखी से ऐसा संदेश जाता है कि पार्टी नेतृत्व हिमाचल प्रदेश में संगठन को मजबूत करने को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्यकर्ताओं को लगातार नजरअंदाज किया गया तो इसका सीधा नुकसान पार्टी को उठाना पड़ सकता है।

उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद ऊना जिले में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी रोष और निराशा है। जब राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेता जिले में आते हैं और स्थानीय संगठन को इसकी भनक तक नहीं लगती, तो इससे कार्यकर्ताओं की मेहनत और निष्ठा पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। जिला अध्यक्ष ने पार्टी नेतृत्व से मांग की कि भविष्य में इस तरह के किसी भी कार्यक्रम या दौरे से पहले स्थानीय संगठन को विश्वास में लिया जाए, ताकि पार्टी की जड़ें मजबूत हों और हिमाचल प्रदेश में आम आदमी पार्टी को नई मजबूती मिल सके। आम आदमी पार्टी के हिमाचल सह प्रभारी अजय राजपूत ने कहा कि यह गलत बात है की पार्टी के पदाधिकारी को सूचित नहीं किया गया।

# विकास की गारंटी है मोदी सरकार, झूठ फैला रही सुक्खू सरकारः अनुराग ठाकुर

**अनुराग ठाकुर ने चंगर में विकास कार्यों का लोकार्पण, धनेड में छात्रों को प्रेरित किया**

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने चंगर विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक केंद्रों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत की तथा जनसभा को संबोधित किया। इससे पूर्व धनेड स्थित जी.एम. होली हार्ट पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। दोनों कार्यक्रमों में हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला महामंत्री अजय रिंटू, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा स्थानीय गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के चंगर में आयोजित जनसभा में अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, ग्रामीण सड़क विस्तार और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने आम नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है और भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राजस्व घाटा अनुदान को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार जनता को भ्रमित कर रही है, जबकि केंद्र सरकार ने हिमाचल को संवैधानिक दायित्वों के अनुरूप हर सहायता समय पर प्रदान की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी वित्तीय विफलताओं को छिपाने के लिए केंद्र पर निराधार आरोप लगा रही है, जो पूरी तरह भ्रामक है। उन्होंने भारत के सकारात्मक विदेशी व्यापार समझौतों का जिक्र करते हुए बताया कि इनसे निर्यात में वृद्धि होगी, नए रोजगार सृजित होंगे। बजट 2026ङ्ग27 का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि रक्षा क्षेत्र के लिए लगभग 7.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है, पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपये, स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए करीब 1 लाख 7 हज़ार करोड़ रुपये, शिक्षा क्षेत्र के लिए लगभग 1 लाख 30 हजार करोड़ रुपये, महिला सशक्तिकरण एवं बाल कल्याण के लिए लगभग पाँच लाख करोड़ रुपये तथा स्वस्थ्य क्षेत्र के लिए करीब दस हजार करोड़ रुपये का विशेष कोष रखा गया है।

## सोलन में विद्युत आपूर्ति आज बाधित रहेगी

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 08 फरवरी, 2026 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 08 फरवरी, 2026 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 03.00 बजे तक ओच्छघाट, नंदल, गवाहीली, दोलांजी, कालाघाट, टटूल, शूलिनी विश्वविद्यालय, मझोली, शमरो?, धारों की धार, कोईघाट, बदलेच, जटोली, कोठों, मझगांव, पंडाह, नौणी विश्वविद्यालय और आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम व किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि व समय में परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# आईआईआईटी ऊना के वार्षिक टेक्निकल फेस्टिवल 'मेराकी-2026' का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना के वार्षिक टेक्निकल फेस्टिवल 'मेराकी-2026' का शुभारंभ किया। यह टेकफेयर 7 से 9 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने मेराकी-2026 के लोगों तथा संस्थान की पत्रिका 'प्रगति परिमल' का भी विमोचन किया।

अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने ड्रोन तकनीक और रोबोटिक्स के क्षेत्र में कार्य करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ड्रोन तकनीक की आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस हुई। ऐसे अनुभव यह दर्शाते हैं कि भविष्य में सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक की भूमिका अत्यंत निर्णायक होगी। उन्होंने युवाओं और तकनीकी संस्थानों से आह्वान किया कि वे इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें, ताकि भारत ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बन सके।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि टेकफेयर जैसे मंच युवाओं को नवाचार, सृजनशीलता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार एक सशक्त डिजिटल इकोसिस्टम के निर्माण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक यह कल्पना करना भी कठिन था कि ऊना की धरती पर ट्रिपल आईटी जैसा प्रतिष्ठित संस्थान स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि यह संस्थान किसी तश्तरी में परोसकर नहीं मिला, बल्कि लंबे संघर्ष और अनेक बाधाओं को पार करते हुए स्थापित हुआ है। आज यहां हिमाचल के अनेक बच्चे अत्याधुनिक तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने संस्थान में एमएससी गणित पाठ्यक्रम के आरंभ की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में इसकी लंबे समय से मांग थी। अब इस पाठ्यक्रम के शुरू होने से स्थानीय विद्यार्थियों को ब?ा लाभ मिला है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थान द्वारा स्थानीय युवाओं के लिए जो नए अवसर खोले गए हैं, उनका दीर्घकालीन लाभ क्षेत्र और प्रदेश दोनों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि तकनीक, ज्ञान और अनुसंधान का आदान-प्रदान विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि आईआईआईटी ऊना द्वारा ऊना-हरोली क्षेत्र के लगभग एक हजार युवाओं के कौशल विकास के लिए विशेष पहल की जा रही है, जिस पर लगभग एक करो? रुपये व्यय किए जाएंगे। उन्होंने संस्थान से अपेक्षा जताई कि यह पहल जमीनी तौर पर दिखाई दे व परिणामोन्मुख हो।

क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कभी पानी की समस्या से जूझने वाला यह क्षेत्र आज सिंचाई सुविधाओं से सशक्त हो रहा है। किसान नकदी फसलें उगा रहे हैं तथा शिक्षा, स?क और आधारभूत ढांचे में व्यापक सुधार हुआ है।

उन्होंने बताया कि हरोली में 2,000 करो? रुपये से अधिक लागत का बल्क ड्रग पार्क स्थापित किया जा रहा है, जो देश के तीन बल्क ड्रग पार्कों में से एक है। इसकी टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त बाथू में 18 करो? रुपये की लागत से टूल रूम तथा पंडोगा में 10 करो? रुपये की लागत से टेक्नोलॉजी पार्क का निर्माण किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों ने जाना आधुनिक बागवानी का महत्व

**बंगाणा (अभिषेक कुमार)।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के विकास खंड बंगाणा के अंतर्गत एचपी शिवा परियोजना के क्लस्टरों में केंद्रीय विद्यालय सलोह के छात्रों द्वारा एक प्रेरणादायक शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक जानकारी से जोड़ना था। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यालय की कक्षा पाँचवीं के लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों के साथ विद्यालय की ओर से अध्यापक मनजीत सिंह, मैडम नीलम सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। बच्चों ने विकासखंड बंगाणा के विभिन्न क्लस्टरों एवं बागीचों का दौरा किया, जिसमें गांव खोली स्थित अनार की प्रथम पंक्ति प्रदर्शन स्थल तथा गांव बौल में स्थापित ड्रैगन फ्रूट एवं गांव बल्ह में अमरूद के क्लस्टर शामिल थे। उद्यान विभाग की ओर से उद्यान प्रसार अधिकारी मोहम्मद अरशद एवं अनुपम शर्मा ने छात्रों को विभाग की विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों तथा फल पौधों से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी सरल एवं रोचक तरीके से प्रदान की। गांव खोली में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य श्री योगराज भारद्वाज ने अपने अनार के बगीचे में बच्चों को अनार की उन्नत किस्मों, पौध रोपण, देखभाल एवं उत्पादन के बारे में जानकारी दी।

### पशु मित्र भर्ती की शारीरिक परीक्षा 12 व 13 को

**गोहर, ( सुभाग सचदेवा)।** पशुपालन को बढ़ावा देने व पशुओं की उचित देखभाल व युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के मद्देनजर प्रशासन द्वारा उपमंडल गोहर तथा थुनाग में पशु मित्रों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। थुनाग उपमंडल में पशु मित्रों के 4 रिक्त पदों तथा गोहर उपमंडल में 5 रिक्त पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। पशु मित्र संलग्नता समिति के सदस्य सचिव एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि थुनाग उपमंडल के अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा 12 फरवरी को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जंजैहली के खेल मैदान में आयोजित होगी, जबकि गोहर उपमंडल के अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा 13 फरवरी को गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज बासा के मेला ग्राउंड, ख्योड़ में संपन्न करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी पात्र अभ्यर्थी पंजीकरण के लिए प्रातः 10 बजे परीक्षा स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने साथ वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र तथा जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया से वंचित किया जा सकता है।

### कानूनी अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम

**कुल्लू 7 फरवरी (अशेष शर्मा)।** आश बाल विकास केंद्र, अखाड़ा बाज़ार, कुल्लू में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुल्लू के तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिए एक विशेष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री डी. आर. भारद्वाज, डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसल (लीगल एड), कुल्लू ने उपस्थित लोगों को (मानसिक बीमारी एवं बौद्धिक दिव्यांगता से ग्रसित व्यक्तियों हेतु विधिक सेवाएँ) योजना, 2024 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस दौरान भारद्वाज ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016, मेंटल हेल्थकेयर एक्ट, 2017 तथा लीगल सर्विसेज अथॉरिटी एक्ट, 1987 के प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला और बताया कि इन कानूनों के अंतर्गत दिव्यांग व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता एवं संरक्षण का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपनी कानूनी समस्याओं के समाधान हेतु राष्ट्रीय कानूनी सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल करें।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर शिक्षा निदेशालय सख्त, किताब-कॉपी व स्कूल यूनिफॉर्म खरीदने की बाध्यता पर रोक

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी पर अब सख्ती तय मानी जा रही है। शिक्षा निदेशालय हिमाचल प्रदेश ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए हिमाचल सहित ऊना में निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों और छात्रों को चिह्नित दुकानों से किताबें, कॉपियां लोगो वाली, स्कूल यूनिफॉर्म और जूते खरीदने के लिए बाध्य करने पर पूर्ण रोक लगा दी है।

शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कई निजी स्कूल छात्रों और अभिभावकों पर दबाव बनाकर विशेष दुकानों से पाठ्य सामग्री और स्कूल वर्दी खरीदने के लिए मजबूर कर रहे होते हैं, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। इस पर संज्ञान लेते हुए निदेशालय ने प्रदेश के सभी उपनिदेशकों को सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुसार कोई भी निजी स्कूल न तो परिसर में किताबें, कॉपियां, यूनिफॉर्म या जूते बेच सकता है और न ही किसी तय दुकान से खरीदारी के लिए अभिभावकों को बाध्य कर सकता है। इसके साथ ही स्कूल के लोगो वाली किताबें या कॉपियां अनिवार्य करना भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भवन निधि, विकास निधि और आधारभूत संरचना निधि के नाम पर छात्रों से किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जाएगी। यह निर्देश माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप जारी किए गए हैं।

शिक्षा निदेशालय ने सभी निजी स्कूल प्रबंधनों को निर्देश दिए हैं कि वे शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले क्क्ष के माध्यम से जनरल हाउस मीटिंग आयोजित करें और तय की गई फीस व फंड का पूरा विवरण स्कूल नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर सार्वजनिक करें।

निदेशालय ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में किसी भी निजी स्कूल के विरुद्ध इस संबंध में शिकायत प्राप्त होती है, तो शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, निजी शिक्षण संस्थान अधिनियम 1997 और नियम 2003 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यहां तक कि स्कूल की मान्यता रद्द करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

इस आदेश से अभिभावकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है और निजी स्कूलों की मनमानी पर प्रभावी लगाम लगने की संभावना जताई जा रही।

शिक्षा उपनिदेशक ऊना अनिल कुमार तक्खी ने कहा की हमें शिक्षा निदेशालय हिमाचल प्रदेश से आदेश आए है कि की स्कूलो की कक्षा सहित पुस्तकों की सूची स्कूल के नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर प्रकाशित जाए और एनसीईआरटी की बुक्स ही पढ़ाई जाए। अगर कोई स्कूल प्रबंधक मनमर्जी से फीस ,कॉपियां ,किताबे और किसी भी प्रकार की गतिविधि पाई गई तो नियमों अनुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी ।

## हटली में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित




अर्थ प्रकाश/अभिषेक कुमार

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत हटली के गांव झंडूर में कांगड़ा केंद्रीय सह?कारी बैंक सीमित शाखा बंगाणा ने वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। बैंक की ओर से शाखा प्रबंधक विनोद पाल सिंह ने बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड महिला समृद्धि योजना, प्रधामंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधामंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना व डिजिटल बैंकिंग के बारे में जानकारी दी।

प्रबंधक विनोद पाल सिंह ने ऑनलाइन किए जा रहे। फ्रॉड के बारे में भी जानकारी दी ओर समझाया कि किसी भी व्यक्ति या अनजान कॉल पर अपनी जानकारी व ओटीपी सांझा न करें अन्यथा आपका बैंक खाता खाली हो सकता है। आप धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। कोई भी बैंक अधिकारी कॉल पर ओटीपी की जानकारी नहीं मांगता है। यह आपकी गोपनीयता रखने के लिए ही भेजा जाता है।

इस शिविर में बैंक की ओर से सुनील कुमार , राम कृष्ण, गुरबचन सिंह, सुनील दत्त, रत्न चंद , संजय कुमार, कांता देवी, अनु कुमारी, शालू, मीनू आदि मौजूद रहे।

# पंचायत चुनावों से भाग रही सुक्खू सरकार लोकतंत्र का गला घोंटने की साजिश : राजेंद्र

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर, 6 फरवरी।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार जानबूझकर पंचायत चुनावों को टालकर लोकतंत्र के मूल ढांचे को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के बीच जाने से घबरा रही है, इसलिए पहले हाईकोर्ट और अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रही है।

आज यहां जारी एक बयान में राजेंद्र राणा ने कहा कि पंचायती राज लोकतंत्र की नींव है, लेकिन सुक्खू सरकार इस नींव को ही हिलाने में लगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव कराने की बजाय सरकार कानूनी पैंतरेबाजी कर रही है, जिससे स्पष्ट है कि कांग्रेस सरकार को अपनी जनविरोधी नीतियों का डर सता रहा है।

उन्होंने कहा कि तीन साल के शासनकाल में सरकार ने हर वर्ग–किसान, कर्मचारी, युवा, महिलाएं और व्यापारी–सभी को केवल झूठी गारंटियों और खोखले वादों का झुनझुना पकड़ा दिया। सत्ता में आने के बाद एक भी बड़ी गारंटी धरातल पर उतरती दिखाई नहीं दी। राणा ने डिजास्टर एक्ट का हवाला देकर चुनाव टालने को केवल बहाना करार देते हुए सवाल उठाया कि ट्राइबल क्षेत्रों को छोड़कर प्रदेश के अन्य हिस्सों में कहां ऐसी आपदा है, जहां सड़कें बंद हों या सामान्य जनजीवन ठप हो। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश में वास्तव में आपदा की स्थिति है तो मुख्यमंत्री राहत कार्यों में नजर क्यों नहीं आते। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार दिल्ली के दौरे और फाइव स्टार होटलों में ठहरने में व्यस्त हैं, जो आपदा का रोना रोने वाली सरकार के दावों पर सवाल खड़ा करता है। जनता मुश्किल में है और सरकार आराम फरमा रही है।

राणा ने कहा कि पंचायत चुनावों से बचना इस बात का प्रमाण है कि सरकार को अपनी हार साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देगी और समय पर चुनाव करवाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

# राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल युवान फैलोशिप-2025 में हिमाचल तृतीय

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** राष्ट्रीयस्तर पर नेशनल युवान फैलोशिप-2025 में हिमाचल प्रदेश ने तीसरा स्थान हासिल किया है। नेशनल यूथ प्रोजेक्ट हिमाचल प्रदेश के समन्वयक यशपाल कपूर हिमाचल प्रदेश ने डॉ. एसएन सुब्बारॉव (भाई जी) के जन्मदिन पर 7 फरवरी 2026 को पंजाब के लहरा गागा में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में पंजाब के वित्त मंत्री सरदार हरपाल सिंह चीमा के हाथों पुरस्कार प्राप्त किया।। यह हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

युवान ट्रस्ट (आहिल्यानगर महाराष्ट्र) के फाउंडर व प्रधान संदीप कुसालकर ने देशभर में नेशनल युवान फैलोशिप-2025 दान उत्सव का आयोजन किया। नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के तत्वावधान में गांधी जयंती के मौके पर 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर यह दान उत्सव मनाया गया था। इस कार्यक्रम में बेहत्तर कार्य करने वाले तीन राज्यों को पहला,दूसरा व तीसरा स्थान दिया गया। इसकी घोषणा राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी 2026 को की गई थी। इसमें गुजरात पहले, उड़ीसा दूसरे और हिमाचल प्रदेश ने तीसरा स्थान हासिल किया।

इसमें देश के सभी राज्यों के युवाओं ने इस दान उत्सव के माध्यम से समाजसेवा में अपना-अपना योगदान दिया। युवान ट्रस्ट (आहिल्यानगर महाराष्ट्र) की ओर आयोजित दान उत्सव के तहत हिमाचल प्रदेश के नेशनल यूथ प्रोजेक्ट ने सामाजिक दायित्व, पर्यावरण, शिक्षा, स्वच्छता के तहत सोलन जिला के स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य किया। क्या कार्य किया हिमाचल नेनेशनल यूथ प्रोजेक्ट हिमाचल प्रदेश के समन्वयक यशपाल कपूर ने बताया कि 2 से 8 अक्टूबर तक आयोजित युवान फैलोशिप के तहत नेशनल यूथ प्रोजेक्ट हिमाचल के स्वयंसेवकों ने दान उत्सव मनाया। सोलन स्थित देश के एकमात्र मानव मंदिर में लाईलाज बीमारी मस्कूलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त बच्चों को फूड पैकेट्स बांटे। उनके साथ समय बिताया। साथ ही सोलन की सारथी संस्था के साथ मिलकर सोलन के बाईपास में झुग्गी में रहने वाले लोगों को गर्म वस्त्र वितरित किए। सीनियर सेकंडरी स्कूल भोज आंजी में नशा निवारण के तहत भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा सोलन के सीनियर स्कूल में इको क्लब के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया।

### संगठनों का मानना पार्षदों के बोर्ड लोगों को कर रहे भ्रमित

# वार्डों का परिसीमन होने के बावजूद निवर्तमान पार्षदों के नहीं हटे नामों के बोर्ड, लोग भ्रममित, दावेदार चकित

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** नगर निगम चुनाव सर पर हैं और विभिन्न राजनीतिक दलों को शहर में हैरान करने वाला वाकया सामने आया है।

नगर निगम के 20 वार्डों का परिसीमन फाइनल हो चुका है, और नए सीमांकन तय होने के बाद टिकटों के दावेदार इस बात से हैरान है कि निवर्तमान पार्षदों के नामों के बोर्ड नगर निगम द्वारा अब तक क्यों नहीं हटाए गए। आखिरकार नगर निगम में निर्वाचित पार्षदों का कार्यकाल आखिरकार 5 जनवरी को समाप्त हो गया था, मगर निवर्तमान पार्षदों ने अब तक अपने नामों के वार्डों के चौराहों पर लगे बोर्ड न तो खुद और ना ही नगर निगम की ओर से हटाए गए हैं।

इससे लोगों में यह भ्रम पैदा हो गया है कि वार्डों का परिसीमन होने के बाद अभी भी किसी बदलाव की गुंजाइश हो सकती है। क्या ये निवर्तमान पार्षद नई वार्डबंदी में




बदलाव की सोच रहे हैं और दोबारा अपने एरिया से चुनाव मैदान में उतर सकते हैं।


उधर, वार्डों में राजनीतिक पार्टियों के अलग अलग टिकटों के देवदार भी इन बोर्डो पर आपत्ति जता रहे हैं। वो इस बात से हैरान है कि निगम की कार्रवाई नहीं होने की वजह कहीं पार्षदों के फिर से मैदान में उतरने की तैयारी तो नहीं।

**क्या कहता है नियम :** उधर, सामाजिक संगठनों ने भी नगर निगम की इस बेपरवाही पर आपत्ति जताई है। एमसी

#### निगम कमिश्नर से एसोसिएशन की ये मांग


सिटीजन्स वैलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ऐस.के. नैय्यर, उपाध्यक्ष राकेश सोंधी, सचिव के.आर. कोली और महासचिव सुनील जैन ने निगम-आयुक्त विनय कुमार, संयुक्त-निगम-आयुक्त गौरव चौहान और अधीक्षण अभियंता ई-विजय गोयल से आगामी नगर निगम-चुनावों के निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायसंगत संचालन के लिए विभिन्न क्षेत्रों और सड़कों के किनारे लगे सभी ऐसे साइनबोर्ड तत्काल हटाने का आग्रह किया।

के नियमों और विनियमों के अनुसार, किसी भी प्रकार से, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी विशेष विषय/व्यक्ति/ राजनीतिक-दल को कोई विशेष लाभ पहुंचाने से बचने के लिए, एमसी का कार्यकाल समाप्त होने के तुरंत बाद पूर्व-निर्वाचित-व्यक्तियों के ऐसे सभी बोर्डों को हटा दिया जाना चाहिए।



पंचकूला में वार्ड परिसीमन के लिए चुनाव प्रक्रिया अभी शुरू ही हुई है, ऐसे में सड़कों के किनारे लगाए गए संकेत बोर्डों को लेकर शहर में यह चर्चा चल रही है कि ये बोर्ड किसी विशेष व्यक्ति/राजनीतिक दल के प्रति स्पष्ट-पक्षपात का संकेत देते हैं।

**एस के नैय्यर, सीडब्ल्यूए प्रेसिडेंट**



संबंधित अधिकारियों पर दबाव डालना बेहतर होगा कि वे नगर निगम के पूर्व-सदस्यों की पहचान बताने वाले सभी प्रकार के संकेतों को तुरंत हटा दें।

**सुनील जैन, रेजिडेंट**

नगर निगम का कार्यकाल 5 जनवरी 2026



से समाप्त हो चुका है, लेकिन बोर्ड अभी भी लगे हुए हैं। इसलिए इन्हें बिना किसी संकोच के और किसी विशेष-व्यक्ति/राजनीतिक-दल के प्रति पक्षपात का संकेत दिए बिना, सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर हटा दिया जाना चाहिए।

**आर के कोली, सचिव, सीडब्ल्यूए सेक्टर 25**



सामुदायिक केंद्रों में सीट के निगम अधिकारियों ने भी अभी तक किसी भी पार्षद का वार्डों में लगे बोर्ड को नहीं हटाया है ना ही भाजपा पार्षदों ने क्म्युनिटी सेंटरों में कब्जा कर बनाए गए अपने दफ्तरों को छोडा है, ना निगम ने छुड़वाया है।

**मनोज अग्रवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष, इनेलो**



## मोहाली जिले में गवर्नमेंट पेंशनर्स यूनियन की टेम्प्रेरी कमेटी का गठन : एन. डी. तिवारी

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** पंजाब सरकार और रिटायर्ड कर्मचारियों की एक मीटिंग नयागांव कासंल में कॉमरेड चरणजीत सिंह सिद्धू की अध्यक्षता में हुई। जिसके बारे में जानकारी देते हुए चरणजीत सिंह सिद्धू ने बताया कि इस मीटिंग में सबऑर्डिनेट सर्विसेज फेडरेशन (साइंटिफिक) पंजाब के जनरल सेक्रेटरी कॉमरेड एन. डी. तिवारी जी खास तौर पर शामिल हुए! जिन्होंने मौजूद साथियों को बताया कि पंजाब में गवर्नमेंट पेंशनर्स यूनियन का गठन आज 08/02/2026 को मोगा में पंजाब सरकार के रिटायर्ड कर्मचारियों की पंजाब लेवल की मीटिंग करके किया जाएगा! उन्होंने कहा कि जहां केंद्र सरकार और पंजाब सरकार सरकार में काम कर रहे कर्मचारियों के खिलाफ नीतियां लागू कर रही हैं, वहीं रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते रिटायर्ड कर्मचारियों की इंडिया लेवल की पेंशनर्स यूनियन बनाई गई है! जिसके सिलसिले में पंजाब पेंशनर्स यूनियन पंजाब की स्टेट मीटिंग मोगा में हो रही है। जिसके लिए हर जिले में कॉन्फ्रेंस की जा रही है और जिला लेवल पर इसका गठन किया जा रहा है। जिसके तहत मोहाली जिले में भी इस संगठनात्मक काम की तैयारी शुरू कर दी गई है, इस मीटिंग को रिटायर्ड प्रिंसिपल राजिंदर कौर, हरजीत सिंह बसोता , गुरिंदर सिंह, हरजीत सिंह प्रेसिडेंट जी टी यू साइंटिफिक डिस्ट्रिक्ट मोहाली ने संबोधित किया।

## इंडो-यूएस संयुक्त बयान पर मनीष तिवारी के तीखे सवाल, कहा-देश को बताया जाए क्या वादा किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** भारत और अमेरिका के बीच 6 फरवरी को जारी संयुक्त बयान के बाद राजनीतिक हलकों में बहस तेज हो गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद मनीष तिवारी ने समझौते में टैरिफ से जुड़ी भाषा को लेकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है और इस मुद्दे पर संसद में व्यापक चर्चा की मांग की है।

मनीष तिवारी ने सोशल मीडिया मंच ङ्क पर लिखा कि संयुक्त बयान का एक वाक्य यह संकेत देता है कि भारत ने अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों के लिए अपने बाजार को काफी हद तक खोलने पर सहमति दे दी है। उन्होंने सवाल किया कि क्या इसका मतलब यह समझा जाए कि भारत ने इन क्षेत्रों में अमेरिका को लगभग बिना रोक-टोक प्रवेश देने का वादा किया है।

संयुक्त बयान में कहा गया है कि भारत अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं



पर टैरिफ समाप्त या कम करेगा और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर भी शुल्क घटाएगा, जिनमें डिस्टिलर्स ड्राइड ग्रेन्स (ष्ठष्ठत्रह्य), पशु चारे के लिए लाल ज्वार, ट्री नट्स, ताजे और प्रोसेस्ड फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स समेत अन्य उत्पाद शामिल हैं।

तिवारी ने विशेष रूप से ÷द्बठ्ठह्यह्लद्बठ्ठद्द÷ शब्द के उपयोग पर ध्यान दिलाया और कहा कि इससे यह स्पष्ट नहीं होता कि सूची यहीं तक सीमित है या आगे और उत्पाद भी इसमें जोड़े जा सकते हैं। उनके मुताबिक यह भाषा दूरगामी और संभावित रूप से गंभीर प्रभाव पैदा कर सकती है।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि वित्त विधेयक 2026 में पहले ही कई टैरिफ लाइनों पर रियायतें दी जा चुकी हैं। ऐसे में अब यदि अतिरिक्त कटौतियों या समाप्ति की बात हो रही है तो देश को यह जानने का अधिकार है कि बदले में भारत को क्या मिला है और घरेलू उद्योग व किसानों के हित किस तरह सुरक्षित रखे जाएंगे।

उन्होंने जोर देकर कहा कि इतने महत्वपूर्ण आर्थिक और रणनीतिक असर वाले विषय पर पूर्ण पारदर्शिता जरूरी है और सरकार को संसद में विस्तृत बयान देना चाहिए।

तिवारी ने मांग की कि इस मुद्दे पर फुल-फ्लेज्ड डिबेट कराई जाए ताकि स्थिति स्पष्ट हो और किसी भी तरह की आशंका या भ्रम दूर हो सके।

सरकारी सूत्रों का कहना है कि यह एक अंतरिम व्यापार ढांचा है और अंतिम समझौते से पहले कई चरणों की बातचीत बाकी है। सरकार का दावा है कि संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी।

## ब्रश करने के तरीके से तय होती है दांतों की उम्र : रोमिका वढेरा

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

**मोहाली।** दांतों की बीमारी छह साल से लेकर साठ साल तक किसी भी उम्र में हो सकती है। दांतों की संभाल के लिए सबसे अहम ब्रश करने का तरीका है। उक्त विचार प्रयोग फाउंडेशन के प्रोजेक्ट ऑपरेशन दंत रक्षक के तहत सरकारी एलीमेंट्री स्कूल बठलाना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इंडियन डेंटल एसोसिएशन मोहाली की पूर्व अध्यक्ष एवं दंत चिकित्स रोमिका वढेरा ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अक्सर विद्यार्थी ब्रश पर अधिक मात्रा में पेस्ट लगाकर करते है। पेस्ट का अधिक इस्तेमाल भी दांतों को कमजोर बनाता है। दांतों की देखभाल के लिए चार से पांच माह के भीतर ब्रश बदलना जरूरी है और सामान्य विद्यार्थी को मटर के दाने की तरह ही पेस्ट लगाना चाहिए।

दांतों की संभाल के लिए दो से तीन मिनट तक दिन में दो बार ब्रश करना जरूरी है। रोमिका वढेरा ने विद्यार्थियों



को ब्रश करने के सही तरीके के बारे में भी बताया। इस अवसर पर प्रयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा दांतों की संभाल के लिए अब तक 48 जागरूकता शिविर तथा कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर जिला यूथ क्लब तालमेल कमेटी के प्रधान हरदीप सिंह बठलाना तथा समाज सेवी पूजा जयसवाल की तरफ से सभी बच्चों को ब्रश तथा पेस्ट मुफ्त वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान ठेकेदार मोहन सिंह, सरपंच हरपाल सिंह, युवाक सेवाएं क्लब के प्रधान सुखवीर सिंह, ज्ञानी निर्मल सिंह, स्कूल अध्यापिका ममता, किरण, पूजा, हरप्रीत समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

## विकसित भारत के विज़न को गति देने के लिए 29वीं पंजाब साइंस कांग्रेस का एसडी कॉलेज में आगाज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब एकेडमी ऑफ साइंसेज, पटियाला के तत्वावधान में ÷कटिंग-एज साइंस एंड टेक्नोलॉजी÷ एक विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना÷ थीम पर आयोजित तीन दिवसीय 29वीं पंजाब साइंस कांग्रेस का उद्घाटन शनिवार को सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में हुआ।

इस प्रतिष्ठित अकादमिक आयोजन में देशभर से एक हजार से अधिक वैज्ञानिक, शिक्षाविद, नीति-निर्माता और युवा शोधार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया गया। पंजाब साइंस कांग्रेस के साथ-साथ कॉलेज परिसर में इनोवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप फेस्ट का भी उद्घाटन किया गया, जिसमें वैज्ञानिक अनुसंधान, स्टार्ट-अप संस्कृति और युवाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों पर विशेष ध्यान दिया गया।




इस आयोजन को इंडिया नेशनल साइंस एकेडमी के चंडीगढ़ चैप्टर का भी सहयोग प्राप्त है।

कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने मंचासीन सभी विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। मंच पर उपस्थित प्रमुख अतिथियों में पंजाब एकेडमी ऑफ साइंसेज के अध्यक्ष डॉ. तरलोक सिंह, पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला के वाइस चांसलर प्रो. जगदीप सिंह, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, शिमला के वाइस-चांसलर प्रो. महावीर सिंह, शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी, फिरोज़पुर के वाइस-चांसलर प्रो. सुरेश शर्मा, आईसीएमआर के मानद एमेरिटस वैज्ञानिक एवं इंडिया नेशनल साइंस एकेडमी के उपाध्यक्ष (आंतरिक मामले) डॉ. नरेंद्र के. मेहरा, शूलिनी यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. पीके खोसला, पंजाब यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस-चांसलप प्रो.आरसी सोबती तथा आईसीएमआर के पूर्व महानिदेशक डॉ. एनके गांगुली शामिल रहे। इसके अतिरिक्त देश-विदेश से आए अनेक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, शिक्षाविद एवं शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### न्यूज़ ब्रीफ

#### लड़का लड़की एक समान बारे लगाया प्रेरणादायक कैंप



**कालका (जग्गी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानकपुर के अंतर्गत आने वाले गांव खोल फतेह सिंह में वर्ष 2025 में आए लड़का लड़की के अनुपात मे आई गिरावट के कारण गांव खोल फतेह सिंह मे एस एम ओ डॉक्टर मनीष गर्ग की अध्यक्षता में एक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के माध्यम से लोगों को बताया गया की लड़की का पैदा होना हमारे समाज को उन्नति की तरफ ले जाने के बराबर है क्योंकि लड़कियों से घरो कि रौनक बढ़ती है। यह लक्ष्मी का रूप है अगर गिरते अनुपात के कारण लड़कियों की संख्या कम रहती है। तो आने वाले समय में लड़कों के लिए बहू कहां से लाओगे जो समाज के लिए एक एक गंभीर समस्या हो सकती है ।इस कैंप में सीएमओ पंचकूला द्वारा लगाई गई ड्यूटी पर आए गुरमीत सिंह हेल्थ इंस्पेक्टर ने भी अपने विचार रखें इस कैंप में सब सेंटर करणपुर के एएनएम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानकपुर के हेल्थ इंस्पेक्टर सुशील कुमार के अलावा गांव के सरपंच पंच और मौजूद सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

#### एमसीएम कॉलेज में माइंडफुलनेस और भावनात्मक संतुलन पर प्रेरक सत्र का आयोजन



**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय की पर्सनैलिटी डेवलपमेंट सेल एवं इक्वल ऑपर्च्युनिटी सेल द्वारा आज के तेज़ रफ्तार वाले परिवेश में छात्राओं के बीच भावनात्मक मजबूती, तर्कसंगत सोच एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'माइंडफुलनेस एंड इमोशनल बैलेंस' विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का संचालन प्रोफट्रेन मेंटर्स, पॉशप्रोप्स ट्रेनर्स एलएलपी तथा पायस फेट्स एंड ट्रेकिंग प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक एवं सीईओ, श्री कंवलजीत सिंह, द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को सफलता के मानवीय पक्ष से परिचित कराया। संवादात्मक चर्चा एवं वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने बताया कि आंतरिक संवाद किस प्रकार तनाव और चुनौतियों के प्रति हमारी प्रतिक्रियाओं को प्रभावित करता है। उन्होंने अविवेकपूर्ण सोच के उन सामान्य पैटर्न्स पर भी प्रकाश डाला जो व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास में बाधा बनते हैं तथा तनाव को बढ़ाते हैं। उन्होंने असफलता के भय पर भी चर्चा करते हुए कहा कि सकारात्मकता एक आदत है, जिसे स्पष्टता, आत्म-जागरूकता तथा अपनी क्षमताओं की पहचान के माध्यम से विकसित किया जा सकता है।

## आंखों से जो उतरी है दिल में जैसे खूबसूरत गीतों से सुरों में भीगी 'वेलेंटाइन संगीत वर्षा'

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** संगीत, प्रेम और सौहार्द के रंगों में सजी 'वेलेंटाइन संगीत वर्षा' क्राओके गायन कार्यक्रम का आयोजन चंडीगढ़ नारी एकता संगठन द्वारा कम्युनिटी सेन्टर, सेक्टर 40ए, चंडीगढ़ में किया गया। संगीतमय माहौल, मधुर स्वरों की बहार और-नृत्य के समावेश ने इस सांस्कृतिक संध्या को श्रोताओं के लिए यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में राजेश कुमारी गणेश ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से किया और खूब प्रशंसा बटोरी। इस दौरान उनके साथ गुरदीप कौर एवं मीनू ने संगत की।



कार्यक्रम की प्रस्तुति गायिका एवं हास्य कलाकार कंचन भल्ला ने दी। उन्होंने सधी हुई गायकी, दिल को छू लेने वाले फिल्मी गीतों और बीच-बीच में हास्य प्रस्तुतियों से सभागार को सुरों और ठहाकों से भर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में कंचन भल्ला की मधुर प्रस्तुति 'आंखों से जो उतरी है दिल में'; दिल है छोटा सा% प्रस्तुत किया,से हुई। इसके बाद उन्होंने एक भजन 'तोरा मन दर्पण कहलाए'; जिसने पूरे वातावरण को सुकून और आत्मीयता से भर दिया।

कार्यक्रम का समापन 'किसी पत्थर की मूरत', 'तुमसे ओ हसीना', 'तेरी रब ने बना दी जोड़ी', 'ए गुलबदन' और 'चलते-चलते मेरे ये गीत'जैसे लोकप्रिय गीतों के साथ हुआ, जिन पर सभागार तालियों की गूंज से भर उठा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद गुरबख्श रावत रहीं वहीं विशेष अतिथि के रूप में स्वर साधना कला फाउंडेशन, कुरुक्षेत्र के डायरेक्टर अशोक राणा; स्वर साधना कला फाउंडेशन, कुरुक्षेत्र के जनरल सेक्रेटरी कुलदीप मलिक की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई।

## बच्ची की मौत के बाद मेयर ने तुरंत बचाव के उपाय करने को कहा

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने मीडिया में आई खबरों के अनुसार, मौली जागरण में एक आठ साल की बच्ची की दुखद मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इलाके में गंभीर सैनिटेशन और पीने के पानी की समस्याओं को दूर करने के लिए तुरंत बचाव के कदम उठाने का आह्वान किया है।

इस घटना को बेहद परेशान करने वाला बताते हुए मेयर ने कहा कि मौली जागरण से आ रही रिपोर्टें एक खतरनाक सार्वजनिक स्वास्थ्य स्थिति को उजागर करती हैं, जिस पर आगे जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। बताया जा रहा है कि इलाके के निवासी लंबे समय से दूषित और अनियमित पानी की सप्लाई, ओवरफ्लो होते सीवेज और खराब सैनिटेशन से संबंधित गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

स्थानीय रिपोर्टों और निवासियों से मिली जानकारी के अनुसार, घरों में गंदा और बदबूदार पानी सप्लाई किया जा रहा है, जबकि कई बार पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद रहती है। इलाके के डॉक्टरों ने भी पीलिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस जैसी पानी से होने वाली बीमारियों में चिंताजनक वृद्धि की बात कही है, जिसमें रोजाना कई नए मामले सामने आ रहे हैं। चिंता की बात यह है कि इलाके के तीनों ट्यूबवेल कथित तौर पर कई दिनों से खराब थे।

मेयर ने कहा कि चंडीगढ़ जैसे शहर के लिए ऐसी स्थितियां स्वीकार्य नहीं हैं और इस बात पर जोर दिया कि सेक्टर 49 और धना जैसे इलाकों से भी इसी तरह की शिकायतें सामने आ रही हैं, जो कमजोर इलाकों में सैनिटेशन और पानी के इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यापक समीक्षा की आवश्यकता का संकेत देती हैं।

## गोकल्याण समिति ने मलोया गोशाला में सुविधाओं की समीक्षा की



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** गौ कल्याण और पशु संरक्षण के उद्देश्य से, गौ कल्याण समिति ने आज मलोया गौशाला का निरीक्षण दौरा किया ताकि मौजूदा सुविधाओं, प्रबंधन प्रथाओं और गौशाला में रखे गए मवेशियों की समग्र भलाई की समीक्षा की जा सके।

दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल में श्री रमेश कुमार, सदस्य, श्री विनोद बंसल, सदस्य, और एमसी अधिकारी डॉ. हिमांशु गुप्ता, संयुक्त आयुक्त, श्री मोहिंदर पाठक, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, इंजीनियरिंग विंग के अधिकारी, नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, साथ ही गौशाला प्रबंधन और कर्मचारी भी मौजूद थे।

यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक द्वारा गठित गौ कल्याण समिति ने 23 जनवरी को अपनी पहली बैठक की, जिसमें शहर भर की किसी भी एक गौशाला का मासिक निरीक्षण दौरा करने और सभी गौशालाओं को कवर करने का निर्णय लिया गया।

## म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट के निपटान का निरीक्षण करने पहुंचे निगम कमिश्नर

आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 के मद्देनज़र कचरा प्रबंधन प्रक्रियाओं की बारीकी से की समीक्षा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला नगर निगम के आयुक्त विनय कुमार ने सैनिटेशन और इंजीनियरिंग टीम के साथ पटवी स्थित कचरा प्रोसेसिंग फैसिलिटी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पंचकूला शहर से एकत्र किए जा रहे म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट के निपटान और उसके वैज्ञानिक उपचार की पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया। यह दौरा स्थायी कचरा प्रबंधन प्रथाओं के प्रति पंचकूला नगर निगम की प्रतिबद्धता और स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 में शहर के प्रदर्शन तथा रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार करने के उसके संकल्प को दर्शाता है।



निगम कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान कचरा प्रोसेसिंग से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। इसमें स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण, फैसिलिटी में मैकेनिकल तरीके से कचरे की छंटाई, बायोडिग्रेडेबल कचरे से खाद निर्माण तथा पुराने प्लास्टिक और अन्य नॉन-बायोडिग्रेडेबल सामग्री जैसे लेगेसी वेस्ट के उपचार की प्रक्रिया शामिल रही। साथ ही प्लांट की ऑपरेशनल दक्षता, पर्यावरण संरक्षण उपायों और निर्धारित मानकों के अनुपालन की भी बारीकी से जांच की गई। आयुक्त ने कचरा पृथक्करण की दक्षता को और सुदृढ़ करने, खाद की गुणवत्ता में सुधार, प्लास्टिक और अन्य बेकार कचरे की वैज्ञानिक हैंडलिंग सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 के दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्यूमेंटेशन, प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और परिणाम-आधारित प्रदर्शन पर विशेष जोर दिया, जो स्वच्छ सर्वेक्षण के मूल्यांकन में प्रमुख मानक माने जाते हैं।

यह दोहराया गया कि कुशल कचरा प्रोसेसिंग और स्वच्छ सर्वेक्षण के मानदंडों का सख्त अनुपालन पंचकूला की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के लिए सबसे अहम घटकों में शामिल है। आयुक्त ने शहरी स्वच्छता के उच्च मानक हासिल करने के लिए सतत निगरानी, समयबद्ध सुधारात्मक कदमों तथा नगर निगम और फैसिलिटी ऑपरेटर के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आसाम में मां कामाख्या और विश्व के सबसे ऊंचे शिवलिंग के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में धार्मिक स्थलों का संरक्षण और विकास नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है: मोहन लाल बड़ौली

पदाधिकारियों के साथ काजीरंगा नेशनल पार्क और चाय बागानों का भी अवलोकन किया

काजीरंगा नेशनल पार्क भारत की प्राकृतिक विरासत का गौरव है

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठों में प्रमुख कामाख्या धाम के दर्शन किए। वहीं उन्होंने नागांव में स्थित 126 फीट ऊंचे विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग वाले महा महामृत्युंजय मंदिर के दर्शन भी किए। उन्होंने माँ कामाख्या और बाबा भोले नाथ से हरियाणावासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने काजीरंगा नेशनल पार्क में प्राकृतिक विरासत तथा चाय के बागानों में प्राकृतिक सुंदरता और उद्योग का भी अवलोकन किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले एक दशक से अधिक के कार्यकाल में भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को मजबूत, सजीव और वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। मोदी सरकार का उद्देश्य आधुनिकीकरण के साथ-साथ प्राचीन सांस्कृतिक जड़ों को संरक्षित और पुनर्जीवित करना है। बड़ौली ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धार्मिक स्थलों का संरक्षण और विकास नई ऊँचाइयों पर पहुंच रहा है।

बड़ौली ने विश्वविख्यात काजीरंगा नेशनल पार्क की जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यटन विकास के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण और इको-टूरिजम को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार निरंतर कार्य कर रही है। यह पार्क भारत की प्राकृतिक विरासत का गौरव है।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष बड़ौली के साथ प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, सोनीपत भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, विधायक रणधीर पणिहार, दीपक निवास हुड्डा, हरविंद कोहली सहित पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन और आत्मविश्वास का होना आवश्यक: कृष्णा गहलावत

पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुंडली के वार्षिक समारोह में पहुंचीं विधायक कृष्णा गहलावत, विद्यार्थियों को किया प्रेरित

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



राई । पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुंडली में आयोजित वार्षिक समारोह में राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विधायक ने स्कूल में बने दो कमरों का भी उद्घाटन किया । कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक का स्टाफ स्वागत किया गया। विधायक कृष्णा गहलावत ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि विद्यार्थी देश और समाज का भविष्य हैं। शिक्षा के माध्यम से ही एक सशक्त, संस्कारवान और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन और आत्मविश्वास का होना भी आवश्यक है। यदि विद्यार्थी इन गुणों को अपने जीवन में अपनाते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

विधायक ने कहा कि सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। पीएम श्री विद्यालय योजना के माध्यम से सरकारी स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को समान अवसर मिल सकें। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। राई ब्लॉक की खंड शिक्षा अधिकारी उषा नैन ने इन प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नांगल, विद्यालय प्रधानाचार्य शीला, जगबीर शेरावत, शिमला देवी ( नपा अध्यक्ष, कुंडली), विनोद खत्री, राजेश खराब, प्रवीण पार्षद, प्रदीप, रोहित, घनश्याम सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अवैध कॉलोनी पर डीटीपी का पीला पंजा, 24 एकड़ में बने निर्माण ध्वस्त



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। अवैध कॉलोनी पर शनिवार को जिला योजनाकार विभाग ने कार्रवाई की। वहां पर 24 एकड़ जमीन पर अवैध रूप से कॉलोनी काटी जा रही थी। टीम ने पीला पंजा चलाते हुए वहां पर बनी कच्ची सड़कें व अन्य निर्माण तोड़ा। डीटीपी अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं। डीटीपी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी अवैध कॉलोनी के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिले के सभी क्षेत्रों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी विकसित करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

# एमडीएन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर रचा इतिहास



प्रबंधक समिति ने होनहारों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल। एमडीएन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर विद्यालय, जिला एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। आगरा स्थित आर्य भट्ट स्कूल में आयोजित 8वीं राष्ट्रीय स्तरीय रोलर स्केटिंग बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय के तीन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं के छात्र चेतन, कक्षा चौथी की छात्रा पन्वी तथा कक्षा तीसरी की छात्रा समीक्षा ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता से विजयी होकर विद्यालय आगमन पर छात्रों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, मैनेजर गौरव गर्ग एवं प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक ने छात्रों को सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने विद्यार्थियों की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह जीत विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। हमारे छात्र आज यह सिद्ध कर रहे हैं कि सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण मिलने पर वे किसी भी मंच पर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय के मैनेजर गौरव गर्ग ने कहा कि विद्यालय सदैव खेलों को शिक्षा का अभिन्न अंग मानता है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं बल्कि नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क और आत्मबल भी बढ़ाते हैं। विशेष रूप से कोच नवजोत के मार्गदर्शन की प्रशंसा की गई जिनके कुशल प्रशिक्षण और निरंतर प्रोत्साहन से विद्यार्थी इस मुकाम तक पहुंचे।

# विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट से ही करें सम्पर्क: नीतीश अग्रवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र। शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रेवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। कुरुक्षेत्र पुलिस ने वीजा के नाम पर धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर लोगों को जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की है।

जिला पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की गई है। एसपी नीतीश अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा के काफी लोगों की विदेश जाने की इच्छा होती है। लोगों की इच्छा का फायदा उठाकर फर्जी ट्रेवल एजेंट वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के द्वारा लोगों से सम्पर्क करते हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित नकली यात्रा विज्ञापनों के माध्यम से एजेंट पीड़ितों को अपने झांसे में फंसा लेते हैं।

एजेंटों द्वारा तरह-तरह के लालच देकर पैसे हड़प लिए जाते हैं। बहुत से मामलों मे ये एजेंट आम लोगों को अवैध तरीके से सीमावर्ती दूसरे देशों में भेज देते हैं और वहा से जगंलो, समुन्द्री रास्तों, सड़क मार्ग द्वारा पैदल नावों, कन्टैनरों द्वारा गैर कानूनी तरीके से सीमा पार करवाते हैं।

# प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा की अगुवाई में मड़वाल के किसानों ने थामा इनेलो का दामन

**रामपाल माजरा बोले-इनेलो ने हमेशा लड़ी किसान, मजदूर व व्यापारी के हकों की लड़ाई**



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल। इंडियन नेशनल लोकदल को उस समय बड़ी मजबूती मिली जब गांव मड़वाल के जोगा सिंह, हीरा सिंह, काला सिंह और सुखविंदर सिंह सहित कई किसानों ने इनेलो की नीतियों में आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इन सभी ने कैथल में इनेलो प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव चौधरी रामपाल माजरा के नेतृत्व में इनेलो परिवार का दामन थामा। प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने नए सदस्यों का पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामपाल माजरा ने कहा कि इनेलो हमेशा से किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी और आम आदमी के हक़ की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग परेशान है और प्रदेश की जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में इनेलो एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरेगी। चौधरी रामपाल माजरा ने कहा कि गांव मड़वाल से किसानों का इनेलो में शामिल होना यह दर्शाता है कि किसान वर्ग और सिख समाज पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर भरोसा जता रहा है। उन्होंने नए साथियों से आह्वान किया कि वे संगठन को बूथ और गांव स्तर पर मजबूत करें तथा पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। पार्टी में शामिल हुए किसानों ने कहा कि इनेलो की विचारधारा, चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के संघर्ष और चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व से प्रेरित होकर उन्होंने पार्टी ज्वाइन की है।


## सार्वजनिक सूचना

मैं, जतिन पुत्र अवतार चंद संपति के संबंध में मालिक हूं। property i.e., House having PID No. 7GWN66B6, Part of bearing Khewat no. 2, Khasra No. 5//22, 23, 8//1/2, 2, 3/1, 9/2, 10/1 and Khewat no. 3, Khasra No. 5//18, 19/2/2, measuring 0K-7.01M (205.620 sq. yards), situated at Ram Colony Ext. Mahendragarh Tehsil and District Mahendragarh as per Transfer Deed No. 4373 dated 05.01.2026. मैंने महेंद्रगढ़ में कहीं भी बिक्री विलेख संख्या 1335 दिनांक 03.07.2019, हस्तांतरण विलेख संख्या 1183 दिनांक 29.06.2015, बिक्री विलेख संख्या 3002 दिनांक 17.10.2007 को खो दिया है। महेंद्रगढ़ में एक डीडीआर नंबर 132330472600106 भी पंजीकृत है। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैंने उक्त संपति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। यदि किसी को इस संपति में कोई समस्या मिलती है, तो कृपया इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591, सेक्टर 16-17, हिसार से संपर्क करें।

AP-7837

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत [illegible], खंड थानेसर में [illegible] पुरानी पाल चौपाल की बिल्डिंग की खुली बोली दिनांक 12.02.2026 को सुबह 11:00 बजे गांव [illegible] के सरकारी स्कूल में होनी निश्चित हुई है। इच्छुक व्यक्ति मौके पर आ कर बोली में भाग ले सकते हैं। निर्धारित शर्तें उक्त स्थान पर बताई जाएंगी। [illegible]

[illegible]

AP-7834

## सार्वजनिक सूचना

मैं दीपक कुमार पुत्र स्व. श्री श्यामसुंदर पुत्र श्री सलामतराम निवासी दुर्गा कॉलोनी हांसी तहसील हांसी जिला हिसार बयान करता हूं कि नगर परिषद हांसी असेसमेंट रिकॉर्ड के अनुसार प्रॉपर्टी ID 3GP81J48 जिसका वाका दुर्गा कॉलोनी हांसी तहसील हांसी जो लाल डोरा के अंदर है। जिसका कुल रकबा 123.67 वर्ग गज के जिसके वाहिद मलिक व काबिज मेरे पिता श्यामसुंदर पुत्र श्री सलामतराम है। मेरे पिता श्यामसुंदर पुत्र श्री सलामतराम का देहांत दिनांक दिनांक 03-08-2025 को हो चुका है इनके देहांत के बाद इनके निम्नलिखित वारिश हैं:- 1 राजरानी (पत्नी), 2. दीपक कुमार ( पुत्र)। अगर इससे संबंधित किसी आमजन को कोई ऐतराज है तो वह अपना एतराज 30 दिन के अंदर दर्ज करवा सकता हैं।

शपथकार

AP-7833

## सार्वजनिक सूचना

डा. भीमराव अंबेडकर भवन एवं शिक्षा संस्थान, खरखौदा (रजि. 771) के सभी पुराने आजीवन सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि वह अपने सदस्यता फार्म को भरकर दो पासपोर्ट फोटो व आधार कार्ड की प्रति के साथ 20 फरवरी 2026 से पहले संस्था कार्यालय, संत रविदास मंदिर, खरखौदा में जमा कराने का कष्ट करें, ताकि उनकी सदस्यता को पुनः बहाल किया जा सके । सदस्यता फार्म को कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस पर प्राप्त किया जा सकता है। संपर्क सूत्र

प्रधान रामकला मेहरा-9467575132

महासचिव रामकंवार सिंहमार-9871132854

AP-7830

## शुद्धिपत्र

प्रशासनिक कारणों के चलते एनआईटी सं. LMG/Engg/07 of 2026 दिनांक: 02-02-2026 के विरुद्ध परिवर्तन किये जाने समान प्रकृति के कार्य में निम्नानुसार संशोधित किया गया है।

निविदा सूचना सं. LMG/Engg/07 of 2026; दिनांक: 02-02-2026

| मौजूदा | इस रूप में पढ़ा जाना चाहिए |
|---|---|
| कार्य का नाम: एडीईएन/II/लामडिंग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत दो मंजिला 1600 वर्गमीटर का नया प्रशासनिक ब्लॉक कार्यालय भवन तथा सीओ कक्ष, 04 एसी कक्ष इत्यादि का प्रावधान एवं सीनि. डीईएन/IV/लामडिंग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत और ओपीएल 1 के भीतर मौजूदा भवनों में से एक के लिए कक्ष का प्रावधान, जिसमें शौचालय, चारदीवारी और ओपीएल 1 में कनेक्टिंग रोड का नवीनीकरण शामिल हैं। | कार्य का नाम: एडीईएन/II/लामडिंग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत दो मंजिला 1600 वर्गमीटर का नया प्रशासनिक ब्लॉक कार्यालय भवन तथा सीओ कक्ष, 04 एसी कक्ष इत्यादि का प्रावधान एवं सीनि. डीईएन/IV/लामडिंग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत लामडिंग में ओपीएल 1 के भीतर मौजूदा भवनों में से एक के लिए कक्ष का प्रावधान, जिसमें शौचालय, चारदीवारी और ओपीएल 1 में कनेक्टिंग रोड का नवीनीकरण शामिल है। |

कार्य का नाम और अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।


मंडल रेल प्रबंधक ( कार्य ), लामडिंग

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-7827

## सार्वजनिक सूचना



**श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ के समक्ष।**

विषय:- स्व. श्री जुझार सिंह की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर 50.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 2307-पी, सेक्टर 44-सी, चंडीगढ़ (एलआरपी 2426) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्री जुझार सिंह 50.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 2307-पी, सेक्टर 44-सी, चंडीगढ़ के स्वामी हैं।

अजैब सिंह सैनी, द्रविंदर सिंह, मनजीत कौर द्वारा सूचित किया गया है कि श्री जुझार सिंह की 27.11.2023 को मृत्यु हो गई है तथा उन्होंने मृतक स्वामी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:-(1) मनजीत कौर-पत्नी, (2) अजैब सिंह सैनी-पुत्र, (3) द्रविंदर सिंह-पुत्र

अब, अजैब सिंह सैनी, द्रविंदर सिंह, मनजीत कौर ने बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने पक्ष में स्व. श्री जुझार सिंह द्वारा आयोजित 50.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 2307-पी, सेक्टर 44-सी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें। यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित कर दी जाएगी एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नहीं होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए।**

AP-7836

## COURT NOTICE

**(U/s 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF**
**Ms. Lavleen Sandhu**
**Civil Judge Junior Division 2, Moga**

**Beant Singh**
**Vs**
**Chhinderpal Kaur**

CNR No. PBMO02-002649-2025
Next Date:- 19-02-2026

**PUBLICATION ISSUED TO:**
**Chhinderpal Kaur**
**Spouse: Paramjit Singh son of Phula Singh Village Charik, District Moga, Punjab-142001**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 19-02-2026 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=moga court.

**Civil Judge Junior Division-2, Moga**

Dated, this day of 07-02-2026

AP-7829

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS आज ही बुक करें PH.: 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** साजिदा सरोये पुत्री स्व. शफी मोहम्मद निवासी फ्लैट नंबर 168 ए, ग्राउंड फ्लोर, प्लैटिनम होम्स, ओल्ड अंबाला रोड, डीपीएस स्कूल के पास, सनौली, जीरकपुर, बलटाना, डाकघर- बलटाना, जिला- एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब- 140604 मैंने अपना नाम साजिदा सरोये से बदलकर साजिदा रख लिया है।
एपी-7825

**मैं,** तबस्सुम पत्नी मो. इरफान अख्तर खान ( Md. Irfan Akhtar Khan) निवासी मकान नंबर 139 सेक्टर 42-ए चंडीगढ़ ने अपना नाम तबस्सुम से बदलकर तबस्सुम अख्तर कर लिया है।
एपी-7835

**मैं,** हीरा देवी पत्नी राजेन्द्र पाल गांव पंजैहरा उप तहसील पंजैहरा जिला सोलन हिमाचल प्रदेश बयान करती हूं कि मेरा नाम पंचायत रिकोर्ड ओर वोटर कार्ड हीरा देवी दर्ज हैं जो कि सही हैं मेरा नाम आधार कार्ड में मनप्रीत कौर है जो कि गलत है। मेरा सही नाम हीरा देवी है ओर आधार कार्ड पर भी हीरा देवी किया जाए ।
एपी-7828

**मैं,** सुषमा कुमारी, पुत्री श्री मित्तर सिंह, निवासी गांव जार ट्राबिल (95), डाकघर जरग, तहसील रेणुकाजी, जिला सिरमौर (हि.प्र.) 173022, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम 'शुशामा' (पुराना नाम) से बदलकर 'सुषमा कुमारी' (नया नाम) कर लिया है। सभी संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-7832

**मैं,** संगीता पत्नी सुमित मदोत्रा, निवासी मकान नंबर 220, बहलाना, चंडीगढ़, ने अपना नाम संगीता से बदलकर संगीता मदोत्रा रख लिया है।

**मैं,** सुमित कुमार पुत्र रघुबीर सिंह, निवासी मकान नंबर 220, बहलाना, चंडीगढ़, ने अपना नाम सुमित कुमार से बदलकर सुमित मदोत्रा रख लिया है।

**मैं,** परदुमन, पुत्र अभिमन्यु सिंह, मकान नंबर 76, ग्राम झनझेडी, जिला एसएएस नगर, मोहाली, पंजाब का निवासी, ने अपना नाम बदलकर परदुमन सिंह कर लिया है।

**मैं,** अभिमन्यु पुत्र धरमबीर निवासी मकान नंबर 36, ब्लॉक 2 और 3, ग्राम अराईपुरा, तहसील घरौंडा, करनाल, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर अभिमन्यु राजपूत कर लिया है।

**मैं,** अवधेश कुमार पुत्र छोटे लाल निवासी मकान नंबर 171, सेक्टर 52, कजहेड़ी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर अवदेश कुमार रख लिया है।

**मैं,** परबीना रानी पत्नी परदुमन सिंह निवासी मकान नंबर 76, गांव झनझेडी जिला एसएएस नगर मोहाली पंजाब ने अपना नाम बदलकर बीना रख लिया है।

**मैं,** अवधेश कुमार पुत्र छोटे लाल निवासी मकान नंबर 171, सेक्टर 52, कजहेड़ी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर अवदेश कुमार रख लिया है।

**मैं,** परबीना रानी पत्नी परदुमन सिंह निवासी मकान नंबर 76, गांव झनझेडी जिला एसएएस नगर मोहाली पंजाब ने अपना नाम बदलकर बीना रख लिया है।

**मैं,** अमृतपाल सिंह सुपुत्र शिंगारा सिंह, पासपोर्ट नंबर C7477420, आधार नंबर 860774676581, निवासी मकान नंबर 44, न्यू पुलिस लाईन, सेक्टर 26, चंडीगढ़ 160019, ने अपना नाम अमृतपाल सिंह से बदलकर अमृतपाल सिंह बराड़ रख लिया है।
एपी-7836

**मैं,** सुरजीत सिंह गुलेरिया पुत्र श्री प्रकाश चंद निवासी 102, इंडेप डुप्लेक्स, गुलमोहर सिटी एक्सटेंशन, डेरा बस्सी, डाकघर- डेराबस्सी, जिला एसएएस नगर (मोहाली), कि मेरा नाम सुरजीत सिंह गुलेरिया से बदलकर सुरजीत गुलेरिया हो गया है।

**मैं,** Harisharn Bathla पुत्र Sant Lal Bathla निवासी # 105/6, Sadhu Mandi, Near Police station, Dera Kalan Thanesar (Part) 379, कुरुक्षेत्र हरियाणा, ने अपना नाम Harisharn Bathla से बदलकर Harisharan Bathla रख लिया है।

**मैं,** सुखबीर सुपुत्र श्री अमर सिंह,गाँव स्टारी, डाक खाना जागद्योली, तह. जगाधरी जिला यमुना नगर, हरियाणा (भारत) निवासी ने अपना नाम सुखबीर से बदल कर सुखबीर सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे सुखबीर सिंह के नाम से पहचाना जाना जाए।
एपी-7837

**मैं,** ईशा सरीन पुत्री अरुण कुमार पत्नी गीतांश मलिक, निवासी # 1334 सिल्वरटोन सोसाइटी सेक्टर 48-बी चंडीगढ़, ने विवाह के बाद अपना नाम ईशा सरीन से बदलकर ईशा मलिक रख लिया है।
एपी-7840

**मैं,** महेश्वरी सैन्य संख्या- 18000972एच रैंक नायक नाम- प्रभु ई की मां हुं जो वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 3 कुमारसामी स्ट्रीट, अरकोट तालुका, तिमिरी, डाकघर- तिमिरी, जिला- वेल्लोर, राज्य- तमिलनाडु, पिन- 632512 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम महेश्वरी से बदलकर मागेश्वरी कर लिया है साथ ही अपनी जन्मतिथि 16/04/1967 से 18/10/1971 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या-11AA217118, दिनांक- 07/02/2026

**मैं,** एथिराज सैन्य संख्या- 18000972एच, रैंक नायक नाम- प्रभु ई का पिता हुं जो वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 3 कुमारसामी स्ट्रीट, अरकोट तालुका, तिमिरी, पोस्ट ऑफिस- तिमिरी, जिला- वेल्लोर, राज्य- तमिलनाडु, पिन- 632512 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम एथिराज से बदलकर एस एथिराज सुब्रामणि कर लिया है और मैने अपनी जन्मतिथि भी 18/10/1955 से 10/05/1950 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या-11AA217119, दिनांक- 07/02/2026

**मैं,** श्रीमती सुनीता सैन्य संख्या- जेसी-355450W, रैंक- सूबेदार/डीएसवी, नाम- संजय तुकाराम दबडे की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में यूनिट- 105 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थाई पता- गांव- म्हासुरने, म्हासुरने, सातारा, राज्य- महाराष्ट्र, पिन- 415538 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम श्रीमती सुनीता से बदलकर सुनीता संजय दबडे कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA217115, दिनांक- 07/02/2026

**मैं,** सैन्य संख्या- जेसी-355450W रैंक- सूबेदार/डीएसवी नाम- संजय तुकाराम दबडे वर्तमान में यूनिट- 105 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात हुं स्थाई पता- गांव- म्हासुरने, म्हासुरने, सातारा, राज्य- महाराष्ट्र, पिन-415538 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम भूमिका से बदलकर भूमिका संजय दबडे कर दिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 217116, दिनांक- 07/02/2026

**मैं,** सैन्य संख्या- जेसी-355450W रैंक- सूबेदार/डीएसवी नाम- संजय तुकाराम दबडे वर्तमान में यूनिट- 105 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात हुं स्थाई पता- गांव- म्हासुरने, म्हासुरने, सातारा, राज्य- महाराष्ट्र, पिन-415538 घोषणा करता हूं कि मैंने अपने बेटे का नाम दक्ष से बदलकर दक्ष संजय दबडे कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 217117, दिनांक- 07/02/2026

**मैं,** लक्ष्मी बाई, सैन्य संख्या- 18000748W रैंक हवलदार नाम- वाजे उमेश शांताराम की मां हुं जो वर्तमान में यूनिट- 70 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 99 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 172, वाजे वाडी, उंदेरी, उंदेरी, रायगड, महाड, महाराष्ट्र, 402301 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम लक्ष्मी बाई से बदलकर लक्ष्मीबाई शांताराम वाजे कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA217110, दिनांक- 07/02/2026

**मैं,** संतराम, सैन्य संख्या- 18000748W रैंक हवलदार नाम- वाजे उमेश शांताराम का पिता हुं जो वर्तमान में यूनिट- 70 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 99 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 172, वाजे वाडी, उंदेरी, उंदेरी, रायगड, महाड, महाराष्ट्र, 402301 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम संतराम से बदलकर शांताराम सदानंद वाजे कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA217112, दिनांक- 07/02/2026

**मैं,** सुनीता सैन्य संख्या- 18000748W रैंक हवलदार नाम- वाजे उमेश शांताराम की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में यूनिट- 70 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 99 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 172, वाजे वाडी, उंदेरी, उंदेरी, रायगड, महाड, महाराष्ट्र, 402301 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम सुनीता से बदलकर सुनीता उमेश वाजे कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA217114, दिनांक- 07/02/2026

I, STANZIN DOLMA am Legally Wedded Spouse of Army No 9927943M Rank- L/Hav Name: Tsering Namgial Presently Posted At Unit: 5 Ladakh Scouts C/O 56 Apo Permanent Address: Jakrong Pa, Snoring, Nubra, Sumoor, Leh, Jammu And Kashmir-194401 declare that in my Husband Service record my Date of birth is Wrongly mentioned as 15/03/1987 but in Civil/ Govt. Documents my Correct Date of birth is 15/03/1989. Vide Affidavit No: 11AA 217120, Dated; 07/02/2026
एपी-7838

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अंजू पत्नी श्री सुरजीत सिंह, निवासी ग्राम खलीला प्रहलादपुर, दीवाना जिला पानीपत (हरियाणा) अपने लड़के सुमित एवं सारिका मलिक सरकार को उनके आचरण के कारण अपनी चल व अचल संपत्ति से पूर्णतः बेदख़ल करती हूँ। भविष्य में इनके साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन करने पर उसकी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की स्वयं की होगी। इनके किसी भी कानूनी या गैर-कानूनी कार्य के लिए मैं अथवा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।
एपी-7831

**मैं,** राजेश कुमार पुत्र श्री बनारसी दास निवासी #1161/1 ब्लॉक-सी, राजीव कॉलोनी सेक्टर-17 पंचकूला हरियाणा, मेरा पुत्र रोहित कुमार सैनी मेरे कहने से बाहर है। मैं इसे अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूँ। इसके साथ लेन-देन करने वाले खुद जिम्मेवार होंगे।

हम धन प्रकाश पुत्र श्री नंदू राम और श्रीमती चंदर वती पत्नी श्री धन प्रकाश निवासी फ्लैट नंबर 402, सालसर एन्क्लेव जीएच-17 सेक्टर-27 पंचकुला हरियाणा घोषणा करते हैं कि हमारा पुत्र योगेश कुमार कुलदीर हमारे नियंत्रण से बाहर है। इसलिए हम उसे अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। उससे लेन-देन करने वाला कोई भी व्यक्ति अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर ऐसा करेगा। हम उसकी दीवानी, आपराधिक और वित्तीय देनदारियों के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
एपी-7837

## खोया और पाया

**मैं,** परवीन गोयल s/o सुरेन्द्र गोयल निवासी 28 ए गली वाटर हाउस के पास चमन गार्डन करनाल हरियाणा सूचित करता हूं कि मेरे द्वारा एच एस आई डी सी सैक्टर 03 में प्लाट नंबर 217 और 218 का अलाटमेंट रेगुलर लेटर क्रमांक के पी एल 20023762 सैक्टर 13 में 03 फरबरी 2026को गुम हो गई। यदि यह दस्तावेज किसी को भी मिले वह उपरोक्त पते पर मुझे भिजवाए उचित पुरस्कार दिया जायेगा।
एपी-7826

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# देश का 36 प्रतिशत दूध उत्पादन कर रहा हरियाणा : राजीव रंजन सिंह

## हरियाणा नस्ल की गाय ने पूरी दुनिया में विख्यात होकर प्राप्त की ख्याति, नस्ल सुधार के लिए पशुओं में लगाई जिनोमिक चिप

अर्थप्रकाश/राजकुमार वालिया/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 7 फरवरी।** केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी और पंचायती राज्यमंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि हरियाणा नस्ल की गाय ने पूरी दुनिया में विख्यात होकर ख्याति प्राप्त की है। दूध उत्पादन में भी हरियाणा प्रदेश अपनी अग्रणिय भूमिका निभा रहा है। देश के कुल दूध उत्पादन का 36 प्रतिशत यानी करीब 125.42 लाख मिलियन दूध हरियाणा प्रदेश में उत्पादन हो रहा है। प्रदेश सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि वो प्रत्येक गांव में सहकारी समितियां खोलकर पशुपालकों का लाभ दें। दूध के निर्यात को बढ़ाने में सहकारी समिति अच्छी भूमिका निभा सकते हैं।

केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी और पंचायती राज्य मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह शनिवार को केडीबी मेला ग्राउंड में आयोजित 41वें राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन ने मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान पशुपालकों से बातचीत की और कैटवॉक के दौरान अच्छी नस्ल के पशुओं का प्रदर्शन देखा। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की भूमि पर आयोजित इस मेले में प्रदेशभर से अच्छी नस्ल के पशुओं को लेकर पशुपालक पहुंचे हैं। यहां के पशुपालकों में पशुओं के प्रति काफी प्यार -प्रेम देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि देश के करीब 10 करोड़ नागरिक की आजीविका पशुधन के क्षेत्र पर निर्भर है। इसी क्षेत्र ने महिलाओं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि डेयरी के विकास के लिए केंद्र सरकार ने कई प्रकार की योजनाएं चलाई हुई हैं। केंद्र की तरफ से आने वाले समय में और योजनाओं को भी शामिल किया जाएगा। इस समय 19 लाख करोड़ रुपए का बाजार किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में देश में दूध का कुल उत्पादन 146.3 मिलियन टन होता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पशुपालकों की चिंता व्यक्ति की और इस क्षेत्र की तरफ पूरा ध्यान दिया। कृषि विभाग से अलग करके पशुपालन विभाग का अलग मंत्रालय बनाया गया, ताकि पशुपालन के क्षेत्र को ऊंचाइयों तक लेकर जाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से अब देश में दूध उत्पादन 248 लाख मिलियन टन पर पहुंच गया है। इस बंपर उत्पादन के साथ भारत विश्व में सबसे ज्यादा मात्रा में दूध का उत्पादन करने वाला देश बन गया है। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को पूरा करने में पशुपालक अपनी अहम भूमिका अदा करेंगे।

इस मौके पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग, केंद्रीय आयुक्त डा. नवीना महेश्वरप्पा, महानिदेशक डा. प्रेमचंद, ज्वाइंट डायरेक्टर डा. धर्मेंद्र, डा. पुनीता, उप निदेशक डा. अनिल बनवाला, महिला जिलाध्यक्ष वंदना गौरी, योगी राज, अनिल शास्त्री, गुरदयाल सुनेहड़ी, अनु माल्याण, ऋषिपाल मथाना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### नस्ल सुधार के लिए पशुओं में लगाई जिनोमिक चिप

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि पशुओं की नस्ल सुधार के लिए पशुपालन विभाग कुछ पशुओं में जिनोमिक चिप लगा रहे हैं। ये चिप समय समय पर पशुओं में होने वाली बीमारियों व अन्य परिवर्तनों की जानकारी देती है। इस चिप के माध्यम से ही वैज्ञानिक शोध करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने एनडीएलएम कार्यक्रम चलाया हुआ है। इस कार्यक्रम के तहत एफएमडी टीका पशुओं को दिया जा रहा है। प्रदेश में इन वैक्सीन को केंद्र सरकार की तरफ से मुफ्त में मुहैया करवाया जा रहा है। इसके अलावा करीब 70 मोबाइल वेटनरी क्लीनिक हरियाणा में चलाए हुए हैं।

### जिस देश के किसान मजबूत, वहां की राजनीति होती है उतनी ही मजबूतः रामकुमार कश्यप

चीफ व्हिप एवं विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि जिस देश के किसान मजबूत होते हैं वहां की राजनीति उतनी ही मजबूत होती है। प्रदेश व देश की सरकार लगातार किसानों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। किसानों और पशुपालकों को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ने कई प्रकार की योजनाएं भी चलाई हुई हैं, जिनका पशुपालक वर्षभर लाभ उठा सकता है। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की में किसानों का अहम योगदान रहा है। सरकार की योजना के अनुसार 1, 4 व 10 पशुओं से डेयरी की शुरुआत की जा सकती है। पशुपालकों को अलग-अलग योजना में 25 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा युवाओं के रोजगार शुरू करने के लिए ऋण के लिए भी योजनाएं बनाई गई हैं।

# अंबाला से हवाई सफ़र का रास्ता अभी दूर : सांसद वरूण चौधरी

अंबाला सिविल हवाई अड्डे को लेकर सांसद ने लोकसभा में मांगी जानकारी

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक



**मुलाना, 7 फरवरी।** अंबाला लोकसभा सांसद वरूण चौधरी ने लोकसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से अंबाला सिविल हवाई अड्डे की निम्न जानकारियों जानने को लेकर सवाल लगाया। जिसमें टर्मिनल भवन का निर्माण को लेकर निर्धारित हवाई अड्डा नियामक मानदंडों के अनुसार किया गया है और यदि हां, तो टर्मिनल भवन की यात्री संचालन क्षमता सहित उसका विवरण प्रस्तुत करने व क्या राज्य सरकार ने हवाई अड्डे के लाइसेंस के लिए आवेदन किया है और यदि हां,तो उक्त लाइसेंस प्रदान करने की अपेक्षित समय सीमा, वाणिज्यिक विमानों के लिए उपलब्ध रनवे की अंतिम संख्या एवं वह समय जिसके भीतर अंबाला सिविल हवाई अड्डे के चालू होने की संभावना तथा अंबाला सिविल टर्मिनल भवन में तैनात कर्मियों की कुल संख्या और पदक्रम सहित उड़ानों के संचालन के लिए अभी भी लंबित बुनियादी ढांचागत कार्यों का विवरण को लेकर जानकारी मांगी।

सांसद वरूण चौधरी के सवाल पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहल ने जानकारी देते हुए बताया कि अंबाला हवाई अड्डा भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के स्वामित्व में है, जहां हरियाणा सरकार एक नागरिक एन्क्लेव विकसित कर रही है। हवाई अड्डे को उड़ान योजना के तहत विकास के लिए चिन्हित किया गया था और इसके विकास के लिए 25 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। 17.03.2025 के संचालन एवं रखरखाव समझौते के अनुसार, अंबाला हवाई अड्डे के संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी एएआई की है। उड़ान 4.2 के तहत, ऋष्ट्स मार्ग अंबाला-श्रीनगर-अंबाला का संचालन 19 सीटों वाले विमान के साथ फ्लाईबिग को आवंटित किया गया था। अब यह मार्ग स्काइशॉप एविएशन प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का कराटे में शानदार प्रदर्शन




**रादौर (अप्रस/योगेश)।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर परचम लहराया। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ड्रैगन मार्शल आर्ट अकादमी अंबाला की ओर से इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप आयोजित की गई। जिसमें ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने 11 स्वर्ण, 12 रजत व 6 कांस्य पदकों के साथ कुल 29 पदक जीतकर अंडर 14 ट्रॉफी जीती। पदक जीतने वाले खिलाडियों में शिवांश, यश, मोहित, मनन, चेष्टा, एरिक, कुणाल, युवराज, भगत राम, मयंक व सार्थक ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं अन्वी, जगदीप, अयांश, परीक्षा, मन्नत, माणिक, गुरनूर, कविश, राहिल, दिग्विजय, मनन व दिग्विजय ने रजत पदक हासिल किया। माही, स्नेहा, पीहू, पार्थ, राम्या, मनन ने कांस्य पदक जीता। स्कूल में पहुँचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया व उन्हें पुरस्कार दिए गए। प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने कहा कि स्कूल में शैक्षिक अध्ध्यन के साथ बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खेलकूद, मानसिक विकास के लिए आर्ट एवं क्राफ्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर बच्चों को प्रतिभागिता हमेशा कराई जाती रहेगी।

### छात्राओं के लिए महिला सुरक्षा पर व्याख्यान आयोजित



**रादौर (अप्रस/योगेश)।** शहर के मुकंदलाल नैशनल कॉलेज में शनिवार को महिला प्रकोष्ठ की ओर से छात्राओं के लिए महिला सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता रादौरी के सरकारी कॉलेज की प्रो. डा.रिंकू शर्मा रही। डॉ. माला शर्मा ने उनका स्वागत किया। वहीं छात्राओं से अपील की कि वो इस व्याख्यान को ध्यानपूर्वक सुनें। जिससे की आप सुरक्षित रह सकें। मुख्य वक्ता डॉ. रिंकू शर्मा ने महिलाओं के ऊपर दिन प्रतिदिन हो रहे उत्पीडन् और अत्याचारों के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं को बहुत से ऐसे मामले बताए जिनमे महिलाओं पर बहुत अत्याचार हुआ है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से लड़कियों को अपने ऊपर होने वाले अत्याचारों को चुपचाप सहन नही करना चाहिए, बल्कि उसके खिलाफ़ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने छात्राओं की सुरक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न ऐप्स के बारे में बताया। साथ ही छात्राओं से 112 जैसी ऐप मोबाइल फोन में डाउनलोड करवाई, ताकि कभी भी किसी छात्रा के साथ कोई ऐसी घटना न हो। इसी बीच डॉ. रिचा सीकरी ने कहा कि जागरूक होना हमारी सुरक्षा को दर्शाता है और दूसरों को जागरूक करना हमारे नैतिक मूल्यों को दर्शाता है। इस अवसर पर डॉ. नवीन भारद्वाज, प्रो पूजा वर्मा, प्रो पिंकी रानी, प्रो जयचंद, प्रो बंटी कुमार, प्रो सिमरन आदि मौजूद रहे।

### दहेज से संबंधित शिकायतों हेतु दहेज निषेध अधिकारी नियुक्त




**असंध (अप्रस/वीरता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा, पंचकूला द्वारा दिनांक 29 जनवरी को जारी निर्देशों के अनुपालना में, हरियाणा राज्य के सभी उप-मंडलाधिकारियों (SDMs) को दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के अंतर्गत दहेज निषेध अधिकारी (Dowry Prohibition Officer) नियुक्त किया है। उक्त आदेशों के क्रम में उप-मंडल असंध के लिए एसडीएम असंध, दहेज निषेध अधिकारी नियुक्त हुए है। दहेज निषेध अधिकारी असंध श्री राहुल रईया उप-मंडलाधिकारी (ना.),असंध, संपर्क नंबर: 01749 278 334 व ई-मेल आईडी: sdm.assandh@hry.nic.in पर आमजन दहेज से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत, सूचना अथवा सहायता हेतु उक्त अधिकारी को संपर्क कर सकते हैं ताकि आम जनता को दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के अंतर्गत उपलब्ध कानूनी सहायता एवं शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त हो सके।

### अखिल भारतीय खत्री सभा की महासभा आज

**करनाल (अप्रस/शैलेन्द्र जैन)।** अखिल भारतीय खत्री समाज की महा सभा आठ फरबरी को पानीपत में आयोजित की जाएगी। इस महासभा की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष शेरू बिग करेंगे। यह जानकारी करनाल इकाई के संगठन मंत्री दीपक धमीजा ने दी। उन्होने बताया पानीपत में होने वाली महासभा को लेकर देश भर के पंजाबी समाज में उत्साह दिख रहा है। उन्होंने बताया कि देश भर से समाज के हजारों प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि पानीपत में होने वाली सभा समाज को न केवल एक जुट करेगी बल्कि पंजाबी समाज को एक ऐसा मंच देगा जो पंजाबियत के साथ पुरानी संस्कृति रियावत और सभ्यता को सहेजने मे सहायक साबित होगी। महासभा को सफल बनाने की अपील अशोक खट्टर और आशीश नागपाल ने की है इस मौके पर करनाल अध्यक्ष सैम खत्री, जिला करनाल महा मंत्री मन्नी चोपड़ा जी ,जिला करनाल युवा अध्यक्ष आकाश गेरा ,करनाल शहरी युवा अध्यक्ष नवदीप सिंह डावर , मैनेजमेंट कमेटी से नितिन खन्ना , दीपक दुआ करन गेट प्रधान ,अशोक खट्टर, गगन चावला,राजिंदर बाम्बा,जगजीत सिंह,संदीप खन्ना,दीपक खटपाल,दीपक महता,दीपक धमीजा,विकास तनेजा,सोनू,रवि दुआ,संजीव वर्मा,सुभाष अरोड़ा ने तैयारियों को लेकर चर्चा की।

# बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर जोर, सुधा सिंह ने किया नवनिर्मित स्कूल शेड का लोकार्पण

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा, 7 फरवरी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थंबड़ में शनिवार को शैक्षणिक माहौल के बीच ढांचागत विकास को प्राथमिकता दी गई। खंड पंचायत समिति सदस्य सुधा सिंह ने विद्यालय में नवनिर्मित शेड का रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उनके साथ खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बराड़ा, सुशील मंगला और ग्राम थंबड सरपंच रोहतास राणा भाजपा बराडा मंडल प्रधान डिंपल राणा सहित स्कूल का स्टॉफ भी मौजूद रहा।

उद्घाटन के बाद आयोजित समारोह में सुधा सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल कक्षा की पढ़ाई ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सर्वांगीण विकास के लिए खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने विद्यालय को आश्वस्त किया कि शिक्षा के क्षेत्र में संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और मेधावी छात्रों को मेडल प्रदान किए गए।

यह निर्माण कार्य सुधा सिंह द्वारा क्षेत्र में चलाए जा रहे सतत विकास प्रयासों की एक कड़ी है। स्थानीय संदर्भ को देखें तो इससे पूर्व भी उनके प्रयासों से गांव के रविदास मंदिर, देवी मंदिर और गोगा माड़ी परिसर में शेड डलवाए जा चुके हैं। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल के लिए वाटर कूलर और बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था कर बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। शनिवार के कार्यक्रम में उन्होंने भविष्य में भी स्कूल और गांव में आवश्यक निर्माण कार्य जारी रखने की बात कही।

# एक तेरी से कई शिकार कर गए भूपेंद्र सिंह हुड्डा

हुड्डा की लंच डिप्लोमेसी कई संकेत दे गई

कार्यकर्ता नाराज हमे नहीं बुलाया

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 7 फरवरी।** कांग्रेस के भले ही कुछ लोग पूर्व सी एम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को कांग्रेस में हाशिए पर लाने के सपने देखते हो , उन पर हमले करते हो लेकिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा का एक कार्यक्रम सबको चारों खाने चित्त कर देत है हुड्डा के तरकश में अजेय तीर है। गत दिवस उन्होंने दिल्ली में अपने सांसद पुत्र दीपेन्द्र सिंह हुड्डा के निवास परडिप्लोमेटिक लंच कर अपने विरोधियों को चित्त कर दिया। इस आयोजन में कांग्रेस के सुप्रीम लीडर प्रियंका गांधी और लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शिरकत की

हरियाणवी व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस मे 80 सांसदों हरियाणा के 37 में से 32 विधायकों ने शिरकत की। इसमें शैलजा और रणदीप सुरजेवाला नहीं दिखे। हुड्डा परिवार का लंच यू ही नहीं था इसके पीछे मोटिव था। इसमें श्रीमती आशा हुड्डा और दीपेन्द्र हुड्डा की पत्नी ने आत्मीय ढंग से मेजबानी की। बताते है कि हरियाणा में खाली होने वाली राज्य सभा की सीट पर हुड्डा परिवार की निगाह है। सास और बहु में से किसी एक को भेजा जाना तय है। इन दोनों में से एक को राज्य सभा में भेजने के लिए द प्रयास जारी है। हुड्डा परिवार ने अपने विरोधियों को यह जताने की कोशिश की कि राहुल और प्रियंका उनके साथ है तो डर काहे का। 2004 में हुड्डा परिवार के श्रीमती सोनिया गांधी और उनकी बहन तथा अन्य रिश्तेदारी के साथ रॉबर्ट वाड्रा से आत्मीय संबंध थे। जिसका फायदा उन्हें मिला। पूर्व सी एम बंसी लाल के शब्दों मे यदि बेटा और बेटी आपके कहने में है तो मां कहां जाएगी। हरियाणवी अंदाज में कहते थे कि गाय को काबू करने के लिए बछड़े को काबू कर लो। आम तौर पर कार्यकर्ताओं मे चर्चा रही कि राहुल और प्रियंका केवल रसूख दार या पैसे वालो के यहां जाते है वर्कर के पसीने से बदबू आती है । कुछ हुड्डा के समर्थक नाराज दिखे उन्हें नहीं बुलाया। इसमें केवल दरवारी नेताओं को ही बुलाया जो हुड्डा साहेब की हां में हां करने वाले थे। हुड्डा भले ही कांग्रेस को शून्य तक ले जाए लेकिन प्रियंका और राहुल की पसंद हुड्डा ही रहेंगे।

# नशा तस्करी के बड़े मॉड्यूल का भंडाफोड़, 300 ग्राम हेरोइन बरामद

**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** जिला जींद में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए स्टाफ नरवाना ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, भारतीय पुलिस सेवा के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा के नेतृत्व में सीआईए टीम ने नशा तस्करी से जुड़े एक बड़े मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए 300 ग्राम हेरोइन सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी उप निरीक्षक सुखदेव सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सीआईए टीम ने ठंडी सड़क, नरवाना के पास दबिश दी। मौके से साहिल निवासी चमेला कॉलोनी, नरवाना को काबू किया गया। नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली गई, जिसमें आरोपी की जैकेट से 300 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

# एसपी सिद्धांत जैन के नेतृत्व में टोहाना लूट कांड का खुलासा

# मुठभेड़ के बाद दो कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 7 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, भारतीय पुलिस सेवा के दिशा-निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अपराध-मुक्त अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस ने टोहाना बस अड्डे के सामने स्थित करियाणा स्टोर में फायरिंग कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए मामले का खुलासा कर दिया है।

प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन ने बताया कि 4 फरवरी 2026 को सायं लगभग 6:30 से 6:45 बजे के बीच टोहाना बस स्टैंड के सामने स्थित गौरव ट्रेडिंग कंपनी (थोक करियाणा स्टोर) पर तीन युवकों ने पिस्तौल के बल पर सशस्त्र लूट की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के समय दुकान मालिक धीरज मैहता दुकान पर मौजूद थे। आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और जान से मारने की धमकी देते हुए करीब डेढ़ लाख रुपये नकद लूट कर हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही सीआईए टोहाना एवं थाना शहर टोहाना की टीमें मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए डीएसपी टोहाना श्री उमेद सिंह के नेतृत्व में चार विशेष पुलिस टीमें गठित की गईं।

5 फरवरी 2026 को सूचना के आधार पर एक आरोपी उदित पुत्र सुभाष, निवासी टोहाना को काबू किया गया, जो भागने के प्रयास में गिरने से घायल हो गया। पूछताछ में उसने अपने दो अन्य साथियों के नाम उजागर किए।

6 फरवरी को आरोपी कमल उर्फ बच्ची द्वारा सामाजिक माध्यम पर धमकी भरी पोस्ट डालने के बाद पुलिस ने तकनीकी निगरानी बढ़ाई। 7 फरवरी की सुबह टाउन पार्क के पास पुलिस पर फायरिंग करने वाले दोनों आरोपी कमल उर्फ बच्ची और मोनू उर्फ मोनी को मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को उपचार हेतु अग्रवाल मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा रेफर किया गया।

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के विरुद्ध पूर्व से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले की गहन जांच जारी है और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# हिमगिरी पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा के विधार्थियो कों भावात्मक विदाई

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 7 फरवरी।** शहर के बापौली रोड स्थित हिमगिरी पब्लिक स्कूल के सभागार में शनिवार कों कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए अतिथियों की मौजूदगी में चेयरमैन राजबीर राठी एवं विजयलक्ष्मी राठी के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान हेड बॉय यश एवं हेड गर्ल अमृता ने प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया।

इसके पश्चात राजबीर राठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही ए.ओ. रामनिवास पांचाल ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण, कड़ी मेहनत एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी आकर्षक बना दिया। समारोह के विशेष आकर्षण के रूप में मिस अमृता को मिस फ़ेयरवेल तथा मिस्टर यश को मिस्टर फ़ेयरवेल घोषित किया गया, जिस पर उपस्थित सभी अतिथियों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

अंत में उपप्रधानाचार्य रितु लठवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया तथा सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन मधुर स्मृतियों एवं भावुक क्षणों के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी, राजबीर राठी (सेवानिवृत्त उप जिला शिक्षा अधिकारी), हिमगिरी शिक्षा समिति सचिव जिले सिंह, प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, उपप्रधानाचार्य रितु लठवाल , ज्योति कोचर, संतोष गेरा, सोनिया राठी तथा ए.ओ. रामनिवास पांचाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# चिटफंड केस में प्रशासन की कार्रवाई, एक माह में दावे जमा करने के निर्देश

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 6 फरवरी।** चिटफंड एवं मासिक लॉटरी के माध्यम से अवैध रूप से धन संग्रह किए जाने के एक मामले में प्रशासन ने जमाकर्ताओं और सुरक्षित लेनदारों से उनके दावे आमंत्रित किए हैं। यह कार्रवाई करमबीर पुनिया चिटफंड एवं मासिक लॉटरी, टोहाना से संबंधित की गई है।

सक्षम प्राधिकारी सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी-सह-उप मंडल अधिकारी (ना.), टोहाना आकाश शर्मा ने बताया कि इस मामले में करमबीर पुत्र रिसाल सिंह पुत्र नन्नू राम, जयदीप पुत्र करमबीर पुत्र रिसाल सिंह, सुरेन्द्र कुमार पुत्र करमबीर पुत्र रिसाल सिंह तथा कृष्ण कुमार पुत्र रिसाल सिंह पुत्र नन्नू राम, निवासी वार्ड नंबर 16, रतिया रोड, टोहाना, जिला फतेहाबाद, शामिल हैं।

हरियाणा जमाकर्ताओं के हितों के संरक्षण अधिनियम, 2013 की धारा 7 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सक्षम प्राधिकारी सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी-सह-उप मंडल अधिकारी (ना.), टोहाना आकाश शर्मा ने संबंधित वित्तीय प्रतिष्ठान के सभी जमाकर्ताओं एवं सुरक्षित लेनदारों से उनकी जमा राशि एवं बकाया की वसूली के लिए दावे प्रस्तुत करने को कहा है।

सक्षम प्राधिकारी ने बताया कि जिन व्यक्तियों का उक्त चिटफंड एवं मासिक लॉटरी के विरुद्ध कोई दावा है, वे इस सूचना की तिथि से एक माह के भीतर अपने दावे से संबंधित प्रमाणों सहित उप मंडल अधिकारी (ना.), टोहाना कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में दावा प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में संबंधित दावा अधिनियम के अंतर्गत विचार योग्य नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, यदि किसी व्यक्ति को करमबीर पुनिया चिटफंड एवं मासिक लॉटरी, टोहाना की किसी भी प्रकार की चल या अचल संपत्ति की जानकारी हो, तो वह प्रशासन को सूचित कर सकता है, ताकि जमाकर्ताओं की राशि की वसूली हेतु उक्त संपत्तियों को कुर्क किया जा सके।

# मंत्री मनोहर लाल खट्टर पहुंचे पुराने साथियों कार्यकर्ताओं के परिवार के मध्य

## स्वर्गीय वैध सीताराम को किया याद, चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा से की मुलाकात

अर्थ प्रकाश/संजीव कुमार



**ब्यासपुर, 7 फरवरी।** केन्द्रीय सरकार में कैबिनेट ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर आज जिला यमुनानगर के गांव भंगेडा में पहुंचे उनके साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर रहें। गांव भंगेडा में पहुंचकर केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पुराने दिनों की यादें ताजा की ,गांव में पहुंचकर उन्होंने स्वर्गीय वैध सीताराम को याद किया व उन्हें नमन किया। स्वर्गीय वैध सीताराम के सुपुत्र छछरौली मार्केट कमेटी चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि सुबह 10 बजे के आसपास उनके पास केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर का टेलीफोन आया और उन्होंने उनसे पूछा कि वह कहां है व वह उनके गांव भंगेडा में उनके घर पर चाय पीने के लिए आ रहे हैं।

चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने कहा कि यह सुनकर एक बार तो वह चौंकें की दिल्ली से वह इतनी जल्दी उनके गांव में कैसे पहुंचेंगे,उन्हें अपने कानों पर विश्वास ना हुआ तब केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि वह स्वयं आ रहे हैं।

केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गांव भंगेडा में सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर पहुंचकर स्वर्गीय वैध सीताराम के परिवारजनों जिनमें उनके सुपुत्र कैलाश चंद शर्मा,भतीजे अंकुश शर्मा, डॉक्टर प्रकाश चंद, विनोद कुमार,सुरेश शास्त्री, समाजसेवी सुरेंद्र सिंगला आदि से बातचीत की व उनके साथ बैठकर चाय नाश्ता लिया व पुरानी यादों को ताजा किया।केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर की इस क्षेत्र से पुराने समय से यादें जुड़ी रही हैं जब वह संघ के प्रचारक थे तो उन्होंने इस क्षेत्र में वर्षों रहकर कार्य किया हुआ है,केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर व पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर को गांव भंगेडा में रहने वाले भाजपा के पुराने व नए कार्यकर्ता काफी खुश व उत्साहित नजर आए।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि जमीन से जुड़े हुए नेताओं की यही असली पहचान है कि वह अपने पुराने संघर्ष के दिनों के साथियों को याद रखते हैं। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को इस क्षेत्र के लोग महान तपस्वी के रूप में याद करते हैं जिन्होंने यहां पर रहकर संघ की शाखाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया।

भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने बताया कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा अपने पुराने दिनों के साथियों को याद रखना बहुत बड़ी बात है, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का यही सादगी वाला जीवन उन्हें जनता के दिलों में महान बनाता है ।

# चारधाम यात्रा में नई उड़ान: केदारनाथ के बाद अब बदरीनाथ के लिए भी हेली शटल सेवा शुरू



उत्तराखंड सरकार चारधाम यात्रा को और अधिक बेहतरीन, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में लगातार नए कदम उठा रही है। इस कड़ी में अब केदारनाथ के साथ-साथ बदरीनाथ के लिए भी हेली शटर सेवाएं शुरु की जाएगी। इसका जिम्मा थंपी एविएशन को दिया गया है। गौचर से बदरीनाथ की एकतरफ़ा यात्रा का किराया लगभग 11,000 रुपये के आसपास पड़ेगा। प्रदेश में इस साल अप्रैल में चारों धाम के कपाट खुलते ही तीर्थयात्रा का शुभारंभ हो जाएगा। वर्तमान में चारधाम यात्रा के दौरान केवल केदारनाथ धाम के लिए ही हेली शटल सेवाएं उपलब्ध हैं, जो फाटा, सिरसी और गुप्तकाशी से संचालित होती हैं। इन सेवाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में श्रद्धालु लाभ उठा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष बदरीनाथ और यमुनोत्री धाम के लिए भी शटल सेवाएं शुरू करने की तैयारी की जा रही है। हालांकि, यमुनोत्री के लिए कुछ तकनीकी कारणों से अभी कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है।

बदरीनाथ के लिए शटल सेवाओं के लिए टेंडर खोल दिए गए हैं। गौचर से बदरीनाथ के एक ओर हवाई सफर में तकरीबन 22 मिनट लगेंगे। इसका किराया केदारनाथ की होली सेवाओं से अधिक है। केदारनाथ में हेली सेवाओं का अधिकतम यात्रा 15 मिनट का है। बदरीनाथ के लिए भी हेली सेवाओं की बुकिंग आइआरसीटीसी की साइट के जरिए की जाएगी।

सीईओ के मुख्य अधिशासी अधिकारी आशीष चौहान ने बताया कि इसके लिए टेंडर किए जा चुके हैं। यात्रा के दौरान गौचर से बदरीनाथ के लिए शटल सेवा की शुरुआत की जाएगी

गत वर्ष हेली दुर्घटनाओं के बाद यूकाडा ने केदारनाथ के दूसरे चरण की हेली सेवाओं के संचालन में लगभग 30 प्रतिशत की कटौती की थी और साथ ही किरायों में करीब 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई थी। इस वर्ष केदारनाथ धाम के लिए नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया शुरू की जानी है। इस बार भी हेली सेवाओं की संख्या सीमित रहने की संभावना है। क्योंकि दूसरे चरण में पहले ही किराया बढ़ाया जा चुका था, इसलिए टेंडर में किराया पिछले वर्ष के समान ही रखा गया है। हालांकि, वास्तविक दरें टेंडर खुलने के बाद ही स्पष्ट होंगी।

# सत्य में स्थित होने की जरुरत है



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

क्या कभी अपने अंदर झांका है, क्या कभ्री विचारा है कि आखिर सन्तों, गुरु-पीर-पैगम्बरों की शिक्षाएँ क्या रही हैं? उसको तो हमने एक तरफ रख दिया और भ्रमों-भ्रांतियों को जन्म देकर हमारी मान्यताएँ कुछ और बन गई और हम चल यनिकले उसी रास्ते पर जो हमें धर्मी नहीं अधर्मी बना रहा है, जो हमारे लिये मोक्ष का कारण नहीं बल्कि बंधनों का कारण बन रहा है, जो हमारे रुप को सुन्दरता नहीं बल्कि कुरुपता दे रहा है। तोउस रास्ते पर निकलना भारी पड़ रहा है, बहुत नुकसान का कारण बन रहा है। धर्म भी बदनाम हो रहा है और गुर-पीर-पैगम्बर भी बदनाम हो रहे हैं। केवल अज्ञानता और हमारे विपरीत रास्ता अख्तियार करने के कारण हम गुरु-पीर-पैगम्बरों को भी बदनामी दिलवा रहे हैं।

आज जरुरत है जागने की, जरुरत है इस सत्य में स्थित होने की, जरुरी है अपनी असली पहचान बनाने की। हमारी असली पहचान परमात्मा के अंश के रुप में है। परमात्मा जिसकी कोई जाति नहीं है, परमात्मा न हिन्दू है, न मुस्लिम है, न सिख हे, न ईसाई है, न यहूदी है, न औरत है, न मर्द है, न बुजुर्ग है, न बच्चा है। परमात्मा कण-कण में व्याप्त यह परम सत्ता है और इसी की अंश आत्मा है जो घट-घट में बसती है। तो अगर हम यह आत्मा वाली पहचान बना लें तो ये बाकी सारे जो सिलसिले हैं, जिन्हें हमने बना रखा है वो सब फिके हो जाते हैं और एक आत्मा के रुप में हमारी असल पहचान निखर कर सामने आ जाती है। यही तो हमारी असली पहचान है जिसको हम self realization (आत्म बोध) कहते हं, वो यही है कि स्वयं को जानना। स्वयं को जानना वो जानना नहीं है कि आईने के सामने रोज जाता हूं, मैं अपनी शक्ल का वाकिफकार हूं। ये मेरी शक्लो-सूरत, ये मेरा जिस्म, ये मेरा पाँच तत्व का ढांचा, ये मेरी असली पहचान नहीं है। इन्हीं जिस्मों के साथ जुड़े हुए हैं टोपी, पगड़ी, धोती, पैन्ट जिसके आधारपर हम लड़ते-मरते हैं। चमड़ी का रंग काला है या गोरा, इस आधार पर हम एक-दूसरे को कितना दुत्कारते हैं। ये हमारी असल पहचान है ही नहीं, जो असल पहचान है वो जहाँ-जहां स्थापित होती है वहां-वहां सब तफरके, सब भेदभाव मिट जाते हैं, वहां दूरियाँ मिट जाती हैं, वहां नफरतें मिट जाती हैं। तो हमें वो पहचान बनानी है आत्मा के रुप में-

इक्को नूर है सभ दे अन्दर नर है चाहे नारी ए।

ब्राह्मण खतरी वैश हरिजन इक दी खलकत सारी ए।





## नोकरियां यहां देखें

**एचपीएससी द्वारा विज्ञापित हरियाणा सिविल सर्विस व अन्य के**
कुल पदः 102
अंतिम तिथिः 26 फ़रवरी, 2026
योग्यताः ग्रेजुएशन
आयु सीमाः 18-42 वर्ष
करें आवेदनः
**www.hpsc.gov.in**

**दिल्ली हाईकोर्ट में जूनियर सहायक के**
कुल पदः 152
वेतनमानः 29,200- 93,200
अंतिम तिथिः 23 फ़रवरी, 2026
योग्यताः ग्रेजुएशन व अन्य
आयु सीमाः 18-32 वर्ष
करें आवेदनः
करें आवेदनः
**delhihighcourt.nic.in**

**एचपीएससी द्वारा विज्ञापित हरियाणा सिविल सर्विस व अन्य के**
कुल पदः 102
अंतिम तिथिः 26 फ़रवरी, 2026
योग्यताः ग्रेजुएशन
आयु सीमाः 18-42 वर्ष
करें आवेदनः
**www.hpsc.gov.in**

**गुजरात इनकम टैक्स में कर सहायक व अन्य के**
कुल पदः 46
वेतनमानः 18,000-81,000
अंतिम तिथिः 21 फ़रवरी,2026
योग्यताः ग्रेजुएशन व अन्य
आयु सीमाः18-27 वर्ष
करें आवेदनः
**incometaxgujarat.gov.in**

**राजस्थान कर्मचारी भर्ती बोर्ड द्वारा विज्ञापित एग्री सुपरवाइजर के**
कुल पदः 1100
वेतनमानः लेवल-5 के अनुसार
अंतिम तिथिः 11 फ़रवरी,2026
योग्यताः BSc एग्रीकल्चर / हॉर्टिकल्चर
आयु सीमाः 18-40 वर्ष
करें आवेदनः
**sso.rajasthan.gov.in**

**JPSC (झारखंड लोक सेवा आयोग) द्वारा विज्ञापित DSP सहित अन्य के**
कुल पदः 103
वेतनमानः 53,100-1,67,800
अंतिम तिथिः 14 फ़रवरी,2026
योग्यताः ग्रेजुएशन
आयु सीमाः अधिकतम 35 वर्ष
करें आवेदनः
**www.jpsc.gov.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए
**arthparkash.com देखें**


# गीता भवन चौक से रेलवे स्टेशन तक चला सफाई अभियान



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। गीता भवन चौक से पुरखास अड्डा तथा रेलवे स्टेशन तक सफाई अभियान चलाते हुए निवर्तमान नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि वार्ड अनुसार उन युवाओं की स्वच्छता प्रहरी के रूप में टीम का गठन किया जाएगा जो स्वेच्छा से सफाई गतिविधियों में जुटे हुए हैं। स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ सोनीपत अभियान के तहत हर शनिवार करवाए जा रहे सफाई कार्य का 32 वां सप्ताह भी दो घंटे तक जारी रहा। सड़क के दोनों तरफ गंदगी, कूड़ा, मलबा एवं झाड़ियां साफ करवाई गई तथा दुकानदारों द्वारा बाहर फेंका गया कूड़ा दुकानदारों के नौकरों से उठवाया। उन्होंने दुकानदारों से सड़क पर कूड़ा ना डालने की अपील भी की।राजीव जैन ने कहा कि शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के लिए केन्द्रीय सर्वे टीमों ने दौरा करना शुरू कर दिया है इसलिए शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि केवल निगम कर्मियों के दम पर स्वच्छ शहर नहीं बन सकता बल्कि जन भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान जारी रहेगा।अभियान में मुख्य सफाई निरीक्षक सतेंद्र दहिया, निरीक्षक कृष्ण कुमार, सुरेश कथूरिया, शैलेंदर तोमर, नकिन मेहरा, जोगेंद्र, सुनीता कालूपुर, महेंद्र अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

# ऐसे काम करो जिनके लिए भविष्य में खुद को दो धन्यवाद: मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक



चंडीगढ़। हमें सबसे अधिक काम वर्तमान को लेकर करना चाहिए, सबसे ज़्यादा सावधानी वर्तमान के प्रति रखनी चाहिए। इसी अवस्था में जीवन जीवंत है। भूतकाल में जीवन के साथ यादें हैं, भविष्य में जीवन एक कल्पना है, लेकिन वर्तमान में जीवन भी ज़िंदा है। जिंदगी को जिंदा देखना हो तो वर्तमान को ठीक से जीना सीखना होगा। वैसे तो मुर्दे के पास भी एक ज़िंदगी होती है। आखिरी सांस लेने के बाद जलाए या दफ़नाए जाने तक जो समय होता है, वह मुर्दे की ज़िंदगी है। हमने यदि वर्तमान को नहीं समझा तो हमारी ज़िंदगी भी मुर्दे की तरह है। वर्तमान कितना बारीक है, थोड़ा इसे भी समझना पड़ेगा, क्योंकि वर्तमान तुरंत अतीत में बदल जाता है और भविष्य शीघ्र वर्तमान में उतर आता है।ये शब्द मनीषीसंत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 के तुलसी सभागार मे कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा भविष्य के लिए काम करो और उसमें तुम्हारा सबकुछ ठीक होगा। लोग इसलिए इसी बात पर भरोसा करते हैं। लोग सोचते हैं, 'अगर मेरे पास करोड़ों रुपऐ आ जाएंगे तो मैं खुश हो जाऊंगा। अगर मेरी शादी हो जाएगी तो मैं खुश रहूंगा।' तो इस तरह व्यक्ति भविष्य में ही जीने लगता है। यही सबसे बड़ी कमजोरी है। समय तो भूतकाल, वर्तमान और भविष्यकाल में बांटा गया है। मगर समय का सबसे बड़ा सत्य वर्तमान ही है। कभी भूतकाल भी वर्तमान था और कभी भविष्यकाल भी आएगा। इसलिए हर स्थिति में वर्तमान तो सबसे महत्वपूर्ण है। अगर आप यह नहीं जान पाते हैं कि वर्तमान में खुश कैसे रहना है तो आप कभी भी खुश नहीं रह सकते हैं। अगर आपके मन से यह आवाज आती है कि आप भविष्य में खुश रहेंगे तो इसका एक मतलब तो यह भी है कि आप वर्तमान में खुश नहीं हैं। इस तरह की सोच के साथ या कहें कि प्रोग्रामिंग के साथ अगर आप जीते हैं तो बहुत कुछ होने के बावजूद आप नाखुश ही रहेंगे।

मनीषीसंत ने आगे कहा बुद्धि खोकर नैतिक होना अनैतिक होने से भी बदतर है। पुराना आदमी नैतिक था व्यक्तित्व खोकर। व्यक्तित्व खोकर नैतिक होना अनैतिक होने से भी बुरा है। पुराना आदमी समूह का एक अंग था, व्यक्ति नहीं। उसके पास कोई व्यक्तित्व न था। वह जातिवादी समूहों में बंद था। वह समूह के खिलाफ इंचभर चलता तो कुएं पर पानी पीना बंद, हुक्का बंद, भोजन बंद, विवाह बंद..। नए दौर में हमें सब बदल देना पड़ेगा। अब नई नीति- स्वस्थ, सुखी आदमी को, मुस्कराते आदमी को स्वीकार करेगी। हमें बुद्ध और महावीर की नई मूर्तियां ढालनी होंगी, जिनमें वे खिलखिलाकर हंस रहे हों। नए आदमी को सुखी, स्वस्थ्य और आनंदित- किसी स्वर्ग में नहीं, बल्कि इस पृथ्वी पर ही अनुभव कराना पड़ेगा।

## पंचांग

रविवार, 8 फरवरी, 2026, सूर्योदयः 07:05 ए एम, सूर्यास्तः 06:06 पी एम, चन्द्रोदयः 12:23 ए एम, फरवरी 09, चन्द्रास्तः 10:33 ए एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः माघ, पूर्णिमान्त महीनाः फाल्गुन, वारः रविवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः सप्तमी - 05:01 ए एम, फरवरी 09 तक, नक्षत्रः स्वाती - 05:02 ए एम, फरवरी 09 तक, योगः गण्ड - 12:08 ए एम, फरवरी 09 तक, करणः विष्टि - 03:54 पी एम तक, द्वितीय करणः बव - 05:01 ए एम, फरवरी 09 तक, सूर्य राशिः मकर, चन्द्र राशिः तुला, राहुकालः 04:43 पी एम से 06:06 पी एम, गुलिक कालः 03:21 पी एम से 04:43 पी एम, यमगण्डः 12:35 पी एम से 01:58 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:13 पी एम से 12:57 पी एम, दुर्मुहूर्तः 04:38 पी एम से 05:22 पी एम, अमृत कालः 07:18 पी एम से 09:04 पी एम, वर्ज्यः 08:40 ए एम से 10:26 ए एम।

## भविष्य फल



**मेषः** बहुत ज्यादा मानसिक दबाव और थकान परेशानी की वजह बन सकता है। सेहत को ठीक बनाए रखने के लिए पर्याप्त आराम करें।

**वृषः** आज के दिन आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें सफल जरुर होंगे। पुराने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने का अवसर भी आपको मिलेगा।

**मिथुनः** बोलते समय और वित्तीय लेन-देन करते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। आपका प्रिय दिन भर आपको याद करने में समय बिताएगा।

**कर्कः** आज किसी बड़ी बिजनेस डील को बहुत सोच समझकर करने की जरुरत है। किसी अनुभवी व्यक्ति या फिर विश्वास पात्र की राय लेने के बाद ही कदम आगे बढ़ाएं।

**सिंहः** आप किसी पुरानी बीमारी में काफी आराम महसूस करेंगे। लम्बे समय से अटके मुआवजे और कर्ज आदि आखिरकार आपको मिल जाएंगे।

**कन्याः** कोई पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक से लाभ दिलाएगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**तुलाः** आज अगर आप दूसरों की बात मानकर निवेश करेंगे, तो आर्थिक नुकसान तकरीबन पक्का है।

**वृश्चिकः** आज आप नई उर्जा से भरे रहेंगे। काम की दृष्टि से आज व्यस्तता ज्यादा रहेगी, लेकिन सारे काम शाम तक आसानी से निपट जायेंगे।

**धनुः** भविष्य को लेकर बेकार में चिंता करते रहना आपको बेचैन कर सकता है।

**मकरः** आज आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। आज का दिन सटीक योजनाएं बनाने का है।

**कुंभः** आज का दिन मौज-मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा- क्योंकि आप जिन्दगी को पूरी तरह जिएंगे। अनुमान नुकसानदेह साबित हो सकता

**मीनः** मित्रों और स्नेही स्वजनों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। आज पिता और बड़े भाई के सहयोग से आप कोई नया व्यापार शुरू कर सकतेहैं, जिसमें आपको सफलता मिलेगी।

# ऑफिसर कॉलोनी में युवक की संदिग्ध मौत मामला, पत्नी पर हत्या का केस दर्ज

**पिता की शिकायत पर पत्नी के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मुकदमा, जांच शुरू**

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। ऑफिसर कॉलोनी में 4-5 फरवरी की रात 36 वर्षीय युवक अनिल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। पुलिस ने मृतक के पिता लखमी की शिकायत पर अनिल की पत्नी किरण व अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, युवक का शव उसके घर से बरामद हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया था। मृतक के पिता ने पुलिस को दिए बयान में अपने बेटे की मौत को संदिग्ध बताते हुए बहू किरण पर हत्या की आशंका जताई है। मामले में घटनास्थल से जली हुई बीड़ी के टोटे भी बरामद हुए हैं, जबकि परिजनों का कहना है कि अनिल बीड़ी नहीं पीता था। इस तथ्य ने मौत को और अधिक संदिग्ध बना दिया है। परिजनों के अनुसार पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। समालखा पुलिस चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि मृतक के पिता के बयान के आधार पर पत्नी किरण व अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# संस्कृत के शास्त्रों में समाहित है सरल मानक संस्कृत के तत्त्व: डॉ. कृष्णमोहन पाण्डेय

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



पलवल। भारत सरकार के शिक्षा मन्त्रालय के अधीन कार्यरत भारतीय भाषा समिति द्वारा प्रायोजित सरल मानक संस्कृत की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन महोत्सव आज हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ, बघौला में अत्यन्त उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि डॉ. के.गिरिधर राव, शैक्षणिक समन्वयक, भारतीय भाषा समिति, नई दिल्ली ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय भाषा समिति एवं भारत सरकार संस्कृत के विकास, प्रचार तथा प्रसार के लिए कटिबद्ध है। सरल मानक संस्कृत इसी कड़ी में एक प्रयास है। सरल मानक संस्कृत के द्वारा ही संस्कृत का और अधिक विन्यास होगा। इस अवसर पर बतौर विशिष्टातिथि डॉ. कृष्णमोहन पाण्डेय, सहाचार्य, संस्कृत एवं प्राच्य विद्या अध्ययन, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने स्पष्ट कहा कि सरल मानक संस्कृत के सम्पूर्ण तत्त्व संस्कृत के शास्त्रों में समाहित है। हम सभी को उन शास्त्रों का अध्ययन करना चाहिए। शास्त्रों के अध्ययन से ही संस्कृत मानक और सरल होगी। भाषा का सम्यक् अध्ययन व्याकरण से होता है। सम्मानितातिथि के रूप में डॉ. अरुण कुमार मिश्र, सहाचार्य, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने 'सरलमानकसंस्कृतस्य क्रियान्वयनाय केचन उपायाः' इस विषय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रदान किया। उन्होंने कहा सरल मानक संस्कृत के क्रियान्वयन के लिए हमें भरसक प्रयास करना होगा। उन्होंने इसके लिए अनेक उपायों की चर्चा की। सारस्वत अतिथि के रूप में डॉ. ललित किशोर शर्मा, सहायक आचार्य, संस्कृत साहित्य विभाग, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, जयपुर उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरल मानक संस्कृत के द्वारा छात्रों में सम्भाषण की प्रवृत्ति और अधिक विकसित होगी। अध्यक्ष के रूप में विद्यापीठ के प्राचार्य प्रो. दिलीप कुमार राणा ने सरल मानक संस्कृत को समय की परमावश्यकता बताया। छात्रों को बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह समय अब संस्कृत का है। संस्कृत के बिना समाज की कल्पना की नहीं जा सकती। कार्यशाला की निर्विघ्न समाप्ति पर सभी को शुभकामनाएँ भी प्रस्तुत की।

कार्यशाला में आज चार सत्र हुए जिनमें संस्कृत भारती के पूर्णकालिक कार्यकर्ता श्रीमान् ऋषिरञ्जन जी ने 'संज्ञापदेषु विभक्तियोजनम्' इस विषय पर व्याख्यान प्रदान किया। डॉ. कृष्णमोहन पाण्डेय ने विभिन्नक्षेत्रेषु सरलमानकसंस्कृतस् क्रियान्वयनम् इस विषय पर अपने विचार रखें।

सम्पूर्ति समारोह में तुलाराम वशिष्ठ, सरपंच, बघौला, दिनेश तायल, सचिव, विद्या प्रचारिणी सभा, बघौला, बघौला के गणमान्य नागरिक, डॉ. राजकुमार मिश्र,डॉ. छोटू कुमार मिश्र, संयोजक डॉ. राधावल्लभ शर्मा, मदनगोपाल शर्मा, रजत वशिष्ठ, देवेन्द्र वशिष्ठ, बिशन वशिष्ट तथा विद्यापीठ के समस्त छात्र उपस्थित रहे। अन्त में कार्यशाला सम्पूर्ति अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ओप्पो ने दमदार बैटरी और एआई फीचर्स के साथ रेनो 15सी लॉन्च किया, रेनो15 सीरीज का हुआ विस्तार

**हिसार।** ओप्पो इंडिया ने अपनी लोकप्रिय रेनो 15 सीरीज का विस्तार करते हुए नया फोन ओप्पो रेनो 15सी लॉन्च किया है। कंपनी का कहना है कि यह कंपनी अपने उद्देश्य के लिए अधिक कीमत पर अधिक उपकरण खरीदने की तैयारी कर रही है। यह उपकरण 5 फरवरी 2026 से फ्लिपकार्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स, मेनलाइन इलेक्ट्रानिक इलेक्ट्रॉनिक्स और ओप्पो ई-स्टोर पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। ओप्पो रेनो15सी को खास तौर पर स्टोरर्स, ड्रेकेचर क्रिएटर्स और फोटोग्राफी प्रेमियों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें 7000 एमएएच की बड़ी बैटरी के साथ 80 वाट सुपरवूक फास्ट राइड दी गई है, जो कम समय में टिकाऊ सुरक्षा प्रदान करती है। कंपनी के मुताबिक, यह फोन 10 मिनट के अंतराल में कई घंटे तक सोशल और वीडियो स्ट्रीमिंग का अनुभव देता है।

डिजाइन की बात करें तो रेनो 15सी स्लिम और पिक्सल है, बाकी लंबाई 8.14 मिमी और वजन 195 ग्राम है। इसमें 6.57 इंच का फ्लैट एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है, जो एफएचडी+ रेजोल्यूशन और 1400 निट्स तक का पीक ब्राइटनेस सपोर्ट देता है। यह फोन आफ्टरग्लो पिंक और ट्वाइलाइट ब्लू कलर में उपलब्ध होगा। रेनो15सी के कैमरा वॉल्यूम में 50एमपी का मेन कैमरा, 8एमपी का अल्ट्रा-वाइड, 2एमपी का मैकेनिकल और 50एमपी का फ्रंट कैमरा दिया गया है। यह 4के एचडीआर वीडियो रिकॉर्डिंग और एडवांस्ड एआई फोटोग्राफी फीचर्स के साथ आता है।

# केंद्रीय बजट देश के सर्वांगीण विकास व महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: उषा शर्मा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



रोहतक। भाजपा जिला रोहतक इकाई की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उषा शर्मा की अध्यक्षता में गप्पुमल स्टेडियम रोहतक में 'बजट पर चर्चा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता प्रतिभा सुमन, डॉ दिनेश घिल्लौड़ और चेतन अरोड़ा उपस्थित रहे।

बजट पर बोलते हुए उषा शर्मा ने कहा केंद्रीय बजट देश के सर्वांगीण विकास, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में महिलाओं, युवाओं, किसानों तथा मध्यम वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। उषा शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के स्वरोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े प्रावधानों से समाज के हर वर्ग को लाभ मिलेगा।

बजट पर चर्चा करते हुए प्रतिभा सुमन ने कहा केंद्रीय बजट में घरेलू उत्पाद और जरूरत की चीजों को सस्ता किया गया है जो आमजन के जीवन को सुगम करेगा। डॉ दिनेश घिल्लौड़ ने केंद्रीय बजट को आमजन का बजट कहा। चेतना अरोड़ा ने भी केंद्रीय बजट को आमजन को राहत देने वाला बताया। कार्यक्रम में अन्य पदाधिकारियों ने भी बजट का स्वागत करते हुए इसे विकासोन्मुख और जनहितकारी बताया। मंच संचालन का कार्य राजरानी शर्मा ने किया। इस अवसर पर वीणा सिक्का, रानी किरॉड, रिंकू नागर, आशा लता, गीता, रेखा जैन, विमला पांचाल, सुदेश, गीता ओहल्यान व मदन हरजाई प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कलायत अनाज मंडी में भाजपा द्वारा व्यापारी बजट संवाद कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



कलायत। कलायत अनाज मंडी में व्यापारी बजट संवाद का मंच सजा। इसकी रहनुमाई भाजपा जिला सचिव एवं कलायत विधानसभा के व्यापारी बजट संवाद संयोजक अजय प्रताप राणा ने की। इस दौरान बजट 2026-27 को लेकर व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद किया गया। अजय प्रताप राणा ने कहा कि बजट के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। व्यापारियों की समस्याओं, अपेक्षाओं व सुझावों को गंभीरता से सुना गया। व्यापारियों ने अनाज मंडियों से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं, टैक्स प्रणाली, व्यापार को सरल बनाने, डिजिटल लेनदेन, भंडारण व्यवस्था, परिवहन और छोटे व्यापारियों को राहत देने जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। बजट में व्यापारियों के हित में किए गए प्रावधानों की जानकारी दी। यह भी बताया गया कि आने वाले समय में सरकार किस प्रकार व्यापार और उद्योग को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है।

संयोजक ने कहा कि व्यापार, किसान और आम नागरिक सभी के संतुलित विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि व्यापारी वर्ग को अनावश्यक प्रक्रियाओं से राहत मिले और व्यापार करने का माहौल अधिक अनुकूल बने। व्यापारियों से प्राप्त सुझावों को संबंधित मंच तक पहुंचाने का आश्वासन भी दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, संदीप मटौर, दीपक सिंगला, पूर्व महामंत्री राहुल राणा, गौरव, रामनिवास गर्ग विजय, सतबीर शर्मा, ललित शर्मा व बड़ी संख्या में अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।







# डड्डूमाजरा-धनास समाधान शिविर में किसानों व ग्रामीणों की समस्याएं गूंजीं, 76 शिकायतें दर्ज


फोटो : अजीत कौशल

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 7 फरवरी।** डड्डूमाजरा स्थित गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में धनास और दड्डूमाजरा के लोगों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। यह चंडीगढ़ प्रशासन का अपनी तरह का पहला समाधान शिविर रहा।

शिविर में किसानों ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ प्रशासन की नजर में यहां किसान हैं ही नहीं। 22 यूटी गांव होने के बावजूद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ किसानों को नहीं मिला। किसानों ने जमीन अधिग्रहण में कम मुआवजे, लैंड पूलिंग पॉलिसी के अभाव और पंजाब की तुलना में बेहद कम दरों पर जमीन अधिग्रहण का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि जहां पंजाब में जमीन 12 करोड़ रुपये तक अधिग्रहित हो रही है, वहीं चंडीगढ़ में मात्र 1.91 लाख रुपये में।

इसके अलावा चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैटों के किराए, बकाया पर 12 प्रतिशत ब्याज, खराब मेंटेनेंस, ट्रैफिक जाम, पानी-बिजली, सीवरेज, जल निकासी, सड़कों पर गंदा पानी, अवैध वेंडर, शराब की खुलेआम बिक्री और खेतों तक सुरक्षित रास्तों जैसी समस्याएं भी प्रमुख रहीं।

शिविर में कुल 76 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 40 शिकायतें प्रशासक ने स्वयं सुनीं। कई मामलों का मौके पर समाधान किया गया, जबकि नीतिगत मामलों को संबंधित विभागों को भेजा गया। प्रशासक ने सभी शिकायतों के समयबद्ध निपटारे के निर्देश दिए।

इस अवसर पर 'लोक समाधान' ऑनलाइन शिकायत प्रणाली का शुभारंभ भी किया गया, जिससे नागरिक अब अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज कर उनका स्टेटस ट्रैक कर सकेंगे। प्रशासक ने आश्वासन दिया कि ऐसे समाधान शिविर हर महीने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे।






















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# सरस्वती वन्दना, राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत हमारे संस्कार के हैं प्रतीक : योगी आदित्यनाथ

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड में इण्टर कॉलेज, यमकेश्वर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री ने यमकेश्वर महादेव की पावन धरा को नमन करते हुए सभी को इण्टर कॉलेज के नवनिर्मित भवन की बधाई दी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तराखण्ड विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। यह विकास एकतरफा नहीं है, बल्कि अपनी सभ्यता और संस्कृति तथा अपने उच्च आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित रखते हुए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। भौतिक विकास जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि उसका एक पक्ष है। यह तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति का माध्यम है। वास्तविक और सार्थक विकास वही है, जो अपनी सभ्यता, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों का सम्मान करते हुए हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करे। शिक्षण संस्थानों को इसी सोच के साथ स्वयं को तैयार करनाप होगा, ताकि विद्यालय केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि संस्कार, कौशल तथा जीवन निर्माण के केन्द्र बनें।

प्राचीनकाल में ऋषियों के आश्रम हमारी शिक्षा के केन्द्र थे, जिन्हें गुरुकुल भी कहते थे। यह गुरुकुल अध्ययन के साथ ही शिक्षा, शिल्प, कृषि, आयुर्वेद सहित जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में पारंगत बनाने के केन्द्र भी थे। यहां से निकले छात्र जीवन संग्राम में अपने आपको असहाय नहीं पाते थे। उनके लिए कोई कार्य छोटा अथवा कठिन नहीं होता था। जीवन में वही सफल होता है, जो सकारात्मक भाव के साथ अपने पुरुषार्थ और परिश्रम से आगे बढ़ने में विश्वास रखता है। यह हमारा सौभाग्य है कि वर्तमान में भारत का नेतृत्व राष्ट्रऋषि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में है, जो देश को विकास की नित नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 हमारा ध्यान आकर्षित करती हैं कि विद्यालय केवल पुस्तकीय ज्ञान देने तक सीमित न रहे, बल्कि व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के केन्द्र भी बनें। हमें इस दिशा में बढ़ना होगा।

हमारे विद्यालय स्किल डेवलपमेन्ट के केन्द्र हो सकते हैं। उत्तराखण्ड सरकार ने इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इण्टर कॉलेज, यमकेश्वर में स्मार्ट क्लासेज, स्किल लैब, डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं हैं। वर्तमान समय की उभरती हुई तकनीकों का केन्द्र बिन्दु हमारे शिक्षण संस्थान बन रहे हैं। इस कॉलेज की स्थापना स्व. सोहन सिंह चौहान द्वारा की गयी थी। उस समय यमकेश्वर में साधन, सड़कें एवं विद्युत की व्यवस्था नहीं थी। आज गांव-गांव में बिजली, पेयजल तथा सड़कें हैं। आवागमन आसान हुआ है। अच्छी कनेक्टिविटी हो गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इण्टर कॉलेज में भव्य भवन का निर्माण हो गया है। सरकार जो सुविधाएं दे रही है, उसके अनुरूप शिक्षा की गुणवत्ता ठीक करना शिक्षकों का दायित्व है। छात्रों का दायित्व है कि पूर्ण मनोयोग से पढें। विद्यालय हमारी शिक्षा, संस्कृति और सभ्यता के भी आधार स्तम्भ बनें। हमें अपनी शिक्षा को संस्कारों के साथ जोड़ना है। सरस्वती वन्दना, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत हमारे संस्कार के प्रतीक हैं। हमने ज्ञान की देवी के रूप में माँ सरस्वती को पूजा है। सरस्वती वन्दना मातृ शक्ति के प्रति हमारे मन में श्रद्धा के भाव से जोड़ती हैं। माँ सरस्वती व्यक्ति, जाति, मत और मजहब में भेद नहीं करतीं। जो भी मेहनत करेगा, सही दिशा में सोचेगा और सकारात्मक भाव से कार्य करेगा, माँ सरस्वती की कृपा उस पर बरसती हुई दिखाई देगी। इसी प्रकार महादेव के मन्दिर में जो आएगा, वही आशीर्वाद प्राप्त करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नकारात्मकता व्यक्ति को जीवन में हमेशा पतन और दुर्गति की तरफ ले जाती है। सकारात्मकता हमारी गति को प्रगति की ओर बढ़ाती है। यह हमें ही तय करना है कि हमें प्रगति अच्छी लगती है या दुर्गति। प्रगति के लिए सकारात्मक सोच अनिवार्य है। हमारे मन में अपने देश के लिए कुछ करने की सोच होनी चाहिए। उत्तराखण्ड देवभूमि है। यहां के नौजवान सीमाओं पर देश की रक्षा करते हैं। यहां के लोग जिस भी क्षेत्र में हैं, उन्होंने अपनी प्रभावी उपस्थिति से देश और समाज को एक नई दिशा दी है तथा इन्हें आगे बढ़ाने में मदद की है।

गांवों को शिक्षा, नवाचार तथा शोध के नए केन्द्र के रूप में विकसित करना होगा। हमारे गांव फिर से ग्राम स्वराज की उस परिकल्पना को साकार करें, जिसके लिए वह जाने जाते थे। गांवों में स्वावलम्बन और आत्मनिर्भरता थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बचपन में उन्होंने जब इसी क्षेत्र में जन्म लिया था, तब लोगों की सरकार पर निर्भरता शून्य थी। गांव के लोग मिलकर अपने सारे कार्य सम्पन्न करते थे। यहां तक कि गांव की सड़क भी गांव के लोग ही मिलकर बना लेते थे। आज सरकार और जनप्रतिनिधियों के स्तर पर संवाद बढ़ा है, लेकिन गांवों की निर्भरता सरकार पर ज्यादा हो गयी है। यह प्रवृत्ति हमारे समय में नहीं थी। तब भी जीवन खुशहाल था। लोग मिलकर रहते थे। वातावरण सौहार्दपूर्ण था। वह समय वास्तव में स्वर्णिम था।

हमें अपने शिक्षण केन्द्रों को मजबूत करना होगा। हमारे शिक्षकों को मेहनत करनी होगी तथा सरकार के साथ समन्वय कर हर कार्यक्रम को लागू करने के अभियान से साथ जुड़ना पड़ेगा। प्रयास करने से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। उत्तराखण्ड के पास अच्छा करने के बहुत अवसर हैं। राज्य अच्छी दिशा में आगे बढ़ा है। आने वाले समय में अनेक अवसर आप सबको प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह आज से लगभग 45 वर्ष पहले यहां आये थे। उस समय इस क्षेत्र में मेला लगा था। तब कॉलेज भवन काफी जर्जर था। आदित्य बिरला ग्रुप ने उत्तराखण्ड सरकार के साथ मिलकर कॉलेज के नवीन भवन के निर्माण को पूर्ण किया।

## उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति में व्यापक सुधार

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बिजली संकट अब बीते दौर की बात बन गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने बिजली की कमी से जूझने वाले राज्य की छवि को पीछे छोड़ते हुए ऊर्जा स्थिरता और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। प्रदेश में बिजली की मांग व आपूर्ति के बीच का अंतर लगातार घटा है और अब यह लगभग शून्य के स्तर पर पहुंच गया है। योगी आदित्यनाथ सरकार का मानना है कि मजबूत बिजली व्यवस्था ही मजबूत अर्थव्यवस्था की बुनियाद होती है। बेहतर बिजली आपूर्ति के चलते प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है, एमएसएमई सेक्टर को संबल मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं।

आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश की बिजली की कुल आवश्यकता 1 लाख 44 हजार 251 मिलियन यूनिट थी। योगी सरकार ने बिजली की मांग व आपूर्ति के अंतर को समाप्त करने के लिए नीतियों और प्रबंधन सुधारों का जो प्रयास किया, उसका असर दिखने लगा। वित्त वर्ष 2023-24 में आपूर्ति 1 लाख 48 हजार 287 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1 लाख 64 हजार 786 मिलियन यूनिट हो गई। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ। इस अवधि में बिजली की कमी व्यावहारिक रूप से लगभग खत्म हो गई है।

योगी सरकार ने बिजली उत्पादन और आपूर्ति के साथ साथ पारेषण व वितरण व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया। राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से अधिशेष बिजली वाले राज्यों से उत्तर प्रदेश को समय पर बिजली उपलब्ध कराई गई। सर्वाधिक मांग (पीक ऑवर) के समय भी प्रदेश में बिजली आपूर्ति लगभग पूरी की गई, जिससे उद्योगों और घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिली।

(आरडीएसएस) के अंतर्गत जर्जर लाइनों को बदला गया, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई और स्मार्ट मीटरिंग को बढ़ावा दिया गया। इससे वितरण कंपनियों के घाटे में कमी आई और बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ। ग्रामीण इलाकों में बिजली पहुंचाने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और सौभाग्य योजना के जरिए बड़े स्तर पर काम किया गया। गांवों और घरों तक बिजली पहुंचने से कृषि, कुटीर उद्योग और छोटे कारोबार को नई गति मिली है।

# गरीब बच्चों के संग मनाया जन्मदिन नूर खान ने बांटी खुशियां



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। समाज सेवक फाउंडेशन की वाइस प्रेसिडेंट (बलटाना) नूर खान ने अपना जन्मदिन इस बार एक खास अंदाज में मनाया। उन्होंने झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों के बीच पहुंचकर उनके साथ खुशियां साझा कीं। इस मौके पर नूर खान ने बच्चों को अपने हाथों से खाने-पीने का सामान वितरित किया और उनके साथ समय बिताकर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। फाउंडेशन की ओर से कई वर्षों से इन बच्चों को निःशुल्क ट्यूशन शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है, ताकि वे पढ़-लिखकर अपने भविष्य को संवार सकें। संस्था के सदस्य समय-समय पर बच्चों के साथ विभिन्न सामाजिक और प्रेरणादायक गतिविधियां भी आयोजित करते रहते हैं।

नूर खान ने कहा कि जन्मदिन जैसे खास अवसर को जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाने से सच्ची खुशी मिलती है। समाज सेवक फाउंडेशन के सभी सदस्य हर वर्ष अपना जन्मदिन इन्हीं बच्चों के साथ मनाने की परंपरा निभा रहे हैं और आगे भी इसे जारी रखेंगे, ताकि इन मासूम बच्चों को भी खुशियों के कुछ यादगार पल मिल सकें।

# अमरावती बनेगी देश की पहली क्वांटम वैली, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने क्वांटम वैली बिल्डिंग का किया शिलान्यास

अर्थ प्रकाश/ बीएसएन रेड्डी

अमरावती। भारत को तकनीकी रूप से अग्रणी राष्ट्र बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने अमरावती में क्वांटम वैली बिल्डिंग निर्माण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अमरावती को देश की पहली क्वांटम वैली के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो न केवल क्वांटम कंप्यूटिंग बल्कि क्वांटम विशेषज्ञों का भी प्रमुख केंद्र बनेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आमतौर पर लोग आज में जीते हैं और कल की सोचते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू भविष्य को ध्यान में रखकर परसों की तैयारी करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले से किए गए विशाखापत्तनम को डीप-सी रिसर्च हब बनाने के संकल्प की दिशा में तेज़ी से काम हो रहा है। इसी कड़ी में नेशनल क्वांटम मिशन के तहत अमरावती क्वांटम वैली की शुरुआत की गई है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने नेशनल क्वांटम मिशन के लिए 6,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यह मिशन डिफेंस, हेल्थ,








फाइनेंस और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रिसर्च और इनोवेशन को नई गति देगा। अमरावती में क्वांटम कंप्यूटिंग, क्रायोजेनिक्स, क्यूबिट्स और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से जुड़े शोध कार्य होंगे। वर्तमान में क्वांटम में बी.टेक. कोर्स संचालित हैं और जल्द ही एम.टेक. कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत ने अपनी क्वांटम यात्रा की शुरुआत पवित्र राजधानी अमरावती से की है, जो विकसित भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी।

इस अवसर पर अमरावती क्वांटम वैली के लिए 15 पार्टनर संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें IQ Leap, Tri Quanta Labs, Qubit Force, SRM, Quantum Focus Labs सहित कई प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। इन रूभ के तहत क्वांटम कंप्यूटिंग, एल्गोरिदम, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, साइबर सिक्योरिटी, क्वांटम सेंसिंग और क्वांटम बायोफाउंड्री जैसे क्षेत्रों में निवेश किया जाएगा।

इसके साथ ही हेल्थकेयर, डिफेंस और एयरोस्पेस के लिए स्वदेशी क्वांटम तकनीक का विकास, सैटेलाइट-आधारित क्वांटम सिक्योर कम्युनिकेशन, क्वांटम रेफरेंस रिसर्च फैसिलिटी की स्थापना और युवाओं के लिए क्वांटम स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम भी शुरू किए जाएंगे।

अमरावती क्वांटम वैली भारत को वैश्विक क्वांटम टेक्नोलॉजी हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# लापरवाह ड्राइविंग बनी मौत की वजह, ज़ीरकपुर में बाइक सवार की गई जान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। ज़ीरकपुर के लोहगढ़ लाइट प्वाइंट के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सागर सचदेवा (उम्र लगभग 28 वर्ष) निवासी नानक नगर, अबोहर जिला फाजिल्का के रूप में हुई है। मृतक के पिता पन्ना लाल (63 वर्ष) ने ज़ीरकपुर पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनका बेटा सागर सचदेवा 5 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 3 बजे अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से ज़ीरकपुर में अपने एक दोस्त से मिलने जा रहा था। जब वह सिग्मा सिटी के समीप लोहगढ़ लाइट प्वाइंट के पास पहुंचा, तभी एक अज्ञात तिपहिया वाहन ने तेज रफ्तार व लापरवाही से उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सागर का संतुलन बिगड़ गया और उसका सिर सड़क के डिवाइडर से जा टकराया। गंभीर रूप से घायल सागर को तुरंत एम. केयर अस्पताल, ज़ीरकपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर ज़ीरकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और अस्पताल से मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त की। इसके बाद मृतक के पिता पन्ना लाल अपने बड़े बेटे विशाल सचदेवा के साथ पुलिस स्टेशन पहुंचे और लिखित बयान दर्ज कराया। बयान की पुष्टि विशाल सचदेवा ने की। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 व 324(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन चालक की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

# श्री लाल द्वारा मंदिर पीर मुछल्ला का 14वाँ वार्षिक उत्सव मनाया

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। रविवार को श्री लाल द्वारा मंदिर पीर मुछल्ला का 14 वाँ वार्षिक उत्सव बहुत हर्ष और उल्हास के साथ मनाया गया। हमेशा की तरह मंदिर में सुबह से ही भक्तों में परम पूजनीय, स्मरणीय गुरु जी श्री 1008 महंत श्री रामसुंदर दास जी के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के जोश देखा गया।

आज के दिन के लिए भक्तों ने कई दिन पहले से ही त्यारी शुरू कर दी थी। सभी के सहयोग से इस भव्य कार्यक्रम को पूर्ण किया गया।

रविवार के दिन, सुबह भजन एवं कीर्तन से कार्यक्रम का आरम्भ किया गया, भारी भीड़ को अच्छे संभालने के लिए बहुत अच्छा इंतजामात क्या गए थे। प्रत्येक भक्त ने महंत जी के दर्शन किए और आर्शीवाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में



इच्छुक भक्तों ने गुरु जी से नाम भी ग्रहण किया।

संकीर्तन के उपरान्त, विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बहुत संख्या में सेवकों ने कार्य किया और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के प्रसाद का आयोजन हमेशा की भांति भक्तों द्वारा दिए गए दान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी सेवक सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित थे।

# शिक्षा के बिना प्रगतिशील समाज की कल्पना संभव नहीं : सुदेश महतो

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने कमलनाथ मेमोरियल विद्या मंदिर, गागी, कांके के रजत जयंती समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर श्री महतो ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल करना प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। शिक्षा के बिना स्वस्थ एवं प्रगतिशील समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती। शिक्षा प्रगति और सफलता की वह कुंजी है, जिससे व्यक्ति के विकास के सारे दरवाजे खुलते हैं। एक शिक्षित व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। श्री महतो ने चिंता जताते हुए कहा, यह हमारा दुर्भाग्य है कि लोगों ने आज शिक्षा का व्यवसायीकरण कर दिया है, जिससे गरीब, निम्न तथा मध्य आय वाले परिवार के बच्चे उच्च शिक्षा पाने से वंचित रह जा रहे हैं । आज आवश्यकता है शिक्षा को सरल और सुगम बनाना, ताकि एक भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। यह तभी संभव है जब सरकार एवं गैर-सरकारी शिक्षण संस्थाएं अपने द्वार प्रत्येक वर्ग के लिए खोल दें। समारोह में विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य किशोर महतो ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी डॉ. देवशरण भगत, मो. हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, दीपक महतो, मनोज महतो, मुखिया फुलमनी नाग, विष्णु महतो, नरेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

# जाति की राजनीति का भविष्य नहीं, भाजपा सबका साथ, सबका विकास की पक्षधर : केशव

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को कहा कि जाति के नाम पर राजनीति करने वाले दल वर्ष 2027 में समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की मूल नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास पर आधारित है। वह फाजिलनगर स्थित पावानगर महावीर इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को भ्रष्टाचार के दलदल से बाहर निकाला है और अब जातिवादी राजनीति से भी मुक्ति दिलाई जाएगी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि एक गरीब परिवार से आने वाले प्रधानमंत्री को विपक्ष स्वीकार नहीं कर पा रहा है, जिसका उदाहरण हाल में लोकसभा की कार्यवाही में देखने को मिला। वर्ष 2017 से पूर्व की स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहले बिजली व्यवस्था बदहाल थी, जबकि आज प्रदेश में पर्याप्त बिजली उपलब्ध है। मनरेगा को पारदर्शी बनाकर डीबीटी प्रणाली से जोड़ा गया है, जिससे योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों



के खातों में पहुंच रहा है।

मौर्य ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों और 'लखपति दीदी' योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, प्रभारी मंत्री शकुंतला चौहान, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गतका खिलाड़ियों की ऐतिहासिक जीत पर डीएसजीएमसी ने किया सम्मान : हरमीत सिंह कालका



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने जानकारी देते हुए बताया कि डीएसजीएमसी द्वारा गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब स्थित कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के दौरान दिल्ली गतका एसोसिएशन से संबंधित उन विजेता बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने देश-स्तरीय विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इन खिलाड़ियों ने 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स (छत्तीसगढ़ और लुधियाना), 9वीं जूनियर एवं सीनियर नेशनल गतका चैंपियनशिप-2025, खेलो इंडिया यूथ गेम्स (2024-2025) तथा दिल्ली स्कूल गेम्स (2025-26) जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत का लोहा मनवाया।

सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि गतका केवल एक खेल नहीं है, बल्कि सिख कौम की शान, विरासत और योद्धा परंपरा का प्रतीक है। डीएसजीएमसी सिख युवाओं को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने, उनमें खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने तथा सिख विरासत के मान-सम्मान को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगी।

उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सिख समाज के लिए गर्व का विषय है और यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# पूर्वोत्तर कनेक्टिविटी को नई मजबूती : सिलीगुड़ी 'चिकन नेक' से होकर बनेगी अंडरग्राउंड रेल लाइन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

मालीगांव। पूर्वोत्तर राज्यों से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मज़बूत करने के भारत सरकार के निरंतर प्रयासों के तहत, भारतीय रेलवे ने एक नई अंडरग्राउंड रेल लाइन का निर्माण करने का निर्णय लिया है। यह प्रस्तावित नई लाइन सिलीगुड़ी कॉरिडोर से गुज़रेगी, जिसे आम तौर पर 'चिकन नेक' कहा जाता है। यह प्रस्तावित अंडरग्राउंड लाइन तिनमाइल हाट से रंगापाणी तक और आगे बागडोगरा तक जाएगी। मीडिया से बातचीत के दौरान, माननीय केंद्रीय रेल, सूचना और प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य रणनीतिक रूप से इस संवेदनशील कॉरिडोर में सुरक्षित, भरोसेमंद और निर्बाध रेल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना है। यह प्रस्तावित परियोजना पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार मंडल के अधीन है और इसमें पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग एवं उत्तर दिनाजपुर जिलों और बिहार के किशनगंज जिले के कुछ हिस्से शामिल हैं।

प्रस्तावित अंडरग्राउंड रेल लाइन की कुल लंबाई धूमडांगी और बागडोगरा के बीच 35.76 कि.मी. है, जिसमें धूमडांगी ङ्क रंगापाणी सेक्शन 33.40 कि.मी. लंबा है। इस अलाइनमेंट को मुख्य रूप से एक अंडरग्राउंड कॉरिडोर के रूप में प्लान किया गया है ताकि रणनीतिक रूप से संवेदनशील सिलीगुड़ी कॉरिडोर में सुरक्षित, निर्बाध और मजबूत




कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा सके। यह कॉरिडोर मुख्य भारत को पूर्वोत्तर राज्यों से लगभग 22 कि.मी. चौड़ी ज़मीन की एक संकीर्ण पट्टी के माध्यम से जोड़ता है।

नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के कॉरिडोर के पास होने के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं, भीड़भाड़ और सुरक्षा से संबंधित रुकावटों के प्रति इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए, यह अंडरग्राउंड रेल लाइन बहुत महत्वपूर्ण होगी। अंडरग्राउंड अलाइनमेंट एक सुरक्षित और अदृश्य वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा, जिससे आपात स्थिति के दौरान रक्षा कर्मियों, सैन्य उपकरणों और आपातकालीन राहत सामग्री की निर्बाध आवाजाही संभव होगी। यह परियोजना बागडोगरा एयर फ़ोर्स स्टेशन और भारतीय सेना के 33 कोर्पस के बेंगडुबी सैनिक छावनी के पास होने के कारण वायु-रेल लॉजिस्टिक्स समन्वय को भी सहयोग करेगा। इस परियोजना के लिए आधुनिक तकनीक और अत्याधुनिक इंजीनयरी तरीकों को अपनाया गया है।

परियोजना में 2म25 केवी एसी इलेक्ट्रिफिकेशन सिस्टम, ओएफसी और क्वाड केबल्स पर वीओआईपी - आधारित संचार के साथ ऑटोमैटिक सिग्नलिंग (स्टैंडर्ड-IV), आरडीएसओ 25-टन एक्सल लोड मानकों के अनुसार डिज़ाइन किए गए पुल और क्रॉसओवर के लिए एनएटीएम सुरंगों के साथ टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) कार्यप्रणाली का उपयोग करते हुए ट्विन टनल का प्रस्ताव है।

प्रस्तावित तिनमाइल हाट-रंगापाणी-बागडोगरा नई अंडरग्राउंड रेल लाइन पूर्वोत्तर में रणनीतिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। राष्ट्रीय हित में दृढ़ता से निहित, यह परियोजना भारत सरकार के एकीकृत और सुरक्षित बुनियादी ढांचे के विकास के विज़न के अनुरूप, पूर्वोतर क्षेत्र की सुरक्षा, लचीलेपन और दीर्घकालिक कनेक्टिविटी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# 35 फुट सड़क पर 'कब्जे' का विवाद गरमाया : कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ देर रात लोगों ने किया रोष प्रदर्शन

सोमवार को कार्यकारी अधिकारी को मिलकर दो दिन का दिया जाएगा अल्टीमेटम उसके पश्चात लगा दिया जाएगा धरना : स्थानीय निवासी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 7 फरवरी।** बलटाना के रविंद्रा एंक्लेव में पिछले चार दिनों से 35 फुट चौड़ी प्रस्तावित सड़क को लेकर चल रहा विवाद अब उग्र रूप ले चुका है। कॉलोनीवासियों ने नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार शिकायत और मेमोरेंडम देने के बावजूद कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। आरोप है कि कार्यकारी अधिकारी को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल तक रिसीव नहीं की। प्रशासनिक उदासीनता से नाराज लोगों ने शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे भूख हड़ताल पर बैठेंगे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि संबंधित जमीन मालिक 35 फुट सड़क पर अपना कब्जा जता रहा है, जबकि यह सड़क मास्टर प्लान के नक्शे में दर्शाई गई है और दो बार इसका प्रस्ताव भी पारित हो चुका है। लोगों का सवाल है कि जब सड़क नगर परिषद के रिकॉर्ड और मास्टर प्लान में दर्ज है, तो कोई निजी व्यक्ति उस पर दावा कैसे ठोक सकता है? उन्होंने यह भी बताया कि वे एसडीएम डेराबस्सी से मिल चुके हैं और उनके अनुसार एसडीएम ने कार्यकारी अधिकारी को मौके पर जाकर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक न तो काम रुकवाया गया और न ही स्थिति का जायजा लिया गया। मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब निवासियों ने आरोप लगाया कि बिल्डर ने कॉलोनी का मुख्य गेट बंद कर दिया था। देर रात लोगों ने इकट्ठा होकर गेट दोबारा खोल दिया। कॉलोनीवासियों का कहना है कि अगर 15 साल पहले यानी करीब 2010-11 में नगर परिषद ने इसी 35 फुट सड़क के नीचे सीवरेज पाइपलाइन डाली थी, तो यह जमीन निजी कैसे हो सकती है? उनका तर्क है कि यदि यह निजी संपत्ति थी, तो न तो सीवर लाइन डलती और न ही नगर परिषद की ओर से कोई सार्वजनिक कार्य होता। लोगों ने यह भी सवाल उठाया कि वर्ष 2016 में जब इस सड़क का प्रस्ताव पारित हुआ और टेंडर तक मंजूर हो गया, तब जमीन मालिक ने आपत्ति क्यों नहीं जताई? 2023 में उद्घाटन की घोषणा होने के बाद भी कोई विवाद सामने नहीं आया। अब अचानक निजी दावे का उठना कॉलोनीवासियों को संदेहास्पद लग रहा है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि सोमवार को कार्यकारी अधिकारी को मिलकर दो दिन का अल्टीमेटम दिया जाएगा उसके पश्चात धरना लगा दिया जाएगा यदि प्रशासन ने शीघ्र हस्तक्षेप कर स्पष्ट आदेश जारी नहीं किए, तो वे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। उन्होंने साफ कहा कि अगर कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी और स्थानीय प्रशासन की होगी। राजनीतिक वर्ग पर भी निशाना साधते हुए लोगों ने कहा कि चुनाव के समय वोट मांगने के लिए नेता कॉलोनी में आते हैं, लेकिन समस्या के समय कोई साथ खड़ा नहीं होता। उन्होंने चेतावनी दी कि इस बार वोट मांगने आने वाले किसी भी नेता का स्वागत नहीं किया जाएगा। रविंद्रा एंक्लेव के लोग प्रशासन से पारदर्शी जांच और त्वरित समाधान की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पूरा इलाका तनावपूर्ण है और लोगों की निगाहें नगर परिषद की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

वहीं दूसरी ओर जमीन मालिक ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उसके पास इस जमीन से संबंधित पूरे वैध दस्तावेज मौजूद हैं। उसका कहना है कि यह रास्ता किसी भी मास्टर प्लान में दर्ज नहीं है और यह उसकी निजी (पुश्तैनी) जमीन है। जमीन मालिक का दावा है कि समय आने पर वह अपने सभी कागजात सार्वजनिक रूप से पेश करेगा।

### रातों-रात गेट पर ताला, कंटीली तार भी हटाई गई

स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि गुरुवार रात जमीन मालिक की ओर से रविंद्र एंक्लेव की विवादित जमीन पर लगे गेट को बंद कर उस पर ताला जड़ दिया गया। इतना ही नहीं, वहां पहले से लगी कंटीली तार, जो स्पष्ट रूप से रास्ते को दर्शाती थी, उसे भी हटा दिया गया। लोगों का कहना है कि यह कदम इस उद्देश्य से उठाया गया ताकि यह दिखाया जा सके कि वहां पहले कभी कोई रास्ता था ही नहीं। शुक्रवार सुबह जब कॉलोनीवासियों ने गेट पर ताला लगा देखा और रास्ता बंद पाया, तो उनमें भारी रोष फैल गया। देर रात लोगों ने इकट्ठा होकर गेट का ताला तोड़ दिया और रास्ता दोबारा खोल दिया। निवासियों का दावा है कि यह गेट उन्होंने अपने निजी खर्च से लगवाया था और इस पर किसी बाहरी व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं है। घटना के दौरान मौके पर पुलिस और नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को बुलाया गया। कुछ देर बाद पुलिस तो पहुंच गई, लेकिन कार्यकारी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति और नाराजगी बढ़ गई। कॉलोनीवासियों ने कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया तो स्थिति और बिगड़ सकती है।

### लोगों के सवाल?

- नगर परिषद जीरकपुर ने वर्ष 2010-11 में रविंद्रा एंक्लेव में सीवरेज पाइपलाइन डाली थी।
- यदि जमीन निजी थी, तो नगर परिषद ने पाइपलाइन कैसे डाली?
- वर्ष 2016 में सड़क का प्रस्ताव पास और टेंडर मंजूर हुआ।
- 2023 में उद्घाटन की घोषणा के बावजूद कोई आपत्ति दर्ज नहीं हुई।
- अब अचानक जमीन पर निजी दावा क्यों?



'आप इस मामले से जुड़े जो भी दस्तावेज उपलब्ध हैं, वे मुझे भेज दीजिए। मैं उन्हें संबंधित विभाग से चेक करवाकर इस मामले का जल्द से जल्द समाधान कराने की कोशिश करूंगी।'

— कोमल मित्तल, डिप्टी कमिश्नर, मोहाली

# विसटा लैंड प्रमोटर एलएलपी ने विसटा पैलेंसिया प्रोजेक्ट किया लॉन्च

## फाउंडेशन कार्य शुरू होने के साथ बुकिंग भी जनता के लिए दी गई खोल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जीरकपुर, 7 फरवरी।** रेरा पंजीकृत विसटा पैलेंसिया प्रोजेक्ट में पारदर्शिता, समयबद्ध डिलीवरी और गुणवत्ता निर्माण का दावा, लॉन्च समारोह में मुख्य अतिथि हरपाल सिंह चीमा रहे मौजूद। विसटा लैंड प्रमोटर एलएलपी ने अपने आगामी रिहायशी प्रोजेक्ट विसटा पैलेंसिया का आधिकारिक सार्वजनिक शुभारंभ कर दिया है। खास बात यह रही कि प्रोजेक्ट का लॉन्च उसी समय किया गया जब साइट पर फाउंडेशन का काम जमीन पर शुरू हो चुका है, जिसे डेवलपर की भरोसेमंद कार्यप्रणाली माना जा रहा है। कंपनी के अनुसार, प्री-लॉन्च चरण में ही प्रोजेक्ट को ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली थी, जो बाजार में प्रोजेक्ट की मजबूत मांग और विश्वास को दर्शाती है। अब निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही प्रोजेक्ट को सार्वजनिक बुकिंग के लिए खोल दिया गया है, जिससे होमबायर्स को पारदर्शिता और समय पर डिलीवरी का भरोसा दिया जा रहा है।

इस मौके पर विसटा लैंड प्रमोटर एलएलपी के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी का मानना है कि किसी भी प्रोजेक्ट का लॉन्च तभी होना चाहिए जब उसका वास्तविक निर्माण कार्य शुरू हो जाए। यह लॉन्च कंपनी की गुणवत्ता, समयबद्ध डिलीवरी और नियामकीय नियमों के पालन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।लॉन्च समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरपाल सिंह चीमा मौजूद रहे, जिन्होंने प्रोजेक्ट ब्रोशर का औपचारिक अनावरण किया। वहीं धार्मिक माहौल के लिए चित्रा विचित्र महाराज के संकीर्तन का आयोजन भी किया गया।यह प्रोजेक्ट रेरा एक्ट 2016 के तहत पंजीकृत है, जिसकी रेरा संख्या PBRERA-SAS79-PR1296 है, जो ग्राहकों के हितों और पारदर्शिता को सुनिश्चित करता है।

# गांव बडाणा में भाजपा का बड़ा धमाका : गुरदर्शन सैनी की लीडरशिप में दर्जनों परिवार पार्टी में हुए शामिल

अर्थ प्रकाश/चौहान



**लालड़ू, 7 फरवरी।** हल्का डेराबस्सी के लालड़ू सर्कल के तहत आने वाले गांव बडाणा में आज भारतीय जनता पार्टी को उस समय बड़ी बढ़त मिली जब गांव के दर्जनों जाने-माने लोग और अलग-अलग पार्टियों से जुड़े युवा सीनियर भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी की लीडरशिप में पार्टी में शामिल हुए। इस घटनाक्रम के साथ ही लालड़ू इलाके में भाजपा का पॉलिटिकल ग्राफ तेजी से बढ़ता दिख रहा है। इस मौके पर गुरदर्शन सिंह सैनी ने पार्टी में शामिल हुए सभी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। गांव के कुलबीर सिंह गोल्डी, बलजिंदर सिंह, लंबरदार चरण सिंह, दीदार सिंह, कमलजीत सिंह, हरदीप सिंह, अमरजीत सिंह, बहादुर सिंह, बलवंत सिंह, सुरजीत सिंह, गुरध्यान सिंह, कुलविंदर सिंह पाला, जगजीत सिंह, मेजर सिंह, हैप्पी सिंह, ध्यान सिंह, सतविंदर सिंह बराना, जगजीत सिंह जग्गी, रानी माजरा, सोनू रानी माजरा, लाली रानी माजरा, इकबाल सिंह, रानीमाजरा, जसविंदर सिंह हंडेसरा, लाडी सिंह, चंदन, जीत सिंह त्सिम्बली, इंद्रजीत सिंह हम्मायू पुर, संसार सिंह भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और भाजपा की विकास की सोच से प्रभावित होकर लोग बड़ी संख्या में पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालड़ू इलाके में इतनी बड़ी संख्या में लोगों का भाजपा में शामिल होना दूसरी पारंपरिक पार्टियों के लिए एक चुनौती है। श्री सैनी ने दावा किया कि आने वाले दिनों में और भी कई गांवों के लोग भाजपा परिवार का हिस्सा बनेंगे, क्योंकि लोग अब पंजाब को बदलाव के साथ-साथ तरक्की के रास्ते पर देखना चाहते हैं।

इस मौके हरप्रीत सिंह टिंकू अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा जिला मोहाली, मंडल अध्यक्ष रणबीर सिंह राणा बिट्टू, गुलजार टिवाना, दयाल सैनी, हैप्पी, नवीन, दीदार सिंह, पुष्पिंदर मेहता, कुशल पाल, मोहित और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रैफिक इंचार्ज सुरिंदर सिंह को किया विशेष सम्मानित



अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 7 फरवरी।** डेराबस्सी हलके के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने ट्रैफिक इंचार्ज सुरिंदर सिंह को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें अपनी ड्यूटी के प्रति समर्पण, ईमानदारी और आम जनता की सुरक्षा के लिए देर रात तक मुस्तैदी से निभाई जा रही जिम्मेदारियों के लिए दिया गया।

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि ट्रैफिक इंचार्ज सुरिंदर सिंह न केवल दिन के समय बल्कि देर रात तक सड़कों पर तैनात रहकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनकी कार्यशैली अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभा रहे हैं तथा राहगीरों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। विधायक रंधावा ने कहा कि मेहनती और ईमानदार अधिकारियों का सम्मान करना सरकार का कर्तव्य है, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था में और अधिक सुधार लाया जा सके।

इस अवसर पर ट्रैफिक इंचार्ज सुरिंदर सिंह ने विधायक कुलजीत सिंह रंधावा का धन्यवाद करते हुए विश्वास दिलाया कि वे भविष्य में भी इसी तरह सेवा भावना और ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाते रहेंगे।

# हिंदू महापंचायत द्वारा विवादित टेली फिल्म का नाम 'घूसखोर पंडित' रखने की सख्त निंदा की, दी आंदोलन की चेतावनी

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 7 फरवरी।** डेराबस्सी में आज हिंदू महापंचायत की एक आकस्मिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न धर्मो के लोग शामिल हुए,। आदर्श नगर डेराबस्सी में आयोजित की गई इस बैठक में राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र वैष्णव की अध्यक्षता में, सर्वसम्मति से सर्वसमाज हित में एक प्रस्ताव पारित किया गया ओर विवादित टेली फिल्म का नाम 'घूसखोर पंडित' रखने की सखूत निंदा की गई। यह प्रस्ताव हिंदू महापंचायत के अध्यक्ष भाजपा नेता तथा ब्राह्मण सभा के प्रधान श्री रविंद्र वैष्णव और पूर्व महासचिव नरेंद्र मोहन शर्मा ने रखा जिसे सभी ने हाथ खड़े करके सर्व सम्मति से पारित किया। श्री रविंद्र वैष्णव ने कहा कि किसी विशेष वर्ग , वर्ण या जाति पर इस तरह के नाम रखकर सनातन धर्म को बांटने और बदनाम करने का यह षड्यंत्र है आज ब्राह्मणों के नाम पर घूसखोर पंडित नाम रखा गया है कल किसी और जाति या वर्ण पर इस प्रकार का नाम रखकर सनातन धर्म को बदनाम किया जा सकता है। उन्होंने निर्देशकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और टेली फिल्म का नाम बदलने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि अगर शीघ्र ही इस फिल्म के प्रसारण को बंद नहीं किया जाता या फिर इसका नाम नहीं बदला जाता तो एक जन आंदोलन किया जाएगा जिसकी सारी जिम्मेवारी प्रशासन एवं सरकार की होगी । इस अवसर पर विश्वकर्मा सिखिया सोसाइटी प्रमुख पवन धीमान, श्री रामलीला कमेटी 812 महासचिव दिनेश वैष्णव, सुमित शर्मा, खत्री सभा से राजकुमार महेंद्रू, लवी महेंद्रु, श्री शारदा माता परिवार से राकेश मेहता, सोहन लाल धीमान, सनातनी प्रमुख नरेंद्र मोहन शर्मा, गिरजा कुमार शर्मा,योगेश अत्री, एसबीपी हाउसिंग सोसायटी से अशोक कुमार, घनश्याम, बीरबल, प्रजापति सभा से सोहन लाल तथा भारी संख्या में सभी जातियों के लोग उपस्थित थे ।

# 9 साल के बच्चे की हत्या, गला काटकर झाड़ियों में फेंका

## 3 दिन पहले घर के बाहर खेलते वक्त लुधियाना से गायब हुआ था

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 7 फरवरी।** लुधियाना में 9 साल के बच्चे की गला रेत कर हत्या कर दी गई। बच्चा 3 दिन से लापता था। शनिवार शाम को उसका शव कासाबाद गांव के पास झाड़ियों में मिला। उसकी पहचान अमन के रूप में हुई है।

पहले परिवार सलेम टाबरी थाने गया। पुलिस ने उन्हें कहा कि उनका एरिया नहीं है। फिर वो बस्ती जोधेवाल थाने गए। वहां भी उन्हें कहा गया कि उनका एरिया नहीं है।

इसके बाद परिवार मेहरबान थाने गया। मेहरबान थाने वालों ने भी एरिया न होने की बात की। परिवार उसके बाद लाडोवाल थाने गया। उन्होंने भी अपना एरिया होने से इंकार किया। आखिर में शव कासाबाद के पास झाड़ियों में मिला और यह एरिया सलेम टाबरी थाने का ही निकला। परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई का रहने वाला है। बच्चे की मां अनीषा ने कहा कि तीन दिन जगह-जगह पर घूमते रहे। थाने गए। हमारी सुनवाई होती तो बच्चा नहीं मरता। पांच तारीख से गायब था। घर के बाहर खेल रहा था। पतंग उड़ा रहा था। उसकी उम्र नौ साल थी।

# पी डी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट जगराओं ने कुष्ठ आश्रम में दी मासिक राशन की 35वीं किस्त

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 7 फरवरी।** इलाके के जाने-माने समाजसेवी राजेंद्र कुमार जैन सुपुत्र स्वतंत्रता सेनानी दयाचंद जैन ने अपनी मातेश्वरी और पिता श्री की मीठी याद में स्थापित पी डी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट जगराओं के माध्यम से हर माह की तरह महीने के पहले शनिवार को लाला लाजपत राय कुष्ठ आश्रम जगराओं में बहुत सादे परंतु प्रभावशाली ढंग से आयोजित समारोह के माध्यम से कुष्ठ आश्रम के सभी 35 परिवारों को मासिक राशन की 35वीं किस्त प्रदान की तथा बच्चों को नमकीन बिस्कुट आदि भी वितरित किए गौरव तलब है की पी डी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट लंबे समय से जमीनी स्तर पर दबे कुचले जरूरतमंद गरीब परिवारों के हितों को ध्यान में रखते हुए बहुत से जनहित समाज भलाई लोक सेवा तथा धार्मिक कार्यों में के माध्यम से सेवा के कार्यो को लगातार समर्पित है और सभी सेवाओं को अपनी ही नेक कमाई से समर्पण भाव से चला रही है आज के इस शुभ अवसर पर समाज के जाने-माने व्यक्तियों ने इस प्रकार भाग लिया राजकुमार भल्ला केवल मल्होत्रा मैडम कंचन गुप्ता दिनेश जैन शशि जैन रमेश जैन मोहित जैन दिनेश यादव लाल सिंह एवं मंच संचालक कैप्टन नरेश वर्मा आदि कुष्ठ आश्रम के सभी निवासियों ने बाबूजी को दुआएं दी तथा धन्यवाद किया श्री राजेंद्र जैन ने बाद में सभी महानुभावों का आभार प्रकट किया तथा सभी को चाय नाश्ता आदि कराया और सभी के लिए शुभकामनाएं की।

# मुल्लापुर/दाखा में युवक की संदिग्ध मौत, दोस्तों पर पीट-पीटकर हत्या का आरोप, हाईवे जाम

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 7 फरवरी।** मुल्लापुर/दाखा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने युवक के दोस्तों पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस घटना के विरोध में परिवार और ग्रामीणों ने लुधियाना-फिरोजपुर मुख्य मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया, जिससे कई घंटों तक यातायात बाधित रहा।

मृतक जगजीत सिंह उर्फ जोबन के पिता के अनुसार, जगजीत सिंह गांव के एक मामले में नामजद था और उसे उसी दिन आत्मसमर्पण करना था। उन्होंने बताया कि जगजीत रात में खाना खाने के बाद अपने दोस्तों से मिलने दूसरे गांव गया था।

**अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित:** सुबह परिवार को फोन पर सूचना मिली कि जगजीत उठ नहीं रहा है और उसे शहर के एक निजी अस्पताल ले जाने को कहा गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जगजीत को मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना देने के बावजूद पुलिस घंटों तक मौके पर नहीं पहुंची। पुलिस की इस कथित देरी से नाराज होकर परिवार और ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। इस जाम में पूर्व सांसद अमरीक सिंह अलीवाल भी फंस गए।

उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर परिवार से बात की और एसएचओ हमराज सिंह चीमा से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### कार्रवाई के आश्वासन के बाद खोला जाम

पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। इसके बाद, शव को पोस्टमार्टम के लिए लुधियाना सिविल अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अस्पताल एक उद्योग का रूप ले चुके हैं : जतिंदर सिंह शंटी

फार्मा कंपनियों, बीमा कंपनियों, प्रयोगशालाओं और डॉक्टरों के एनैकसिस को जल्द तोड़ा जाएगा

अर्थ प्रकाश/जतिंदर देवगन



**बरनाला, 07 फरवरी।** पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित और ह्यूमन राइट्स पंजाब और चंडीगढ़ के सदस्य जतिंदर सिंह शंटी ने कहा कि अस्पताल एक उद्योग का रूप ले चुके हैं और मरीजों को बड़े पैमाने पर लूटा जा रहा है, इसे रोकने के लिए वे चंडीगढ़ और पंजाब आए हैं। पंजाब और चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग के सदस्य पद्म श्री जतिंदर सिंह शंटी ने कहा कि दवा विक्रेता, प्रयोगशाला विक्रेता,बीमा कंपनियों और पांच सितारा अस्पतालों के बीच एक गठबंधन है। इस गठबंधन को तोड़ने के बाद ही वे राहत की सांस ले पाएंगे, ताकि मरीजों का शोषण बंद हो सके और हर जरूरतमंद व्यक्ति को किफायती इलाज मिल सके।

मानवाधिकार आयोग के सदस्य पद्म श्री जितेंद्र शंटी ने कहा कि डॉक्टर भगवान का अवतार हैं, यह कोरोना काल में सिद्ध हो चुका है, इसलिए सभी डॉक्टर बुरे नहीं होते।

आजकल कुछ डॉक्टरों ने लालच के चलते अस्पतालों को एक उद्योग में बदल दिया है, और पांच सितारा अस्पतालों में डॉक्टर प्रति माह पांच से दस लाख क्या रहे हैं, जबकि एक डॉक्टर ने उन्हें बताया कि वह प्रति माह चाली लाख रुपये महीना कमाता है।उन्होंने कहा कि ऐसे डॉक्टरों ने चिकित्सा पेशे को बदनाम किया है, और बीमा कंपनियों, दवा कंपनियों, प्रयोगशालाओं और अस्पताल के डॉक्टरों ने आपस में गठबंधन बना लिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग अंधाधुंध तरीके से मरीजों को लूट रहे हैं, उसे रोकना बेहद जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि इस विलय के तहत, जिनके पास पहले पांच अस्पताल थे, अब 20 अस्पताल हो गए हैं, दवा कंपनियों पर कोई लगाम नहीं कसी जा रही है, 2000 रुपये की दवाएं 10,000 रुपये तक में बेची जा रही हैं।प्रयोगशालाएं भी लोगों को लूट रही हैं, यहां तक कि पांच सितारा अस्पतालों के डॉक्टरों ने भी अपने अस्पतालों के अंदर प्रयोगशालाएं और दवा की दुकानें खोल रखी हैं।

डॉक्टरों ने लालच में आकर हरजिंदर सिंह नाम के मरीज को महज़ पेट दर्द की शिकायत पर उसे इस तरह भ्रमित कर दिया कि उसके इलाज में करीब 40 लाख रुपये खर्च हो गए, लेकिन फिर भी उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। इसी तरह, लिवर प्रत्यारोपण के दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और जिस महिला ने लिवर दान किया था,डॉक्टर उसे अस्पताल से छुट्टी देने के बदले में उससे 11 लाख रुपये और मांग रहा था, जबकि जिस व्यक्ति को उसने लीवर दिया था, वह पहले से ही मरणासन्न था। उसने कहा कि मरीजों का शोषण करने के लिए महंगी दवाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है।वे महंगे टेस्ट लिखते हैं, और अस्पताल का बिल चुकाने के लिए वे मरीज को बिना किसी कारण के वेंटिलेटर पर रख देते हैं, और कुछ लोगों को बताते हैं कि स्टंट डालना जरूरी है ,जबकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं होती है।उन्होंने कहा कि कई लोगों को वेंटिलेटर पर रखा जाता है और बिना किसी कारण के बिल बनाने के लिए जबरन सर्जरी कर दी जाती है।

उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने लुधियाना के ओरिसन अस्पताल के चारों निदेशकों के खिलाफ शव को क्षत-विक्षत करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है।पंजाब और चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग के सदस्य पद्म श्री जतिंदर सिंह शंटी ने कहा कि पंजाब के बड़े अस्पताल मरीजों को लूट रहे हैं।और वे फार्मा कंपनियों, प्रयोगशालाओं, बीमा कंपनियों और डॉक्टरों द्वारा मरीजों का शोषण करने के लिए बनाए गए उस गुट की कमर को जल्दी ही तोड़ देंगे, जिससे मरीजों को बहुत राहत मिलेगी।

# कर्मचारी महासंघों के संयुक्त सम्मेलन में जलशक्ति कर्मियों को उपमुख्यमंत्री ने दिया भरोसा

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जलशक्ति विभाग के कर्मचारी महासंघों के संयुक्त सम्मेलन में कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनकी सभी जायज़ समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

यह सम्मेलन शनिवार को हरोली स्थित पालकवाह ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।

उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान संभव न हो। आप विश्वास रखें, मैं आपके साथ हूं और आपके सभी जायज़ मुद्दों का समाधान किया जाएगा।



सम्मेलन के दौरान कर्मचारियों ने नियमितीकरण, पदोन्नति, पेंशन, नीति निर्माण, ड्यूटी व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों से संबंधित अपनी समस्याएं और अपेक्षाएं उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। उपमुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और प्रत्येक जायज़ मांग के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मामलों में नीति की आवश्यकता होगी, वहां सरकार नई नीति बनाएगी और सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग में प्रक्रियागत तरीके से पक्की भर्तियां सुनिश्चित की जा रही हैं,जिससे कर्मचारियों को पेंशन लाभ से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि जलशक्ति विभाग में 419 करुणामूलक भर्तियां की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के सम्मान और सामाजिक सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कर कर्मचारियों को बुढ़ापे की गारंटी दी है। एचआरटीसी में भी ओपीएस लागू की जा चुकी है और जो कर्मचारी अभी इस व्यवस्था से वंचित हैं, उन्हें भी इसमें शामिल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स व्यवस्था की उपयोगिता अथवा अनुपयोगिता पर भी गंभीरता से मंथन किया जा रहा है ।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जलशक्ति विभाग के कर्मचारी अत्यंत कठिन और विपरीत परिस्थितियों और दुर्गम क्षेत्रों में सेवाएं देते हैं। प्रदेश के हर नागरिक तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना कोई छोटा कार्य नहीं है और इसके लिए विभाग के कर्मचारियों का योगदान सराहनीय है।


उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सीमित राजस्व संसाधनों के बावजूद सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी व्यवस्था हिमाचल प्रदेश के लिए पहले ही नुकसानदेह रही है और अब राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) को समाप्त कर केंद्र सरकार ने प्रदेश को धोखा दिया है। लेकिन राज्य सरकार अपने कर्मचारियों के साथ किसी प्रकार का धोखा नहीं होने देगी।

# मनाली में चिट्टा तस्करी का भंडाफोड़, होटल के कमरे से 39.650 ग्राम हेरोइन बरामद

भुंतर में 560 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

एसपी मदन लाल कौशल बोलेङ्क किसी को नहीं बख्शा जाएगा

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 7 फरवरी।** जिला कुल्लू पुलिस को नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना मनाली क्षेत्र में गश्त व सुरागबुरारी के दौरान पुलिस ने होटल के कमरे से चिट्टा (हेरोइन) की खेप बरामद करते हुए पंजाब के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं भुंतर में एक व्यक्ति को 560 ग्राम चरस सहित पकड़ा गया है।

एसपी मदन लाल कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि मनाली में एचसी नरेश और एचसी जगदीश कुमार गश्त पर थे। शाम करीब 6¬15 बजे वन विहार पार्किंग के पास पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली कि होटल वीर विल्ला, गोम्पा रोड, मनाली में ठहरे दो युवक चिट्टा बेचने का अवैध धंधा कर रहे हैं।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने होटल के कमरे की नियमानुसार तलाशी ली। इस दौरान उपेंदर जीव सिंह (21 वर्ष) निवासी जिला जालंधर और बलकार लाल (25 वर्ष) निवासी जिला अमृतसर, पंजाब के कब्जे से 39.650 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद की गई।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की आगामी जांच एचसी नरेश (अन्वेषण अधिकारी), थाना मनाली द्वारा की जा रही है।

उधर, भुंतर क्षेत्र में पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को 560 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

एसपी मदन लाल कौशल ने कहा कि दोनों मामलों में जांच तेज कर दी गई है और यह पता लगाया जा रहा है कि इनके साथ और कौन-कौन लोग संलिप्त हैं। नशा तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# विधायी प्राथमिकता बैठक केवल औपचारिकता, जमीनी विकास कार्यों पर सरकार गंभीर नहीं : विपिन परमार

विधायक निधि, ऐच्छिक निधि और डीपीआर लंबित, ट्रेजरी से भुगतान रुका – भाजपा

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला, 7 फरवरी।** भाजपा नेता एवं विधायक विपिन परमार ने छोटा शिमला स्थित सचिवालय के बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि आज शिमला और कांगड़ा जिला के विधायकों की विधायी प्राथमिकता बैठक आयोजित हुई, जिसमें भाजपा विधायकों ने विस्तार से अपने क्षेत्रों के विकास मुद्दे रखे, लेकिन सरकार की ओर से इसे केवल औपचारिकता के रूप में लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और लंबित डीपीआर से जुड़े मामलों को प्रमुखता से उठाया गया।

विपिन परमार ने कहा कि कई वर्षों से सड़कों, फ्लो इरिगेशन योजनाओं और पेयजल योजनाओं के लिए धन स्वीकृति का इंतजार है, लेकिन डीपीआर तक तैयार नहीं हो रही। उन्होंने मांग उठाई कि यदि सरकार विधायी प्राथमिकता बैठक कर रही है तो विधायकों की प्राथमिकता किट्टी की राशि बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि क्षेत्रीय स्तर पर जरूरी कार्य समय पर पूरे हो सकें।

उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक क्षेत्र विकास निधि, जो चार किस्तों में जारी होती है और आपदा या आकस्मिक कार्यों के लिए उपयोगी है, उसकी दो किस्तें समाप्त कर दी गई हैं। जो किस्त जारी भी हुई, वह जिलाधीश स्तर से स्वीकृत होने के बावजूद ट्रेजरी से जारी नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि यही स्थिति ऐच्छिक निधि की भी है, जो जरूरतमंद, बीमार, गरीब परिवारों, बेटियों के विवाह और युवा खिलाड़ियों को सहायता देने के लिए उपयोग होती है, लेकिन उसका भुगतान भी रोका जा रहा है।

परमार ने बताया कि बैठक में अन्य भाजपा विधायकों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों के मुद्दे मजबूती से उठाए। विधायक विक्रम ठाकुर ने क्षेत्रीय विकास कार्यों पर तथ्यात्मक प्रस्तुति दी, पवन काजल ने शिक्षा और सड़कों से जुड़े विषय रखे, जबकि रणवीर सिंह निक्का ने चक्की क्षेत्र में अवैध खनन और बाहरी राज्यों के हस्तक्षेप का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 से पहले भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत अस्पताल, पुल, सड़क, भवन, रेस्ट हाउस, पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई जैसे अनेक विकास कार्य आज भी अधूरे पड़े हैं, लेकिन वर्तमान सरकार ने उन पर एक भी पैसा जारी नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों ने स्पष्ट कहा है कि सरकार चाहे उद्घाटन का श्रेय ले, लेकिन अधूरे प्रोजेक्ट्स को तुरंत पूरा किया जाए। विपिन परमार ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से भाजपा विधायक अपने क्षेत्रों और प्रदेश के मुद्दे लगातार उठा रहे हैं, लेकिन सरकार के रवैये में गंभीरता दिखाई नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि बैठक में भाजपा ने मजबूती से अपना पक्ष रखा है, परंतु सरकार को अब औपचारिकता छोड़कर वास्तविक विकास पर ध्यान देना चाहिए।

# मंत्री गजेंद्र सिंह बजट संवाद और प्रबुद्ध जन संगोष्ठी में करेंगे सहभागिता : संजीव

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत के हिमाचल प्रदेश प्रवास कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि माननीय केंद्रीय मंत्री 8 फरवरी 2026 को शिमला प्रवास पर रहेंगे, जहां वे बजट 2026-27 पर आधारित संवाद कार्यक्रम, प्रेस वार्ता और प्रबुद्ध जन संगोष्ठी में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह दौरा सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन विकास और विकसित भारत के विजन को लेकर महत्वपूर्ण रहेगा।

संजीव कटवाल ने बताया कि केंद्रीय मंत्री 7 फरवरी की रात्रि नई दिल्ली से हवाई मार्ग द्वारा चंडीगढ़ पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम चंडीगढ़ में करेंगे। 8 फरवरी को प्रातः 7¬45 बजे चंडीगढ़ से सड़क मार्ग द्वारा शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे और लगभग 10¬45 बजे छोटा शिमला स्थित सीटीओ चौक पहुंचेंगे। वहां से पैदल मॉल रोड स्थित गुफा आशियाना रेस्टोरेंट तक जाएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रातः 11¬00 बजे से 11¬45 बजे तक गुफा आशियाना, मॉल रोड शिमला में केंद्रीय मंत्री द्वारा बजट 2026-27 पर प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस संवाद में बजट के प्रमुख प्रावधानों, पर्यटन, संस्कृति, इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार सृजन से जुड़े विषयों को रखा जाएगा। इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री 11¬45 बजे गुफा आशियाना से पार्टी कार्यालय दीपकमल, चक्कर के लिए प्रस्थान करेंगे और लगभग 12¬15 बजे वहां पहुंचेंगे। 12¬15 बजे से 1¬00 बजे तक वे प्रबुद्ध जन संगोष्ठी में सहभागिता करेंगे, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजन, सामाजिक प्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद पार्टी कार्यालय में दोपहर भोजन का कार्यक्रम निर्धारित है। संजीव कटवाल ने बताया कि दोपहर 1¬30 बजे केंद्रीय मंत्री शिमला से चंडीगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे और लगभग 4¬45 बजे चंडीगढ़ हवाई अड्डे पहुंचेंगे।

# विधायक सुरेंद्र शौरी ने विधायक प्राथमिकता बैठक में उठाए बंजार क्षेत्र के प्रमुख मुद्दे

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 7 फरवरी।** आज शिमला में आयोजित विधायक प्राथमिकता बैठक में बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने भाग लिया। बैठक के दौरान विधायक शौरी ने मुख्यमंत्री के समक्ष बंजार विधानसभा क्षेत्र से संबंधित प्रमुख समस्याओं एवं विकासात्मक योजनाओं को विस्तारपूर्वक रखा।



विधायक शौरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग-305 की दयनीय स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इससे संबंधित लंबित परियोजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने बरसात के बाद से बंद पड़े बंजार बाईपास सहित अन्य संपर्क सड़कों को युद्ध स्तर पर बहाल करने तथा बस सेवाओं को शीघ्र पुनः आरंभ करने की माँग भी उठाई।

उन्होंने कहा कि लारजी बाईपास पुरानी सड़क का पूर्व सरकार द्वारा लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से पुनरुद्धार किया गया था तथा जल क्रीड़ा एवं अन्य पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कैफेटेरिया सहित आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण किया गया था। किंतु वर्तमान में विभागीय लापरवाही के चलते यह संपूर्ण योजना खंडहर बनने की कगार पर है। विधायक ने इस परियोजना के समुचित रखरखाव एवं देखरेख सुनिश्चित करने की माँग की।

विधायक शौरी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर उनकी विधायक प्राथमिकता की योजनाओं की अनदेखी कर रही है, जो कि क्षेत्र के विकास हित में उचित नहीं है। उन्होंने बढ़ते पर्यटन दबाव को ध्यान में रखते हुए बंजार घाटी में विद्युत वोल्टेज बढ़ाने, नए सब-स्टेशन के निर्माण तथा विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की माँग भी दोहराई।

बैठक के दौरान विभिन्न विभागाध्यक्षों के साथ उपर्युक्त परियोजनाओं को लेकर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई तथा आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### गैस वितरण की अधिसूचना जारी

**नालागढ़ (पवन कौशल)।** जिला दण्डाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने ?िला के मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गैस सिलेंडर की सुचारू और समय पर आपूर्ति के लिए सभी एल.पी.जी. गैस एजेंसियों के संबंध में रूट चार्ट की अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड (एचपीएससीएससी) गैस एजेंसी नालाग? द्वारा थोलोवाल, निचला महादेव, कोटला झझरा व अंदरोला व मलपुर में प्रत्येक माह की पहली तारीख, सने?, सलेवाल, भाटिया, मंगता प्लासी व किला प्लासी में प्रत्येक माह की 2 व 16 तारीख, अभिपुर, रामपुर, कालीबा?ी, गुल्लरवाला व टापरिया में प्रत्येक माह की 3 व 17 तारीख, पल्ली, शेरावाली, बगलेह?, जेईवाल व अम्बवाला में प्रत्येक माह की 4 व 18 तारीख, माजरा बसोट, रामपुर, थाना, फलाई व बरूणा में प्रत्येक माह की 5 व 19 तारीख, बेरछा नंगल डका, बघेरी व उपरली बघेली में प्रत्येक माह की 7 व 21 तारीख, रतयोड, डुगरी, पटेरा नवाग्राम व लुबाना बस्ती में प्रत्येक माह की 8 व 22 तारीख, टिक्करी व बोहरी में प्रत्येक माह की 8 तारीख, किल्लर, डोडन नगर व मस्तानपुरा बेहली में प्रत्येक माह की 9 व 23 तारीख, डांगरूपरली निचली टापरिया, कगंनवाल, भोगपुर व भांगला में प्रत्येक माह की 10 व 25 तारीख, फातूवल राजपुरा, बेला मंदिर, रंगुवाल, माजरा बरूणा व दयोली में प्रत्येक माह की 11 व 24 तारीख, जोघों जगतपुर, बनयाला व जाटावली में प्रत्येक माह की 12 व 26 तारीख, पंजैहरा, सोबन माजरा, अंदरोला उपरला, खनोआ बेरछा में प्रत्येक माह की 13 व 28 तारीख, कश्मीरपुर, बसोवाल कालीबा?ी व घोलोवाल व भटोली में प्रत्येक माह की 14 व 29 तारीख, कुल्हा?ी, सकेडी हेलर व कटीरूमाजरा में प्रत्येक माह की 15 व 30 तारीख, मल्हेनी, सोहारी व मियापुर में प्रत्येक माह की 17 तारीख को गैस वितरित की जाएगी।

# लालसिंगी में सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जा खोलने की ग्रामीणों ने उठाई मांग

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** ऊना मुख्यालय के साथ लगते लालसिंगी में अवैध कब्जे के कारण बाबा बेली राम से झलेड़ा सड? मार्ग बंद पड़ा है। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की कि उक्त रास्ते पर अवैध कब्जे के हटाकर सड? को बहाल किया जाए। मामले की गंभीरता को लेकर उपायुक्त ऊना के आदेशों पर गठित कमेटी ने लालसिंगी गांव में जाकर मौका का निरीक्षण किया। गठित कमेटी में एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ, पटवारी, कानूनगो सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। मौके पर गांव के करीब 100 लोग एकत्रित हुए, जिन्होंने रास्ता बंद होने से हो रही समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा।

ग्रामीणों मलकीयत सिंह, विनोद कुमार, दिनेश कुमार, सुरेंद्रपाल, नरेश कुमार, महेश चंद, पीतांवर चंद, महिंद्रपाल, जगदीप सिंह, जनक राम, चरणजीत सिंह, रोहित, कुणाल कुमार, प्रदीप राज, मुकेश कुमार, रमेश कुमार सहित अन्य ने कहा कि उक्त रास्ता लोक निर्माण विभाग द्वारा पक्का किया गया है। रास्ता राजस्व विभग के रिकॉर्ड में भी दर्ज है। उन्होंने कहा कि रास्ते के बीच में करीब 45 मीटर के हिस्से पर एक व्यक्ति ने कब्जा कर रखा है और उक्त व्यक्ति ने रास्ता भी बंद कर दिया है। जिससे आम जनता का रास्ता पूरी तरह से बाधित हो गया है। उन्होंने कहा कि इस रास्ते के बंद होने से किसानों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों और आम नागरिकों को रोजमर्रा के कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध कब्जा तुरंत हटवाकर सार्वजनिक रास्ता बहाल किया जाए।

# कुल्लू के तलोगी में होटल की छत से गिरे अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान पीजीआई चंडीगढ़ में मौत

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 7 फरवरी।** कुल्लू के तलोगी में होटल की छत से गिरे व्यक्ति की इलाज के दौरान पीजीआई चंडीगढ़ में मौत हो गई। 30 जनवरी को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से सूचना प्राप्त हुई कि प्रदीप नामक व्यक्ति (स्थायी पता अज्ञात), जो तलोगी क्षेत्र, जिला कुल्लू में स्थित होटल/ढाबा फ्रीडम में कार्यरत था, प्रातः लगभग 5¬00 बजे होटल की छत से लगभग एक मंज़िल नीचे गिर गया। जिससे उसे सिर इत्यादि में चोटें आईं।

घायल को तत्काल होटल संचालक साहिल पुत्र स्वर्गीय किशन चंद, निवासी अखाड़ा बाज़ार, कुल्लू तथा अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा उपचार हेतु क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू लाया गया, जहाँ से उसकी गंभीर अवस्था को दृष्टिगत रखते हुए उसी दिन उच्च चिकित्सा हेतु चंडीगढ़ रेफर किया गया । उपचार के दौरान दिनांक 5 फरवरी 2026 को पीजीआई चंडीगढ़ में उसकी मृत्यु हो गई । तत्पश्चात मृतक के शव को शिनाख्तगी हेतु क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के शव गृह में सुरक्षित रखा गया है तथा शिनाख्तगी पूर्ण होने के उपरांत पोस्टमार्टम नियमानुसार करवाया जाएगा। मामले में आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।

# गलत फैसलों और भ्रामक आंकड़ों से हिमाचल को संकट में धकेला : सुधीर शर्मा

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** धर्मशाला के विधायक एवं पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा ने प्रदेश की वर्तमान सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज हिमाचल प्रदेश जिन आर्थिक और प्रशासनिक संकटों से गुजर रहा है, उसके लिए सीधे तौर पर सरकार के गलत फैसले और लापरवाह कार्यप्रणाली जिम्मेदार है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर प्रदेश की जनता सरकार की गलतियों की सज़ा क्यों भुगते।

सुधीर शर्मा ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि वित्त आयोग जैसे संवैधानिक मंच के सामने प्रदेश का पक्ष मजबूती से रखने में सरकार पूरी तरह विफल रही। उन्होंने पूछा कि हिमाचल के हितों की पैरवी करने की जिम्मेदारी किसकी थी और वह जिम्मेदारी निभाने में कौन असफल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि गलत और भ्रामक आंकड़े भेजकर प्रदेश की वास्तविक स्थिति को कमजोर रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसका खामियाजा आज आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) से जुड़ा निर्णय केवल हिमाचल तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए नीतिगत फैसला है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने भी इस निर्णय का स्वागत किया, लेकिन हिमाचल सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए इसे राजनीतिक मुद्दा बना रही है और जनता को गुमराह कर रही है।

पूर्व मंत्री ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने अपनी रिपोर्ट में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय वास्तविकता से अधिक दिखाई, जिससे कागजों में आर्थिक स्थिति बेहतर दर्शाई गई। साथ ही बीपीएल सूची से लाखों पात्र लोगों के नाम काटे गए, जिसका सीधा असर केंद्रीय सहायता और कल्याणकारी योजनाओं पर पड़ा। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि प्रदेश को अपेक्षित सहायता नहीं मिल पाई और गरीब व मध्यम वर्ग प्रभावित हुआ। सुधीर शर्मा ने कहा कि मौजूदा प्रशासनिक ढांचे पर भरोसा करने के बजाय सरकार ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को आगे कर गलत परंपरा शुरू की है। इससे कार्यरत अधिकारियों का मनोबल गिरा है और निर्णय प्रक्रिया भी कमजोर हुई है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि जब सक्षम अधिकारी मौजूद हैं तो रिटायर्ड अधिकारियों पर निर्भरता क्यों दिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज ÷2027 तक आत्मनिर्भर हिमाचल÷ के दावे कर रहे हैं, वही प्रदेश को इस स्थिति तक लाने के जिम्मेदार हैं।

# खण्ड कुल्लू-2 में प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पर शिक्षक कार्यशाला आयोजित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 7 फरवरी।** प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के तहत खण्ड कुल्लू-2 में खण्ड स्तरीय शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डिप्टी डायरेक्टर शिक्षा सुनील दत्त ने बताया कि अध्यापकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई थी, जो प्रदेश के सभी शिक्षा खंडों में संपन्न हुई है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्री-नर्सरी के बच्चों को विद्यालयों में किस प्रकार पढ़ाया जाए, उन्हें क्या सिखाया जाए तथा खेल-खेल में शिक्षा देकर उनमें अच्छे संस्कार कैसे डाले जाएं, इस संबंध में अध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश और व्यावहारिक टिप्स देना है।



डिप्टी डायरेक्टर ने जोर देते हुए कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अध्यापकों से अपील की कि वे स्वयं भी अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करवाएं। उन्होंने कहा कि जब सरकारी स्कूलों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं और शिक्षित व प्रशिक्षित अध्यापक कार्यरत हैं, तो निजी स्कूलों में बच्चों को भेजने की आवश्यकता क्यों होनी चाहिए।

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं अपनी बेटी की शिक्षा सरकारी स्कूल से करवाई है। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों का अध्यापकों पर विश्वास होता है और इस विश्वास को बनाए रखना अध्यापकों का कर्तव्य है।

इस अवसर पर जिला कॉर्डिनेटर प्री-नर्सरी कविता गुलेरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में प्रदेश भर में लगभग 70 हजार बच्चे प्री-नर्सरी कक्षाओं में अध्ययनरत हैं, जबकि अकेले जिला कुल्लू में ही करीब 7 हजार बच्चे प्री-नर्सरी में पढ़ रहे हैं।

# प्रदेश सरकार बजट और आरडीजी को लेकर जनता को भ्रमित कर रही है : अनुराग ठाकुर

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** केंद्र सरकार के आम बजट 2026-27 को लेकर राजनीतिक बयानबाज़ी तेज हो गई है। इसी क्रम में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जिला मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए बजट को ऐतिहासिक, दूरदर्शी और भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला दस्तावेज़ बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से देश में शासन व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और विकास की सोच में बुनियादी परिवर्तन आया है, जिसे ÷रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म÷ की त्रिवेणी के रूप में देखा जा सकता है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि एनडीए सरकार ने केवल नीतियां ही नहीं बनाई, बल्कि उन्हें प्रभावी ढंग से लागू कर ठोस परिणाम भी दिए। उन्होंने बताया कि 2014 में भारत विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, जबकि आज देश





चौथे स्थान पर पहुंच चुका है और निरंतर करीब 7 प्रतिशत की विकास दर के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में मौजूदा सरकार के कार्यकाल के दौरान कोई बड़ा घोटाला सामने नहीं आया, जो सुशासन का प्रमाण है। इसके साथ ही देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा है। सांसद ने केंद्रीय बजट के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 में बजट का आकार 50.65 लाख करोड़ रुपये था, जिसे बढ़ाकर 2026-27 में 53.47 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, जो यूपीए सरकार के समय मात्र 2 लाख करोड़ रुपये था, उसे बढ़ाकर 12.20 लाख करोड़ रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे, सड़कों, रेलवे, स्वास्थ्य, शिक्षा और डिजिटल इंडिया जैसे क्षेत्रों में रिकॉर्ड निवेश किया गया है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बजट और आरडीजी को लेकर जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर संग्रहण में यूपीए सरकार के समय हिमाचल प्रदेश को लगभग 12 हजार करोड़ रुपये मिलते थे, जबकि एनडीए सरकार ने 76 हजार करोड़ रुपये से अधिक की हिस्सेदारी दी है। इसके अलावा ग्रांट इन एड के रूप में भी भाजपा सरकार ने हिमाचल को 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी है।

रिवेन्यू डिफिसिट ग्रांट (आरडीजी) पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों से वित्त आयोग यह स्पष्ट कर रहा था कि आरडीजी को धीरे-धीरे समाप्त किया जाएगा, लेकिन प्रदेश सरकार ने अपने खर्चों में कटौती करने के बजाय वित्तीय अनुशासन को नजरअंदाज किया। उन्होंने उत्तराखंड और हिमाचल की तुलना करते हुए कहा कि उत्तराखंड की आमदनी उसके खर्च से कम है, जबकि हिमाचल में आमदनी से अधिक खर्च किया जा रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आरडीजी समाप्त करने का निर्णय केवल हिमाचल के लिए नहीं, बल्कि देश के 17 राज्यों के लिए लिया गया है। इसके बावजूद प्रदेश सरकार इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार पुराने कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए नया कर्ज ले रही है, जो आने वाले समय में हिमाचल की जनता पर भारी पड़ सकता है। सांसद ने दो टूक कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के साथ कभी अन्याय नहीं किया, बल्कि लगातार सहयोग और सहायता प्रदान की है, जबकि प्रदेश सरकार अपनी विफलताओं का ठीकरा केंद्र पर फोड़ रही है।

# दो दिन सांस्कृतिक संध्या में महा स्टेज पर रहेगी म्यूजिकल धूम

आज पंजाबी गायक गुरदास मान व कल कैलाश खेर महा स्टेज पर अपनी आवाज से दर्शकों को करेंगे मंत्रमुग्ध

15 फरवरी तक मेला परिसर में आवाज के सुरों के साथ नृत्य, जादू व स्टैंड अप कॉमेडी की होंगी प्रस्तुतियां

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सूरजकुंड में 15 फरवरी तक चलने वाले 39 वें अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले में शिल्प देश विदेश से आये हजारों कारीगरों की कला व संस्कृति का संगम देखने को मिल रहा है। सूरजकुंड का यह मेला न केवल संस्कृति, हस्तशिल्प और स्वाद के रंगों से सराबोर हो रहा है, बल्कि यहां प्रतिदिन मशहूर कलाकारों द्वारा दी जाने वाली प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे है। इसी कड़ी में सांस्कृतिक संध्या में रविवार को महा स्टेज पर पंजाब के विख्यात गायक गुरदास मान अपनी आवाज का जलवा बिखेरेंगे। वही सोमवार को पद्मश्री गायक कैलाश खेर अपने बैंड के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

पंजाबी सिंगर गुरदास मान आज बिखेरेंगे पंजाबी मां बोली का जलवा

सूरजकुंड मेले में रविवार को प्रसिद्ध पंजाबी गायक एवं अभिनेता गुरदास मान अपनी सुरीली आवाज और लोक धुनों के साथ पंजाबी मां बोली का जलवा बिखेरेंगे। पंजाबी गायक गुरदास मान रविवार 8 फरवरी को सूरजकुंड में महा स्टेज पर अपनी लोकप्रिय रचनाओं के जरिए श्रोताओं को पंजाब की समृद्ध लोक संस्कृति से रूबरू कराएंगे। इस भव्य सांस्कृतिक शाम में बड़ी संख्या में दर्शक संगीत, परंपरा और उत्सव के अनूठे संगम का आनंद लेंगे।

सांस्कृतिक संध्या में 15 फरवरी तक मुख्य व महा स्टेज पर इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति


सूरजकुंड मेला न केवल हस्तशिल्प और पारंपरिक कलाओं का संगम बन रहा है, बल्कि यह देश की विविध सांस्कृतिक विरासत को एक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान कर रहा है। सांस्कृतिक संध्या में आठ फरवरी को जादूगर सीपी यादव मुख्य चौपाल पर अपने जलवे दिखाएंगे और शाम को महा स्टेज पर पंजाबी गायक गुरदास मान का कार्यक्रम होगा। इसके अलावा नौ फरवरी को मुख्य चौपाल पर कशिश मित्तल शास्त्रीय संगीत का तड?ा लगाएंगे वहीं इसी दिन महा स्टेज पर पद्म श्री से सम्मानित बॉलिवुड गायक कैलाश खेर अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की इस श्रृंखला में 10 फरवरी को मुख्य चौपाल पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन होगा तथा 11 फरवरी को मुख्य चौपाल पर कथक नृत्यांगना अनु सिन्हा नृत्य प्रस्तुत करेंगी वहीं इसी दिन शाम को मुख्य चौपाल पर डेजर्ट सिम्फनी लोक कलाकारों का समूह मेले के खूबसूरती को चार गुना करेंगे, 12 फरवरी को पंजाबी गायक अशोक मस्ती, 13 फरवरी को अभिनेता व गायक अनुज शर्मा, 14 फरवरी को शायरी एवं स्टैंड-अप कॉमेडी व 15 फरवरी को पंडित सुभाष घोष की शास्त्रीय फ्यूजन बैंड प्रस्तुति तथा लोक नृतक एवं रंगमंच संजय शर्मा का कार्यक्रम होगा।

## हरियाणवी पगड़ी बनी पर्यटकों की पहली पसंद

**फरीदाबाद (दयाराम वशिष्ठ)।** अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले फरीदाबाद में विरासत द हेरिटेज विलेज द्वारा स्थापित किए गए हरियाणा के अपणा घर में हरियाणवी पग?ी पर्यटकों के लिए पहली पसंद बनी हुई है। यहां पर पग?ी बंधाओ, फोटो खिंचाओ के माध्यम से अब तक हजारो लोग हरियाणवी पग?ी बंधवा चुके हैं। विरासत के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणवी पग?ी हरियाणा की आन-बान एवं शान का प्रतीक है। सन् 2016 से %अपणा घर% के माध्यम से हरियाणा की लोक संस्कृति को लाखो लोगों तक पहुंचाया जा सका है। उन्होंने कहा कि मेले में जो भी मुख्य मेहमान आता है उसका स्वागत हरियाणवी पग?ी के साथ किया जाता है। डॉ. पूनिया ने बताया कि मेले में अपणा घर के अंदर हरियाणा की पग?ी के अलग-अलग स्वरूप दर्शाए गए हैं ताकि युवा पी?ी हरियाणा की विरासत का प्रतीक हरियाणवी पग?ी के विविध स्वरूपों से युवा पी?ी रूबरू हो सके। भारत के उप-राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हरियाणवी पग?ी के साथ उद्घाटन समारोह में स्वागत किया गया था। डॉ. पूनिया ने जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा की पग?ी का इतिहास अत्यंत पुराना हैं। यहां पर क्षेत्र के अनुसार पग?िया बांधने की परम्परा है। ब्रज की पग?ी अहीरवाल की पग?ी, खादर की पग?ी, बांगर की पग?ी, मेवात की पगडी, बांगड की पग?ी यहां की भौगोलिक विविधता को समेटे हुए है। इसके अनुसार हरियाणा में बिश्नोई पग?ी, राजपूत पग?ी, अहीर पग?ी भी विशेष रूप से प्रसिद्ध मानी जाती है। उन्होंने बताया कि पग?ी की शुरूआत भगवान् शिव की जटाओं से हुई। बाद में युद्ध के समय लोगों ने अपने सिर को सुरक्षा कवच के रूप में पग?ी से बांधना शुरू किया और धीरे-धीरे पग?ी लोकजीवन में मान-सम्मान का प्रतीक बन गई। अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में हरियाणवी पग?ी सभी पर्यटकों की पहली पसंद बनी हुई है। इतना ही नहीं सभी पर्यटको को अपनी ओर आकर्षित कर युवाओं को संस्कृति से जो?ने का आह्वान भी कर रही है।

## बीपीएचओ हरियाणा की प्रदेश व जिला इकाई का विस्तार, कई पदाधिकारियों की नियुक्ति घोषित

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति




**कैथल।** भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन (बीपीएचओ) हरियाणा द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने की दिशा में प्रदेश व जिला स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की गई है। यह सभी नियुक्तियाँ वर्ष 2026-27 के लिए की गई हैं, जो अगले आदेश तक मान्य रहेंगी। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रजापति सुमेर करडवाल एवं प्रदेश मुख्य महासचिव गोविन्द प्रजापति द्वारा संगठन के संस्थापक सदस्यों एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान, संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश सरोहा, संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय मुख्य महासचिव रमेश टांक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मामन चंद, राष्ट्रीय सचिव ओमकरण सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जय सिंह वर्मा तथा संस्थापक सदस्य होशियार सिंह आदि की संस्तुति व प्रदेश कार्यकारिणी की सहमति से कई नियुक्तियाँ की गई जिसमें शिवकुमार प्रजापति, पुत्र गुलाब सिंह, निवासी गांव सिरसल को कैथल जिला महासचिव, सतीश कुमार ट्यौंठा, पुत्र बलबीर प्रजापति, वर्तमान निवासी देशराज कॉलोनी, पानीपत को प्रदेश सचिव, पवन करड़वाल, पुत्र श्याम सिंह प्रजापति, निवासी जयसिंहपुरा, करनाल को प्रदेश प्रचार सचिव, शीशपाल सिंह, पुत्र स्व. नर सिंह प्रजापति, निवासी गोहरा खेड़ी, कैथल को प्रदेश सचिव, जय भगवान करड़वाल, पुत्र रघबीर प्रजापति, निवासी जयसिंहपुरा, करनाल को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुखदेव, पुत्र स्व. धन सिंह प्रजापति, निवासी तारागढ़, कैथल को प्रदेश सह सचिव नियुक्त किया गया है।

## सूरजकुंड मेले में झूला गिरा, 13 घायल

**फरीदाबाद (दयाराम वशिष्ठ)।** हरियाणा के फरीदाबाद में चल रहे सूरजकुंड मेले में शनिवार को एक झूला गिर गया। हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए। घायलों का निजी और बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना के बाद डिप्टी कमिश्नर आयुष सिन्हा घटनास्थल पर पहुंचे।मृतक इंस्पेक्टर की पहचान जगदीश प्रसाद के तौर पर हुई है। वह पलवल जिले के चांदहट थाने के एसएचओ थे। हादसा शाम साढे 6 बजे का है। झूले पर 18 लोग बैठे हुए थे। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, इसमें झूला ऊपर से नीचे आते हुए गिरता हुआ दिख रहा है। इसके बाद मेले में लोग इधर-उधर भागने लगे। हादसे के बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। मेले देखने आए लोगों के परिजन इस खबर की सूचना मिलने से घबरा गए। सभी अपनों को फोन करके जानकारी जुटाते रहे।

## वार्ड 27 की टूटी सड़कें बनीं प्रशासन की नाकामी की पहचान, हादसों का खतरा बढ़ा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** नगर निगम के वार्ड नंबर 27 की सड़कें इन दिनों प्रशासनिक लापरवाही की जीती-जागती मिसाल बन चुकी हैं। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि पूरा वार्ड किसी दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र जैसा नजर आता है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी हुई सड़कें और कीचड़ से लबालब रास्ते आम लोगों के लिए रोजाना की परेशानी का कारण बने हुए हैं। कई स्थानों पर सीवरेज के ढक्कन सड़क से लगभग एक फुट ऊपर उठे हुए हैं, जो किसी भी समय बड़े हादसे को न्योता दे सकते हैं। स्कूल जाने वाले मासूम बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन नगर निगम का संबंधित विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। न तो स्थायी मरम्मत की गई है और न ही अस्थायी पैबंद लगाकर राहत देने की कोई कोशिश दिखाई देती है। समाजसेवी योगेश अरोड़ा सोनी ने बताया कि उन्होंने 5 अप्रैल 2025 को संबंधित विभाग को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सितंबर 2025 में वार्ड की कई सड़कों के लिए बजट पास होने की घोषणा की गई थी और जल्द निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया गया था। फरवरी 2026 तक भी जमीन पर कोई काम शुरू होता नजर नहीं आ रहा। योगेश अरोड़ा का कहना है कि वार्ड के मौजूदा हालात ÷नरक जैसे÷ हो चुके हैं और यह जनता की सुरक्षा के साथ खुला खिलवाड़ है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? स्थानीय निवासियों में प्रशासन के प्रति गहरा रोष है। उनका कहना है कि अगर समय रहते सड़कों की मरम्मत नहीं की गई तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने साफ किया कि आने वाले चुनाव में जनता इन मुद्दों को ध्यान में रखकर ही अपना वोट देगी। अब देखने वाली बात यह है कि नगर निगम कब जागता है।

## हरियाणा व्यापार मंडल घड़ी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गौरव मित्तल ने बजट पर लोकसभा अध्यक्ष से की विशेष मुलाकात

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 7 फरवरी।** हरियाणा व्यापार मंडल घड़ी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गौरव मित्तल ने बजट पर प्रतिक्रिया दी बजट व्यापारियों की वास्तविक समस्याओं और उम्मीदों पर खरा उतरना माननीय लोकसभा अध्यक्ष भारत सरकार ओमप्रकाश बिरला से की विशेष मुलाकात कर हरियाणा के व्यापारी को लेकर अवगत कराया गौरव मित्तल ने कहा कि केंद्र सरकार के बजट ने हरियाणा के विकास को ऐतिहासिक मजबूती दी है। सेंट्रल ट्रांसफर, इंफ्रास्ट्रक्चर और जनकल्याणकारी योजनाओं में रिकॉर्ड बढ़ोतरी यह साबित करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा देश के अग्रणी विकासशील राज्यों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। गौरव मित्तल ने बताया कि टैक्स डिवोल्यूशन के तहत वर्ष 2026-27 में हरियाणा के लिए 20,772 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि ग्रांट्स-इन-एड के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 9,792 करोड़ रुपये रखे गए हैं। वर्ष 2014 से 2026 के बीच हरियाणा को टैक्स डिवोल्यूशन के रूप में 1.06 लाख करोड़ रुपये और ग्रांट्स-इन-एड में 78,345 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं, जो इससे पहले सरकार थी तब शासन की तुलना में कई गुना अधिक हैं। यह स्पष्ट करता है कि केंद्र सरकार हरियाणा के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। गौरव मित्तल ने कहा कि पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के लिए राज्यों को 50 वर्ष के ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में दी जा रही विशेष सहायता एक ऐतिहासिक कदम है। इस योजना के तहत हरियाणा को 2020-21 से जनवरी 2026 तक कुल 5,197 करोड़ रुपये की सहायता मिली है, जिससे सड़क, रेलवे, बिजली और शहरी ढांचे में तेजी से निवेश संभव हुआ। रेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बोलते हुए गौरव मित्तल ने कहा कि हरियाणा आज 100 प्रतिशत विद्युतीकृत रेलवे नेटवर्क वाला राज्य बन चुका है। वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जैसे प्रोजेक्ट, जो पहले सरकार में फाइलों में दबे रहे, मोदी सरकार में जमीन पर उतरे। 306 किमी लंबे रेवाड़ीङ्कमदार सेक्शन का समर्पण इसका बड़ा उदाहरण है। वर्तमान में हरियाणा में 14 नई रेल परियोजनाएं (1,195 किमी) प्रगति पर हैं, जिन पर 15,875 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। साथ ही 34 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। सड़क और हाईवे नेटवर्क में भी हरियाणा ने अभूतपूर्व प्रगति की है। 30 जून 2025 तक 3,347 किमी से अधिक नेशनल हाईवे बनाए जा चुके हैं। द्वारका एक्सप्रेसवे, दिल्लीङ्कमुंबई एक्सप्रेसवे, भारतमाला परियोजना के ग्रीनफील्ड कॉरिडोर और रेवाड़ी बाइपास जैसे प्रोजेक्ट्स से उद्योग, लॉजिस्टिक्स और रोजगार को नई गति मिली है।

एयर कनेक्टिविटी पर उन्होंने कहा कि हिसार महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग और उड़ान योजना के तहत शुरू की गई उड़ानों से हरियाणा देश के एयर नेटवर्क से मजबूती से जुड़ा है। हिसार से अयोध्या, जम्मू, अहमदाबाद, जयपुर और चंडीगढ़ के लिए उड़ानें प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा और पर्यटन के क्षेत्र में भी केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट है।

## फतेहाबाद में पुलिस कंपनियों के निरीक्षण के दौरान कानून-व्यवस्था व दंगा-निरोधक तैयारियों की समीक्षा

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम




**फतेहाबाद, 7 फरवरी।** हरियाणा सशस्त्र पुलिस (एचएपी) मधुबन के *पुलिस महानिरीक्षक श्री ओ.पी. नरवाल, आईपीएस* ने आज जिला फतेहाबाद का दौरा कर कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों की व्यापक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था ड्यूटी के लिए गठित दो पुलिस कंपनियों का निरीक्षण कर उनकी कार्यक्षमता, संसाधनों एवं प्रशिक्षण व्यवस्था का गहन अवलोकन किया।

पुलिस लाइन फतेहाबाद पहुंचने पर *पुलिस महानिरीक्षक श्री ओ.पी. नरवाल, आईपीएस* का पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस द्वारा स्वागत किया गया। इसके उपरांत पुलिस लाइन ग्राउंड में गठित पुलिस कंपनियों द्वारा प्रस्तुत दंगा-निरोधक ड्रिल का निरीक्षण किया गया, जहां आईजीपी ने जवानों की अनुशासनबद्धता एवं अभ्यास की सराहना की।

आईजीपी नरवाल ने पुलिस कंपनियों को संबोधित करते हुए निर्देश दिए कि सभी दंगा-निरोधक उपकरण पूर्णतः कार्यशील अवस्था में रखें जाएं तथा नियमित अभ्यास के माध्यम से किसी भी गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से निपटने की तैयारियां सुदृढ़ रखी जाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की सतर्कता, अनुशासन एवं तत्परता ही शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की सबसे बड़ी गारंटी है। इस अवसर पर *पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस,* डीएसपी जगदीश चंद्र, डीएसपी संजय कुमार, डीएसपी कुलबंत सिंह, डीएसपी नरसिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा आईजीपी महोदय को जिले में लागू सुरक्षा प्रबंधों, पुलिस बल की तैनाती तथा अपराध नियंत्रण हेतु किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## नवोदय स्कूल में कक्षा 9वीं व 11वीं में दाखिले के लिए 558 अभ्यर्थियों में से 423 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 7 फरवरी।** पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में कक्षा 9वीं व 11वीं में दाखिले के लिए शनिवार को जिला में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई। उपायुक्त एवं पीएम श्री स्कूल जेएनवी खारा खेड़ी के अध्यक्ष डॉ. विवेक भारती के दिशा निर्देशानुसार प्रशासन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी के परीक्षा केंद्र पर कक्षा 11वीं की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए कुल 151 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 63 छात्र व 88 छात्राएं शामिल थीं। परीक्षा के दौरान कुल 127 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए, जिनमें 49 छात्र व 78 छात्राएं सम्मिलित रहीं। शेष विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार से डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइन परीक्षा केंद्र पर कक्षा 9वीं की परीक्षा आयोजित की गई। कक्षा 9वीं के लिए कुल 407 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 203 छात्र व 204 छात्राएं थीं। परीक्षा में कुल 296 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिनमें 150 छात्र व 146 छात्राएं शामिल थीं।

उन्होंने बताया कि दोनों परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संचालन के दौरान निरीक्षण दल द्वारा सतत निगरानी रखी गई।

## सराय मार्किट में शौचालय बनाने का काम शुरू, देवेन्द्र अग्रवाल की मेहनत रंग लाई

राज्यमंत्री राजेश नागर के समक्ष देवेन्द्र अग्रवाल ने व्यापारियों के साथ मिलकर प्रमुखता से मांग उठाई थी

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा माकिट के दुकानदारों के लिए राहत देने वाली खबर सामने आई है। दुकानदारों की बरसों पुरानी प्रतिक्षित मांग पर मार्केट में शौचालय बनाए जाने का काम आज से शुरू हो गया है। इससे व्यापारी वर्ग काफी खुश है। उन्होंने इसके लिए राज्यमंत्री राजेश नागर का आभार जताया है।

करीब 4 लाख रूपये की लागत से बनकर तैयार होगा शौचालय

सरायख्वाजा बाजार में 150 से अधिक दुकानें हैं, जहां हर रोज हजारों ग्राहकों का आना जाना रहता है। अभी तक शौचालय की व्यवस्था न होने से पुरुष व महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता था। जिला शिकायत निवारण समिति, फरीदाबाद के सदस्य एवं सीएम विडों ऐमिनेटं पर्सन देवेन्द्र अग्रवाल देबू के नेतृत्व में बाजार के दुकानदार इस मांग को लेकर राज्यमंत्री राजेश नागर से उनके निवास पर मिले। उन्होंने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए तुरंत शौचालय बनाए जाने का आश्वासन दिया। मंत्री ने नगर निगम अधिकारियों को आदेश दिए कि बाजार में शौचालय का निर्माण जल्द से जल्द कराएं।

देवेंद्र अग्रवाल ने मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। मार्केट में शौचालय की वर्षो पुरानी प्रतीक्षित मांग आज पूरी कर दी गई है। इसकी शुरूआत हथौडा चलाकर कर दी गई है।

सरकारी स्कूल के कौने पर इसका निर्माण कराया जा रहा है। इसके निर्माण में 3 करोड 90 लाख रूपये की लागत आएगी। दुकानदारों ने कहा कि देवेन्द्र अग्रवाल देबू की मेहनत रंग लाई है जिन्होनें शुरू से ही इस काम को सिरे चढ़ाने का बीड़ा उठाया था। इस अवसर पर बुद्व प्रकाश तायल,दिनेश जी,कालू सेठ,शिव कुमार गर्ग,सचिन मंगला,सुशील यादव,मुकेश अग्रवाल,संजय अग्रवाल,जितेन्द्र गर्ग,संजीव कंसल,जिले सिंह यादव,हरीश गर्ग व मनोज सहित कई दुकानदार उपस्थित थे।

## जिला व उपमंडल स्तर पर 14 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 7 फरवरी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा आगामी 14 मार्च को जिला व उपमंडल स्तर पर इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए प्रत्येक कार्यदिवस स्पेशल प्री-लोक अदालत भी लगाई जा रही है।

सीजेएम ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अदालत में लंबित मुकदमे रखकर उनका फैसला करवा सकता है। लोक अदालत में फैसला होने पर मुकदमे की अपील नहीं की जाती। इससे आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है और समय व धन की भी बचत होती है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, हरियाणा विधिक सेवाएं प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 1800-180-2057, हेल्पलाइन नंबर 0172-2562309 अथवा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कार्यालय के दूरभाष नंबर 01667-231174 पर संपर्क कर सकते हैं।

## इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय बना उपविजेता

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 7 फरवरी।** गुरुग्राम स्थित डी.पी.जी. डिग्री कॉलेज में 2 जनवरी से 6 जनवरी तक आयोजित इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक की क्रिकेट टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल कर उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। टूर्नामेंट के दौरान विश्वविद्यालय की टीम ने मजबूत और अनुभवी टीमों के खिलाफ कड़े मुकाबले खेले। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, खेल भावना और बेहतरीन टीमवर्क का परिचय दिया सेमीफाइनल और फाइनल तक का सफर तय कर टीम ने यह साबित किया कि निरंतर अभ्यास और सामूहिक प्रयास से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

फाइनल मुकाबले में टीम ने आखिरी ओवर तक संघर्ष करते हुए दर्शकों का भरपूर उत्साह बढ़ाया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बी. एम. यादव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि यह नेतृत्व, अनुशासन और आत्मविश्वास भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय खेलों को शिक्षा का अहम हिस्सा मानते हुए खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करा रहा है, ताकि वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर सकें। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने भी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, कोचिंग स्टाफ के मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय के सकारात्मक खेल वातावरण का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में विश्वविद्यालय की टीमें और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर स्पोर्ट्स डिप्टी डायरेक्टर डॉ. बबलू शर्मा, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. अमित, डॉ. हरविंदर सहित अन्य शिक्षक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## खेल मंत्री के प्रयासों से बच्चों के पार्क को प्रशासनिक मंजूरी

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल।** खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम के सतत प्रयासों से पलवल जिले के आलाहपुर गांव में दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे के किनारे दिव्य नगर योजना के अंतर्गत प्रस्तावित बच्चों के पार्क को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान कर दी गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर कुल 8.6848 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिससे क्षेत्र को एक आधुनिक और सुरक्षित मनोरंजन स्थल की सौगात मिलेगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस परियोजना के लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा के मुख्यालय से 5.645 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि शेष लगभग 35 प्रतिशत राशि पलवल नगर परिषद द्वारा अपने संसाधनों से वहन की जाएगी। प्रशासनिक मंजूरी मिलने के साथ ही अब पार्क निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

यह पार्क पलवल जिले का अपनी तरह का पहला आधुनिक चिल्ड्रन पार्क होगा, जिसे विशेष रूप से बच्चों की जरूरतों और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा। पार्क में बच्चों के लिए आकर्षक व सुरक्षित झूले, ओपन जिम, वॉकिंग ट्रैक, बैठने की व्यवस्था, लैंडस्केपिंग तथा हरी-भरी हरियाली जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे न केवल बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी स्वस्थ वातावरण मिलेगा।

## इंडिगो फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी, पायलट ने कराई सुरक्षित लैंडिंग

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान में लैंडिंग के दौरान तकनीकी खराबी आ गई। विमान के लैंडिंग गियर के लीवर में समस्या थी। यह विमान ए321 नियो था, जो फ्लाइट नंबर 6ई2157 के रूप में उड़ान भर रहा था। इसमें 210 से ज्यादा यात्री सवार थे। हालांकि, पायलट ने समझदारी से विमान को सुरक्षित रूप से एयरपोर्ट पर लैंड करा लिया। यह मामला शुक्रवार को पेश आया। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि लैंडिंग गियर का ऑटोमैटिक सिस्टम काम नहीं कर रहा था, इसलिए पायलट ने मैनुअल सिस्टम का इस्तेमाल किया। बाद में तकनीकी खराबी को ठीक कर लिया गया। दिक्कत दूर होने के बाद विमान ने दूसरी उड़ानें भी सामान्य रूप से पूरी कीं। इस मामले पर इंडिगो एयरलाइंस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## मधेपुरा में मिड-डे-मील लेने से 70 से अधिक बच्चे बीमार, स्कूल में मचा हड़कंप

मधेपुरा (एजेंसी)। बिहार के मधेपुरा जिले में शनिवार को मिड-डे-मील खाने के बाद बड़ा हादसा सामने आया है। सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारू टोला, साहुगढ़ में भोजन करने के बाद 70 से अधिक बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। खाना खाने के कुछ ही देर बाद बच्चों को उल्टी, पेट दर्द, चक्कर और घबराहट की शिकायत होने लगी, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बच्चों की हालत तेजी से बिगड़ती देख शिक्षकों ने तुरंत स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। इसके बाद एंबुलेंस और निजी वाहनों की मदद से सभी बीमार बच्चों को मधेपुरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने तत्काल इलाज शुरू किया। डॉक्टरों का कहना है कि अधिकांश बच्चों की हालत अब स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। हालांकि, इलाज के दौरान एक बच्ची की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिसे विशेष निगरानी में रखा गया है। घटना की सूचना मिलते ही बच्चों के परिजन बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए, जिससे वहां भी तनावपूर्ण माहौल बन गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मिड-डे-मील में छिपकली गिरने की आशंका जताई जा रही है, जिसके कारण भोजन जहरीला हो सकता है। हालांकि, इस बात की आधिकारिक पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। स्कूल प्रशासन ने एहतियातन भोजन वितरण तुरंत रोक दिया और बचे हुए खाने को सुरक्षित रख लिया गया है, ताकि उसकी जांच की जा सके।

## अजित पवार की मौत पर बोले रोहित पवार- मौत को लेकर है संदेह, 10 फरवरी को प्रेजेंटेशन देंगे



मुंबई (एजेंसी)। एनसीपी (एसपी) नेता रोहित पवार ने शनिवार को अजित पवार की मौत को लेकर कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में हुई मौत की परिस्थितियों को लेकर सभी के मन में अनेक सवाल और संदेह हैं। ऐसे में वो 10 फरवरी को मुंबई में एक डिटेल प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करेंगे और बताएंगे कि हादसा कैसे और क्यों हुआ। उन्होंने यह बात बारामती में जिला परिषद चुनाव में मतदान करने के बाद पत्रकारों के समक्ष कही। दरअसल महाराष्ट्र में शनिवार को 12 जिला परिषद और 125 पंचायत समितियों के लिए वोटिंग हुई। यहां बताते चलें कि पहले ये चुनाव 5 फरवरी को होने वाले थे, लेकिन 28 जनवरी को बारामती में हुए विमान हादसे में अजित पवार की मौत के बाद चुनाव टल गए थे। यहां रोहित पवार ने कहा कि अजित पवार चाह रहे थे कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अलग-अलग गुट एक हों। इसलिए विलय की कोशिशें आगे भी जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि अजित दादा दिल से चाहते थे कि सभी एक परिवार की तरह साथ आएं और आज सभी साथ आए हैं। परिवार अब भी एकजुट है और आगे भी उसी तरह प्रयास जारी रहेंगे।

## बच्चों को चढ़ाया गया एचआईवी संक्रमित रक्त, हाईकोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज

रांची (एजेंसी)। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में थैलेसीमिया से पीड़ित पांच मासूम बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के गंभीर मामले में झारखंड हाईकोर्ट के सख्त रुख के बाद आखिरकार प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। हाईकोर्ट के निर्देश पर चाईबासा सदर थाना में सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के तत्कालीन लैब टेक्नीशियन मनोज कुमार समेत अन्य संबंधित कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह घटना अक्टूबर 2025 की बताई जा रही है। चाईबासा सदर अस्पताल में 5 से 7 वर्ष की आयु के पांच बच्चों को नियमित ब्लड ट्रांसफ्यूजन के दौरान एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ा दिया गया। बाद में जब जांच कराई गई तो सभी बच्चों के एचआईवी पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई, जिससे पूरे जिले में हड़कंप मच गया। बच्चों के परिजनों ने आरोप लगाया कि ब्लड बैंक में रक्त की जांच और स्क्रीनिंग प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही बरती गई। मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार की अदालत ने इसे अत्यंत गंभीर और मानव जीवन से जुड़ा मामला बताया। अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीड़ित परिवार संबंधित थाना में शिकायत दर्ज कराएं और थाना प्रभारी तत्काल एफआईआर दर्ज करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस तरह के मामलों में देरी अस्वीकार्य है और इससे पीड़ितों को न्याय मिलने में बाधा आती है। अदालत के आदेश के बाद पीड़ित बच्चों में से एक की मां की ओर से दिए गए आवेदन पर चाईबासा सदर थाना में मामला दर्ज किया गया। सदर थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि आवेदन में आरोप लगाया गया है कि ब्लड बैंक में निर्धारित मानकों के अनुसार रक्त की जांच नहीं की गई, जिसके कारण संक्रमित रक्त बच्चों को चढ़ा दिया गया और वे एचआईवी से संक्रमित हो गए। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और संबंधित दस्तावेजों व कर्मचारियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है। हाईकोर्ट ने इस बात पर भी नाराजगी जताई थी कि घटना उजागर होने के बावजूद एफआईआर दर्ज करने में करीब चार महीने की देरी हुई। अदालत ने इसे सिस्टम की गंभीर विफलता करार दिया था। मामले के सामने आने के बाद राज्य सरकार ने प्रत्येक पीड़ित परिवार को 2-2 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की थी।

# विधान परिषद में टोपी उतरवाने का सीएम नीतीश का वीडियो वायरल, सियासत गरमाई

### चर्चा है- यह बीजेपी की संगत का असर, तिलक लगवाने से भी कर चुके हैं इनकार



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। सीएम नीतीश ने विधान परिषद में पूर्व मंत्री, राजद नेता और वर्तमान एमएलसी को टोपी उतारने के लिए कह दिया। इसका वीडियो सामने आया तो अब राजनीति गरमा गई। कहा जा रहा है कि नीतीश अब एनडीए के साथ हैं और उनपर बीजेपी की राजनीति का असर हो गया है। यही कारण है कि नीतीश कुमार टोपी पहनने, टोपी ट्रांसफर करने से लेकर उतरवाने तक पर उतर आए हैं। क्या यह सच है?

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बजट सत्र में चर्चा के दौरान बीते 5 फरवरी को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राजद के नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी अपना वक्तव्य विधान परिषद में दे रहे थे। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार भी वहां मौजूद थे। विधान परिषद में टोपी पहनकर आए अब्दुल बारी सिद्दीकी से सीएम नीतीश ने कहा कि यह टोपी क्यों पहने हैं? हटाइये ना। इस पर अब्दुल बारी ने अपनी टोपी उतार दी और कहा कि लीजिए आपका हुकुम सर आंखों पर, मैं अपनी टोपी उतार देता हूं। वैसे टोपी उतरवाना एक मुहावरा है। बस यहीं से यह छोटा सा वाकया बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया और बिहार की सियासत गर्म गई।

एक बार फिर से टोपी उतरवाने की चर्चा करते हुए सीएम नीतीश को विपक्षी दल अपने निशाने पर ले रहे हैं। उनकी राजनीति में बदलाव से जोड़कर इसे देखा जा रहा है और बीजेपी की संगत का असर कहा जा रहा है। अब जब बात खुली है और टोपी की सियासत को हवा दे दी गई है तो टीका लगाने से नीतीश कुमार के इनकार करने का वाकया भी है। ऐसा बीते साल हुआ था और वह भी सीतामढ़ी में माता जानकी से जुड़े एक कार्यक्रम में।

नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी में 8 अगस्त 2025 को मंदिर में पूजा के दौरान 'टीका' लगाने से इनकार कर दिया था। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जब पुजारी सीएम नीतीश कुमार को तिलक लगाने आए तो उन्होंने अपना सिर पीछे कर लिया और तिलक लगवाने से इनकार कर दिया। खास बात यह कि इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। दरअसल, सीतमढ़ी में टीका लगाने से इनकार करने की घटना के कुछ ही दिनों बाद 21 अगस्त 2025 को पटना के एक मदरसा कार्यक्रम में नीतीश कुमार ने टोपी पहनने से भी इनकार किया था। चर्चा उनके उस बयान की होने लगी जो उन्होंने 2013 में दिया था। विपक्षी दलों और सोशल मीडिया पर इन दोनों घटनाओं को नीतीश कुमार के पुराने स्टैंड से जोड़कर देखा गया।

## राजस्थान के टाइगर रिजर्व में रील बनाने, शूट व सेल्फी लेने पर लगा बैन

### आदेश का पालन नहीं करने पर पर्यटकों के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई

सवाई माधोपुर (एजेंसी)। राजस्थान के सबसे बड़े रणथंभौर टाइगर रिजर्व समेत कुल चार टाइगर रिजर्व में रील बनाने, वीडियो शूट करने और सेल्फी लेने जैसी गतिविधियों पर रोक लगा दी है। यह कदम सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत उठाया है, जिससे वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार में कोई बाधा न आए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिअक सफारी के पर्यटक और गाइड मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। वन विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए आदेश जारी किया है। इसके तहत टाइगर रिजर्व में पोस्टर और फ्लैक्स भी लगा दिए गए हैं। साथ ही गाइड को भी निर्देश दिए हैं कि वे मोबाइल फोन के रोक संबंधी आदेश के बारे में टूरिस्ट्?स को भी अवगत करा दें। राजस्थान में फिलहाल चार टाइगर रिजर्व है। इनमें रणथंभौर टाइगर रिजर्व, सरिस्का टाइगर रिजर्व (अलवर), मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व (कोटा) और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व (बूंदी) शामिल हैं। धौलपुर-करौली और कुंभलगढ़ को भी टाइगर रिजर्व बनाने की प्रक्रिया चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक टाइगर रिजर्व के अधिकारियों का कहना है कि मोबाइल के कारण कई पर्यटक जानवरों के बेहद करीब जाने की कोशिश करते हैं, जिससे जानवर परेशान होते हैं। सफारी गाड़ियां एक जगह इकट्ठी हो जाती हैं। इससे जंगल का शांत माहौल प्रभावित होता है और वन्यजीवों पर दबाव बढ़ता है। यह फैसला वन्यजीवों की सुरक्षा और प्राकृतिक वातावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से लिया गया है। डीएफओ ने बताया कि आदेश का पालन नहीं करने पर वन विभाग की ओर से पर्यटकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे पर्यटकों पर पेनल्टी लगाई जाएगी। यह 100 रुपए से लेकर हजारों में हो सकती है। इसके साथ ऐसे लोगों के खिलाफ वन विभाग एफआईआर भी दर्ज करा सकता है। हालांकि आदेश के तहत सफारी के दौरान सिर्फ मोबाइल फोन पर रोक रहेगी। डिजिटल कैमरे और डीएसएलआर कैमरे बिना किसी चार्ज के ले जा सकेंगे। साथ ही सैलानियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे वन्यजीवों के पास नहीं जाएं, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जोधपुर आ रहीं थाईलैंड की राजकुमारी, शाही अंदाज में किया जाएगा स्वागत, प्रशासन अलर्ट

### -सिरिवन्नवारी सेना में मेजर हैं, घुड़सवारी, खेल, कला व संस्कृति में है गहरी रुचि



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** थाईलैंड की राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना 8 फरवरी को जोधपुर के दो दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। वे विशेष विमान से जोधपुर पहुंचेंगी। राजकुमारी के आगमन को लेकर जिला प्रशासन और संबंधित विभागों ने तैयारियां की हैं। उनके दौरे को लेकर पुलिस आयुक्त ने मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में रॉयल थाई एंबेसी के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की सुरक्षा, आवागमन, ठहराव और भ्रमण को लेकर अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजकुमारी के शाही स्वागत को लेकर प्रशासन अलर्ट है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एयरपोर्ट से लेकर राजकुमारी के ठहरने और भ्रमण करने वाले स्थानों तक विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को भी सुचारु रखने के निर्देश दिए हैं। राजकुमारी का स्वागत पारंपरिक और शाही अंदाज में किया जाएगा। राजकुमारी मेहरानगढ़ किला, उम्मेद भवन पैलेस और जसवंत थड़ा सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगी। पुलिस आयुक्त ने विशेष सुरक्षा, विभागीय समन्वय और आमजन को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

बता दें राजकुमारी सिरिवन्नवारी केवल फैशन तक सीमित नहीं हैं। वे थाईलैंड की शाही सेना में मेजर के पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा वे एक कुशल घुड़सवार हैं और खेल, कला व संस्कृति के क्षेत्र में उनकी गहरी रुचि है। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना आधुनिक फैशन को पारंपरिक शिल्प से जोड़ने के लिए भी जानी जाती हैं। उनका खुद का लग्जरी फैशन ब्रांड है, जो दुनिया के कई देशों में लोकप्रिय है।

# हिंदू राष्ट्र का सपना देखने वालों को नेपाल से सबक लेना चाहिए: अरशद मदनी

### वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश मोहब्बत, सद्भाव और इंसाफ के रास्ते पर आगे बढ़ेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र का सपना देखने वालों को पड़ोसी देश नेपाल के इतिहास से सबक लेना चाहिए। मदनी ने कहा कि नेपाल में भी एक समय हिंदू राष्ट्र की व्यवस्था लागू की गई थी, लेकिन वह ज्यादा समय तक नहीं टिक सकी और आखिरकार वहां लोकतांत्रिक संविधान के तहत नई व्यवस्था अस्तित्व में आई। उनका कहना है कि यही उदाहरण बताता है कि किसी भी देश की तरक्की, स्थिरता और शांति लोकतंत्र और संविधान से ही संभव है, न कि किसी एक धर्म को राष्ट्र पर थोपकर।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मौलाना अरशद मदनी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि नफरत के सौदागर और हिंदू राष्ट्र का सपना देखने वालों को नेपाल से सबक लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब किसी देश में एक खास विचारधारा या धर्म को थोपने की कोशिश की गई, वहां अंततः वह व्यवस्था ढह गई और जनता ने लोकतांत्रिक मूल्यों को चुना। मदनी ने कहा कि नेपाल में हाल के समय में हिंदू राष्ट्र की स्थापना की गई थी, लेकिन अंततः वहां यह व्यवस्था समाप्त हो गई और एक लोकतांत्रिक संविधान के तहत नई राजनीतिक व्यवस्था बनी। उन्होंने कहा कि यह साफ संकेत है कि आज की वैश्विक परिस्थितियों में किसी भी देश की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब वहां संविधान, लोकतंत्र और सभी नागरिकों के समान अधिकारों की रक्षा की जाए।

मौलाना मदनी ने कहा कि भारत में भी कुछ सांप्रदायिक शक्तियां और संगठन देश को हिंदू राष्ट्र बनाने का सपना देख रहे हैं, लेकिन उनकी यह साजिश कभी सफल नहीं होगी। उन्होंने दो टूक कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद सेक्युलरिज्म और भारतीय संविधान की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान विविधता, सहअस्तित्व और संवैधानिक मूल्यों से है और इसे किसी भी सूरत में बदला नहीं जा सकता है। मदनी ने इस्लाम और मुसलमानों को लेकर कहा कि कुछ ताकतें इस्लाम और मुसलमानों दोनों को मिटाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि इस्लाम का चिराग कभी बुझ नहीं सकता। उन्होंने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि जिन्होंने भी इस्लाम को मिटाने की कोशिश की वे खुद मिट गए। इस्लाम हमेशा कायम रहा है और रहेगा।

मदनी ने मुसलमानों से निराश न होने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात से घबराने या मायूस होने की जरूरत नहीं है। इतिहास बताता है कि जो कौमें अपनी पहचान, संस्कृति और धर्म के साथ जीना चाहती हैं, उन्हें कुर्बानियां देनी पड़ती हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमान एक जीवित कौम हैं और जीवित



कौमें हालात से हार मानने के बजाय समझदारी, दूरदर्शिता और सही रणनीति से आगे बढ़ती हैं। अपने पोस्ट के आखिर में मदनी ने भरोसा जताया कि एक दिन ऐसा जरूर आएगा जब जुल्म का अंत होगा और अत्याचार करने वालों के गले में जंजीरें होंगी। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश हिंदुस्तान फिर से प्यार, मोहब्बत, सद्भाव और इंसाफ के रास्ते पर आगे बढ़ेगा।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बोले जयराम- हाउडी मोदी पर आखिरकार भारी पड़ा नमस्ते ट्रंप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी का कहना है कि दोनों देशों के बीच जारी हालिया संयुक्त बयान से यह साफ हो गया है कि सरकार की गले मिलने वाली कूटनीति का देश को कोई ठोस लाभ नहीं मिला। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि 'हाउडी मोदी' पर आखिरकार 'नमस्ते ट्रंप' भारी पड़ गया है।

गौरतलब है कि 'नमस्ते ट्रंप' और 'हाउडी मोदी' अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान भारत-अमेरिका संबंधों के प्रतीक माने गए थे। 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम का आयोजन फरवरी 2020 में अहमदाबाद में हुआ था, जबकि 'हाउडी मोदी' सितंबर 2019 में ह्यूस्टन में आयोजित किया गया था। इन आयोजनों को दोनों देशों के मजबूत रिश्तों का सार्वजनिक प्रदर्शन माना गया।

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, कि



अमेरिका-भारत के हालिया संयुक्त वक्तव्य में कई अहम पहलुओं पर स्पष्टता नहीं है, लेकिन जो तथ्य सामने आए हैं, वे भारत के हित में नहीं दिखते। उन्होंने दावा किया कि इस समझौते के तहत भारत अब रूस से तेल आयात बंद करने की दिशा में बढ़ेगा। साथ ही अमेरिका ने यह भी संकेत दिया है कि यदि भारत प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रूस से तेल खरीदता है, तो उस पर 25 प्रतिशत तक का दंडात्मक शुल्क दोबारा लगाया जा सकता है।

कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि भारत, अमेरिकी किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए आयात शुल्क में कटौती करेगा, जिसका सीधा नुकसान भारतीय किसानों को होगा। रमेश के अनुसार, अमेरिका से भारत का वार्षिक आयात लगभग तीन गुना तक बढ़ सकता है, जिससे भारत का लंबे समय से बना आ रहा वस्तुओं का व्यापार अधिशेष समाप्त हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका को भारत की आईटी और अन्य सेवाओं के निर्यात को लेकर अब भी अनिश्चितता बनी रहेगी। संयुक्त बयान का हवाला देते हुए रमेश ने दावा किया कि भारत के अमेरिका को वस्तुओं के निर्यात पर पहले की तुलना में अधिक शुल्क लगाए जाने की आशंका है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार ने कूटनीतिक दिखावे और बड़े आयोजनों पर तो जोर दिया, लेकिन ठोस आर्थिक और व्यापारिक लाभ सुनिश्चित करने में विफल रही। जयराम रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि गले मिलने, हाथ मिलाने और तस्वीरें खिंचवाने से देश का हित सुरक्षित नहीं होता। उन्होंने कहा कि 'हाउडी मोदी' पर 'नमस्ते ट्रंप' भारी पड़ गया और अब हालात ऐसे हैं कि 'दोस्त-दोस्त न रहा' जैसी स्थिति बनती दिख रही है।

## इस्लामाबाद की मस्जिद पर हमले के बाद कश्मीर में लगे मुनीर और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक शिया मस्जिद पर हुए भीषण आत्मघाती हमले की गूँज शुक्रवार को कश्मीर घाटी की सड़कों पर सुनाई दी। इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में स्थित खादिजा तुल कुबरा मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान हुए इस धमाके में 31 लोगों की मौत और 169 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर ने सरहद के इस पार भी लोगों को झकझोर कर रख दिया है। इस पवित्र स्थल पर हुए रक्तपात के विरोध में जम्मू-कश्मीर के शिया समुदाय और आम नागरिकों ने स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान सरकार के खिलाफ कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है।

कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में हुए ये प्रदर्शन किसी राजनीतिक दल या संगठन के आह्वान पर नहीं थे, बल्कि यह लोगों के भीतर उपजे डर और असुरक्षा की भावना का परिणाम थे। हमले की खबर फैलते ही बारामूला के चैनाबल पट्टन और डाइवर परिहासपोरा में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने कुछ समय के लिए रास्तों को अवरुद्ध किया और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। श्रीनगर के शिया बहुल इलाकों जैसे इमामबाड़ा जदीबल और हरवान में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां लोगों ने पाकिस्तान सरकार की विफलता पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। बांदीपोरा के इंदरकोट-सुंबल इलाके में शाम को कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। सुरक्षा विशेषज्ञों और राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि घाटी में पाकिस्तान के खिलाफ यह स्वर एक बड़े बदलाव का संकेत है। दशकों से पाकिस्तान खुद को कश्मीर के मुसलमानों के मसीहा और रक्षक के रूप में पेश करने का प्रोपेगेंडा चलाता रहा है, लेकिन उसके अपने ही देश में शिया समुदाय पर बार-बार होने वाले लक्षित हमलों ने इस दावे की पोल खोल दी है। जानकारों का कहना है कि ये प्रदर्शन पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व और विशेषकर आर्मी चीफ आसिम मुनीर के लिए एक बड़ा झटका हैं, क्योंकि अब कश्मीर के लोग सीमा पार की सांप्रदायिक अस्थिरता को पहचान रहे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, पाकिस्तान में मस्जिदों और धार्मिक जुलूसों पर हो रहे आतंकी हमले अब कश्मीर में उल्टा असर डाल रहे हैं। पहले जहाँ सीमा पार की घटनाओं का इस्तेमाल कुछ वर्गों में सहानुभूति पैदा करने के लिए किया जाता था, वहीं अब वही घटनाएँ नाराजगी में बदल रही हैं। प्रदर्शनों में शामिल लोगों का सीधा सवाल था कि जो देश अपनी राजधानी में इबादत कर रहे लोगों और अल्पसंख्यकों को सुरक्षा नहीं दे पा रहा, वह दूसरों के अधिकारों की बात करने का नैतिक आधार कैसे रख सकता है। इन प्रदर्शनों को सीमा पार बैठे उन तत्वों के लिए भी एक गंभीर चेतावनी माना जा रहा है जो कश्मीर में धार्मिक भावनाओं को भड़काने का काम करते हैं।

# इस बार विधानसभा चुनाव जीतकर ममता सीएम बनी तो तोड़ देंगी शीला दीक्षित का रिकॉर्ड

### -बीजेपी और पीएम मोदी की लहर के बावजूद ममता ने टीएमसी को मजबूत बनाए रखा

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में इस साल अप्रैल में विधानसभा चुनाव होना है। सीएम ममता बनर्जी अगर अगले कार्यकाल में भी सीएम बनती हैं तो वे दिल्ली की भूतपूर्व सीएम शीला दीक्षित का रिकार्ड तोड़ देंगी। शीला दीक्षित 15 साल 25 दिन तक सीएम रही थीं। बंगाल में फिलहाल ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस एकमात्र पार्टी है, जो बीजेपी से लोहा लेती रही हैं। ममता ने अपने दम पर साढ़े 3 दशक से ज्यादा समय तक बंगाल में शासन करने वाले वामपंथी दलों के ग्रुप- लेफ्ट फ्रंट को सत्ताच्यूत करने में पहली बार 2011 में सफलता पाई थी। तब से वे बंगाल पर एकछत्र राज कर रही हैं। देश में बीजेपी के उभार और पीएम मोदी की लहर के बावजूद ममता ने टीएमसी को अभी तक मजबूत बनाए रखा है। बंगाल के पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने इस बार की तरह ही पूरी ताकत झोंक दी थी। पीएम मोदी से लेकर बीजेपी के तमाम छोटे-बड़े नेताओं ने बंगाल के तूफानी दौरे किए थे। नतीजे आए बीजेपी की सीटें विधानसभा में 2 से बढ़ कर 77 हो गईं। टीएमसी की सीटें भी घटीं, लेकिन ममता तीसरी बार सरकार बनाने में सफल रही।

विश्लेषकों ने इसे उनका करिश्मा नहीं, बल्कि मुस्लिम वोटों का ममता के पक्ष में इकतरफा ध्रुवीकरण माना। बंगाल में तकरीबन 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है। टीएमसी को 2021 में 49 फीसदी वोट मिले थे। बीजेपी टीएमसी से 10 फीसदी वोट लाकर दूसरे नंबर पर रही। बीजेपी के प्रबल विरोध के बावजूद अपनी जीत से उत्साहित ममता ने पीएम बनने के सपने भी देखने शुरू कर दिए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक शीला दीक्षित सबसे लंबे समय तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं। वे 3 दिसंबर 1998 से 28 दिसंबर 2013 तक दिल्ली की सीएम रहीं। उनका कुल कार्यकाल 15 साल 25 दिन का रहा। उनके नाम एक और रिकार्ड है। दिल्ली में पुरुष और महिला मुख्यमंत्रियों में उनका नाम सर्वाधिक समय तक सीएम रहने वालों में सबसे ऊपर है। सीएम के रूप में उन्होंने दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने में अहम योगदान दिया। शीला दीक्षित के बाद महिला मुख्यमंत्रियों में सर्वाधिक समय का रिकार्ड ममता बनर्जी ने बना लिया है। ममता ने करीब 14 साल से अधिक का रिकार्ड बना लिया है, जो शीला दीक्षित से कुछ ही महीने कम है। लंबे समय तक सीएम रहने वाली तीसरी सीएम रहीं जे जयललिता वे 14 साल और 124 दिन तक तमिलनाडु की सीएम रही थीं।

बता दें देश में अब तक कुल 18 महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में सुचेता कृपलानी का नाम आता है। वे 1963 में यूपी की सीएम बनीं। दूसरी सीएम रहीं शीला दीक्षित। वे दिल्ली 15 साल से अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहीं। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी 2011 से अब तक सीएम पद पर हैं। अन्य महिला मुख्यमंत्रियों में सुचेता कृपलानी, नंदिनी सत्पथी (ओडिशा), शशिकला काकोडकर (गोवा), सैयदा अनवरा तैमूर (असम), वीए जानकी रामचंद्रन (तमिलनाडु), जे जयललिता (तमिलनाडु), मायावती (उत्तर प्रदेश), राजिंदर कौर भट्ठल (पंजाब), राबड़ी देवी (बिहार), सुषमा स्वराज (दिल्ली), उमा भारती (मध्य प्रदेश), वसुंधरा राजे (राजस्थान), आनंदीबेन पटेल (गुजरात), मेहबूबा मुफ्ती (जम्मू-कश्मीर), आतिशी (दिल्ली) और रेखा गुप्ता (दिल्ली)।

ममता बनर्जी की मूल पार्टी कांग्रेस रही है। बाद में उन्होंने अपनी पार्टी- टीएमसी बनाई। वामपंथी शासन से लगातार लडती रहीं। आखिरकार उन्हें 2011 में वामपंथी शासन को खत्म करने में सफलता मिली। तब से उन्होंने दो अहम काम किए हैं। आधी आबादी के रूप में ख्यात महिला शक्ति को अपने साथ जोड़े रखने के लिए उन्होंने उनके लिए गर्भावस्था से लेकर बुढ़ापे तक के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाईं। उनकी लक्खी भंडार योजना बमाल की महिलाओं में सबसे पापुलर है। इसके अलावा भी उन्होंने कई योजनाएं युवाओं के लिए भी



चलाई हैं। नतीजा यह कि मौजूदा विधानसभा में बीजेपी को छोड़ कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों के साथ दूसरी विरोधी भी शून्य पर हैं।

ममता बनर्जी यह भी समझ रही हैं कि बीजेपी से मुकाबला इस बार पहले के मुकाबले थोड़ा कठिन है। इसकी वजह यह है कि पिछली बार उन्हें जो 49 फीसदी वोट मिले थे, उसमें 30 फीसदी तो अकेले मुस्लिम थे। बीजेपी को सत्ता से दूर रखने के लिए मुसलमानों ने कांग्रेस और वामपंथियों का मोह त्याग कर एकमुश्त टीएमसी को वोट किया था यानी 70 फीसदी हिन्दुओं में सिर्फ 19 फीसदी वोट ही उन्हें मिले थे1 इस बार टीएमसी से निष्कासित नेता हुमायू कबीर के अलग पार्टी बना लेने से मुस्लिम वोटों में विभाजन का खतरा पैदा हो गया है। ओवैसी ने भी हुमायू कबीर से हाथ मिला लिया है1 यह मुस्लिम मतों में विभाजन का स्पष्ट संकेत है। तीसरा खतरा बन कर उभरी हैं ईडी और सीबीआई जैसी केंद्री जांच एजेंसियां उनसे ममता लगातार पंगा लेती रही हैं, लेकिन आई-पैक रेड मामले में उनकी परेशानी बढ़ सकती है।

# ट्रंप की व्यापार नीति के तहत भारत का बड़ा बाजार अमेरिकी उत्पादों के लिए खुलेगा: ग्रीर

**- ट्रंप प्रशासन की पहल, टैरिफ कटौती से अमेरिकी किसानों और कंपनियों को लाभ**

**वाशिंगटन ।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीति के तहत भारत का विशाल बाजार अब अमेरिकी उत्पादों के लिए और अधिक खुलने जा रहा है। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने कहा है कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर लगने वाले शुल्क (टैरिफ) को कम करने पर सहमत हुआ है, जिससे अमेरिकी कंपनियों और किसानों को सीधा फायदा मिलेगा। यह बयान शुक्रवार को उस समय आया, जब व्हाइट हाउस ने अमेरिका और भारत के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते (इंटरिम ट्रेड एग्रीमेंट) के ढांचे की घोषणा की। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच निष्पक्ष, संतुलित और आपसी लाभ पर आधारित व्यापार को बढ़ावा देना है। ग्रीर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की पहल से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल भारत अब अमेरिकी कामगारों और उत्पादकों के लिए पहले से ज्यादा खुल रहा है। इस समझौते के तहत भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों पर टैरिफ खत्म करेगा या उनमें बड़ी कटौती करेगा। इसके अलावा, अमेरिकी खाद्य पदार्थों और कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रेणी पर भी शुल्क कम किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर, अमेरिका अपने बढ़ते व्यापार घाटे को कम करने के लिए भारतीय सामानों पर 18 प्रतिशत की आपसी टैरिफ दर लगाएगा।

इस टैरिफ के दायरे में टेक्सटाइल और कपड़े, चमड़ा व जूते, प्लास्टिक और रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल, होम डेकोर, हस्तशिल्प और कुछ मशीनरी शामिल होंगी। हालांकि, अगर यह अंतरिम समझौता पूरी तरह लागू होता है तो अमेरिका कुछ भारतीय उत्पादों जैसे सस्ती दवाएं, रत्न-हीरे और विमान के पुर्जों पर से शुल्क हटा सकता है। ग्रीर ने भारत के वाणिज्य मंत्रालय और विशेष रूप से वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की भूमिका की सराहना की। दोनों देशों ने स्पष्ट किया है कि यह अंतरिम समझौता एक बड़े और व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में पहला कदम है, जिस पर बातचीत आगे भी जारी रहेगी।

# भारत ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रूस से तेल आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताईः अमेरिका

**न्यूयॉर्क ।**

अमेरिका ने घोषणा की है कि भारत ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रूस से तेल आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके परिणामस्वरूप 7 फरवरी 2026 से भारतीय वस्तुओं पर लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत मूल्य-आधारित शुल्क हटा दिया जाएगा। अगस्त 2025 में भारत के रूस से तेल खरीदने पर यह अतिरिक्त शुल्क लगाया गया था, जो पहले से मौजूद 25 प्रतिशत शुल्क के साथ मिलकर कुल 50 प्रतिशत हो गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के अनुसार भारत ने अगले 10 वर्षों के लिए अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। इसके अलावा, भारत अमेरिका से ऊर्जा उत्पाद खरीदने और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के लिए भी तैयार है। राष्ट्रपति कार्यालय ने इसे दोनों देशों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और आर्थिक तालमेल के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि यदि भारत भविष्य में रूस से तेल आयात फिर से शुरू करता है, तो अमेरिकी राष्ट्रपति की टीम अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क या अन्य उपायों की सिफारिश कर सकती है। वाणिज्य और विदेश मंत्री इस बात की निगरानी करेंगे कि भारत की प्रतिबद्धता का पालन हो रहा है या नहीं। ट्रंप ने कहा कि रूस की नीतियां अमेरिका के लिए असामान्य और असाधारण खतरा हैं। आदेश में विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को आईईईपीए कानून के तहत राष्ट्रपति को मिलने वाले अधिकारों का प्रयोग करने और आदेश के क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं।

## चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट, 75 फीसदी लुढ़क सकते हैं भाव

**- वैश्विक संकेतों का असर, गिरावट के बाद घरेलू बाजार में दिखी तेज खरीदारी**



**नई दिल्ली ।**

चांदी की कीमतों में शुक्रवार को एक बार फिर भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बड़ी गिरावट के बाद कॉमेक्स पर सिल्वर का भाव गिरकर 63.900 डॉलर प्रति औंस तक आ गया। इसका सीधा असर घरेलू बाजार पर भी देखने को मिला, जहां एमसीएक्स सिल्वर का रेट इंट्रा-डे में फिसलकर 2.29 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के निचले स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, निचले स्तरों पर निवेशकों की तरफ से जबरदस्त खरीदारी देखने को मिली।

इसी का नतीजा रहा कि चांदी की कीमतों में रिकवरी आई और भाव दोबारा बढ़कर 2.48 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास पहुंच गया। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा गिरावट के बावजूद आगे और दबाव बन सकता है। बाजार के जानकारों के अनुसार चांदी की कीमतों में गिरावट के पीछे दो बड़े कारण हैं। पहला, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब कम होता नजर आ रहा है। दोनों देश न्यूक्लियर बातचीत के लिए तैयार हो गए हैं, जिससे सुरक्षित निवेश माने जाने वाले गोल्ड और सिल्वर की मांग घटी है। दूसरा कारण डॉलर का अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले मजबूत होना है। इसके अलावा, ऊंचे स्तरों पर निवेशकों द्वारा की गई प्रॉफिट बुकिंग ने भी कीमतों पर दबाव डाला। एक बाजार विशेषज्ञ का कहना है कि चांदी की कीमतें अपने उच्चतम स्तर से 75 से 80 प्रतिशत तक गिर सकती हैं। उनका अनुमान है कि आने वाले दो सालों में सिल्वर का भाव घटकर 25 से 30 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो चांदी में फिलहाल उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। ऐसे में निवेशकों को सतर्क रहने और किसी भी फैसले से पहले बाजार के संकेतों पर करीबी नजर रखने की सलाह दी जा रही है।

## भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क तयः निर्मला सीतारमण

**जेनेरिक दवाओं, रत्न-हीरों और एयरक्राफ्ट पार्ट्स को मिलेगा फायदा, 'मेक इन इंडिया' को नई रफ्तार**



नई दिल्ली । भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। दोनों देशों ने एक अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट के लिए फ्रेमवर्क को अंतिम रूप दे दिया है। इस समझौते के तहत भारतीय उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले टैरिफ में औसतन 18 प्रतिशत तक कमी आने की संभावना है, हालांकि यह पूरी तरह अंतरिम समझौते के सफल क्रियान्वयन पर निर्भर करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि भारत और अमेरिका ने आपसी और लाभकारी व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए एक संयुक्त बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देश भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत के लिए प्रतिबद्ध हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस फ्रेमवर्क को भारत-अमेरिका ट्रेड पार्टनरशिप के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय निर्यातकों को अधिक बाजार पहुंच मिलेगी और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने वाले नए रास्ते खुलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास और साझेदारी का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता किसानों, मछुआरों और उद्यमियों के लिए नए अवसर पैदा करेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में मदद करेगा। साथ ही निवेश और टेक्नोलॉजी साझेदारी को भी मजबूती मिलेगी। वो णिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह फ्रेमवर्क भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक सहयोग को और गहरा करेगा तथा सस्टेनेबल ग्रोथ के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस फ्रेमवर्क के तहत जेनेरिक दवाएं, रत्न और हीरे, एयरक्राफ्ट व एयरक्राफ्ट पार्ट्स जैसे क्षेत्रों में टैरिफ हटाने या घटाने का रास्ता खुलेगा। इसके अलावा, भारत को ऑटोमोटिव पार्ट्स के लिए तरजीही टैरिफ कोटा मिलने की भी संभावना है, जिससे भारतीय उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी।

# आरबीआई की छोटी एनबीएफसी को पंजीकरण और शाखा अनुमति में छूट देने की योजना

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घोषणा की है कि जिन बीएफसी की संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से कम, जो जनता से पूंजी नहीं जुटाती और जिनका ग्राहकों से सीधा संपर्क नहीं है, उन्हें अब आरबीआई में पंजीकरण कराने से छूट दी जा सकती है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि इन कंपनियों पर लागू नियमों की समीक्षा की गई है, और उनकी विशेष संरचना को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय प्रस्तावित किया गया है। इसका उद्देश्य इन छोटी एनबीएफसी के लिए अनुपालन बोझ कम करना है। केंद्रीय बैंक ने यह भी प्रस्ताव रखा है कि इन एनबीएफसी को 1,000 से अधिक शाखाएं खोलने से पहले अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। इसका मतलब है कि ये कंपनियां अपनी विस्तार योजनाओं को आरबीआई की पूर्व मंजूरी के बिना लागू कर सकती हैं, जब तक कोई विशेष प्रतिबंध न हो। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह कदम वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और जोखिम प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ऋण का प्रवाह और नकदी उपलब्धता अर्थव्यवस्था में बनाए रखी जाए। इस मसौदे पर हितधारकों की राय 27 फरवरी, 2026 तक आमंत्रित की गई है। इसके माध्यम से आरबीआई नियमों को अंतिम रूप



देने से पहले सभी सुझावों को ध्यान में रखेगा। छोटे एनबीएफसी के लिए यह निर्णय सुविधाजनक संचालन और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगा, साथ ही उन्हें कम अनुपालन बोझ के साथ कार्य करने की स्वतंत्रता भी देगा।

## सोने में 2 लाख निवेश से 2050 तक बन सकती है करोड़ों की संपत्ति!

**मुंबई ।** सोने की कीमत में गिरावट ने निवेशकों के लिए नए मौके खोले हैं। वर्तमान में 24 कैरेट सोने की कीमत लगभग 1,56,630 रुपए प्रति 10 ग्राम है। इस आधार पर 2 लाख रुपए में निवेश करने पर आपको लगभग 12.77 ग्राम सोना मिलेगा। दिखने में यह मात्रा छोटी लग सकती है, लेकिन दीर्घकालिक निवेश में इसकी असली ताकत समय के साथ बढ़ने वाले रिटर्न में है। वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार सोना ऐतिहासिक रूप से 8-11 फीसदी सालाना रिटर्न देता रहा है। यदि आप 24 साल के लिए निवेश करते हैं, तो 2 लाख रुपए की रकम भविष्य में इस तरह बढ़ सकती है- अनुमानित सालाना रिटर्न 7 फीसदी (धीमी बढ़त), 2050 में संभावित कीमत 10.14 लाख रुपए, अनुमानित सालाना रिटर्न 9 फीसदी (औसत बढ़त) 2050 में संभावित कीमत 15.82 लाख रुपए और अनुमानित सालाना रिटर्न11 फीसदी (शानदार बढ़त) 2050 में संभावित कीमत 24.44 लाख रुपए। सोना महंगाई से सुरक्षा प्रदान करता है और शेयरों या क्रिप्टो की तुलना में स्थिर निवेश माना जाता है। नियमित निवेश और लंबे समय तक पकड़ इसे और भी लाभकारी बना सकते हैं।



## अमेरिकी बाजार मजबूत बढ़त के साथ बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मजबूती के साथ बंद हुए। डाओ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1,206.95 अंक बढ़कर 50,115.67 पर बंद हुआ। इस साल अब तक यह 4.3 फीसदी ऊपर है। प्रमुख योगदानकर्ता कैटरपिलर का शेयर 7.1 फीसदी उछलकर 726.20 डॉलर पर पहुंचा। गोल्डमैन सैक्स और एनवीडिया ने भी इंडेक्स को मजबूती दी। एसएंडपी 500 में 2026 में 1.3 फीसदी की बढ़त रही, जबकि नैस्डैक 0.9 फीसदी गिरा। टेक सेक्टर में एआई को लेकर चिंताओं के कारण दबाव रहा। निवेशक उम्मीद कर रहे हैं कि फेडरल रिज़र्व महंगाई को काबू में रखते हुए अर्थव्यवस्था को नुकसान नहीं पहुंचाएगा और 2026 में ब्याज दरें घटाना जारी रखेगा।

## सेंसेक्स दिसंबर 2026 तक 1,07,000 तक जा सकता हैः रिपोर्ट

**मुंबई ।** एक ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म ने भारतीय शेयर बाजार को लेकर सकारात्मक भविष्यवाणी की है। रिपोर्ट के मुताबिक अगर बाजार में तेजी का माहौल बना रहता है तो दिसंबर 2026 तक सेंसेक्स 1,07,000 के स्तर तक पहुंच सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई की ग्रोथ-फ्रेंडली नीतियां, ब्याज दरों में कटौती, बैंकिंग सिस्टम में बढ़ती लिक्विडिटी और सरकार का कैपेक्स पर जोर बाजार को मजबूत करेगा। बजट में ग्रोथ को बढ़ावा देने वाले कदम और टैक्स सुधार भी निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत हैं। आने वाले महीनों में कंपनियों की अर्निंग्स ग्रोथ में सुधार की संभावना है, जिससे विदेशी निवेशकों की वापसी हो सकती है। कमजोर पिछला प्रदर्शन, आकर्षक वैल्यूएशन और कमजोर रुपया निवेशकों को आकर्षित कर सकते हैं। भारत-अमेरिका ट्रेड डील और चीन से बेहतर संबंध भी बाजार के लिए पॉजिटिव फैक्टर माने जा रहे हैं। उनका निष्कर्ष है कि मजबूत नीतियां, बेहतर अर्निंग्स और वैश्विक सहयोग से भारतीय शेयर बाजार में सुधार की संभावनाएं बढ़ रही हैं।

## आरबीआई की नीति स्थिर, तरलता पर्याप्त; आर्थिक वृद्धि के लिए सहायक कदम

**- डॉलर-रुपया विनिमय दर 90-91 रुपये प्रति डॉलर के दायरे में रहने का अनुमान**

**मुंबई ।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने हाल ही में अपनी नीतिगत समीक्षा में ब्याज दरों को पहले के स्तर पर बनाए रखने और नीति को तटस्थ रखने का निर्णय लिया। गवर्नर ने स्पष्ट किया कि कर्ज का प्रवाह अर्थव्यवस्था की उत्पादक गतिविधियों के अनुसार होगा, जिससे आर्थिक विकास को सहारा मिलेगा। आरबीआई ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली में तरलता पर्याप्त स्तर पर रहेगी। चालू वित्त वर्ष में बैंकिंग प्रणाली में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये की नकदी डाली गई है। बैंकों का अनुमान है कि अगले वित्त वर्ष में 4-5 लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त तरलता उपलब्ध कराई जा सकती है। यह कदम बॉन्ड और कॉल मनी मार्केट सहित सभी वित्तीय बाजारों में नीतिगत प्रभावों के प्रसार में मदद करेगा। अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ हाल में घोषित व्यापार समझौतों से देश की आर्थिक वृद्धि के अनुमान 6.9 फीसदी से बढ़कर 7.1-7.2 फीसदी तक पहुंच सकते हैं। बैंकिंग विशेषज्ञों के अनुसार यह वृद्धि निवेश और निर्यात गतिविधियों में सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। डॉलर-रुपया विनिमय दर 90-91 रुपये प्रति डॉलर के दायरे में रहने का अनुमान है। वहीं 10 वर्ष की मियाद वाले सरकारी बांड पर यील्ड 6.65-6.80 फीसदी के बीच रहने की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति 3.2 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि पूरे वर्ष के लिए 2.1 फीसदी का अनुमान रखा गया है। अगले वित्त वर्ष में शुद्ध सरकारी उधारी हल्की बढ़कर 11.7 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है।

# अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव

**- भारतीय शेयर बाजार ने ट्रेड डील और बजट के असर के चलते उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन दर्ज किया**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन देखा, जिसमें व्यापार समझौते और बजट के प्रभाव ने निवेशकों की भावना पर बड़ा असर डाला। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को लाल निशान पर हुई, लेकिन ब्लू-चिप कंपनियों में मजबूती और मूल्य-खरीदारी ने सेंसेक्स और निफ्टी को सकारात्मक रुख अपनाने के लिए प्रेरित किया। बीएसई सेंसेक्स 302 अंक की बढ़त के साथ 81,024.94 पर पहुंचा, जबकि एनएसई निफ्टी 59.25 अंक बढ़कर 24,884.70 पर बंद हुआ। रुपया भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 37 पैसे मजबूत होकर 91.56 पर आ गया। मंगलवार को भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की घोषणा ने बाजार में उत्साह भर दिया। सेंसेक्स ने दिन में 4,205.27 अंक की छलांग लगाते हुए 85,871.73 के उच्चतम स्तर को छुआ और अंततः 2,072.67 अंक बढ़कर 83,739.13 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 682 अंकों की तेजी के साथ 25,770.40 पर बंद हुआ। यह सप्ताह का सबसे जोरदार रुख रहा, जिससे निवेशकों की विश्वास में स्पष्ट बढ़त देखने को मिली। सप्ताह के मध्य बुधवार को बाजार मामूली तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 78.56 अंक बढ़कर 83,817.69 पर और निफ्टी 48.45 अंक बढ़कर 25,776 पर बंद हुआ। हालांकि गुरुवार को बाजार फिर लाल निशान में आ गया, सेंसेक्स 503.76 अंक गिरकर 83,313.93 और निफ्टी 133.20 अंक गिरकर




25,642.80 पर बंद हुए। यह गिरावट कुछ हद तक अमेरिकी बाजारों में कमजोरी और तकनीकी सुधार की वजह से आई।

सप्ताह के अंत में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में कमजोरी के बावजूद बाजार ने रिकवरी की। सेंसेक्स 266.47 अंक की बढ़त के साथ 83,580.40 पर और निफ्टी 50.90 अंक की तेजी के साथ 25,693.70 पर बंद हुआ। कुल मिलाकर इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने अमेरिका-भारत व्यापार समझौते और बजट के असर के चलते उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन दर्ज किया।

निवेशकों की निगाहें अब अगले सप्ताह के आर्थिक संकेतकों और वैश्विक बाजार की दिशा पर टिकी हैं, जिससे बाजार की स्थिरता और रुझान तय होने की संभावना है।

## भारत में कॉपर खपत अगले दो सालों में 10-12 फीसदी बढ़ने का अनुमानः इक्रा



**नई दिल्ली ।** आईसीआरए ने अनुमान लगाया है कि भारत में अगले दो वित्तीय वर्षों में कॉपर की घरेलू खपत सालाना 10-12 फीसदी बढ़ सकती है। वित्त वर्ष 26 के पहले सात महीनों में 14-15 फीसदी की तेज़ वृद्धि दर्ज होने के बाद यह दर थोड़ी धीमी रहेगी, क्योंकि ऊंची कीमतों से शॉर्ट-टर्म मांग पर दबाव हो सकता है। तेज़ शहरीकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और ग्रीन एनर्जी ट्रांज़िशन कॉपर की मांग को मजबूत कर रहे हैं। रिन्यूएबल एनर्जी, पावर ग्रिड, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे सेक्टर मीडियम-टर्म में प्रमुख मांग चालक बनेंगे। फिलहाल घरेलू स्तर पर रिफाइंड कॉपर की कमी है, लेकिन नई क्षमता और बेहतर सप्लाई से स्थिति धीरे-धीरे सुधरेगी। मजबूत कीमतों से अपस्ट्रीम कंपनियों को फायदा मिलेगा, जबकि डाउनस्ट्रीम स्मेल्टिंग और रिफाइनिंग कंपनियों के मार्जिन पर दबाव बना रहेगा।` वित्त वर्ष 26 में कॉपर की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है और जनवरी 2026 तक यह लगभग 13,000 डॉलर प्रति टन तक पहुंच गई, माइन सप्लाई में रुकावट, ओर ग्रेड गिरावट और अमेरिकी टैरिफ अनिश्चितताओं के कारण।

# गेहूं, चावल, डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को पूर्ण संरक्षण


**नई दिल्ली।**

भारत और अमेरिका ने शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को पहले के 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह समझौता किसानों के हितों की रक्षा और ग्रामीण आजीविका बनाए रखने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दर्शाता है। इस समझौते में मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस जैसे संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह संरक्षित किया गया है। इन उत्पादों का संबंध छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका से जुड़ा होने के कारण इन्हें संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। कृषि और पशुपालन भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो लगभग 70 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं। विकसित देशों की तुलना में, भारत में कृषि बड़े पैमाने पर मशीनरी पर निर्भर नहीं है, इसलिए आयात और सीमा शुल्क के माध्यम से किसानों को



विदेशी प्रतिस्पर्धा से संरक्षण दिया जाता है। भारत का अमेरिका को कृषि निर्यात 2024 में 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जिसमें बादाम, पिस्ता, सेब और एथेनॉल प्रमुख हैं। भारत अगले चार वर्षों में कृषि, समुद्री उत्पाद और खाद्य एवं पेय पदार्थों का संयुक्त निर्यात 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाना चाहता है। अमेरिका कई खाद्य और कृषि उत्पादों पर शुल्क घटाएगा या समाप्त करेगा, जिससे दोनों देशों के लिए व्यापार लाभ बढ़ेगा।

## आईटी शेयरों में एआई के असर से सबसे बड़ी गिरावट



**नई दिल्ली।** भारतीय आईटी शेयर इस सप्ताह सबसे खराब प्रदर्शन कर रहे हैं। निफ्टी आईटी सूचकांक 1.5 फीसदी गिरकर हफ्ते भर में 6.4 फीसदी की गिरावट दर्ज कर चुका है। इससे संबंधित कंपनियों का बाजार पूंजीकरण लगभग 6.4 लाख करोड़ रुपये घट गया। इन्फोसिस में सबसे ज्यादा 8.2 फीसदी और टेक महिंद्रा में 7.1 फीसदी का नुकसान हुआ। एंथ्रोपिक ने क्लाउड ओपस 4.6 मॉडल और नए एआई प्लग-इन्स पेश किए हैं, जो वित्त, कानूनी, मार्केटिंग और डेटा एनालिसिस जैसी सेवाओं को स्वचालित कर सकते हैं। इससे पारंपरिक आईटी सेवा मॉडल पर असर पड़ने की आशंका है, जिससे निवेशकों में चिंता बढ़ी।

# पिंजौर, कालका के सरकारी कर्मचारियों को भी पंचकूला मुख्यालय के कर्मचारीयों के बराबर दिया जाए मकान किराया भत्ता: विजय बंसल एडवोकेट

पंचकूला में सरकारी कर्मचारियों को मिलता है मकान किराया भत्ता 16त्न जबकि पंचकूला जिले के पिंजौर, कालका शहरों के कर्मचारियों को मिलता है पंचकूला से आधा 8त्न भत्ता

विजय बंसल ने कहा हरियाणा सरकार ने वर्ष 2019 में सरकारी कर्मचारी को मिलने वाले मकान कराया भत्ते में किया था संशोधन कालका, पिंजौर क्षेत्र से किया जा रहा है भेदभाव

विजय बंसल एडवोकेट ने मुख्य मंत्री हरियाणा सरकार को ज्ञापन भेज कर पिंजौर, कालका के सरकारी कर्मचारियों को पंचकूला के बराबर मकान किराया भत्ता देने की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कालका जग्गी**

पिंजौर, कालका में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों को पंचकूला मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारीयो से आधा मकान कराया भत्ता मिलता है जिससे कर्मचारियों में रोष है। इसी विषय में हरियाणा राज्य परिवहन कर्मचारी यूनियन का एक शिष्ट मंडल सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पिंजौर स्थित शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष विजय बंसल एडवोकेट के निवास पर आकर मिला और उन्होंने पिंजौर, कालका के सरकारी कर्मचारियों की मांग को शिवालिक विकास मंच के माध्यम से सरकार तक पहुंचने का आग्रह किया। कर्मचारियों की समस्या को गौर से सुनने के बाद विजय बंसल एडवोकेट ने मुख्य मंत्री हरियाणा सरकार को ज्ञापन भेज कर पिंजौर, कालका के सरकारी कर्मचारियों को पंचकूला मुख्यालय के सरकारी कर्मचारियों के बराबर मकान कराया भत्ता देने की मांग की है।

विजय बंसल एडवोकेट ने कहा कि हरियाणा सरकार ने हमेशा पिंजौर, कालका क्षेत्र के लोगों के साथ भेदभाव किया है उन्होंने ज्ञापन में कहा कि शिवालिक क्षेत्र के बेहद पिछड़े हुए पिंजौर, कालका छोटे शहर के लोगों को सरकार को विशेष छूट देकर सरकारी गैर सरकारी कर्मचारियों सहित क्षेत्र के विकास को भी महत्व देना चाहिए। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के वित्त विभाग ने 30 जुलाई 2019 को सातवें (सीपीसी) के तहत हरियाणा सरकार के कर्मचारियों को मिलने वाले मकान किराया भत्ते में संशोधन किया था जिसके तहत 50 लाख से अधिक आबादी वाले जिलों और शहर को एक्स श्रेणी में कर्मचारियों को मकान कराया भत्ता 24त्न न्यूनतम 5400 रूपये, जबकि 5 लाख से 50 लाख की आबादी वाले शहरो को वाई श्रेणी में रखकर उसके कर्मचारियों को 16त्न न्यूनतम 3600 रुपए और 5 लाख से कम आबादी वाले शहर के कर्मचारियों को 8त्न यानी न्यूनतम 1800 रुपए मकान किराया भत्ता देने का निर्णय लिया था। लेकिन 5 लाख से कम आबादी वाले शहर पंचकूला को प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ के नजदीक होने की वजह से विशेष दर्जा देकर वहां के कर्मचारियों को 16त्न मकान किराया भत्ता दिया जाता है जबकि इसी पंचकूला जिले के पिंजौर, कालका शहर में रहने वाले कर्मचारियों को केवल 8त्न ही मकान किराया भत्ता दिया जा रहा है जो की पिंजौर, कालका क्षेत्र वासियों से भेदभाव है।

विजय बंसल ने कहा कि पिंजौर, कालका क्षेत्र भी पंचकूला जिले का ही हिस्सा है पहले तो यह सारा क्षेत्र नगर निगम पंचकूला में ही शामिल था बाद में इसे नगर परिषद बनाया गया है बावजूद इसके पिंजौर, कालका क्षेत्र वासियों को पंचकूला से आधा किराया भत्ता क्यों दिया जा रहा है। जबकि पिछड़े इलाके के विकास के लिए शिवालिक विकास बोर्ड बनाया गया था कालका पिंजौर अर्ध पहाड़ी क्षेत्र है इसे विशेष दर्जा दिए जाना चाहिए। विजय बंसल ने बताया कि इससे पूर्व भी तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को ज्ञापन भेजकर पिंजौर कालका के कर्मचारियों को पंचकुला शहर मुख्यालय के कर्मचारियों के बराबर मकान की भत्ता देने की मांग की थी जिस पर मुख्यमंत्री कार्यलय की ओर से करवाई के आदेश भी दिये गए थे लेकिन उस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे सरकारी कर्मचारियों में काफी रोष है। विजय बंसल ने कहा कि जितने भी पिंजौर, कालका क्षेत्र में कर्मचारी काम करते हैं उनका जिला मुख्यालय पंचकूला में ही है फिर उन्हें पंचकूला मुख्यालय से इतना कम मकान कराया भत्ता क्यों दिया जाता है।



# योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के कई नेताओं ने रमाबाई आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी

अर्थ प्रकाश/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई प्रमुख नेताओं ने शनिवार को रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट में कहा, ''सेवा, समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति, नारी चेतना की सशक्त प्रतीक माता रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।'' उन्होंने कहा, ''शिक्षित व जागरूक समाज के निर्माण में उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा।'' भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''महिला सशक्तिकरण की आदर्श प्रतीक एवं सामाजिक समानता की प्रबल पक्षधर माता रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर सादर नमन।'' चौधरी ने कहा, ''सुशिक्षित एवं सक्षम समाज के निर्माण में उनका अमूल्य योगदान सदैव याद रखा जाएगा।'' उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते पर एक पोस्ट में कहा, ''महिला सशक्तिकरण की अग्रदूत, त्याग एवं अदम्य साहस की प्रतीक माता रमाबाई आंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन!'' मौर्य ने पोस्ट में कहा, ''विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा, आत्मसम्मान और सामाजिक चेतना के लिए उनका संघर्ष नारी शक्ति और दृढ़ संकल्प की एक प्रेरक मिसाल है।'' उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने 'एक्स' खाते पर पोस्ट में कहा, ''महिला सशक्तिकरण की आदर्श प्रतीक, सामाजिक समानता व सद्भाव की प्रबल पक्षधर माता रमाबाई आंबेडकर जी की जयंती पर शत शत नमन।'' भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर की पत्नी रमाबाई का जन्म सात फरवरी 1898 को रत्नागिरी में हुआ था। अप्रैल 1906 में उनका विवाह भीम राव आंबेडकर से हुआ था।

# मटियाला में सड़क, पानी एवं स्वास्थ्य से जुड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास

### -मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मटियाला में 400 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास



अर्थ प्रकाश/ नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को मटियाला विधानसभा क्षेत्र में लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कभी फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी। ये शिलान्यास केवल ईंट और पत्थर का प्रतीक नहीं है, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों के विश्वास, सुविधाओं और बेहतर जीवन की मजबूत नींव हैं। इस कार्यक्रम में पश्चिमी दिल्ली से सांसद कमलजीत सहरावत, मटियाला के विधायक संदीप सहरावत सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने मटियाला विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग 400 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। इस बजट से इस क्षेत्र के विकास कार्यों को गति मिलेगी। इन परियोजनाओं के अंतर्गत सड़कों, नालियों, ड्रेनेज सिस्टम, पार्कों, सामुदायिक स्थलों और नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से जुड़े अनेक कार्य किए जाएंगे। ग्रामीण और शहरी इलाकों को जोड़ने वाले मार्गों के निर्माण से क्षेत्र में कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इससे आवागमन सुगम बनेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में कई नए आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं, इससे स्थानीय लोगों को घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। मटियाला विधानसभा में दो अटल कैंटीन भी शुरू की गई हैं। यहां मात्र 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह सुविधा गरीब, श्रमिक और जरूरतमंद वर्ग के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। इसके अलावा, क्षेत्र के आसपास के गांवों में नई पाइप लाइन और ट्यूबवेल की स्थापना से जल आपूर्ति को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को पानी की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने पिछली सरकार पर तंज करते हुए कहा कि वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों को केवल घोषणाओं और वादों में उलझाए रखा गया। इसकी वजह से सड़कें जर्जर होती चली गईं, जल निकासी और सीवर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपेक्षित रहीं और गांवों को विकास की मुख्यधारा से काटकर रख दिया गया।

# भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता विभिन्न क्षेत्रों को सशक्त बनाएगा: मुख्यमंत्री हिमंत

अर्थ प्रकाश/गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा तैयार होने से देश के विभिन्न क्षेत्रों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे नवाचार, तकनीकी साझेदारी, सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला और विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारत के लिए बड़ी जीत! आदरणीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने अमेरिका के साथ एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा तैयार कर ली है।卐 उन्होंने कहा कि यह समझौता 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देगा और उद्यमियों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, स्टार्टअप्स, मछुआरों, महिलाओं व युवाओं को रोजगार एवं अवसर प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, 'यह नवाचार, तकनीकी साझेदारी, सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखलाओं और विकास को बढ़ावा देता है, जिससे विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त होता है। साथ ही, यह किसानों के हितों की रक्षा करते हुए पारस्परिक शुल्कों को वैश्विक स्तर पर सबसे निचली दरों तक कम करता है।卐 भारत और अमेरिका एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमत हुए हैं, जिसके तहत दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

# ब्राह्मण विधायकों की बैठक और 'घुसखोर पंडत' विवाद से यूपी की सियासत में भूचाल

### -सरकार ने विरोध को देखते हुए तेजी से कदम उठाया, ताकि जातीय संतुलन और कानून-व्यवस्था न बिगड़े

अर्थ प्रकाश / लखनऊ। 23 दिसंबर 2025 की शाम कुशीनगर में भाजपा और अन्य दलों के करीब 52 ब्राह्मण विधायक और एमएलसी एक विशेष बैठक में जुटे। बैठक पीएन पाठक के आवास पर आयोजित की गई थी और इसमें केवल ब्राह्मण नेता ही शामिल थे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ब्राह्मण समुदाय नाराज चल रहा है, और यह बैठक उनकी नाराजगी और आगामी चुनावी रणनीति पर चर्चा करने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। यह घटना 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और जातीय समीकरण को लेकर सियासी हलचल पैदा कर गई है। उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समुदाय संख्या में 12-14 प्रतिशत होने के बावजूद 100 से ज्यादा सीटों पर निर्णायक भूमिका निभाता है। पूर्वी यूपी, मध्य यूपी, बुंदेलखंड और पश्चिमी क्षेत्रों में उनका प्रभाव विशेष रूप से महसूस किया जाता है। पिछली दो विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने जातीय समीकरण का लाभ उठाया था, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में हल्का झटका मिला। इस कारण से ब्राह्मणों की नाराजगी भाजपा के लिए चिंता का विषय बन गई है। इस राजनीतिक संवेदनशीलता के बीच, नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'घुसखोर पंडत' के ट्रेलर ने ब्राह्मण समाज में आक्रोश पैदा कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुरंत लखनऊ के हजरतगंज थाने में फिल्म निर्देशक नीरज पांडे और उनकी टीम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया और ट्रेलर हटाने को कहा। अभिनेता मनोज बाजपेयी और निर्देशक ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रचार सामग्री वापस ले ली। विश्लेषकों का मानना है कि यह दोनों घटनाएं-ब्राह्मण विधायकों की बैठक और वेब सीरीज विवाद-यूपी की जातीय राजनीति में ब्राह्मण वोट बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए जातीय संतुलन बनाए रखना और ब्राह्मण समुदाय की नाराजगी को शांत करना रणनीतिक चुनौती बन गया है।

# मणिपुर: दो दिन के विरोध प्रदर्शन के बाद चुराचांदपुर में धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हालात

अर्थ प्रकाश/ इंफाल/चुराचांदपुर। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में दो दिन के विरोध प्रदर्शनों के बाद शनिवार सुबह कुछ हिस्सों में सामान्य स्थिति बहाल होने लगी। पुलिस ने यह जानकारी दी। कुकी-जो और हमार समुदायों से ताल्लुक रखने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन विधायकों ने जातीय संघर्ष से प्रभावित राज्य में सरकार बनाने के लिए मेइती विधायकों के साथ हाथ मिलाया, जिसके बाद बृहस्पतिवार को हिंसक प्रदर्शनों की शुरुआत हुई। वाई खेमचंद सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में विधायक नेमचा किपगेन उपमुख्यमंत्री बनीं जबकि एल एम खौते और एन सनाते ने उनका समर्थन किया। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन मुख्य रूप से चुराचांदपुर कस्बे में तुइबोंग और कांगवाई के बीच के क्षेत्र तक ही सीमित रहे, जबकि पहले हिंसा जिला मुख्यालयों तक फैल गई थी। चुराचांदपुर कस्बे के अधिकांश इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियां फिर से शुरू हो गईं लेकिन तुइबोंग क्षेत्र में कई दुकानें बंद रहीं। पुलिस के मुताबिक, किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। कुकी बहुल चुराचांदपुर में दो आदिवासी संगठनों ने पूर्ण बंद का आह्वान किया जबकि कांगपोकपी और तेंगनुपाल जिलों में रैलियां निकाली गईं, जिनमें विधायकों पर अपने समुदाय के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया गया। कुकी-जो समूह अपने लिए एक अलग प्रशासनिक इकाई की मांग कर रहे हैं। मई 2023 में भड़की हिंसा ने राज्य को जातीय आधार पर बुरी तरह से विभाजित कर दिया और दोनों समुदायों के सदस्य एक-दूसरे के क्षेत्रों में जाने से कतराते हैं। जातीय संघर्षों में 260 से अधिक लोग मारे गए थे और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। बुधवार को सिंह के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले राज्य में एक वर्ष से राष्ट्रपति शासन लागू था। इस बीच, जोमी जनजाति की सर्वोच्च संस्था जोमी परिषद ने सरकार में शामिल हुए तीनों विधायकों को तीन दिनों के भीतर कार्यालय में पेश होने के लिए तलब किया है। चुराचांदपुर स्थित नागरिक संगठन ने शुक्रवार रात को जारी एक बयान में कहा कि इन विधायकों को इस उम्मीद के साथ चुना गया था कि वे समुदाय के अधिकारों, आवाजों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे। बयान में कहा गया है कि हालांकि, उनके हालिया कार्यों से जनता में व्यापक आक्रोश फैल गया है। परिषद ने चेतावनी दी कि अगर विधायक पेश नहीं हुए तो वह उचित संगठनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगी जिसमें जोमी परिषद परिसर में प्रवेश पर रोक लगाना भी शामिल है।

# भारत में मुसलमानों की आबादी कभी भी हिंदुओं से अधिक नहीं होगी: ओवैसी

अर्थ प्रकाश / हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि भारत में मुस्लिम आबादी कभी भी हिंदू आबादी से अधिक नहीं होगी। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने तेलंगाना में नगर निगम चुनाव से पहले शुक्रवार रात निजामाबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया भाषण को सुन रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि पूरी दुनिया की आबादी बूढ़ी हो रही है जबकि भारत की आबादी युवा है। एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी ने सवाल किया, 'अगर प्रधानमंत्री से पूछा जाए कि देश की 60 प्रतिशत आबादी 40 साल से कम उम्र की है तो उन्होंने (मोदी ने) उनके रोजगार के लिए क्या उपाय किए हैं और उन्हें कौन से कौशल सिखाए हैं?' उन्होंने कहा, 'बीस साल बाद, यह युवा आबादी बूढ़ी हो जाएगी। महंगाई कितनी बढ़ेगी और उन्हें कितना खर्च करना पड़ेगा, इस बारे में हम सोचते ही नहीं। इसके बजाय, वे कहते हैं कि मुसलमानों की आबादी बढ़ रही है. मुस्लिम आबादी स्थिर हो जाएगी। भारत में मुसलमानों की आबादी कभी भी हिंदुओं की आबादी से अधिक नहीं होगी।' ओवैसी ने कहा, 'अब उन्हें समझ आ रहा है कि 25-30 साल बाद, देश की आबादी बूढ़ी हो जाएगी।

# श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाओं के अनुरूप समाज में समानता स्थापित करने की अपील की - श्री गुरु रविदास जी और डॉ. बी.आर. अंबेडकर की याद में स्थान उपलब्ध कराने का भरोसा - जसवीर सिंह गढ़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ**

पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन श्री जसवीर सिंह गढ़ी ने श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाओं के अनुरूप समानता और सभी के लिए बराबर अवसरों वाला समाज बनाने की अपील की। नयागांव कांसल गांव में श्री गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व समारोह में पहुंचे; श्री गुरु रविदास जी और डॉ. बी.आर. अंबेडकर की याद में स्थान उपलब्ध कराने का भरोसा वह चंडीगढ़ के निकट कांसल गांव में स्थानीय संगत द्वारा मनाए गए श्री गुरु रविदास जी महाराज के प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी ने अपनी गुरबाणी के माध्यम से समानता का संदेश दिया और यही सिद्धांत भारत के संविधान के अनुच्छेद 13 से 17, 19, 25 और 26 में भी निहित हैं, जो धर्म की स्वतंत्रता, समानता का अधिकार, जाति व धर्म के आधार पर भेदभाव पर रोक, रोजगार में समान अवसर तथा उल्लंघन की स्थिति में कानूनी सुरक्षा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब एस.सी. आयोग भी इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर काम करते हुए कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है, विशेषकर उन मामलों में जहां निचले स्तर पर न्याय नहीं मिल पाता। उन्होंने यह भी कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब में विभिन्न महान संतों और धार्मिक विभूतियों की वाणी दर्ज है, जो मानवता और समानता का सार्वभौमिक संदेश देती है। उन्होंने लोगों से गुरु साहिबान की शिक्षाओं का पालन करते हुए भेदभाव रहित समाज के निर्माण की अपील की। स्थानीय मुद्दे का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कांसल गांव में इस समय श्री गुरु रविदास जी महाराज और संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. अंबेडकर की स्मृति में कोई अलग स्थान या भवन उपलब्ध नहीं है। उन्होंने इस मामले का गंभीर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त स्थान आवंटित करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि नगर काउंसिल द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया जा चुका है और मामला स्थानीय सरकार विभाग के विचाराधीन है, जिसकी वह नियमित रूप से पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने उपयुक्त स्थान उपलब्ध न होने के बावजूद प्रकाश पर्व समारोह के सफल आयोजन के लिए संगत को बधाई भी दी। इस अवसर पर एस.डी.एम. खरड़ मेडम दिव्या पी., नयागांव के प्रधान गुरध्यान सिंह मंड और गांव कांसल के काउंसलर तथा श्री गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व समारोह आयोजन समिति के सदस्य सरदार भाग सिंह सहित अन्य प्रमुख व्यक्तित्व उपस्थित थे।



# बसपा का लक्ष्य मिशन-2007 की तर्ज पर मिशन-2027 को साकार करना: बसपा सुप्रीमो मायावती

अर्थ प्रकाश /लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि बसपा का लक्ष्य 'मिशन-2007' की तर्ज पर 'मिशन-2027' को साकार करना है। उत्तर प्रदेश विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों को निर्णायक गति देने के उद्देश्य से बसपा सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को पार्टी की प्रदेश स्तरीय अहम बैठक कर मिशन-2027 की रणनीति स्पष्ट की। बैठक में प्रदेश, मंडल, जिला और विधानसभा स्तर के सभी पदाधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों, संगठनात्मक मजबूती और जमीनी कार्ययोजना पर गहन विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा, 'बसपा का लक्ष्य मिशन-2007 की तर्ज पर मिशन-2027 को साकार करना है, ताकि उत्तर प्रदेश में फिर से 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की नीति पर आधारित पूर्ण बहुमत की सरकार बने और जनता को 'कानून द्वारा कानून का राज' का वास्तविक लाभ मिल सके।' मायावती ने मौजूदा भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कुछ गिने-चुने लोगों को छोड़कर समाज का लगभग हर वर्ग सरकार से दुखी और त्रस्त है। उन्होंने विशेष रूप से ब्राह्मण समाज की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उपेक्षा, असुरक्षा और असम्मान के खिलाफ उसकी नाराजगी अब राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन चुकी है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या किसी अन्य दल या सरकार ने ब्राह्मण समाज को उतना सम्मान, पद और सुरक्षा दी है, जितनी बीएसपी सरकार में दी गई। उन्होंने दोहराया कि बसपा की नीति हमेशा सर्वसमाज को साथ लेकर चलने की रही है। उन्होंने कहा कि 'कानून का राज' सख्ती से लागू कर सभी धर्मों और वर्गों के लोगों की जान-माल और मजहब की सुरक्षा सुनिश्चित की गई, जिससे प्रदेश में सामाजिक सौहार्द और विकास का वातावरण बना। बसपा सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि विरोधी दलों की राजनीति संकीर्ण, जातिवादी और पूंजीवादी सोच पर आधारित रही है, जिसका दुष्परिणाम जनता को बार-बार भुगतना पड़ा है। उन्होंने एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर भी सरकारों की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि आरक्षण विरोधी रवैये के कारण इन वर्गों को नौकरियों और पदोन्नति में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, यूजीसी नियमों को सामाजिक समरसता के बजाय सामाजिक तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया। इस दौरान उन्होंने रोजगार की कमी, ठेका और आउटसोर्स व्यवस्था से बढ़ते शोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गिरती गुणवत्ता तथा बुनियादी सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर भी गंभीर चिंता जताई। एसआईआर के मुद्दे पर मायावती ने राज्य सरकार से अपील की कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं, ताकि गरीब, मजदूर, महिलाएं और अशिक्षित वर्ग वोटर सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाएं और उन्हें पूरी सहानुभूति के साथ सहयोग मिले। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता विरोधी दलों के 'साम-दाम-दंड-भेद' जैसे हथकंडों और पार्टी को कमजोर करने के षड्यंत्रों का मजबूती से मुकाबला कर रहे हैं, लेकिन चुनावी चुनौती को देखते हुए संगठनात्मक पुनर्संरचना आवश्यक थी। संसद के मौजूदा बजट सत्र को लेकर उन्होंने कहा कि सत्ता और विपक्ष के बीच लगातार टकराव के कारण सदन का कामकाज बाधित हो रहा है, जिससे जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा नहीं हो पा रही। उन्होंने कहा कि संसद में प्रश्न-उत्तर और तथ्यात्मक बहस का पूरा अवसर मिलना चाहिए, ताकि जनता स्वयं सही-गलत का आकलन कर सके। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान संसद सत्र में पक्ष व विपक्ष देश की जनता के हित के मुद्दों के बजाय एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं।

# हिन्दुस्तान ज़िंक और जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च ने बड़े पैमाने पर एनर्जी स्टोरेज के लिए जिंक-आयन बैटरी टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाया

मौजूदा प्रोटोटाइप स्थिर, भरोसेमंद एवं सौर ऊर्जा जैसी रिन्यूएबल एनर्जी को स्टोर करने के लिए उपयुक्त

टीम अधिक एनर्जी स्टोरेज और लंबे समय तक इस्तेमाल के लिए बैटरी को और बेहतर बनाने हेतु कार्यरत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**उदयपुर।** विश्व की सबसे बड़ी और भारत की एकमात्र जिंक, लेड और सिल्वर की इंटीग्रेटेड उत्पादक हिन्दुस्तान ज़िंक ने जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर रिन्यूएबल एनर्जी स्टोरेज के लिए स्थिर और भरोसेमंद जिंक-आयन बैटरी पाउच सेल प्रोटोटाइप विकसित किए हैं। यह उपलब्धि एनर्जी स्टोरेज टेक्नोलॉजी पर भारत के स्वदेशी रिसर्च में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जिंक संसाधनों की प्रचुरता, कम लागत और व्यापक उपलब्धता के कारण जिंक-आयन बैटरी स्टेशनरी एनर्जी स्टोरेज के लिए मजबूत दावेदार के रूप में उभर रही हैं। हालांकि, लंबे साइकिल जीवन और उच्च एनर्जी डेंसिटी प्राप्त करने के लिए इलेक्ट्रोड और इलेक्ट्रोलाइट सामग्री को ऑप्टिमाइज करना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है, लेकिन हिन्दुस्तान ज़िंक और जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च के बीच यह सहयोग कम लागत वाले इलेक्ट्रोलाइट फॉर्मूलेशन और बड़े पैमाने पर तैनाती के लिए उपयुक्त स्थिर जिंक-आयन बैटरी प्रोटोटाइप विकसित कर इस चुनौती का समाधान कर रहा है। ये प्रगति सुरक्षित और कुशलता से रिन्यूएबल एनर्जी स्टोरेज हेतु जिंक-आयन बैटरी की क्षमता को प्रदर्शित करती है।

हिन्दुस्तान ज़िंक के सहयोग से जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च के शोधकर्ता कम लागत वाले इलेक्ट्रोलाइट फॉर्मूलेशन विकसित कर रहे हैं और जिंक-आयन बैटरी पाउच सेल प्रोटोटाइप बना रहे हैं। नए फॉर्मूलेटेड इलेक्ट्रोलाइट स्थिरता में सुधार करते हैं और लंबे साइकिल जीवन को सक्षम बनाते हैं। प्रोटोटाइप का मूल्यांकन वास्तविक परीक्षण स्थितियों के तहत किया गया है, जैसे कि सौर ऊर्जा कैप्चर और रिलीज प्रोफाइल, जो रिन्यूएबल एनर्जी अनुप्रयोगों के लिए उनकी उपयुक्तता को प्रदर्शित करता है।

इसके महत्व पर हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक अरुण मिश्रा ने कहा कि 'जिंक-आयन बैटरी टेक्नोलॉजी एनर्जी ट्रांजिशन के लिए भारत के प्रचुर जिंक संसाधनों का लाभ उठाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करती है। जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च के साथ हमारी साझेदारी सुरक्षित, लागत प्रभावी और स्केलेबल एनर्जी स्टोरेज समाधानों को सक्षम करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो रिन्यूएबल एनर्जी के बढ़ते एकीकरण का समर्थन कर सकते हैं।'




हालांकि जिंक-आयन बैटरी में वर्तमान में लिथियम-आयन बैटरी की तुलना में कम प्रदर्शन मेट्रिक्स हैं, लेकिन वे असाधारण सुरक्षा, कम सामग्री लागत और गैर-ज्वलनशील जलीय इलेक्ट्रोलाइट्स सहित विशिष्ट लाभ प्रदान करते हैं, जो बड़े पैमाने पर और लंबे समय तक तैनाती के लिए प्रमुख विशेषताएं हैं।

जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च के एसोसिएट प्रोफेसर, प्रेम सेंगुट्टुवन ने कहा कि, 'जिंक बैटरी सस्टेनेबल और सुरक्षित एनर्जी स्टोरेज के लिए बहुत उम्मीद जगाती हैं। हिन्दुस्तान ज़िंक के साथ यह पार्टनरशिप जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च की असरदार इंडस्ट्री-एकेडेमिया सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दिखाती है। यह स्वदेशी रिसर्च क्षमताओं को मजबूत करेगा और स्वच्छ ऊर्जा बदलाव के लिए भरोसेमंद, भारत-केंद्रित समाधान बनाने में योगदान देगा।'

हिन्दुस्तान ज़िंक का लक्ष्य सस्टेनेबल एनर्जी समाधानों की ओर बदलाव को तेज करना है, क्योंकि जिंक स्टील, रिन्यूएबल एनर्जी, बैटरी स्टोरेज, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और मोबिलिटी जैसे उद्योगों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अगली पीढ़ी के जिंक मटीरियल के विकास के माध्यम से, और जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च के साथ साझेदारी में, कंपनी भारत के लिए सुरक्षित, हरित और अधिक आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य की नींव रख रही है।

# अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय टीम को बीसीसीआई का तोहफ़ा, 7.5 करोड़ रुपये का कैश पुरस्कार घोषित




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय टीम के लिए 7.5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि का ऐलान किया है। यह इनाम न सिर्फ विजेता खिलाड़ियों बल्कि कोचिंग स्टाफ, तकनीकी टीम और चयन समिति को भी दिया जाएगा। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने शनिवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि की और बताया कि पुरस्कार राशि के विभाजन पर जल्द ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सैकिया के अनुसार जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित इस टूर्नामेंट में भारत ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए रिकॉर्ड छठी बार खिताब पर कब्जा जमाया। उन्होंने बताया कि 7.5 करोड़ रुपये की राशि टीम के सभी सदस्यों के बीच बांटी जाएगी, हालांकि वितरण का सटीक फॉर्मेट अभी तय होना बाकी है।

हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 100 रन से मात देकर अपने दबदबे को और मजबूत किया। फाइनल मैच में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों पर 175 रन की विस्फोटक शतकीय पारी खेलकर भारत की जीत की नींव रखी। उनकी इस पारी ने इंग्लैंड के गेंदबाजों को शुरुआत से ही दबाव में ला दिया। कप्तान आयुष म्हात्रे के 53 रन और विकेटकीपर अभिग्यान कुंडू के 40 रन ने टीम के स्कोर को 411/9 तक पहुंचाया। जवाब में इंग्लैंड की टीम 311 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के कैलिब फाल्कनर के 115 रन भी उनकी टीम को बचा नहीं पाए। इस खिताबी जीत के साथ भारत ने एक अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। फिलहाल भारत के पास अंडर-19 पुरुष और अंडर-19 महिला वर्ल्ड कप दोनों के खिताब मौजूद हैं, जो देश के मजबूत ग्रासरूट ढांचे और प्रतिभा विकास प्रणाली को दर्शाता है। बीसीसीआई सचिव ने टीम की जीत की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट की प्रगति मजबूत घरेलू संरचना, गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और प्रतिभा पहचान के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने यह भी बताया कि सीनियर पुरुष और महिला क्रिकेटरों के केंद्रीय अनुबंधों को लेकर बोर्ड जल्द ही अपडेट जारी करेगा।

## डेविस कप क्वालिफायर: सुमित नागल को शुरुआती सिंगल्स में हार, भारत नीदरलैंड से 0-1 से पीछे



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** डेविस कप क्वालिफायर मुकाबले में भारत को शुरुआती झटका लगा है। देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल को पहले सिंगल्स मैच में नीदरलैंड के गाइ डे ओउडेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। तीन सेट तक चले इस मुकाबले में नागल 0-6, 6-4, 3-6 से पराजित हुए, जिसके बाद भारत सीरीज में 0-1 से पीछे हो गया है।

मैच की शुरुआत नागल के लिए बेहद कठिन रही। पहले सेट में गाइ डे ओउडेन ने आक्रामक खेल दिखाते हुए नागल को कोई मौका नहीं दिया और सेट 6-0 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे सेट में नागल ने शानदार वापसी की, अपनी लय हासिल की और निर्णायक ब्रेक के साथ 6-4 से सेट जीतकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया।


तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन अहम मौकों पर गाइ डे ओउडेन ने बेहतर खेल दिखाया और 6-3 से सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

इस हार के साथ ही बेंगलुरु में खेले जा रहे डेविस कप क्वालिफायर टाई में भारत पर दबाव बढ़ गया है। अब भारतीय टीम को अगले मुकाबलों में वापसी कर सीरीज में बराबरी हासिल करने की जरूरत होगी, ताकि क्वालिफिकेशन की उम्मीदें बनी रहें।

आगामी मैचों में भारतीय खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है, जिससे घरेलू दर्शकों के सामने टीम वापसी कर सके।

## रहाणे की बड़ी भविष्यवाणी: टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप में रचेगी 300 रन का इतिहास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के अनुभवी बल्लेबाज़ अजिंक्य रहाणे ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप को लेकर एक साहसिक दावा किया है। उनका मानना है कि मौजूदा भारतीय टीम वह ताकत और आक्रामकता रखती है, जो इस टूर्नामेंट में पहली बार 300 रन का आंकड़ा पार कर सकती है। कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारत अपने खिताब बचाव अभियान की शुरुआत यूएसए के खिलाफ करेगा, और रहाणे के अनुसार यही टीम इतिहास रचने की मजबूत दावेदार है।



एक सोशल मीडिया प्रश्नोत्तर सत्र में जब रहाणे से पूछा गया कि क्या कोई टीम टी20 वर्ल्ड कप में 300 रन बना सकती है, तो उन्होंने बिना झिझक भारत का नाम लिया। उनकी नजर में मौजूदा स्क्वाड में गहराई, क्षमता और आक्रामक मानसिकता है, जो इस उपलब्धि को संभव बना सकती है। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया की आधुनिक टी20 अप्रोच और बेखौफ बल्लेबाज़ी उन्हें इस रिकॉर्ड के बेहद करीब ले जा चुकी है।

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी शैली, जिसे 'स्काईबॉलद्य' के नाम से जाना जा रहा है, भारतीय बल्लेबाज़ी की आक्रामक पहचान बन गई है। टूर्नामेंट में भारत अब तक सैकड़ों छक्के लगा चुका है और टीम के शीर्ष सात बल्लेबाज़ों का स्ट्राइक रेट भी शानदार रहा है। रहाणे का मानना है कि अगर भारतीय बल्लेबाज़ अपनी लय में रहे, तो 300 रन का आंकड़ा भी पहुंच से बाहर नहीं है।

भारत की संभावित ओपनिंग जोड़ी अभिषेक शर्मा और ईशान किशन पर भी रहाणे ने भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि ईशान किशन की फॉर्म और तेज़ शुरुआत देने की क्षमता, साथ ही अभिषेक शर्मा का पावरप्ले में आक्रामक खेल, भारत को बड़े स्कोर तक ले जाने में अहम भूमिका निभा सकता है। संजू सैमसन बनाम ईशान किशन की चर्चा पर रहाणे ने संतुलित राय रखते हुए कहा कि भले ही ईशान लय में हों, लेकिन संजू का अनुभव भी टीम के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है। खिलाड़ियों को भरोसा देना बड़े टूर्नामेंट में निर्णायक साबित होता है।

## अपनी बल्लेबाजी कौशल पर भरोसा था कि बड़े मैच में योगदान दे सकता हूं: सूर्यवंशी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अंडर-19 विश्व कप में रिकॉर्ड छठी जीत, वैभव सूर्यवंशी की 175 रन की विस्फोटक पारी बनी भारत की सफलता की कुंजी. भारत को रिकॉर्ड छठा अंडर-19 विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने फाइनल में अपने स्वाभाविक अंदाज में खेलते हुए ऐसा धमाका किया, जिसने इंग्लैंड की पूरी रणनीति को ध्वस्त कर दिया। महज 14 वर्ष की उम्र में सूर्यवंशी ने 80 गेंदों पर 175 रन की अविश्वसनीय पारी खेली, जिसमें 15 छक्के और 15 चौके शामिल थे। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 411 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और इंग्लैंड को 311 रन पर रोककर 100 रन से मुकाबला जीत लिया। फाइनल में 'प्लेयर ऑफ द मैच' और पूरे टूर्नामेंट में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुने गए सूर्यवंशी ने कहा कि उन्हें अपने कौशल पर पूरा भरोसा था और टीम ने शुरुआत से ही अनावश्यक दबाव नहीं लेने की रणनीति अपनाई। मैच के बाद उन्होंने कहा कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में दिखाए गए प्रदर्शन को दोहराने पर जोर दिया और इसी प्रक्रिया ने उन्हें बड़े मुकाबले में जीत दिलाई। सूर्यवंशी ने बताया कि टीम पिछले 8-9 महीनों से लगातार कड़ी मेहनत कर रही थी, जिसका नतीजा अब जाकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि एशिया कप में पाकिस्तान से हार के बाद टीम ने और ज्यादा तैयारी की, जिसका सकारात्मक असर फाइनल में भी दिखाई दिया। भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने विश्व कप जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि टीम रोहित शर्मा और हरमनप्रीत कौर द्वारा स्थापित विश्व कप जीत की विरासत को आगे बढ़ाना चाहती थी। उन्होंने अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की जमकर तारीफ की और कहा



कि टीम ने फाइनल में बिना दबाव के अपना स्वाभाविक खेल दिखाया। म्हात्रे ने सूर्यवंशी की बल्लेबाजी को 'जादुई' बताते हुए कहा कि उनकी पारी को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता।

मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर ने इस जीत को 'अविश्वसनीय' करार दिया और कहा कि इंग्लैंड द्वारा दिखाए गए संघर्ष के बाद यह विजय और भी खास हो जाती है। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों का इस तरह निखरकर सामने आना भारतीय क्रिकेट के भविष्य के लिए बेहद सकारात्मक संकेत है। वहीं इंग्लैंड के कप्तान थॉमस रियू ने स्वीकार किया कि सूर्यवंशी की विस्फोटक बल्लेबाजी ने उनकी सारी योजनाओं को ध्वस्त कर दिया और इतनी करीब आकर ट्रॉफी गंवाना बेहद दर्दनाक है।

## टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की जीत से शुरुआत, नीदरलैंड को रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से हराया

नई दिल्ली (ईएमएस)। पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले ही मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए अभियान की दमदार शुरुआत की। कोलंबो में खेले गए इस रोमांचक मैच में पाकिस्तान ने नीदरलैंड को 19.3 ओवर में 7 विकेट पर 148 रन बनाकर 3 विकेट से मात दी। इससे पहले नीदरलैंड की टीम 19.5 ओवर में 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत ठीक रही। सलामी बल्लेबाज सईम आयूब और साहिबजादा फरहान ने पहले विकेट के लिए 27 रन जोड़े। आयूब ने 13 गेंदों पर 24 रन बनाए, जबकि फरहान ने 31 गेंद में 47 रन की अहम पारी खेली। हालांकि बीच के ओवरों में पाकिस्तान की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और टीम बड़े नामों के बावजूद लगातार विकेट गंवाती रही। कप्तान सलमान अली आगा 12 रन पर आउट हुए, बाबर आजम ने 18 गेंदों में 15 रन बनाए। मोहम्मद नवाज और शादाब खान जैसी अनुभवी जोड़ियों से भी बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन दोनों नाकाम रहे। एक समय पाकिस्तान का स्कोर 17 ओवर में 115/7 था और टीम हार के काफी करीब नजर आ रही थी। आखिरी 18 गेंदों पर पाकिस्तान को 33 रन चाहिए थे। 18वें ओवर में नीदरलैंड ने सिर्फ 4 रन दिए, जिससे समीकरण और मुश्किल हो गया। इसके बाद 19वें ओवर में फहीम अशरफ ने मैच का पूरा रुख बदल दिया। लोगन के ओवर में फहीम ने पहली, तीसरी और पांचवीं गेंद पर छक्के जड़े और ओवर की अंतिम गेंद पर गेंद को बाउंड्री पार भेजकर कुल 24 रन बटोर लिए। इससे पाकिस्तान को आखिरी 6 गेंदों में सिर्फ 5 रन की जरूरत रह गई।

## गावस्कर का पाकिस्तान पर निशाना: कहा – पहल हमेशा भारत ने की, जवाब कभी नहीं मिला

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाकिस्तान मैच के बहिष्कार को लेकर जारी विवाद के बीच भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान हमेशा भारत से दोस्ताना कदम बढ़ाने की उम्मीद करता है, लेकिन ऐसा कोई सकारात्मक रुख पाकिस्तान की ओर से कभी दिखाई नहीं दिया। गावस्कर ने 2008 के आईपीएल का उदाहरण देते हुए कहा कि लीग की शुरुआत में लगभग हर फ्रेंचाइजी में पाकिस्तानी खिलाड़ी मौजूद थे और कई पाकिस्तानी कमेंटेटर्स को भी भारत में काम करने का मौका मिला। उनके मुताबिक, भारत ने तब भी रिश्ता सुधारने की पहल की थी, जबकि पाकिस्तान की ओर से वैसी भावना कभी नजर नहीं आई, यहां तक कि तब भी जब दोनों देशों के रिश्तों में आज जैसी तल्खियां नहीं थीं। उन्होंने सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मुद्दा भी उठाया और पूछा कि कितने भारतीय कलाकारों या गायकों को पाकिस्तानी फिल्मों में काम करने का मौका मिला। गावस्कर ने कहा कि भारत हमेशा पहला कदम उठाता है और किसी तरह की ऊबुलींगऊ नहीं कर रहा, बल्कि अपनी राह पर चलता रहा है। उनकी यह प्रतिक्रिया उस समय सामने आई है जब पाकिस्तान ने 15 फरवरी को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले भारत के खिलाफ मैच में उतरने से इनकार कर दिया है। हालांकि पाकिस्तान सरकार ने टीम को टूर्नामेंट में खेलने की मंजूरी दे दी है, लेकिन भारत के खिलाफ मुकाबले को लेकर रुख सख्त बना हुआ है। यह फैसला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बांग्लादेश के समर्थन में लिया है, जिसे वेन्यू बदलने की अनुमति नहीं मिली और वह टूर्नामेंट से हट गया। उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया। इस मुद्दे पर आईसीसी ने नाराजगी जताते हुए पीसीबी को चेतावनी दी है कि बहिष्कार का यह फैसला पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य को नुकसान पहुंचा सकता है और वैश्विक क्रिकेट के हित में बिल्कुल नहीं है। टी20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के आमने-सामने के रिकॉर्ड की बात करें, तो भारतीय टीम पूरी तरह हावी रही है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 8 मुकाबलों में भारत ने 7 बार जीत दर्ज की है।

## बॉक्सम एलीट 2026: सचिन और लवलीना की अगुवाई में 12 भारतीय फाइनल में पहुंचे

**ला नुसिया (एजेंसी)।** शानदार प्रदर्शन से भरे एक और सेशन के बाद आठ महिलाओं और चार पुरुषों सहित 12 भारतीय बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 के आखिरी दिन गोल्ड के लिए मुकाबला करेंगे। पुरुषों की तरफ से सचिन (60किग्रा) ने मोर्चा संभाला, जिन्होंने इंग्लैंड के जैक ड्राइडन पर एक और शानदार जीत के साथ अपनी बेहतरीन लय जारी रखी। महिलाओं के सेक्शन में, ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) ने वेल्स की रोजी एक्लेस पर सर्वसम्मत जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई।

ला नुसिया, एलिकांटे, स्पेन में आयोजित बॉक्सम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से ज़्यादा मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया। शनिवार के फाइनल में भारत (12) सबसे ज़्यादा प्रतिनिधित्व वाला देश है - जो दिग्गज कजाकिस्तान (11), यूक्रेन (5), और मेजबान स्पेन (4) से आगे है - और कम से



कम एक गोल्ड पक्का है, क्योंकि एलीट महिला 54किग्रा का फाइनल पूरी तरह से भारतीयों के बीच होगा।

भारत की महिलाओं ने अलग-अलग कैटेगरी में सेमीफाइनल में शानदार जीत के साथ अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें 54किग्रा कैटेगरी में गोल्ड पक्का होना सबसे खास रहा, जहां प्रीति और पूनम खिताब के लिए आमने-सामने होंगी। इसके अलावा, मंजू रानी (48), नीतू (51), प्रिया (60), अरुंधति चौधरी (70) और नैना (80) सभी ने शानदार जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई, जो अलग-अलग वेट क्लास में भारत की गहराई और निरंतरता को दिखाता है।


पुरुषों की प्रतियोगिता में दीपक (70), आकाश (75) और अंकुश (80) के शानदार प्रदर्शन से भारत के और फाइनलिस्ट बने। दीपक ने कजाकिस्तान के वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल के सिल्वर मेडलिस्ट नुरबेक मुरसल के खिलाफ पहले राउंड में ही आरएससी से जीत हासिल करके सेशन के सबसे खास पलों में से एक दिया, जबकि आकाश और अंकुश ने कजाख विरोधियों के खिलाफ मुश्किल मुकाबलों में जीत हासिल करके शनिवार को गोल्ड मेडल के मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की।

भारत के कैंपेन में कई बॉक्सर्स सेमीफाइनल में हारने के बाद ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पोडियम पर पहुंचे, जिनमें महिलाओं के मुकाबले में प्रांजल यादव (65), काजल (65), सनामचा चानू (75) और मनकीरत कौर (80) शामिल हैं। पुरुषों के ड्रॉ में जदुमणि सिंह (55), मोहम्मद हुसाम उद्दीन (60), और हितेश गुलिया (70) ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

## भारत के खिलाफ मैच से इनकार पर आईसीसी ने पाकिस्तान से मांगा जवाब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से यह स्पष्ट करने को कहा है कि भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच से इनकार को वह 'फोर्स मेज्योर' प्रावधान के तहत कैसे सही ठहरा सकता है। पीसीबी ने हाल ही में आईसीसी को पत्र लिखकर दावा किया था कि पाकिस्तान सरकार के निर्देश के कारण टीम 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले इस अहम मुकाबले में हिस्सा नहीं ले सकती। अब आईसीसी ने इस दावे पर गंभीर सवाल उठाते हुए विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। आईसीसी ने अपने जवाब में पूछा है कि जब पाकिस्तान टीम सरकार के निर्देशों के तहत पूरे टूर्नामेंट में बाकी सभी मैच खेलने को तैयार है, तो सिर्फ भारत के खिलाफ मुकाबले से हटने को 'फोर्स मेज्योर' कैसे माना जा सकता है। संस्था का कहना है कि किसी एक मैच को चुनकर उससे इनकार करना टूर्नामेंट के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है और इससे खेल की निष्पक्षता पर भी असर पड़ता है। पीसीबी ने सरकार के सोशल मीडिया पोस्ट का हवाला देते हुए दावा किया था कि यह स्थिति 'फोर्स मेज्योर' के तहत आती है, क्योंकि यह उनके नियंत्रण से बाहर है। हालांकि आईसीसी का मानना है कि इस प्रावधान का इस्तेमाल तभी मान्य माना जाता है जब घटना अप्रत्याशित, अनिवार्य और अपरिहार्य हो, और प्रभावित पक्ष इस बात के प्रमाण दे कि उसने नुकसान को कम करने के लिए सभी संभव प्रयास किए। सिर्फ राजनीतिक असहमति या असुविधा इस प्रावधान के तहत नहीं आती। सूत्रों के अनुसार, पीसीबी ने आईसीसी की औपचारिक चिट्ठी प्राप्त होने के बाद बातचीत का सिलसिला शुरू कर दिया है। आईसीसी इस मुद्दे को सुलझाने के लिए पीसीबी के साथ लगातार संपर्क में है और चाहता है कि क्रिकेट के हित में कोई संतुलित समाधान निकले। पाकिस्तान सरकार पहले ही घोषणा कर चुकी है कि टीम केवल भारत के खिलाफ मैच में हिस्सा नहीं लेगी, जबकि बाकी सभी मुकाबले खेलेगी।

## एलेक्जेंड्रोवा ने मैच पॉइंट बचाकर अबू धाबी फाइनल में जगह बनाई



अबू धाबी (एजेंसी)। एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा ने मुबाडाला अबू धाबी ओपन फाइनल में पहुंचने के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया, शुक्रवार शाम को तीन सेट में हैली बैपटिस्ट को हराने से पहले एक मैच पॉइंट बचाया। बैपटिस्ट ने पहला सेट जीता और दूसरे सेट में 5-4 पर एलेक्जेंड्रोवा की सर्विस पर मैच पॉइंट हासिल किया। एलेक्जेंड्रोवा ने इसे बचाया, सर्विस बरकरार रखी, और सेट को टाईब्रेक तक पहुंचाया, जहां उन्होंने 5-4 से पीछे होने के बाद अंतिम तीन पॉइंट जीतकर निर्णायक सेट के लिए मजबूर किया। उन्होंने तीसरे सेट की शुरुआत में सर्विस बरकरार रखी, 2-0 से बढ़त बनाई और 4-2 से आगे रहते हुए थोड़े समय के लिए लड़खड़ाने के अलावा, ढाई घंटे में 3-6, 7-6 (5), 6-3 की जीत के साथ मैच को नियंत्रित किया। इस जीत के साथ वह अपने करियर के 13वें फाइनल में पहुंच गई हैं। एलेक्जेंड्रोवा ने कोर्ट पर इंटरव्यू में हंसते हुए कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने मैच के दौरान इसके बारे में नहीं सोचा था। (लेकिन) आप जानते हैं, इस मुश्किल मैच के बाद, मुझे लगता है कि यह काफी अच्छी खबर है जो आपने मुझे अभी बताई।' अन्य सकारात्मक बातों में उनके द्वारा लगाए गए 33 विनर्स और यह तथ्य शामिल है कि उन्होंने सर्विसिंग की लड़ाई में बैपटिस्ट को पछाड़ दिया, लेकिन शनिवार के फाइनल से पहले अभी भी बहुत कुछ सुधार करने की ज़रूरत है। उन्होंने 59 अनफोर्स्ड एरर किए और नेट पर काफी संघर्ष किया, पास से 13 में से सिर्फ 4 पॉइंट जीते। उन्होंने शुक्रवार को साबित कर दिया कि वह इन आंकड़ों से उबर सकती हैं, लेकिन उन्हें सारा बेजलेक के खिलाफ और भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा, जो क्वालीफाइंग से आई हैं और सेमीफाइनल में क्लारा टौसन को दो घंटे 49 मिनट में 7-5, 3-6, 7-5 से हराकर अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची हैं।

## हार्दिक पांड्या का बड़ा लक्ष्य: 'मैं भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा आईसीसी ट्रॉफी जीतना चाहता हूं'

**मुंबई (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के पहले मुकाबले से पहले हार्दिक पांड्या पूरे आत्मविश्वास और जुनून के साथ नज़र आ रहे हैं। ऑलराउंडर हार्दिक का मानना है कि इंटरनेशनल क्रिकेट में उनका असली सफर अब शुरू हुआ है। 10 साल के अनुभव के साथ वह खुद को पहले से ज्यादा परिपक्व, खतरनाक और प्रभावशाली खिलाड़ी मानते हैं। उनका लक्ष्य साफ है—भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा आईसीसी ट्रॉफी जीतना और बड़े मंच पर खुद को निर्णायक खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना।

### वानखेड़े में सबकी नजरें हार्दिक पर

जब टीम इंडिया USA के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत करेगी, तो हार्दिक पांड्या आकर्षण का केंद्र होंगे। उनके आत्मविश्वास, आक्रामक शॉट्स, मैदान पर ऊर्जा और बड़े मौकों पर प्रदर्शन ने उन्हें भारत के सबसे भरोसेमंद मैच-विनर खिलाड़ियों में शामिल कर दिया है। फैंस को उम्मीद है कि पूरे टूर्नामेंट में हार्दिक अपने खेल से कई यादगार पल देंगे।

### 'मेरा सफर अभी शुरू हुआ है'

स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में हार्दिक ने कहा कि वह भारत के लिए कम से कम चार से पांच और आईसीसी ट्रॉफी जीतना चाहते हैं। उनके अनुसार, 10 साल का अंतरराष्ट्रीय अनुभव उन्हें और ज्यादा मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि एक बल्लेबाज के तौर पर उनकी क्षमता अब और निखर कर सामने आएगी और वह विरोधी टीमों के लिए 'डरावने' साबित हो सकते हैं।

### जीत और प्रदर्शन पर पूरा फोकस

हार्दिक ने साफ किया कि उनके लिए खेल की कीमत किसी भी ब्रांड या चीज़ से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मैदान पर लिया गया हर कैच और खेली गई हर गेंद सबसे कीमती होती है। यह बयान उनके प्रोफेशनल रवैये और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

### टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अहम भूमिका

भारत की 2024 टी20 वर्ल्ड कप जीत में हार्दिक पांड्या का योगदान बेहद अहम रहा। उन्होंने छह पारियों में 144 रन बनाए, उनका औसत 48.00 और स्ट्राइक रेट 151 से ज्यादा रहा। गेंदबाजी में भी उन्होंने 11 विकेट झटके। फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3/20 का प्रदर्शन कर उन्होंने मैच का रुख भारत के पक्ष में मोड़ दिया।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के अनसंग हीरो



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हार्दिक भले ही सुर्खियों में कम रहे हों, लेकिन उनका योगदान निर्णायक था। उन्होंने चार पारियों में उपयोगी रन बनाए और जरूरत के समय विकेट भी लिए। उनकी छोटी लेकिन प्रभावी पारियों ने भारत को खिताब जीतने में मदद की।

## ओलंपियन सुशील कुमार की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज की

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने छत्रसाल स्टेडियम में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनकड़ की हत्या से जुड़े मामले में आरोपी ओलंपियन सुशील कुमार की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिसमें सुशील कुमार ने नियमित जमानत की मांग की थी। सुशील कुमार और अन्य आरोपियों पर आरोप है कि मई 2021 में कथित संपत्ति विवाद के चलते उन्होंने सागर धनकड़ और उनके साथियों पर जानलेवा हमला किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया था कि धनकड़ को किसी भारी वस्तु से सिर में गंभीर चोट पहुंचाई गई, जिसके कारण उनकी मौत हुई। इस घटना में धनकड़ के दो दोस्त भी घायल हुए थे। घटना के तुरंत बाद सुशील कुमार को मई 2021 में गिरफ्तार कर लिया गया था। इससे पहले अदालत ने 19 जुलाई 2023 को उनकी घुटने की सर्जरी के लिए एक सप्ताह की अंतरिम जमानत मंजूर की थी। लेकिन नियमित जमानत को लेकर उनकी पिछली अर्जी और अब दायर ताजा अर्जी दोनों को अदालत ने निरस्त कर दिया। अक्टूबर 2022 में अदालत ने भारतीय दंड संहिता की हत्या, आपराधिक साजिश, धमकी और घातक हथियारों से दंगा करने जैसी गंभीर धाराओं में सुशील कुमार के खिलाफ आरोप तय किए थे। इसके अतिरिक्त, उनके विरुद्ध हथियार अधिनियम के तहत भी कार्रवाई तय की गई है। अदालत ने माना था कि धनकड़ को कथित रूप से अगवा कर स्टेडियम लाया गया और वहां कई आरोपियों ने बेसबॉल व हॉकी स्टिक से उन पर हमला किया।